www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | मंगलवार, 21 अप्रैल 2026 | 8 वैशाख, विक्रमी संवत 2083 | वर्ष 3, अंक 112, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | डाक पंजीकरण संख्या : HP/DO/DEHRA/01/2026-2028 follow us on: | 8894521702


## न्यूज शॉर्ट्स

### चारधाम यात्रा के पहले दिन दो श्रद्धालुओं की मौत

**एजेंसी, उत्तरकाशी।** उत्तराखंड में चारधाम यात्रा के पहले ही दिन दो श्रद्धालुओं की मौत हो गई। दोनों घटनाएं उत्तरकाशी जिले में यमुनोत्री धाम मार्ग पर हुईं। मध्य प्रदेश से आए एक दंपती की यात्रा के दौरान महिला घोड़े से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। अस्पताल पहुंचने पर उसे मृत घोषित कर दिया गया। वहीं, महाराष्ट्र के एक बुजुर्ग श्रद्धालु की पैदल चढ़ाई के दौरान सांस लेने में दिक्कत होने से तबीयत बिगड़ गई और उनकी मौत हो गई। (अनंत ज्ञान)

### सलमान खान की फिल्म का अंडरवर्ल्ड कनेक्शन: राम गोपाल

**एजेंसी, मुंबई।** राम गोपाल वर्मा ने बॉलीवुड और अंडरवर्ल्ड के पुराने रिश्तों को लेकर फिर चर्चा छेड़ी है। उन्होंने 2001 में रिलीज फिल्म 'चोरी-चोरी चुपके-चुपके' के बारे में कहा कि इसके निर्माण के दौरान अंडरवर्ल्ड की परछाई थी, जिसका असर इसकी रिलीज पर भी पड़ा। सलमान खान, प्रीति जिंटा और रानी मुखर्जी अभिनीत यह फिल्म किराए की कोख जैसे विषय पर आधारित थी। हालांकि, फिल्म अपनी कहानी के कारण नहीं, बल्कि विवादों और उस दौर की अंडरवर्ल्ड से जुड़ी चर्चाओं के कारण ज्यादा सुर्खियों में रही। (अनंत ज्ञान)



### नेताजी को 'राष्ट्रपुत्र' घोषित करने की याचिका खारिज

**एजेंसी, नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को एक जनहित याचिका खारिज करते हुए याचिकाकर्ता को सख्त लहजे में फटकार लगाई। याचिका में स्वतंत्रता सेनानी सुभाष चंद्र बोस और उनकी आजाद हिंद फौज को भारत की आजादी में आधिकारिक श्रेय देने तथा उन्हें 'राष्ट्रपुत्र' घोषित करने की मांग की गई थी। साथ ही 23 जनवरी को नेताजी का जन्मदिवस और 21 अक्तूबर को आजाद हिंद फौज के गठन दिवस को राष्ट्रीय दिवस घोषित करने की भी अपील की गई थी। यह याचिका पिनाकपानी मोहंती ने दायर की थी। (अनंत ज्ञान)



### उदयपुर: स्कूल में 8 साल के बच्चे पर गिरा पोल, मौत

**एजेंसी, उदयपुर।** उदयपुर के गोवर्धन विलास थाना क्षेत्र स्थित सेंट एंथोनी स्कूल में हैंडबाल खेलते समय 8 साल के छात्र की मौत हो गई। तीसरी कक्षा का छात्र महर्थ राजसिंह पोल पर लटक रहा था, तभी पोल उसके सिर पर गिर गया और वह गंभीर रूप से घायल हो गया। स्टाफ ने तुरंत उसे एमबी अस्पताल पहुंचाया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। बच्चा माता-पिता का इकलौता बेटा था। हादसे के बाद पिता बेसुध हो गए। पुलिस मामले की जांच कर रही है। (अनंत ज्ञान)


अंदर के पन्नों पर पढ़ें

- संधु गांव में मिले हिमालयी काले भालू के शावक -पेज 2
- लंबलू में स्मार्ट मीटर लगाने के विरोध में सड़कों पर उतरी महिलाएं -पेज 6
- सिया हत्याकांड: आरोपी को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में मंडी जेल भेजा -पेज 9


# हिमाचल में 4 चरणों में पंचायत चुनाव करवाने की तैयारी

## इसी सप्ताह लग सकती है आचार संहिता, पांच घंटे की मैराथन बैठक में खाका तैयार

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** राज्य चुनाव आयोग ने पंचायत चुनाव को लेकर तैयारियां निर्णायक चरण में पहुंचा दी हैं। सोमवार को हुई करीब पांच घंटे लंबी मैराथन बैठक में चुनाव कार्यक्रम की रूपरेखा पर गहन मंथन किया गया। लिहाजा, इसी सप्ताह चुनाव आचार संहिता लागू होने की संभावना है, जिसकी अवधि लगभग 30 दिन रखी जा सकती है। चुनाव चार चरणों में कराने का प्रस्ताव प्रमुख रूप से उभरा है, जिससे प्रशासनिक व्यवस्था और सुरक्षा प्रबंधन को संतुलित रखा जा सके।

सूत्रों के अनुसार बैठक में यह भी संकेत मिले हैं कि पहले तीन चरणों में पंचायतीराज संस्थाओं के चुनाव संपन्न कराए जाएंगे, जबकि अंतिम चरण में शहरी निकायों के चुनाव एक ही दिन में आयोजित किए जा सकते हैं। आयोग ने मतदाता सूची और वार्ड निर्धारण की प्रक्रिया को लगभग अंतिम रूप दे दिया है, जिसमें करीब 90 प्रतिशत पंचायतों और वार्डों का अंतिम प्रकाशन तैयार हो चुका है। इससे चुनावी प्रक्रिया को समयबद्ध तरीके से आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी। विवादित मामलों को लेकर भी आयोग ने सख्त रुख अपनाया है। जिन पंचायतों में सीमांकन या अन्य कारणों से विवाद बने हुए हैं, उन्हें 24 अप्रैल तक निपटाने का लक्ष्य रखा गया है। वहीं, करीब 200 पंचायतों से जुड़े मामले फिलहाल न्यायालय में लंबित हैं, जिन पर उच्च न्यायालय द्वारा यथास्थिति बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं। आयोग इन पंचायतों को लेकर अलग रणनीति तैयार कर रहा है, ताकि चुनाव प्रक्रिया बाधित न हो।

बता दें कि चुनाव आयोग पूरी तरह से तैयार है और किसी भी समय अधिसूचना जारी की जा सकती है। आचार संहिता लागू होते ही विकास कार्यों और प्रशासनिक फैसलों पर निर्धारित प्रतिबंध प्रभावी हो जाएंगे।

◆ 90 प्रतिशत वार्ड व पंचायतों की अंतिम सूची तैयार

◆ हाईकोर्ट में लंबित पंचायतों पर यथास्थिति बरकरार




### हाईकोर्ट में आरक्षण रोस्टर पर सुनवाई अब 11 मई को

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में पंचायत और नगर निकाय चुनावों के बीच आरक्षण रोस्टर को लेकर मामला अब न्यायिक प्रक्रिया के केंद्र में आ गया है। प्रदेश हाईकोर्ट में इस मुद्दे पर हुई सुनवाई के दौरान अदालत ने कोई अंतरिम आदेश पारित नहीं किया, जिससे चुनाव प्रक्रिया पर तत्काल रोक नहीं लगी है। हालांकि, कोर्ट ने राज्य सरकार को याचिकाओं में उठाए गए सवालों पर विस्तृत जवाब दाखिल करने के निर्देश दिए हैं और अगली सुनवाई 11 मई तय की है। इस घटनाक्रम ने उन लोगों की उम्मीदें जगा दी हैं, जिनकी पंचायत या वार्ड आरक्षित हो गए हैं और वे रोस्टर में बदलाव की आस लगाए बैठे हैं। वहीं, चुनाव आयोग अपनी तैयारियों को अंतिम रूप दे चुका है और कभी भी चुनाव तिथियों की घोषणा संभव मानी जा रही है, क्योंकि शीर्ष अदालत पहले ही 31 मई से पहले चुनाव कराने का निर्देश दे चुकी है।

# डोनाल्ड ट्रंप का दावा-ईरान से आज होगी पाकिस्तान में डील साइन!

**एजेंसी, वॉशिंगटन डीसी/तेहरान**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया है कि ईरान के साथ डील आज पाकिस्तान में साइन होगी। उन्होंने फॉक्स न्यूज को दिए इंटरव्यू में कहा कि समझौता आज ही हो सकता है।

इससे पहले न्यूयॉर्क पोस्ट को दिए इंटरव्यू में ट्रंप ने बताया था कि उपराष्ट्रपति जेडी वेंस समेत अमेरिकी डेलिगेशन बातचीत के लिए इस्लामाबाद रवाना हो गया है और कुछ ही घंटों में वहां पहुंच जाएगा। ट्रंप ने कहा कि अमेरिका ईरान के साथ बातचीत करने जा रहा है और उन्हें उम्मीद है कि इस बार कोई 'गेम' नहीं खेला जाएगा। इसी बीच पाकिस्तान और ईरान के बीच भी कूटनीतिक हलचल तेज हो गई है।

पाकिस्तान के गृह मंत्री मोहसिन नकवी ने ईरानी राजदूत रेजा अमीरी मोगद्दम से मुलाकात की, जिसमें अमेरिका के साथ संभावित वार्ता और क्षेत्रीय तनाव कम करने के मुद्दे पर चर्चा हुई। होर्मुज में बढ़ते तनाव के बीच पाकिस्तान में दोनों देशों के बीच दूसरी दौर की बातचीत होगी या नहीं, इसे लेकर सस्पेंस बना हुआ है। ईरान ने कहा कि अमेरिकी नौसैनिक नाकेबंदी सीजफायर के समझौते का उल्लंघन है और अमेरिका की धमकी भरी भाषा से हालात और खराब हो रहे हैं। इन परिस्थितियों में बातचीत की उम्मीद बहुत कम है।

वहीं, अल जजीरा की रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि बातचीत एक नहीं बल्कि कई दिनों तक चल सकती है। कोशिश यह है कि एक अस्थायी समझौता यानी एमओयू साइन हो जाए, जिससे सीजफायर आगे बढ़ सके और करीब 60 दिन का समय मिल जाए, ताकि बड़ा शांति समझौता तैयार किया जा सके। लेकिन यह सब तभी संभव है जब ईरान इसमें हिस्सा ले।

इस बीच पाकिस्तान के गृह मंत्री मोहसिन नकवी ने कहा कि इस्लामाबाद वार्ता के दूसरे दौर की तैयारियों की समीक्षा के लिए ईरान के राजदूत रजा अमीरी मोगदम से मुलाकात की है। हालांकि, ईरान ने अभी तक नई बातचीत में अपनी भागीदारी की पुष्टि नहीं की है, लेकिन नकवी का कहना है कि इंतजाम पूरे कर लिए गए हैं और आने वाले प्रतिनिधिमंडलों के लिए 'पुख्ता सुरक्षा' के इंतजाम किए गए हैं। उन्होंने ईरानी राजदूत को अपनी हाल की ईरान यात्रा के बारे में भी जानकारी दी। (अनंत ज्ञान)


पाक में तैनात सुरक्षा कर्मी।

◆ पाक गृहमंत्री ने ईरानी राजदूत से की मुलाकात

# टीजीटी नॉन-मेडिकल का फाइनल परिणाम घोषित

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश राज्य चयन आयोग (एचपीआरसीए) ने प्रारंभिक शिक्षा विभाग में टीजीटी (नॉन-मेडिकल) के पदों को भरने के लिए पोस्ट कोड-25002 के तहत आयोजित कंप्यूटर आधारित परीक्षा में सफल हुए उम्मीदवारों के दस्तावेजों की जांच के बाद अंतिम परिणाम घोषित कर दिया है।

आयोग के सचिव डॉ. विक्रम महाजन ने बताया कि इन पदों के लिए कुल 15,983 उम्मीदवारों ने आवेदन किया था, जिनमें से 14,380 उम्मीदवारों ने कंप्यूटर आधारित परीक्षा दी थी और इस परीक्षा में 999 उम्मीदवारों का चयन दस्तावेजों की जांच के लिए किया गया था। 16 मार्च से एक अप्रैल तक दस्तावेजों की जांच के बाद 333 उम्मीदवारों का चयन किया गया है। पात्र उम्मीदवार न मिलने के कारण ओबीसी (स्वतंत्रता सेनानी परिजन) के 6 और एससी (स्वतंत्रता सेनानी परिजन) के 4 पद खाली रह गए हैं।

सचिव ने बताया कि यह अंतिम परिणाम सभी उम्मीदवारों के नाम, रोल नंबर और अंकों सहित आयोग की वेबसाइट एचपीआरसीए.एचपी.जीओवी.इन पर उपलब्ध करवा दिया गया है।


◆ 333 उम्मीदवारों का हुआ चयन

# ज्वालामुखी-फतेहपुर को सौगातें देंगे सीएम सुक्खू

## पश्चिम बंगाल के दौरे के बाद लौटे हिमाचल, जम्मू भी जाएंगे

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू पश्चिम बंगाल से लौटकर सोमवार को सीधे शिमला पहुंच गए हैं। राजधानी शिमला में संक्षिप्त प्रवास के बाद मुख्यमंत्री शाम के समय कांगड़ा के लिए रवाना हो गए, जहां उनका अगला दौरा कार्यक्रम निर्धारित है। प्रदेश में उनकी वापसी के साथ ही विकास कार्यों की रफ्तार को लेकर प्रशासनिक हलचल भी तेज हो गई है।



जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री मंगलवार सुबह कांगड़ा जिले के ज्वालामुखी और फतेहपुर विधानसभा क्षेत्रों में विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। ज्वालामुखी में विद्युत डिविजन-कम-सब डिविजन कार्यालय भवन का शिलान्यास किया जाएगा, जबकि फतेहपुर में मिनी सचिवालय भवन का उद्घाटन प्रस्तावित है। इसके अतिरिक्त ब्यास नदी पर करीब 800 मीटर लंबे पुल के निर्माण के लिए भूमि पूजन भी किया जाएगा, जो संसारपुर टेरेस और सथाना क्षेत्र को आपस में जोड़ेगा। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे।

दौरे के अगले चरण में मुख्यमंत्री शाम को जम्मू के लिए रवाना होंगे, जहां राज्यपाल के परिवार में आयोजित एक विवाह समारोह में भाग लेना है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 22 अप्रैल की सुबह मुख्यमंत्री जम्मू से सीधे शिमला लौटेंगे। उल्लेखनीय है कि बीते दिनों मुख्यमंत्री ने कोलकाता में कांग्रेस प्रत्याशियों के समर्थन में जनसभाएं और प्रेस वार्ताएं कर चुनाव प्रचार को धार दी थी, जिसके बाद अब प्रदेश में विकास और प्रशासनिक गतिविधियों पर उनका पूरा ध्यान केंद्रित हो गया है।


◆ फतेहपुर में आज करेंगे पुल निर्माण का भूमि पूजन

# अमेरिका में शख्स ने की अपने सात बच्चों समेत 8 की हत्या

**एजेंसी, लुइसियाना**

अमेरिका के लुइसियाना राज्य के श्रेवेपोर्ट शहर में एक शख्स ने 8 बच्चों की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस के मुताबिक इनमें से 7 उसके ही बच्चे थे। अमेरिका में इस साल की यह सबसे बड़ी मास शूटिंग की घटना मानी जा रही है।

सूत्रों के मुताबिक यह घटना रविवार सुबह 6 बजे (स्थानीय समय के मुताबिक) वेस्ट 79वीं स्ट्रीट के 300 ब्लॉक में हुई। आरोपी का नाम शमार एल्किंस (31 साल) है। पुलिस ने बताया कि 7 बच्चों को घर के अंदर गोली मारी गई, जबकि एक बच्चे को छत पर गोली लगी, जब वह जान बचाने के लिए भागने की कोशिश कर रहा था। हमले में असॉल्ट-स्टाइल हथियार का इस्तेमाल किया गया। इसे घरेलू विवाद से जुड़ा मामला बताया जा रहा है। (अनंत ज्ञान)



◆ सभी की उम्र एक से 11 साल थी पत्नी को भी गोली मारी, गंभीर

# सांस्कृतिक मंच पर वैली फंक्शन या 'रेव पार्टी'?

## कुल्लू के कलाकेंद्र में मर्यादा भूल अर्द्धनग्न झूमते नजर आए युवा, वीडियो वायरल

अनंत ज्ञान

**कमलेश वर्मा, कुल्लू।** कुल्लू के ढालपुर स्थित ऐतिहासिक लाल चंद प्रार्थी कलाकेंद्र में रूपी वैली छात्र संगठन के समारोह में युवाओं ने मर्यादा की सारी हदें पार कर दीं। तेज संगीत के बीच युवा अर्द्धनग्न अवस्था में झूमते नजर आए। वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

स्थानीय लोगों व सोशल मीडिया पर इस वीडियो पर लोगों ने इस तरह अश्लीलता फैलाने पर जहां आपत्ति जताई है। वहीं, आरोप है कि सांस्कृतिक मंच पर जिस तरह का आचरण किया गया, वह किसी 'रेव पार्टी' से कम नहीं है। बड़ा सवाल प्रशासन की कार्यप्रणाली पर उठ रहा है। कलाकेंद्र जैसे महत्वपूर्ण सरकारी स्थान पर इस तरह के आयोजन की अनुमति कैसे दी जा रही है। लोगों का कहना है कि पहले भी यहां पर वैली फंक्शन के नाम पर इसी तरह की अश्लीलता और नशा करके लड़ाई झगड़े हुए हैं। ऐसे कार्यक्रमों पर रोक लगाने की अपील कर चुके हैं बावजूद इसके प्रशासन की ओर से कोई उचित कदम अभी तक नहीं उठाया गया है।

वीडियो वायरल होने के बाद से ही कुल्लू की जनता और संस्कृति प्रेमियों में भारी रोष है। फेसबुक और इंस्टाग्राम पर लोग प्रशासन से मांग कर रहे हैं कि भविष्य में ऐसे 'वैली फंक्शन' को अनुमति न दी जाए। कलाकेंद्र में हुए इस कृत्य को स्थानीय लोग अपनी धार्मिक आस्था और सांस्कृतिक विरासत पर प्रहार मान रहे हैं।

2 दिन पहले हुए वैली फंक्शन में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए थे, लेकिन तब किसी ने भी कार्यक्रम का विरोध नहीं किया। युवक कपड़े उतारकर नाचते रहे। वहीं, युवतियों के डांस मूव्स भी आपत्तिजनक रहे। देव संस्कृति शोध संस्था के अध्यक्ष जय ठाकुर ने कहा कि भले ही सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा वीडियो किसी कॉलेज के वैली कार्यक्रम से संबंधित हो और इसका सीधा संबंध देव-समारोह से न हो, लेकिन फिर भी सार्वजनिक रूप से इस तरह की फूहड़ता प्रदर्शन करना चिंताजनक है।

यह वैली फंक्शन बंद होने चाहिए। इसमें न तो हमारी संस्कृति का प्रमोशन है और न ही रीति-रिवाजों का कोई ध्यान रखा जाता है। वहीं, मोंटू ठाकुर ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों में 80 फीसदी बच्चे नशे में होते हैं। कुल्लू के विधायक को इस पर सख्त एक्शन लेना चाहिए।

> मामला मेरे संज्ञान में है व अधिकारियों से इस बारे चर्चा भी हुई है। वायरल वीडियो भी देखा है। इस संबंध में उचित कदम उठाया जाएगा।
> -अनुराग चंद्र शर्मा, उपायुक्त कुल्लू

# उधमपुर में बस खाई में गिरी, 21 की मौत

## यात्री बोले-तेज रफ्तार बस का टायर फटने से हुआ हादसा

**एजेंसी, उधमपुर**

जम्मू के उधमपुर में सोमवार सुबह एक बस हादसे का शिकार हो गई। रामनगर से आ रही बस कगोत के पास सड़क से करीब 100 मीटर नीचे गिरकर पलट गई। सूत्रों के मुताबिक इस हादसे में 21 लोगों की मौत हो गई, जबकि 29 से ज्यादा यात्री घायल हो गए।

हादसा सुबह करीब 10 बजे हुआ। बस में 50 यात्री सवार थे, जिनमें से ज्यादातर लोग रामनगर से उधमपुर में अपने रोजाना के काम पर जा रहे थे। 15 यात्रियों की मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि बाकी 6 लोगों ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। घायलों के मुताबिक बस ओवरलोड थी, रफ्तार भी तेज थी। कगोत नाले के पास अचानक बस का टायर फट गया। इससे ड्राइवर उसे कंट्रोल नहीं कर सका। और बस सड़क से नीचे गिर गई। हादसे में बस का ऊपरी हिस्सा पूरी तरह नष्ट हो गया है।

केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट पर बताया कि हादसे का शिकार हुई बस पब्लिक ट्रांसपोर्ट की थी। घायलों का इलाज जीएससी ऊधमपुर में किया जा रहा है।

इधर, पीएम मोदी ने हादसे में मरने वाले लोगों के लिए संवेदना जताई और मृतकों के परिवार को 2-2 लाख और घायलों को 50 हजार के मुआवजे का ऐलान किया है। (अनंत ज्ञान)



# हिमाचल में 12 शहरों का पारा 30° पार

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल में अब गर्मी ने रफ्तार पकड़ ली है और मैदानी इलाकों में तापमान तेजी से बढ़ रहा है। सोमवार को ऊना का अधिकतम तापमान 38.4 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया, जो सामान्य से 3.1 डिग्री ज्यादा दर्ज हुआ। प्रदेश के 12 शहरों में पारा 30 डिग्री से ऊपर चला गया है। कांगड़ा में तापमान में सबसे ज्यादा उछाल देखने को मिला, वहीं सुंदरनगर और सोलन में भी तापमान सामान्य से ऊपर रहा।

अब सिर्फ दिन ही नहीं, बल्कि रातें भी गर्म होने लगी हैं। मौसम विभाग के मुताबिक फिलहाल न्यूनतम तापमान सामान्य से थोड़ा ही ऊपर है, लेकिन आने वाले तीन से चार दिनों में रात के तापमान में भी बढ़ोतरी होगी। 24 अप्रैल तक प्रदेश में मौसम पूरी तरह साफ रहेगा और तेज धूप खिली रहेगी। हालांकि, 24 अप्रैल की रात से वेस्टर्न डिस्टर्बेंस सक्रिय होगा, जिसका असर 26 अप्रैल को पूरे प्रदेश में बारिश के रूप में नजर आ सकता है। वहीं, 25 अप्रैल को ऊंचे और मध्यम ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हल्की बारिश की संभावना जताई गई है।



◆ ऊना में 38.4 डिग्री सेल्सियस, अगले चार दिन गर्मी होगी और तेज

**सख्ती** — समय पर चालान न भरने पर हुई कार्रवाई, ज्यादातर कमर्शियल वाहन करते हैं नियमों की अनदेखी

# कांगड़ा, चंबा, ऊना, हमीरपुर सहित बाहरी राज्यों के 1109 वाहन ब्लैक लिस्ट

अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान स्पैशल

**राजेश कुमार, धर्मशाला।** प्रदेश में पिछले एक वर्ष में 1109 वाहन ब्लैक लिस्ट किए गए हैं, जिनमें जिला कांगड़ा, चंबा, ऊना, हमीरपुर सहित बाहरी राज्यों के वाहन शामिल हैं, ऐसे वाहनों पर परिवहन विभाग की ओर से तय समय व नोटिस के बावजूद चालान न भरने के चलते यह कार्रवाई की गई है। विभाग की मानें यातायात नियमों की अवहेलना में अधिकतर कमर्शियल वाहन शामिल होते हैं।

वित्त वर्ष 2025-26 में आरटीओ फ्लाइंग धर्मशाला, जिनके अधीन कांगड़ा, चंबा, ऊना व हमीरपुर जिले आते हैं द्वारा 1109 वाहनों को ब्लैक लिस्ट करने की कार्रवाई की गई है। गौरतलब है कि निजी वाहनों में इंश्योरेंस और पाल्यूशन का चालान होता है, जबकि कमर्शियल वाहनों में परमिट, ओवरलोडिंग के चालान काटे जाते हैं। अधिकतर यातायात नियमों की अवहेलना कमर्शियल वाहनों की सामने आती हैं।

### ब्लैक लिस्ट यानी नॉट टू बी ट्रांजेक्टड

**ब्लैक** लिस्ट वाहनों को मोटर व्हीकल एक्ट में नॉट टू बी ट्रांजेक्टड कहा जाता है, यानी व्हीकल संबंधी कोई भी ट्रांजेक्शन संबंधित अर्थात पासिंग, पेमेंट और खरीद-फरोख्त वाहन मालिक नहीं कर सकता। जब तक चालान भरकर वाहन मालिक आरटीओ फ्लाइंग को सूचना नहीं देता। ऐसे वाहन का चालान भरने के बाद सूचना मिलने पर आरटीओ फ्लाइंग की ओर से वाहन को ब्लैक लिस्ट से बाहर करने के लिए संबंधित आरएलए को वाहन आउट करने की प्रक्रिया के लिए कहा जाता है।

### तय समय पर चालान न भरने पर नोटिस

**जब** वाहन का चालान कटता है तो निर्धारित तिथि को चालान का भुगतान करने को कहा जाता है। यदि कोई नहीं आता है तो उसे नोटिस जारी किया जाता है, इसके बावजूद चालान नहीं भरा जाता है तो वाहन को ब्लैक लिस्ट कर दिया जाता है, जिसे नॉट टू बी ट्रांजेक्टड साफ्टवेयर के माध्यम से कर दिया जाता है।

### बाहरी वाहनों को भेजनी पड़ती है रसीद

**बाहरी** राज्य का वाहन यदि ब्लैक लिस्ट होता है तो उसे चालान भरकर रसीद आरटीओ फ्लाइंग को भेजनी पड़ती है, साथ ही पेमेंट का प्रूफ भी ऑनलाइन या स्वयं उपस्थित होकर प्रस्तुत करना होता है। इसके बाद ही आरटीओ फ्लाइंग की ओर से आगामी प्रक्रिया संबंधित राज्य की वाहन पंजीकरण एजेंसी से करने को कहा जाता है।

> **पिछले** वित्त वर्ष में 1109 वाहन ब्लैक लिस्ट किए गए हैं, जिन्हें नॉट टू बी ट्रांजेक्टड कहा जाता है। तय समय पर चालान न भरने पर नोटिस जारी होता है। चालान भरने के लिए 90 दिन की प्रक्रिया रहती है, इसके बाद वाहन को ब्लैक लिस्ट कर दिया जाता है। यदि इसके बाद कोई वाहन मालिक चालान भर देता है तो संबंधित आरएलए के माध्यम से वाहन को ब्लैक लिस्ट से बाहर करने की प्रक्रिया अपनाने को कहा जाता है।
> **असीम सूद, आरटीओ फ्लाइंग, धर्मशाला**



# शिमला ग्रीष्मोत्सव में रिज पर सजेगा संस्कृति, कला व उल्लास का महापर्व

## 1 जून से होगा पांच दिवसीय आयोजन, हर दिन अलग थीम पर होंगी गतिविधियां

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** राजधानी शिमला का ऐतिहासिक रिज मैदान एक बार फिर संस्कृति, परंपरा और उत्सवधर्मिता के रंगों में सराबोर होने जा रहा है, जब 1 से 5 जून तक अंतरराष्ट्रीय शिमला ग्रीष्मोत्सव 2026 का भव्य आयोजन किया जाएगा। पांच दिनों तक चलने वाले इस महोत्सव में हर दिन अलग-अलग थीम पर आधारित कार्यक्रमों की शृंखला प्रस्तुत की जाएगी, जिससे स्थानीय संस्कृति के साथ-साथ आधुनिक रंगों का अनूठा संगम देखने को मिलेगा। यह आयोजन न केवल शिमला बल्कि पूरे प्रदेश और देशभर के पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बनेगा।

उपायुक्त शिमला एवं ग्रीष्मोत्सव समिति के अध्यक्ष ने बचत भवन में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए इस आयोजन की रूपरेखा साझा की। उन्होंने कहा कि इस वर्ष ग्रीष्मोत्सव को अधिक व्यवस्थित, आकर्षक और जनसहभागिता से परिपूर्ण बनाने पर विशेष जोर दिया जाएगा। विभिन्न विभागों के बीच बेहतर तालमेल सुनिश्चित करते हुए आयोजन को नई ऊंचाइयों तक ले जाने की रणनीति तैयार की गई है, ताकि यह उत्सव अपनी पुरानी गरिमा को पुन: प्राप्त कर सके।

ग्रीष्मोत्सव के दौरान प्रतिदिन सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की मनमोहक शृंखला के साथ शाम के समय देश और प्रदेश के नामी कलाकार अपनी प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध करेंगे। इसके अतिरिक्त चित्रकला प्रतियोगिता, सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम, प्राकृतिक फ्लावर शो, हेल्दी बेबी प्रतियोगिता व हिमाचली फूड फेस्टिवल जैसे विविध आयोजन इस महोत्सव को और अधिक जीवंत बनाएंगे। खास बात यह है कि इस बार रिज मैदान पर मंच की व्यवस्था को नए स्थान पर स्थापित कर आयोजन को अधिक आकर्षक बनाया जाएगा।

### दस दिनों के भीतर रचनात्मक सुझाव मांगे

**उपायुक्त** ने आमजन, कलाकारों और अधिकारियों से आह्वान किया कि वे अगले दस दिनों के भीतर अपने रचनात्मक और सकारात्मक सुझाव आयोजन समिति को दें, ताकि इस महोत्सव को और अधिक समृद्ध बनाया जा सके। साथ ही, इस अवसर पर एक विशेष स्मारिका और कॉफी टेबल बुक का विमोचन भी किया जाएगा, जिसमें शिमला की ऐतिहासिक और दुर्लभ तस्वीरों को संजोया जाएगा।

### यादगार आयोजन करने पर बनी सहमति

**उन्होंने** विश्वास व्यक्त किया कि सभी विभागों के समन्वित प्रयासों से शिमला ग्रीष्मोत्सव 2026 एक यादगार और भव्य आयोजन के रूप में स्थापित होगा, जो आने वाले वर्षों के लिए एक नई मिसाल कायम करेगा।

- सांस्कृतिक संध्याओं में दिखेगा देश-प्रदेश के सुप्रसिद्ध कलाकारों का रंग
- फ्लावर शो, फूड फेस्टिवल से लेकर हेल्दी बेबी प्रतियोगिता तक आकर्षण

## चंबा में पासपोर्ट सेवा के लिए कल से मोबाइल वैन शुरू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय शिमला द्वारा चंबा के नागरिकों को बड़ी राहत देते हुए पासपोर्ट सेवा मोबाइल वैन का संचालन 22 अप्रैल से शुरू किया जा रहा है। यह वैन 22 से 24 अप्रैल तक चंबा के एपीपीडब्ल्यूडी सर्किट हाउस में सुबह 9:30 बजे से शाम 4:30 बजे तक उपलब्ध रहेगी, जिससे आसपास के क्षेत्रों के लोगों को पासपोर्ट सेवाएं उनके नजदीक ही प्राप्त हो सकेंगी। इस दौरान केवल वही आवेदक सेवा का लाभ उठा सकेंगे जिन्होंने पहले से ऑनलाइन अपॉइंटमेंट लिया है। आवेदकों को निर्देश दिए गए हैं कि वे सभी आवश्यक मूल दस्तावेज तथा उनकी स्वप्रमाणित प्रतियां साथ लेकर निर्धारित समय पर पहुंचे। यह पहल विशेष रूप से दूरस्थ और ग्रामीण क्षेत्रों के नागरिकों के लिए सुविधा बढ़ाने और पासपोर्ट सेवाओं को अधिक सुलभ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का 27 अप्रैल से 2 मई तक शिमला प्रवास, दि रिट्रीट में रहेगा ठहराव

अनंत ज्ञान

- प्रशासन सख्तः सुरक्षा स्वास्थ्य, सफाई व यातायात व्यवस्था पर विशेष फोकस
- डीसी ने अधिकारियों को समयबद्ध तैयारियां पूरी करने के दिए सख्त निर्देश



डीसी शिमला बैठक में आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए। अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के प्रस्तावित शिमला दौरे को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क हो गया है। 27 अप्रैल से 2 मई तक होने वाले इस दौरे के दौरान राष्ट्रपति शिमला स्थित दि रिट्रीट में प्रवास करेंगी। इस उच्च स्तरीय दौरे को देखते हुए प्रशासन ने सुरक्षा, आवास, स्वास्थ्य सेवाओं और आधारभूत सुविधाओं को लेकर व्यापक तैयारियां शुरू कर दी हैं, ताकि किसी भी स्तर पर कोई कमी न रह जाए और पूरा कार्यक्रम सुचारू रूप से संपन्न हो सके।

दौरे की तैयारियों की समीक्षा के लिए जिला दंडाधिकारी की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें सभी संबंधित विभागों को स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए गए। उन्होंने लोक निर्माण विभाग को हवाई अड्डे से दी रिट्रीट तक सड़क मार्ग को दुरुस्त करने, नगर निगम को आसपास व्यापक सफाई अभियान चलाने तथा एसजेपीएनएल को पानी की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने को कहा। साथ ही कल्याणी हेलिपैड और अन्नाडेल हेलिपैड को लैंडिंग के लिए पूरी तरह तैयार रखने के निर्देश दिए गए।

बैठक में सुरक्षा और आपात सेवाओं को लेकर भी विशेष जोर दिया गया। अग्निशमन विभाग को सभी प्रमुख स्थलों का फायर ऑडिट करने, स्वास्थ्य विभाग को 24 घंटे डॉक्टरों की टीम और एम्बुलेंस तैनात रखने तथा खाद्य पदार्थों की नियमित जांच सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गौरव सिंह, अतिरिक्त उपायुक्त सचिन शर्मा सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे और उन्होंने अपने-अपने विभागों की तैयारियों का ब्यौरा प्रस्तुत किया।

## कांग्रेस को मिला जुब्बल के राईका गांव के इंद्र सिंह जनाथटा का साथ

अनंत ज्ञान



कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण करने के बाद इंद्र सिंह जनाथटा शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर के साथ। अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** जुब्बल तहसील की ग्राम पंचायत बढ़ाल के राईका (सरोट) गांव में एक खास राजनीतिक घटनाक्रम सामने आया, जहां क्षेत्र के सक्रिय सामाजिक व्यक्तित्व इंद्र सिंह जनाथटा ने भारतीय जनता पार्टी को छोड़कर कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। उन्होंने यह कदम क्षेत्र में तेजी से हो रहे विकास कार्यों तथा रोहित ठाकुर की जनहितैषी नीतियों से प्रभावित होकर उठाया। जनाथटा ने कहा कि जुब्बल-नावर-कोटखाई क्षेत्र में शिक्षा, सड़क, स्वास्थ्य और आधारभूत सुविधाओं में उल्लेखनीय सुधार हुआ है, जिससे आम जनता को सीधा लाभ मिल रहा है। उन्होंने विश्वास जताया कि कांग्रेस की विचारधारा के साथ जुड़कर वह क्षेत्र के विकास और जनसेवा में सक्रिय योगदान देंगे।

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी जुब्बल-नावर-कोटखाई ने इंदर सिंह जनाथटा का कांग्रेस परिवार में हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन किया। कमेटी ने उन्हें भरोसा दिलाया कि पार्टी में उन्हें पूरा सम्मान मिलेगा और संगठन में उनकी भूमिका महत्वपूर्ण रहेगी। इस अवसर पर शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर सहित धार गांव के वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्ता बलवान झौटा, छाजपुर पंचायत से केसंग नेगी तथा रोशन चौहान मौजूद रहे। सभी ने इसे क्षेत्र में कांग्रेस के बढ़ते जनाधार और विकास की राजनीति की जीत बताया तथा कहा कि आने वाले समय में और भी लोग पार्टी की नीतियों से प्रभावित होकर कांग्रेस से जुड़ेंगे।

## ठियोग में पंजाब-हरियाणा के 3 नशा तस्कर 9 ग्राम चिट्टे के साथ गिरफ्तार

अनंत ज्ञान



चिट्टा तस्करी के आरोप में गिरफ्तार तीनों आरोपी। अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** जिला शिमला के ठियोग क्षेत्र में पुलिस ने नशा तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए पंजाब और हरियाणा के तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 9 ग्राम चिट्टा बरामद किया गया है। पुलिस ने तीनों को हिरासत में लेकर मामला दर्ज कर लिया है और आज इन्हें अदालत में पेश कर रिमांड की मांग की जाएगी, ताकि मामले की गहराई से जांच की जा सके।

पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि नेशनल हाईवे-5 पर फागू से ठियोग की ओर एक ग्रे रंग की मैग्नाइट कार में सवार तीन व्यक्ति चिट्टा तस्करी में शामिल हैं। सूचना मिलते ही ठियोग पुलिस ने तत्काल नाकाबंदी कर बाइपास के पास संदिग्ध वाहन को रोका। तलाशी के दौरान तीनों के पास से 9 ग्राम चिट्टा बरामद हुआ। इसके बाद पुलिस ने आरोपियों को मौके पर ही गिरफ्तार कर थाना ठियोग ले जाया गया।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान पवन (21) निवासी सोनीपत, नितिश पांडे (26) निवासी मोहाली और रितिक सूरजभान (27) निवासी सोनीपत के रूप में हुई है। पुलिस ने एनडीपीएस अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का मानना है कि यह तस्करी किसी बड़े नेटवर्क से जुड़ी हो सकती है और रिमांड के दौरान पूछताछ में अन्य तस्करों तक पहुंचने की संभावना है।

## असंगठित श्रमिकों को प्रधानमंत्री श्रम योगी मान-धन योजना से मिलेगा पेंशन का सहारा

अनंत ज्ञान

- कम आय वर्ग के कामगारों के लिए सामाजिक सुरक्षा का मजबूत आधार
- लोक मित्र केंद्रों पर फ्री पंजीकरण से बढ़ेगी पहुंच और भागीदारी

**ब्यूरो, शिमला।** असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के सामाजिक और आर्थिक सुरक्षा कवच को मजबूत करने के उद्देश्य से केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री श्रम योगी मान-धन योजना एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में उभर रही है। इस योजना के माध्यम से कम आय वर्ग के कामगारों को वृद्धावस्था में सम्मानजनक जीवन सुनिश्चित करने का अवसर मिल रहा है। योजना के तहत 18 से 40 वर्ष आयु वर्ग के वे श्रमिक, जिनकी मासिक आय 15,000 रुपए से कम है, नियमित अंशदान के जरिए 60 वर्ष की आयु के बाद 3,000 रुपए प्रतिमाह पेंशन प्राप्त कर सकते हैं। इसमें लाभार्थी द्वारा 55 से 200 रुपए तक मासिक अंशदान किया जाता है, जबकि उतनी ही राशि केंद्र सरकार द्वारा वहन की जाती है, जिससे यह योजना गरीब और मेहनतकश वर्ग के लिए एक भरोसेमंद सहारा बन रही है।

उपायुक्त शिमला की अध्यक्षता में आयोजित जिला स्तरीय बैठक में योजना के प्रभावी क्रियान्वयन और अधिकाधिक श्रमिकों को इससे जोड़ने पर विस्तार से चर्चा की गई। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पात्र लाभार्थियों तक योजना की जानकारी पहुंचाने के लिए जागरूकता अभियान को और सशक्त बनाया जाए। उपायुक्त ने कहा कि यह योजना श्रमिकों के भविष्य को सुरक्षित करने के साथ-साथ उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में भी अहम भूमिका निभा रही है। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने अपने-अपने स्तर पर योजना के प्रचार-प्रसार और पंजीकरण प्रक्रिया को सरल बनाने के सुझाव भी साझा किए।

बैठक में यह भी बताया गया कि योजना के तहत लोक मित्र केंद्रों पर नि:शुल्क पंजीकरण की सुविधा उपलब्ध है, जिससे श्रमिकों को किसी प्रकार की आर्थिक या तकनीकी बाधा का सामना न करना पड़े। पंजीकरण के लिए आधार कार्ड, बचत बैंक खाता या जनधन खाता और मोबाइल नंबर आवश्यक दस्तावेज हैं। घरेलू कामगार, फेरी वाले, निर्माण श्रमिक, मनरेगा श्रमिक, हस्तकला और अन्य समान व्यवसायों से जुड़े कामगार इस योजना के लिए पात्र हैं, जबकि ईएसआई, ईपीएफ, आयकर दाता और पेंशनधारक इसमें शामिल नहीं हो सकते।

## संधु गांव में मिले हिमालयी काले भालू के शावक

### वन विभाग ने किया रेस्क्यू, दो दिन की मशक्कत के बाद पहुंचे टूटीकंडी

अनंत ज्ञान



वन विभाग का कर्मचारी बोतल से दूध पिलाता हुआ। अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** शिमला जिले के ठियोग क्षेत्र के मत्याना के समीप संधु गांव में एक बगीचे से हिमालयी काले भालू के दो नन्हे शावक मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। स्थानीय लोगों ने जब शावकों को देखा तो वे बेहद कमजोर और डरे हुए थे। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। प्रारंभिक जांच में यह स्पष्ट हुआ कि शावक अपनी मां से बिछड़ गए हैं और उन्हें तत्काल संरक्षण की आवश्यकता है।

जानकारी के अनुसार वन विभाग की टीम ने मानवीय संवेदना के साथ कार्य करते हुए पहले दो दिनों तक शावकों की मां को ढूंढने और उन्हें मिलाने का प्रयास किया, लेकिन सफलता हाथ नहीं लगी। शावकों की बिगड़ती हालत को देखते हुए अधिकारियों ने त्वरित निर्णय लेते हुए उन्हें सुरक्षित रेस्क्यू कर शिमला स्थित टूटीकंडी वन्यजीव बचाव एवं पुनर्वास केंद्र पहुंचाया। यहां विशेषज्ञों की निगरानी में उनका उपचार और देखभाल शुरू की गई।

टूटीकंडी केंद्र में दोनों शावकों को विशेष देखभाल के साथ रखा गया है। उनकी हालत को देखते हुए उन्हें बोतल के माध्यम से दूध पिलाया जा रहा है, जिससे उनकी भूख शांत हो रही है और धीरे-धीरे उनकी सेहत में सुधार देखने को मिल रहा है। वन विभाग के अनुसार शावकों की निरंतर निगरानी की जा रही है और भविष्य में उन्हें प्राकृतिक वातावरण में वापस छोड़ने की दिशा में भी प्रयास किए जाएंगे।

### हिमालयी काले भालू का बसेरा व संरक्षण चुनौती

**गौरतलब** है कि हिमालयी काला भालू मुख्य रूप से कुल्लू, चंबा और कांगड़ा जिलों के घने जंगलों में पाया जाता है, जबकि किन्नौर और कुल्लू में इसकी संख्या अधिक मानी जाती है। इसके अलावा शिमला के रामपुर और ठियोग क्षेत्रों में भी इनकी मौजूदगी दर्ज की जाती रही है। विशेषज्ञों का मानना है कि मानव हस्तक्षेप और बदलते पर्यावरण के कारण वन्यजीवों के प्राकृतिक आवास प्रभावित हो रहे हैं, जिससे ऐसे मामले सामने आते हैं।

## एसएसबी जवानों ने पर्यावरण संरक्षण का दिया सशक्त संदेश

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** दूरसंचार प्रशिक्षण केंद्र कुसुंपटी, शिमला के कमान अधिकारी उपकमांडेंट संचार अजय शर्मा तथा संदीक्षा अध्यक्षा मीनाक्षी शर्मा के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में जवानों और संदीक्षा सदस्याओं के दल ने पर्यावरणीय स्वच्छता की दिशा में सराहनीय पहल की। इस अभियान के माध्यम से स्वच्छ और सुंदर वातावरण बनाए रखने का संदेश भी दिया गया। इस कड़ी में दल द्वारा क्रेगनेनो नेचर पार्क मशोबरा (शिमला) में व्यापक साफ-सफाई अभियान चलाया गया। सभी प्रतिभागियों ने पूरे उत्साह के साथ क्षेत्र को स्वच्छ बनाने में योगदान दिया और आमजन को भी पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक रहने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान स्थानीय लोगों ने भी इस पहल की सराहना की और भविष्य में ऐसे अभियानों में सहयोग देने का आश्वासन दिया। अधिकारियों ने बताया कि स्वच्छता अभियान नियमित रूप से चलाए जाएंगे ताकि प्राकृतिक धरोहरों की रक्षा हो सके और पर्यावरण संतुलन बना रहे। इस प्रकार के प्रयास समाज में सकारात्मक संदेश देते हैं।



क्रेगनेनो नेचर पार्क मशोबरा में एसएसबी जवान व संदीक्षा सदस्याएं स्वच्छता अभियान के दौरान। अनंत ज्ञान

## योग तन, मन व आत्मा की एकात्म अवस्था का परिचायक: योगाचार्य

अनंत ज्ञान

- कैथू जेल में दिव्य ज्योति जागृति संस्थान का आरोग्य कार्यक्रम जारी
- योग और ध्यान साधना शिविर में कैदियों ने लिया सक्रिय भाग



कैथू जेल में योग एवं ध्यान शिविर के दौरान कैदी। अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा स्थानीय कैथू जेल में आयोजित तीन दिवसीय कार्यक्रम के दूसरे दिन आरोग्य अभियान के तहत योग एवं ध्यान साधना शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में योगाचार्य विज्ञानानंद ने योग की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि योग भारत की प्राचीन परंपरा का अमूल्य उपहार है, जो तन, मन और आत्मा के संतुलन का माध्यम है।

उन्होंने बताया कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं बल्कि मनुष्य और प्रकृति के बीच सामंजस्य स्थापित करने की समग्र प्रक्रिया है, जो बदलती जीवनशैली में मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाने में सहायक है।

योगाचार्य विज्ञानानंद ने योग के वास्तविक स्वरूप को स्पष्ट करते हुए कहा कि योग शब्द का अर्थ जुड़ाव है और यह चित्त की वृत्तियों के नियंत्रण से जुड़ा है। उन्होंने प्रतिभागियों को विभिन्न योगासन और प्राणायाम जैसे ताड़ासन, दंडासन, कटिचक्रासन, भुजंगासन तथा अनुलोम-विलोम का अभ्यास करवाया और इनके वैज्ञानिक लाभों की जानकारी दी। कार्यक्रम की शुरुआत मंत्रोच्चारण और दीप प्रज्वलन के साथ हुई। शिविर में शामिल कैदियों ने योग अभ्यास के माध्यम से स्वास्थ्य लाभ प्राप्त किया और पूरे उत्साह के साथ भागीदारी निभाई।

## घुरली से घ्यान जुब्बड़ सड़क की पासिंग पर शिक्षा मंत्री रोहित का जताया आभार



सड़क की पासिंग के बाद खुशी जताते ग्रामीण। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** जुब्बल उपमंडल के अंतर्गत ग्राम पंचायत कठासू में घुरली से घ्यान जुब्बड़ तक संपर्क सड़क की सफल पासिंग होने से क्षेत्र में विकास की एक नई दिशा स्थापित हुई है। इस महत्वपूर्ण कार्य को प्रशासन द्वारा पूर्ण किए जाने पर स्थानीय लोगों में खुशी का माहौल है। लंबे समय से इस सड़क की मांग की जा रही थी, जिससे ग्रामीणों को आवाजाही में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। अब सड़क के सुदृढ़ होने से शिक्षा, स्वास्थ्य और अन्य आवश्यक सेवाओं तक पहुंच आसान हो जाएगी, जिससे क्षेत्र के सामाजिक और आर्थिक जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आने की उम्मीद है।

इस उपलब्धि का श्रेय प्रदेश सरकार में शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर के सतत प्रयासों को दिया जा रहा है। ग्राम पंचायत कठासू की जनता और लाभार्थियों ने मंत्री के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके प्रयासों से ही यह कार्य संभव हो पाया है। स्थानीय लोगों का मानना है कि इस सड़क के बनने से क्षेत्र में विकास को नई गति मिलेगी और आने वाले समय में अन्य बुनियादी सुविधाओं का भी विस्तार होगा।

**सियासत** शिमला ग्रामीण और किन्नौर जिलों में कांग्रेस संगठन अधर में लटका

# गुटबाजी से अटकी अध्यक्षों की ताजपोशी

अनंत ज्ञान

- तीन माह बाद भी दो जिलों में नियुक्ति लंबित, चुनावी तैयारियों पर असर
- एक व्यक्ति, एक पद के सिद्धांत ने कई दावेदारों की राह रोकी

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** जिला शिमला में शिमला ग्रामीण और किन्नौर जिलों में कांग्रेस संगठन की स्थिति अनिश्चित बनी हुई है, जहां अध्यक्षों की नियुक्ति अब तक गुटबाजी के कारण अटकी हुई है। राज्य के अन्य सभी जिलों में करीब तीन माह पहले ही अध्यक्षों की तैनाती कर दी गई थी, लेकिन इन दोनों महत्वपूर्ण जिलों में निर्णय लंबित रहने से संगठनात्मक ढांचा कमजोर पड़ा है। ऐसे समय में जब पंचायत और नगर निकाय चुनाव कभी भी घोषित हो सकते हैं, सत्तारूढ़ दल के पास इन क्षेत्रों में सुदृढ़ नेतृत्व का अभाव पार्टी कार्यकर्ताओं और नेताओं के बीच असंतोष को जन्म दे रहा है।

सूत्रों के अनुसार शिमला जिला की राजनीतिक अहमियत इस वजह से भी बढ़ जाती है क्योंकि यहां से सरकार में तीन मंत्री रोहित ठाकुर, अनिरुद्ध सिंह और विक्रमादित्य सिंह प्रतिनिधित्व करते हैं, जबकि ठियोग के विधायक एवं पूर्व प्रदेश अध्यक्ष कुलदीप सिंह राठौर भी प्रभावशाली नेता हैं। इसके अतिरिक्त मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के समर्थकों की भी अध्यक्ष पद पर नजर है, जिससे दावेदारी का समीकरण और जटिल हो गया है। कई गुट अपने-अपने प्रत्याशियों को आगे बढ़ाने में सक्रिय हैं, जिसके चलते अंतिम निर्णय पर सहमति बनना कठिन हो रहा है।

शिमला ग्रामीण अध्यक्ष पद की दौड़ में दीपक राठौर का नाम सबसे प्रमुख रूप से उभर कर सामने आया है, जिन्हें शीर्ष नेतृत्व विशेषकर राहुल गांधी के निकट माना जाता है। उनके लंबे समय तक पंचायती राज संगठन से जुड़े रहने और पूर्व में टिकट मिलने के घटनाक्रम ने उनकी दावेदारी को और मजबूत बनाया है। वहीं कुमारसैन क्षेत्र से संबंध रखने वाले रूपेश कंवल को प्रतिभा सिंह का समर्थन प्राप्त है, जबकि अनुसूचित जाति वर्ग से आने वाले यशपाल तनाइक के नाम को राष्ट्रीय अध्यक्ष स्तर तक समर्थन मिलने की चर्चा है। इन अलग-अलग शक्ति केंद्रों के कारण निर्णय प्रक्रिया और अधिक उलझती जा रही है।

इन परिस्थितियों में कांग्रेस संगठन को शीघ्र निर्णय लेकर जिलों में नेतृत्व स्पष्ट करना आवश्यक हो गया है, ताकि आगामी चुनावों में पार्टी को मजबूत रणनीतिक बढ़त मिल सके। लगातार चल रही गुटबाजी न केवल कार्यकर्ताओं के मनोबल को प्रभावित कर रही है बल्कि स्थानीय स्तर पर जनसंपर्क अभियान को भी कमजोर कर रही है।

### चौंकाने वाला नाम भी आ सकता है सामने

**दूसरी** ओर, महेंद्र स्तान और सुधीर आजाद जैसे नेताओं की दावेदारी अब कमजोर मानी जा रही है, क्योंकि उन्हें पहले ही अन्य महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां दी जा चुकी हैं। पार्टी द्वारा लागू किए जा रहे 'एक व्यक्ति, एक पद' के सिद्धांत के चलते इन नेताओं के लिए अध्यक्ष पद की संभावना लगभग समाप्त हो गई है। ऐसे में लगातार बढ़ती खींचतान को देखते हुए पार्टी हाईकमान किसी नए और चौंकाने वाले नाम पर भी दांव खेल सकता है, जिससे गुटीय संतुलन साधने के साथ संगठन को नई दिशा देने की कोशिश की जाएगी।

## पीएमएफएमई योजना के तहत 99 नए मामलों को मिली मंजूरी

अनंत ज्ञान

- युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने की पहल को मिला बल
- ग्रेडिंग-पैकेजिंग इकाइयों से मजबूत हो रही है स्थानीय अर्थव्यवस्था

**ब्यूरो, शिमला।** जिला शिमला में सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र को सशक्त बनाने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यमों का औपचारिकरण (पीएमएफएमई) योजना के तहत 99 नए मामलों को मंजूरी प्रदान की गई है। यह मंजूरी 27 दिसंबर 2025 से 31 मार्च 2026 के बीच विभिन्न बैंकों को ऋण अनुशंसा के रूप में भेजे गए प्रस्तावों के आधार पर दी गई है। इससे पहले 01 अप्रैल 2025 से 26 दिसंबर 2025 के बीच 780 मामलों को भी ऋण स्वीकृति हेतु अग्रसारित किया जा चुका है, जिससे योजना के प्रति बढ़ती रुचि स्पष्ट रूप से परिलक्षित हो रही है।

उपायुक्त शिमला की अध्यक्षता में आयोजित जिला स्तरीय बैठक में इन मामलों को स्वीकृति प्रदान की गई। बैठक में जानकारी दी गई कि वित्तीय वर्ष 2021-22 से लेकर 31 मार्च 2026 तक कुल 3026 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 2901 मामलों को बैंकों को भेजा गया और 2079 मामलों में ऋण स्वीकृत हो चुका है, जबकि 73 मामलों में प्रक्रिया अभी प्रगति पर है। यह आंकड़े दर्शाते हैं कि योजना के माध्यम से बड़ी संख्या में युवाओं और उद्यमियों को स्वरोजगार के अवसर मिल रहे हैं।

योजना के अंतर्गत 25 लाख रुपये तक की ग्रेडिंग एवं पैकेजिंग इकाइयों की स्थापना पर 40 प्रतिशत तक अनुदान का प्रावधान है, जिसके चलते जिला शिमला में अब तक 2080 इकाइयां स्थापित की जा चुकी हैं। उपायुक्त ने युवाओं का आह्वान किया कि वे इस योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाकर अपने उद्यम स्थापित करें और आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ें।

# हिमाचल दौरे पर आएंगे केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा और सीआर पाटिल

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा और जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल जल्द ही हिमाचल के दौरे पर आएंगे। जानकारी के अनुसार मई माह के अंत तक जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल का कार्यक्रम फाइनल हो चुका है। इस दौरान वे जिला कांगड़ा के धर्मशाला और चंबा में अधिकारियों के साथ अहम समीक्षा बैठकें करेंगे।

इन बैठकों में मुख्य रूप से कांगड़ा और चंबा जिलों में चल रही पेयजल आपूर्ति योजनाओं, सिंचाई परियोजनाओं और सीवरेज कार्यों की प्रगति की समीक्षा की जाएगी। साथ ही लंबित परियोजनाओं को जल्द पूरा करने और नई योजनाओं को मंजूरी दिलाने को लेकर विस्तार से चर्चा की जाएगी। स्वास्थ्य क्षेत्र को लेकर भी विशेष बैठक प्रस्तावित है, जिसमें टांडा मेडिकल कॉलेज की स्थिति पर मंथन होगा। अस्पताल में डॉक्टरों और पैरामेडिकल स्टाफ की भारी कमी, बंद पड़े विभागों जैसे कार्डियोलॉजी, नेफ्रोलॉजी, न्यूरोलॉजी और मेंटल हेल्थ सेंटर की स्थिति को सुधारने पर जोर दिया जाएगा। साथ ही मदर एंड चाइल्ड केयर और नशा मुक्ति केंद्र को बेहतर तरीके से चलाने की योजना भी तैयार की जाएगी।

कांगड़ा-चंबा में जल जीवन मिशन के तहत एक हजार करोड़ से अधिक की 222 पेयजल योजनाएं संचालित हैं। इसके अलावा फिन्ना सिंह सिंचाई परियोजना और अन्य जल योजनाओं पर भी तेजी से कार्य जारी है। एमसी धर्मशाला ने 220 करोड़ की सीवरेज योजना केंद्र सरकार को भेजी है, जिस पर मंजूरी का इंतजार है।

> **केंद्रीय** जल शक्ति मंत्री मई माह के अंत में कांगड़ा धर्मशाला व चंबा में अहम समीक्षा बैठकें अधिकारियों के साथ करेंगे। इस दौरान उचित योजनाएं बनाकर उनसे महत्त्वपूर्ण कार्यों की स्वीकृति की भी बात रखी जाएगी। स्वास्थ्य क्षेत्र में सुधार को हिमाचल के ही वरिष्ठ नेता एवं स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा से चर्चा हुई है, इस संबंध में मुख्यमंत्री के साथ मिलकर योजना बनाकर कार्य किया जाएगा।
>
> **डॉ. राजीव भारद्वाज, सांसद कांगड़ा संसदीय क्षेत्र।**

# किन्नौर जिले के शिपकी ला से फिर खुलेगा भारत-तिब्बत व्यापार का द्वार

## एक जून से बहाल होगा ऐतिहासिक व्यापार, सीमांत अर्थव्यवस्था में लौटेगी रौनक

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** किन्नौर जिले के सामरिक व ऐतिहासिक महत्व वाले शिपकी ला दर्रे से भारत-तिब्बत व्यापार एक बार फिर एक जून से शुरू होने जा रहा है, जिससे सीमांत क्षेत्र में आर्थिक गतिविधियों का नया अध्याय खुलने की उम्मीद है। वर्षों से विभिन्न कारणों, विशेषकर सीमाई प्रतिबंधों और महामारी के प्रभाव के चलते ठप पड़े इस व्यापार के पुन: आरंभ को लेकर स्थानीय व्यापारियों, किसानों और युवाओं में खासा उत्साह है। यह मार्ग न केवल व्यापारिक दृष्टि से महत्वपूर्ण रहा है, बल्कि सांस्कृतिक और सामाजिक संपर्क का भी प्रमुख माध्यम रहा है।

दरअसल, शिपकी ला के माध्यम से भारत-तिब्बत व्यापार की परंपरा सदियों पुरानी है, जिसे आधुनिक स्वरूप में 1990 के दशक में औपचारिक रूप दिया गया था। समय-समय पर सुरक्षा कारणों और कोविड जैसी वैश्विक परिस्थितियों के चलते यह व्यापार बाधित होता रहा। बीते कुछ वर्षों से प्रदेश सरकार लगातार इस मार्ग को पुन: खोलने के लिए केंद्र सरकार से आग्रह करती रही। राज्य सरकार ने कई बैठकों और पत्राचार के माध्यम से सीमांत क्षेत्रों की आर्थिक स्थिति का हवाला देते हुए इस व्यापार को पुनर्जीवित करने की आवश्यकता पर जोर दिया, जिसके बाद अब जाकर केंद्र से हरी झंडी मिली है।

बता दें कि इस निर्णय के पीछे एक लंबी प्रक्रिया और घटनाक्रम रहा है। राज्य सरकार ने स्थानीय व्यापार मंडलों और पंचायत प्रतिनिधियों के साथ मिलकर विस्तृत प्रस्ताव तैयार किया और केंद्र सरकार को भेजा। इसमें यह स्पष्ट किया गया कि व्यापार बंद रहने से न केवल स्थानीय कारोबार प्रभावित हुआ, बल्कि युवाओं के रोजगार के अवसर भी सीमित हो गए। केंद्र स्तर पर सुरक्षा एजेंसियों और वाणिज्य मंत्रालय के साथ समन्वय के बाद अंतत: इस मार्ग को 1 जून से खोलने का निर्णय लिया गया, जिसे सीमांत विकास की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है।

व्यापार के पुन: आरंभ से किन्नौर और आसपास के क्षेत्रों में आर्थिक गतिविधियों में तेज़ी आने की संभावना है। स्थानीय उत्पाद जैसे सेब, राजमा, ऊनी वस्त्र और हस्तशिल्प को नए बाज़ार मिलेंगे, वहीं तिब्बत से आने वाले सामानों की भी आवाजाही बढ़ेगी। इससे न केवल व्यापारियों की आमदनी में वृद्धि होगी, बल्कि परिवहन, होटल, ढाबा और अन्य सहायक व्यवसायों को भी लाभ मिलेगा। सीमांत क्षेत्र में ठहराव की स्थिति अब धीरे-धीरे गतिशीलता में बदलती नजर आएगी।

### सीमांत विकास की नई राह, लौटेगी पुरानी रौनक

**शिपकी** ला और किन्नौर का प्राकृतिक सौंदर्य पहले से ही पर्यटकों को आकर्षित करता रहा है, लेकिन व्यापारिक गतिविधियों के शुरू होने से यहां की जीवंतता और बढ़ेगी। स्थानीय लोग भी अपने स्तर पर तैयारियों में जुट गए हैं, व्यापारी पुराने संपर्कों को फिर से स्थापित कर रहे हैं, जबकि युवा नए अवसरों की तलाश में उत्साहित हैं। यह कदम न केवल आर्थिक पुनर्जीवन का प्रतीक है, बल्कि सीमांत क्षेत्रों में भरोसे और विकास की नई कहानी भी लिखेगा।

# ऊना पुलिस ने 24 घंटे में नाबालिग को सकुशल किया बरामद, आरोपी दबोचा

अनंत ज्ञान

◆ **पंजाब पुलिस के सहयोग से बच्ची को रेलवे स्टेशन राजपुरा पटियाला से किया बरामद**

**ब्यूरो, ऊना।** जिला पुलिस ऊना ने नाबालिग बच्चों की सुरक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता का परिचय देते हुए एक बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने बहला-फुसलाकर भगाई गई एक नाबालिग बच्ची को महज 24 घंटे के भीतर सकुशल बरामद कर लिया, जबकि आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया गया है।

जानकारी के अनुसार पुलिस थाना हरोली के अंतर्गत पुलिस चौकी पंडोगा क्षेत्र में एक नाबालिग बच्ची को बहला-फुसलाकर भगाने की सूचना मिलते ही पुलिस ने तुरंत मामला दर्ज कर लिया। मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी हरोली और चौकी प्रभारी पंडोगा के नेतृत्व में विशेष टीमों का गठन किया गया। पुलिस ने तकनीकी साधनों और मानव स्त्रोतों की मदद से तेजी से जांच शुरू की और लगातार प्रयासों के बाद पंजाब पुलिस के सहयोग से बच्ची को रेलवे स्टेशन राजपुरा, जिला पटियाला (पंजाब) से आरोपी सहित सकुशल बरामद कर लिया। आवश्यक कानूनी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद बच्ची को सुरक्षित उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। इस मामले में आरोपी सूर्यनारायण यादव उर्फ सूरज, पुत्र सुगदेव यादव, निवासी वार्ड नंबर 04, गांव कविलाशी, डाकघर समदा, तहसील व थाना सौर बाजार, जिला सहरसा (बिहार) को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं के तहत कड़ी कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है तथा उसे न्यायालय में पेश किया जाएगा।

पुलिस अधीक्षक सचिन हीरेमठ ने कहा कि नाबालिगों के खिलाफ अपराध किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे। उन्होंने आम जनता से अपील की कि बच्चों की सुरक्षा के प्रति सतर्क रहें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत पुलिस को दें। जिला पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई की क्षेत्र में सराहना की जा रही है।

# तकनीकी विवि का 76 .07 करोड़ का बजट पारित, शोध व नवाचार को मिलेगा नया बल

अनंत ज्ञान

◆ **शिमला में वित्त समिति की बैठक में लिए महत्वपूर्ण निर्णय**

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय, हमीरपुर के लिए वित्त वर्ष 2026-27 का 76.07 करोड़ रुपये का महत्वाकांक्षी वार्षिक बजट पारित कर दिया गया है। इस बजट को कुलपति एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के सचिव डॉ. अभिषेक जैन की अध्यक्षता में आयोजित वित्त समिति की बैठक में व्यापक चर्चा के बाद स्वीकृति मिली, जिसे बाद में शासी मंडल द्वारा भी अनुमोदित किया गया। यह बजट तकनीकी शिक्षा, शोध और नवाचार के क्षेत्र में नई दिशा तय करने वाला माना जा रहा है।

शिमला में आयोजित वित्त समिति की बैठक में विश्वविद्यालय के समग्र विकास को केंद्र में रखते हुए कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर विचार किया गया। बैठक में शोध एवं नवाचार को मजबूत करने, आधुनिक प्रयोगशालाओं के निर्माण, ई-पुस्तकों व शोध पत्रिकाओं की उपलब्धता बढ़ाने और विद्यार्थियों के कौशल विकास को प्राथमिकता देने पर जोर दिया गया। इसके तहत प्रयोगशालाओं व तकनीकी अवसंरचना के लिए 3 करोड़ और पुस्तकों व ई-संसाधनों के लिए 1 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया।

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि विश्वविद्यालय का उद्देश्य केवल पारंपरिक शिक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि विद्यार्थियों को नवाचार, शोध कौशल और सह-शैक्षणिक गतिविधियों में सक्रिय बनाना है। उन्होंने कहा कि यह बजट विद्यार्थियों के शैक्षणिक सशक्तिकरण के साथ उनके सर्वांगीण विकास को गति देगा। साथ ही उद्यमिता विकास, औद्योगिक प्रशिक्षण और व्यावहारिक ज्ञान पर विशेष फोकस रहेगा, ताकि युवा आत्मनिर्भर बन सकें।

### विश्वविद्यालय शीघ्र शुरू करेगा पीएचडी कार्यक्रम

**कुलपति** डॉ. अभिषेक जैन ने बताया कि विश्वविद्यालय शीघ्र ही पीएचडी कार्यक्रम शुरू करेगा, जिसे परिसर के साथ-साथ संबद्ध संस्थानों में भी लागू किया जाएगा। बजट में खेल व सांस्कृतिक गतिविधियों के लिए राशि बढ़ाकर 55 लाख रुपये कर दी गई है, जबकि उद्यमिता विकास के लिए 2 करोड़ और औद्योगिक प्रशिक्षण के लिए 1 करोड़ रुपये निर्धारित किए गए हैं। इसके अतिरिक्त, शोध मार्गदर्शकों को प्रोत्साहन राशि, मानद पीएचडी की व्यवस्था और छात्र गतिविधियों व कौशल विकास के लिए विशेष प्रावधान इस बजट को दूरदर्शी और प्रगतिशील बनाते हैं।

# हिमाचल कांग्रेस में एप से होगी जिला अध्यक्षों की परफॉर्मेंस ट्रैकिंग, हर माह तैयार होगा रिपोर्ट रिकॉर्ड

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** प्रदेश में कांग्रेस संगठन अब पूरी तरह प्रदर्शन आधारित व्यवस्था की ओर बढ़ गया है। जिला और ब्लॉक अध्यक्षों की कार्यशैली को मापने के लिए डिजिटल रिव्यू सिस्टम लागू करने का निर्णय अब जमीन पर उतारने की तैयारी में है। इसके तहत एक विशेष एप विकसित किया जा रहा है, जिसमें हर पदाधिकारी की गतिविधियां, जनसंपर्क, संगठनात्मक विस्तार और कार्यक्रमों की रिपोर्ट नियमित रूप से दर्ज होगी। इस कदम को संगठन में पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ाने के बड़े बदलाव के रूप में देखा जा रहा है।

जानकारी के अनुसार नई व्यवस्था में जिला अध्यक्षों की परफॉर्मेंस का आकलन तीन श्रेणियों में किया जाएगा। बेहतर प्रदर्शन करने वालों को 'ग्रीन', औसत को 'येलो' और कमजोर कार्य करने वालों को 'रेड' श्रेणी में रखा जाएगा। हालांकि, यह वर्गीकरण केवल औपचारिक नहीं होगा, बल्कि इसके आधार पर जिम्मेदारियों में बदलाव और भविष्य की भूमिका तय की जाएगी। खास बात यह है कि अब केवल बैठकों या कागजी रिपोर्टों पर नहीं, बल्कि जमीनी काम और जनभागीदारी को प्राथमिकता दी जाएगी।

◆ **संगठन में जवाबदेही बढ़ाने को लागू किया डिजिटल रिव्यू सिस्टम**

कांग्रेस नेतृत्व ने स्पष्ट कर दिया है कि संगठन में पद अब स्थायी नहीं रहेंगे, बल्कि प्रदर्शन से जुड़े होंगे। प्रदेश के सभी 12 जिलों और 70 से अधिक ब्लॉकों में तैनात अध्यक्षों को हर माह अपनी रिपोर्ट देनी होगी। जिला स्तर पर हर तीन महीने में विस्तृत समीक्षा होगी, जबकि ब्लॉक स्तर पर मासिक मूल्यांकन अनिवार्य रहेगा। इसके लिए प्रदेश मुख्यालय में एक कंट्रोल रूम और डिजिटल मॉनिटरिंग सिस्टम भी स्थापित किया जा रहा है, जिससे रियल टाइम फीडबैक लिया जा सके। पार्टी का मानना है कि इस नई प्रणाली से संगठन में अनुशासन बढ़ेगा और कार्यकर्ताओं की सक्रियता में सुधार आएगा। साथ ही चुनावी तैयारियों को भी मजबूती मिलेगी और जवाबदेही सुनिश्चित होगी।

### कमजोर प्रदर्शन पर होगी सख्त कार्रवाई


**नई** व्यवस्था के तहत जो पदाधिकारी लगातार कमजोर प्रदर्शन करेंगे, उन्हें हटाने या जिम्मेदारी बदलने का विकल्प भी खुला रखा गया है। पार्टी का मानना है कि इससे संगठन में सक्रियता बढ़ेगी और जमीनी स्तर पर पकड़ मजबूत होगी। साथ ही, अच्छे काम करने वाले नेताओं को आगे लाने का रास्ता भी साफ होगा। यह बदलाव आगामी चुनावी रणनीति को ध्यान में रखते हुए किया गया है, ताकि संगठन अधिक चुस्त, सक्रिय और परिणाम देने वाला बन सके।

# फागू-चियोग-धमांदरी-सैंज सड़क अपग्रेडेशन पर खर्च किए जा रहे 20 करोड़ खर्च : विक्रमादित्य

अनंत ज्ञान

◆ **यशवंत नगर-छैला-नेरीपुल सड़क के लिए 200 करोड़ का बड़ा प्रावधान**

**ब्यूरो, शिमला।** प्रदेश के लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने ठियोग विधानसभा क्षेत्र के एक दिवसीय प्रवास के दौरान विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि फागू से चियोग-टियाली-धमांदरी-सैंज संपर्क सड़क की अपग्रेडेशन पर 20 करोड़ रुपये खर्च किए जा रहे हैं। उन्होंने निर्माणाधीन सड़क और टियाली-नहोल संपर्क मार्ग का निरीक्षण करते हुए स्पष्ट किया कि बढ़ते यातायात और स्थानीय मांग को देखते हुए सड़क का उन्नयन आवश्यक था। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जहां-जहां डंगे लगाने की जरूरत है, वहां गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय में कार्य पूरा किया जाए।



टियाली में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए मंत्री ने कहा कि प्रदेश में सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में हर विधानसभा क्षेत्र में समान विकास सुनिश्चित किया जा रहा है। उन्होंने शाकीलधार से नहोल संपर्क सड़क निर्माण के लिए 7 करोड़ रुपये खर्च करने की घोषणा की और बसेवड़ा धार से बखारी खड्ड तक एंबुलेंस रोड निर्माण का भी आश्वासन दिया। साथ ही आयुर्वेदिक पीएचसी भवन के लंबित निर्माण कार्य को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने टियाली-नहोल सड़क पर डंपिंग कार्य की जांच के भी आदेश दिए।

धमांदरी और रहईघाट में जनसभाओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि ठियोग क्षेत्र के समग्र विकास के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। यशवंत नगर-छैला-नेरीपुल सड़क की अपग्रेडेशन पर 200 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे, जिससे सैंज, छैला, कोटखाई, जुब्बल और रोहड़ू क्षेत्र के लोगों को बेहतर संपर्क सुविधा मिलेगी। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के चौथे चरण में ठियोग क्षेत्र की 16 सड़कों को स्वीकृति मिली है और विभिन्न संपर्क मार्गों के लिए प्राक्कलन तैयार करने के निर्देश भी दिए गए हैं। साथ ही, उन्होंने स्थानीय लोगों से भूमि उपलब्ध करवाने के लिए गिफ्ट डीड शीघ्र देने का आह्वान किया।

# गगरेट में श्रद्धांजलि कार्यक्रम बना विवाद का केंद्र

## एससी समाज के आक्रोश के बाद प्रदर्शन, पुलिस व प्रदर्शनकारियों में टकराव

अनंत ज्ञान

**ऊना/गगरेट।** हिमाचल दिवस के अवसर पर आयोजित जिला स्तरीय श्रद्धांजलि कार्यक्रम अब क्षेत्र में बड़े सियासी विवाद का रूप ले चुका है। कार्यक्रम के दौरान कथित अपमानजनक घटना को लेकर उपजा विवाद इतना बढ़ गया कि मामला थाने तक पहुंच गया और सड़कों पर प्रदर्शन के साथ पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच टकराव की स्थिति भी बन गई।

जानकारी के अनुसार, 15 अप्रैल को आयोजित इस कार्यक्रम में मंच से जुड़े घटनाक्रम को लेकर अनुसूचित जाति समाज में गहरी नाराजगी सामने आई है। आरोप है कि कार्यक्रम के दौरान एक पदाधिकारी के साथ सार्वजनिक रूप से ऐसा व्यवहार किया गया, जिसे समाज ने अपनी गरिमा के खिलाफ बताया। इस घटना के बाद समाज के लोगों ने एकजुट होकर थाना गगरेट में शिकायत दर्ज करवाई और एससी/एसटी अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज करने की मांग उठाई।

उनका कहना है कि यह मामला केवल एक व्यक्ति का नहीं, बल्कि पूरे समाज के सम्मान से जुड़ा हुआ है, जिस पर सख्त कार्रवाई जरूरी है। विवाद ने उस समय और तूल पकड़ लिया जब आक्रोशित लोगों ने विरोध स्वरूप विधायक का पुतला जलाने का प्रयास किया। इस दौरान माहौल अचानक तनावपूर्ण हो गया। स्थिति को बिगड़ता देख पुलिस ने हस्तक्षेप करते हुए प्रदर्शनकारियों से पुतला छीन लिया और अपने कब्जे में ले लिया। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि वे शांतिपूर्ण ढंग से विरोध दर्ज करवा रहे थे, लेकिन उन्हें रोका गया। वहीं पुलिस का कहना है कि कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक कदम उठाए गए।

### कालिया ने आरोपों को बताया राजनीतिक साजिश

**उधर,** मामले पर प्रतिक्रिया देते हुए गगरेट के विधायक राकेश कालिया ने सभी आरोपों को सिरे से खारिज किया है। उन्होंने कहा कि उन्होंने केवल कार्यक्रम के दौरान प्रोटोकॉल का पालन सुनिश्चित करने की बात कही थी और किसी भी व्यक्ति के खिलाफ कोई आपत्तिजनक टिप्पणी नहीं की। कालिया ने यह भी आरोप लगाया कि कुछ लोग इस मुद्दे को जानबूझकर तूल देकर अपनी राजनीतिक जमीन मजबूत करने की कोशिश कर रहे हैं। इसमें गगरेट के स्थानीय एक पार्टी के नेता की साजिश भी है।

## अब गिरफ्तार उमेश और प्रवीण की न्यायिक हिरासत 28 अप्रैल तक बढ़ी

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** स्थानीय विधायक आशीष शर्मा के भाई उमेश शर्मा और चाचा प्रवीण की कोर्ट ने न्यायिक हिरासत 28 अप्रैल तक बढ़ाई है। पिछले तीन दिनों से न्यायिक हिरासत पर ही चल रहे थे। सोमवार को उन्हें कोर्ट में पेश किया गया और अब न्यायिक हिरासत 28 तक बढ़ गई है। एसपी बलवीर सिंह ने बताया कि दोनों को सोमवार को कोर्ट में पेश किया गया था। सुनवाई के बाद कोर्ट ने दोनों को 28 अप्रैल तक न्यायिक हिरासत में भेजा है।

# वैचारिक रूप से सशक्त कार्यकर्ता तैयार करना भाजपा का लक्ष्य: संजीव कटवाल

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** भाजपा के प्रदेश महामंत्री संजीव कटवाल ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान-2026 के अंतर्गत आयोजित जिला स्तरीय प्रशिक्षण वर्ग को संगठन सुदृढ़ीकरण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया। उन्होंने कहा कि भाजपा का मूल आधार जागरूक, प्रशिक्षित और वैचारिक रूप से सशक्त कार्यकर्ता है, जिसे ध्यान में रखते हुए प्रदेश भर में व्यापक प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं।

इस प्रशिक्षण वर्ग में 11 विषयों पर विशेषज्ञ वक्ताओं द्वारा मार्गदर्शन दिया जा रहा है, जिससे कार्यकर्ताओं की संगठनात्मक कार्यशैली, वैचारिक स्पष्टता और जनसंपर्क क्षमता को मजबूती मिलेगी। प्रशिक्षण में भाजपा का इतिहास एवं विकास, कार्यकर्ता दायित्व बोध, कार्यपद्धति, गरीब कल्याण योजनाएं, एकात्म मानववाद, बूथ प्रबंधन और सामाजिक-राजनीतिक चुनौतियों जैसे महत्वपूर्ण विषय शामिल किए गए हैं। कटवाल ने बताया कि प्रशिक्षण वर्ग में वरिष्ठ





कार्यकर्ताओं के साथ प्रदेश महामंत्री संजीव कटवाल। अनंत ज्ञान

◆ **बूथ स्तर तक संगठन विस्तार के लिए प्रशिक्षण अभियान अहम**

नेताओं का मार्गदर्शन कार्यकर्ताओं के लिए अनुभव का महत्वपूर्ण स्रोत है, वहीं व्यावहारिक सत्रों के माध्यम से उन्हें जमीनी स्तर पर काम करने की दक्षता भी सिखाई जा रही है। उन्होंने कहा कि इस अभियान में सोशल मीडिया, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और प्रभावी संचार प्रणाली जैसे आधुनिक विषयों को भी शामिल किया गया है, ताकि कार्यकर्ता वर्तमान समय की चुनौतियों के अनुरूप खुद को तैयार कर सकें।

उन्होंने कहा कि भाजपा में कार्यकर्ता केवल संगठन का हिस्सा नहीं बल्कि विचारधारा का वाहक होता है, और यह प्रशिक्षण अभियान उसी सोच को मजबूत करता है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित कर इस ज्ञान को समाज तक पहुंचाएं, जिससे संगठन की जमीनी पकड़ और अधिक मजबूत हो सके।

# संस्कृत केवल भाषा नहीं, बल्कि भारत की संस्कृति की आधारशिला : अनुराग

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र से सांसद अनुराग ठाकुर ने सोमवार को दिल्ली में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत द्वारा संस्कृत भारती के नवनिर्मित केंद्रीय कार्यालय 'प्रणव' के लोकार्पण कार्यक्रम में सहभागिता की। इस अवसर पर अनुराग ठाकुर ने कहा कि देववाणी संस्कृत भारतीय संस्कृति, ज्ञान-विज्ञान और दर्शन की मूल आधारशिला है। उन्होंने कहा कि यह भाषा केवल हमारी सांस्कृतिक और धार्मिक विरासत का आधार नहीं है, बल्कि अनेक आधुनिक भाषाओं की जड़ भी है।




उन्होंने संस्कृत भारती के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि संस्था भारतीय ज्ञान परंपरा के संरक्षण और संवर्धन के लिए उल्लेखनीय योगदान दे रही है। उन्होंने कहा कि संस्कृत भारती द्वारा सांस्कृतिक आत्मबोध को जागृत करने और इसके विस्तार के लिए किए जा रहे प्रयास अत्यंत प्रेरणादायक हैं। समाज के सभी वर्गों को इस संकल्प से जुड़कर संस्कृत भाषा के गौरव को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए प्रयास करना चाहिए। अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि दिल्ली के दीनदयाल उपाध्याय मार्ग पर संस्कृत भारती के नए केंद्रीय कार्यालय के उद्घाटन कार्यक्रम में शामिल होना उनके लिए सौभाग्य की बात है। उन्होंने कहा कि संस्कृत केवल एक भाषा नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति की आत्मा है और इसे सशक्त बनाने का यह प्रयास अत्यंत सराहनीय है। उन्होंने कहा कि डॉ. मोहन भागवत का मार्गदर्शन इस बात का संकेत है कि संस्कृत को जन-भाषा बनाने का अभियान और अधिक सशक्त रूप से आगे बढ़ेगा। पिछले चार दशकों में संस्कृत भारती द्वारा देशभर में किए गए कार्यों की जितनी भी प्रशंसा की जाए, वह कम है।

# कांग्रेस का महिला विरोधी चेहरा बेनकाब : प्रो . सिकंदर

अनंत ज्ञान

◆ **महिला आरक्षण विधेयक पर दोहरे मापदंड अपनाने का लगाया आरोप**

**ब्यूरो, शिमला।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री एवं सांसद प्रो. सिकंदर कुमार ने कांग्रेस पर महिला आरक्षण विधेयक, जिसे नारी शक्ति वंदन अधिनियम के नाम से जाना जा रहा है, को लेकर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने दशकों तक इस महत्वपूर्ण विधेयक को जानबूझकर लंबित रखा और अब जब नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में इसे लागू किया गया, तो पार्टी राजनीतिक मजबूरी के चलते समर्थन का दिखावा कर रही है। उनका कहना है कि कांग्रेस शासन के दौरान यह बिल केवल कागजों तक सीमित रहा और महिलाओं को उनका अधिकार देने की कोई ठोस पहल नहीं की गई।



प्रो. सिकंदर कुमार ने कहा कि लोकसभा में विधेयक के विरोध और बाद में समर्थन के बयान कांग्रेस के दोहरे चरित्र को उजागर करते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने महिलाओं को हमेशा वोट बैंक के रूप में देखा, जबकि भाजपा ने उन्हें सशक्त बनाने के लिए ठोस कदम उठाए। उन्होंने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था में एक ऐतिहासिक पहल है, जिसे मोदी सरकार ने अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति से संभव बनाया है, और आने वाले समय में महिलाएं कांग्रेस को इसका जवाब देंगी। उन्होंने कहा कि जनता अब सब समझ चुकी है और आगामी चुनावों में भाजपा के पक्ष में मजबूत जनसमर्थन देखने को मिलेगा, जिससे विपक्ष को करारा जवाब मिलेगा।

**टीकाकरण** किशोरियों को मिलेगा सुरक्षा कवच, सरकार की बड़ी स्वास्थ्य पहल

# प्रदेश में एचपीवी टीकाकरण अभियान शुरू

अनंत ज्ञान

◆ **सर्वाइकल कैंसर पर प्रभावी प्रहार, अभिभावकों से सहयोग की अपील**

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल में बेटियों की सेहत और सुरक्षित भविष्य को लेकर एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। राज्य सरकार ने किशोरियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाने के लिए एचपीवी टीकाकरण अभियान शुरू किया है। इस पहल का उद्देश्य 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की बच्चियों को समय रहते सुरक्षा प्रदान करना है, ताकि वे एक गंभीर बीमारी के खतरे से बच सकें और स्वस्थ जीवन जी सकें।

प्रदेश के तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने इस अभियान को जनहित में एक अहम निर्णय बताते हुए अभिभावकों से सहयोग की अपील की है। उन्होंने कहा कि यह केवल एक स्वास्थ्य कार्यक्रम नहीं, बल्कि बेटियों के भविष्य को सुरक्षित करने का एक मजबूत प्रयास है। सरकार चाहती है कि हर पात्र किशोरी तक यह सुविधा पहुंचे और कोई भी इस सुरक्षा कवच से वंचित न रहे।

स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार एचपीवी संक्रमण सर्वाइकल कैंसर का मुख्य कारण होता है। यदि कम उम्र में ही टीकाकरण कर दिया जाए तो संक्रमण के खतरे को काफी हद तक कम किया जा सकता है। प्रदेश में हाल ही में सामने आए मामलों ने इस पहल की आवश्यकता को और अधिक स्पष्ट कर दिया है। ऐसे में यह अभियान समय की मांग भी है और एक दूरदर्शी कदम भी।

बिलासपुर जिले में इस योजना के तहत अब तक सैकड़ों किशोरियों का टीकाकरण किया जा चुका है। स्वास्थ्य विभाग ने विभिन्न चिकित्सा केंद्रों और स्कूलों के माध्यम से इस अभियान को गति दी है। साथ ही विशेष सत्र आयोजित कर अधिक से अधिक बच्चियों को इसमें शामिल करने की योजना बनाई गई है, ताकि लक्ष्य को समय पर पूरा किया जा सके।

इस पहल के जरिए समाज को यह संदेश भी दिया जा रहा है कि बेटियों की सेहत को प्राथमिकता देना जरूरी है। जब परिवार, स्कूल और सरकार मिलकर काम करते हैं, तब ऐसे अभियानों को सफलता मिलती है और समाज एक मजबूत दिशा में आगे बढ़ता है। स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि आने वाले महीनों में इस अभियान को और व्यापक स्तर पर ले जाया जाएगा तथा ग्रामीण और दूरदराज क्षेत्रों में विशेष टीकाकरण शिविर लगाए जाएंगे। इसके लिए स्कूलों के साथ समन्वय बढ़ाया जा रहा है ताकि अधिक से अधिक किशोरियों तक यह सुविधा पहुंच सके।

सरकार का लक्ष्य है कि किसी भी पात्र बच्ची को इस जीवनरक्षक टीके से वंचित न रहना पड़े। विशेषज्ञों ने भी इस पहल को सराहते हुए इसे महिला स्वास्थ्य सुरक्षा की दिशा में एक मील का पत्थर बताया है, जिससे भविष्य में सर्वाइकल कैंसर के मामलों में उल्लेखनीय कमी आने की उम्मीद है।

### एक स्वस्थ, सुरक्षित समाज की नींव रखें

**अंततः** यह अभियान केवल एक सरकारी योजना नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षा और विश्वास का प्रतीक है। अगर हर अभिभावक समय रहते अपनी बेटी का टीकाकरण करवाता है, तो भविष्य में सर्वाइकल कैंसर जैसी बीमारी पर प्रभावी नियंत्रण पाया जा सकता है और एक स्वस्थ, सुरक्षित समाज की नींव रखी जा सकती है।



# एटीएस के विरोध में बजरंग बली के दरबार पहुंचे टैक्सी आपरेटर्स

## डीसी ने फिर वार्ता को बुलाए आपरेटर्स, 22 को बात न बनी तो परिवार सहित सड़कों पर उतरेंगे

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** ऑटोमेटेड टेस्टिंग स्टेशन (एटीएस) मामले में सरकार व प्रशासन से खफा टैक्सी आपरेटर्स अब बजरंग बली के दरबार पहुंचे। जिला मुख्यालय धर्मशाला के कचहरी स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर में जिलेभर के टैक्सी आपरेटर्स ने सरकार व प्रशासन को सदबुद्धि देने की प्रार्थना श्रीराम भक्त हनुमान से की। आपरेटर्स का कहना है कि डीसी कांगड़ा ने उन्हें 22 अप्रैल को वार्ता के लिए बुलाया है। यदि उस दौरान कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला तो टैक्सी आपरेटर्स अपने परिवारों के साथ एनएच पर चक्का जाम करेंगे। वहीं, इस संबंध में कांगड़ा संसदीय क्षेत्र के सांसद डॉ. राजीव भारद्वाज ने बीच का रास्ता निकालने की बात कही है। सोमवार को जिला के टैक्सी आपरेटर्स कचहरी स्थित श्री हनुमान मंदिर में एकत्रित हुए तथा पूजा-अर्चना करते हुए सरकार व प्रशासन को सदबुद्धि देने की कामना की। बीड़ टैक्सी आपरेटर यूनियन के प्रधान देशराज ने कहा कि बार-बार वार्ता के लिए बुलाया जा रहा है, लेकिन एटीएस की समस्या का कोई समाधान निकल नहीं पाया है। उन्होंने कहा कि पिछले दिनों जब कमर्शियल व्हीकल आपरेटर्स ने धर्मशाला में हड़ताल की थी उस दौरान भी सुबह से शाम तक आपरेटर्स सड़कों पर बैठे रहे, जबकि डीसी कांगड़ा शाम को ही उनसे मिलने पहुंचे थे। उस दौरान आपरेटर्स को एक सप्ताह में समस्या समाधान का आश्वासन दिया गया था, लेकिन अभी समस्या जस की तस बनी हुई है। एटीएस मामले में कोई हल नहीं निकला है।



धर्मशाला स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर में पूजा-अर्चना करते टैक्सी आपरेटर्स। अनंत ज्ञान

◆ सांसद भाद्वाज बोले, बीच का रास्ता निकालेंगे

उन्होंने स्पष्ट किया कि बुधवार को डीसी से वार्ता में उन्हें एटीएस मामले में राहत को लेकर कोई कदम नहीं उठाए गए तो उसी दिन से जिलेभर के आपरेटर्स अपने परिवारों के साथ एनएच पर चक्का जाम करने को मजबूर होंगे, जिसकी जिम्मेवारी प्रदेश सरकार व जिला प्रशासन की होगी। डॉ. राजीव भारद्वाज ने कहा कि उनसे भी आपरेटर्स मिले थे। इस संबंध में डीसी कांगड़ा से भी बात हुई है। जल्द बीच का रास्ता निकाला जाएगा।

## पुलिस ने कार से अफीम और भुक्की के साथ तस्कर पकड़ा

**अनंत ज्ञान, परागपुर।** पुलिस थाना मोईन के अंतर्गत यातायात चेकिंग और गुप्त सूचना के आधार पर भरवाई चौक के पास एक ऑल्टो कार (नं. डीएल सीएडी 1142) से नशीले पदार्थ बरामद किए गए हैं। पुलिस ने कार चालक सुभाष (44), पुत्र मांगी लाल, निवासी तड़ाबास डाकघर और तहसील खयुशर, जिला नागौर, राजस्थान को गिरफ्तार किया। आरोपी वर्तमान में रानीताल रसुह चौक में रह रहा था। तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से 142 ग्राम अफीम और 301 ग्राम भुक्की बरामद की गई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 20/26 के तहत मामला दर्ज किया है। एसपी मयंक चौधरी ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया और अब मामले में नियमानुसार आगामी कानूनी कार्रवाई और जांच की जा रही है।

# कर्मचारियों के भत्ते रिवाइज करे सरकार वेतन आयोग की रिपोर्ट अनुसार बढ़ाएं भत्ते

## राजकीय टीजीटी कला संघ ने प्रदेश सरकार से किया आग्रह

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** प्रदेश में पिछले 12 वर्षों से कर्मचारियों के भत्ते रिवाइज नहीं हुए हैं, जिससे प्रदेश के कर्मचारी आर्थिक रूप से प्रभावित हो रहे हैं। कर्मचारियों को वेतन आयोग और महंगाई भत्ते (डीए) के लंबित एरियर देने के लिए आगामी वित्तीय सत्र में विशेष बजट का प्रावधान किया जाए।

वेतन आयोग के 8555 करोड़ रुपए तथा महंगाई भत्ते के एरियर की अदायगी के लिए पंजाब की तर्ज पर भुगतान योजना अधिसूचित की जाए। राजकीय टीजीटी कला संघ प्रदेश महासचिव विजय हीर ने प्रदेश सरकार से आग्रह किया कि वर्ष 2021 से पंजाब में कर्मचारियों को कुछ रिवाइज भत्ते मिल रहे हैं, मगर हिमाचल में ये रिवीजन लंबे समय से लंबित हैं। प्रदेश भत्तों में पंजाब का अनुसरण नहीं कर रहा है, मगर स्वयं भी इसमें रिवीजन नहीं कर पा रहा है। वर्ष 1996 के वेतन आयोग के बाद 1998 में भत्तों में संशोधन हुआ था। इसके बाद वर्ष 2008 में जो संशोधन होने थे, वे लागू नहीं किए गए। वर्ष 2012 में कुछ भत्ते संशोधित हुए, लेकिन वर्ष 2016 में नया वेतन आयोग लागू होने के बावजूद आज तक भत्तों में कोई वृद्धि नहीं की गई है। पंजाब सरकार की अधिसूचना में 1 जुलाई 2021 से फिक्स मेडिकल भत्ता दोगुना कर दिया गया है। हिमाचल में भत्ते नहीं बढ़ाने से कर्मचारी वेतन ठहराव में है और 15 प्रतिशत लंबित महंगाई भत्ता मासिक वेतन में बड़ा घाटा साबित हो रहा है। मकान किराया भत्ता (एचआरए) हिमाचल में वर्ष 2012 से मात्र 600 से 1200 रुपये प्रति माह निर्धारित है, जबकि पंजाब में यह मूल वेतन का 10 से 15 प्रतिशत है, जिससे वहां कर्मचारियों को 2000 से 10000 रुपए प्रति माह तक मिल रहे हैं। पंजाब की तर्ज पर मोबाइल भत्ता नहीं दिया जा रहा, जबकि कर्मचारियों से अधिकांश कार्य मोबाइल के माध्यम से लिए जाते हैं। पंजाब में यह भत्ता 500 से 1000 रुपए प्रति माह है। प्रतिपूरक भत्ता पंजाब में दोगुना किया जा चुका है, जबकि हिमाचल में यह मात्र 200 रुपए प्रति माह है। आवागमन भत्ते की स्थिति भी इसी प्रकार है। ऐसे में वर्ष 2016 के वेतन आयोग के तहत देय सभी भत्तों को पंजाब की तर्ज पर तुरंत रिवाइज किया जाए। साथ ही, पंजाब की तर्ज पर आरंभिक वेतनमान भी प्रदान किया जाए। भत्तों में संशोधन से बड़ा आर्थिक भार नहीं पड़ेगा और इसलिए सरकार यह इस वित्त वर्ष में भी कर सकती है।

◆ कहा- 12 साल से रिवाइज नहीं हुए कर्मचारियों के भत्ते

## न्यूज ब्रीफ

### अंबेडकर उत्कृष्टता केंद्र के 4 विद्यार्थियों का चयन



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** केंद्रीय विश्वविद्यालय के अंबेडकर उत्कृष्टता केंद्र के चार विद्यार्थियों का चयन टीजीटी (नान मेडिकल) में हुआ है। चयनित विद्यार्थियों में कामिनी, वीरेंद्र कुमार, शुभम कुमार और शिल्पा शामिल हैं। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सत प्रकाश बंसल ने चयनित छात्रों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। केंद्र के निदेशक प्रो. प्रदीप कुमार ने बताया कि एक अन्य छात्रा, कुमारी शैलजा रट्टा का चयन केंद्रीय विद्यालय ऊना में कंप्यूटर इंस्ट्रक्टर के पद पर हुआ है। प्राध्यापकों डॉ. राजकिशोर सिंह, डॉ. अंकिता शर्मा और डॉ. रीना बाला ने भी चयनित छात्रों को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### सकोह में श्रीमद्भागवत कथा 23 से

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** नगर निगम धर्मशाला के सकोह में 23 से 30 अप्रैल तक श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया जाएगा। इसमें प्रसिद्ध कथा वाचक पंडित सुरेश चंद शास्त्री महाराज (वृंदावन) सात दिन भागवान कृष्ण की लीलाओं और चमत्कारों की ब्याखान करेंगे। प्रतिदिन कथा दोपहर 2 बजे से शाम 6 बजे तक चलेगी, जबकि 23 अप्रैल को कलश यात्रा सुबह 10 बजे निकाली जाएगी और 30 अप्रैल को हवन व पूर्णाहुति का कार्यक्रम भी आयोजित होगा।

### गुराला गांव में 63 लोगों का जांचा स्वास्थ्य

**अनंत ज्ञान, पिंकी, डाडासीबा।** जसवां-प्रागपुर क्षेत्र की लग पंचायत के गुराला गांव में सोमवार को सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा टीम द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। एमओ डॉ. विजय जरियाल की अगुवाई में आयोजित इस शिविर में 63 मरीजों की स्वास्थ्य जांच की गई, जिनमें 26 के लैब टेस्ट किए गए। जांच में हड्डियों, शुगर, उच्च रक्तचाप और सामान्य बीमारियों से ग्रसित मरीज पाए गए। डॉ. जरियाल और उनकी टीम ने मरीजों को उचित उपचार और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की सलाह दी। स्थानीय लोगों ने सांसद अनुराग ठाकुर का इस पहल के लिए आभार व्यक्त किया।

### विजय डोगरा को पुनः अध्यक्ष पद की कमान



**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** पालमपुर सुधार सभा (रजि.) दिल्ली की द्विवार्षिक कार्यकारिणी के चुनाव केंद्रीय पर्यवेक्षक राकेश चंद्र, राजेंद्र ठाकुर व राज ठाकुर के मार्गदर्शन में संपन्न हुए। केंद्रीय पर्यवेक्षक मंडल ने विजय डोगरा को पुनः अध्यक्ष निर्वाचित होने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। डोगरा ने पर्यवेक्षक टीम का आभार व्यक्त करते हुए सभा की कार्यकारिणी द्वारा पुनः विश्वास जताने के लिए धन्यवाद किया। नवगठित कार्यकारिणी में अध्यक्ष के साथ-साथ उपाध्यक्ष, महासचिव एवं कोषाध्यक्ष पदों पर भी नियुक्तियां की गईं।

### जीवन के सुख-दुःख का गूढ़ रहस्य समझाया

**अनंत ज्ञान, मनोज चंदेल, योल।** योल में चल रहे 78 दिवसीय चारों वेदों के पवित्र यज्ञानुष्ठान के अंतर्गत स्वामी राम स्वरूप, योगाचार्य ने जीवन के सुख-दुःख का गूढ़ रहस्य सरल शब्दों में समझाया। उन्होंने कहा कि परमेश्वर ने पृथ्वी की रचना मानव को सुख देने के लिए की है, लेकिन वेद विद्या और यज्ञों से दूरी के कारण आज जीवन में दुःख बढ़ रहे हैं। स्वामी ने बताया कि सत्य और वेद मार्ग का अनुसरण करने से ही सच्चा सुख प्राप्त होता है। श्रद्धालुओं ने इस संदेश को आत्मसात करते हुए वेद मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

# जिला परिषद वार्ड के नामकरण को लेकर असमंजस : भंडारी

## डीसी कांगड़ा से की स्थिति स्पष्ट करने की मांग

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** जिला परिषद निर्वाचन प्रक्रिया के अंतर्गत वार्ड नामकरण को लेकर उत्पन्न भ्रम और संशय पर संभावित प्रत्याशी एवं रिटायर्ड प्रिंसिपल कल्याण भंडारी ने जिला प्रशासन से तत्काल स्पष्टीकरण जारी करने की मांग की है। सोमवार को प्रेस बयान में भंडारी ने बताया कि डीसी कांगड़ा की ओर से 2 मार्च 2026 को जारी परिसीमन अधिसूचना में विकास खंड कांगड़ा के अंतर्गत वार्ड संख्या 33 का नाम 'कुलथी' रखा गया था, लेकिन 5 अप्रैल 2026 को जारी रोस्टर अधिसूचना में इस वार्ड का नाम अचानक 'दौलतपुर' कर दिया गया और इसे अन्य पिछड़ा वर्ग (महिला) के लिए आरक्षित घोषित कर दिया गया। इसके बाद 7 अप्रैल 2026 को माननीय उच्च न्यायालय के दिशा-निर्देशों के अनुपालन में वॉर्ड को अनारक्षित श्रेणी में रखा गया, लेकिन नाम फिर भी दौलतपुर ही उल्लेखित रहा। भंडारी ने कहा कि परिसीमन प्रक्रिया में कई पंचायतों को कुलथी वार्ड में समाहित किया गया, फिर भी वार्ड का नाम कुलथी रखा गया था, जबकि बाद में दौलतपुर नाम दिखाया गया, जिससे मतदाताओं, प्रशासनिक अधिकारियों और संभावित प्रत्याशियों में गंभीर असमंजस उत्पन्न हो गया। उन्होंने उपायुक्त हेमराज बैरवा से आग्रह किया कि वॉर्ड का आधिकारिक नाम कुलथी या दौलतपुर क्या है, इस पर तत्काल स्पष्टीकरण जारी किया जाए, ताकि चुनावी प्रक्रिया में किसी प्रकार का भ्रम न हो और लोकतांत्रिक पारदर्शिता बनी रहे।



# अपमान बर्दाश्त नहीं कर सकती नारी शक्ति : डॉ. भारद्वाज

## सांसद बोले- आने वाले समय में देश की नारी शक्ति लेगी अपना बदला

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** नारी शक्ति अपना अपमान बर्दाश्त नहीं कर सकती। नारी शक्ति आने वाले समय में काली, दुर्गा व महिसासुर मर्दनी बनकर बदला लेगी। यह बात कांगड़ा संसदीय क्षेत्र के सांसद डॉ. राजीव भारद्वाज ने सोमवार को धर्मशाला में प्रेसवार्ता के दौरान कही। नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर उन्होंने कहा कि आज पूरे देश में बड़ा ज्वलंत विषय है, जिस पर गहन चर्चा हो रही है।

नारी शक्ति वंदन अधिनियम लोकसभा में पास नहीं हो सका। देश की आबादी यानी नारी शक्ति को नीति निर्धारण में जोड़ने का शुभअवसर था, लेकिन विपक्ष के लोकतंत्र विरोधी होने के कारण पास नहीं कर पाए। केंद्र में सरकार के पास तो तिहाई बहुमत नहीं है, जिससे यह शर्मनाक घटना को विपक्ष ने अंजाम दिया। उन्होंने कहा कि जब लोकसभा अध्यक्ष की ओर से घोषणा की गई कि दो तिहाई बहुमत से पास नहीं हुआ है, तो विपक्ष ने तालियां बजाकर इसका स्वागत किया, जबकि एनडीए मायूस होकर रह गई।



धर्मशाला में प्रेसवार्ता करते सांसद डॉ. भारद्वाज। अनंत ज्ञान

उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने साफ शब्दों में देश की नारी का हक देने की बात कही थी और इतिहास रचने का मौका उपलब्ध था। अधिनियम 2023 में पारित हुआ था, देश का परिसीमन व जातिगत जनगणना भी इस बार होनी है। इसके तहत ही 26 वर्षों में परिवर्तन को लेकर संशोधन लाया गया था। जिसमें 800 के करीब सीटें होने पर 2029 में 33 फीसदी आरक्षण को लागू करना है, जबकि इससे पहले इसे 2034 में शुरू करने का समय रखा गया था। इसमें लोकसभा चुनावों में नारी शक्ति को उनका दिए जाने की सहमति भी बनी थी। आंकड़ों सहित बताया गया था कि मौजूदा सीटों में 50 फीसदी वद्धि होनी है। कांग्रेस व उनके समर्थक दलों इंडी एलायंस ने आदी आबादी को उनके अधिकार से वंचित रख दिया।

उन्होंने बताया कि ये लंबित अधिकार को रोकने के लिए पूर्व पीएम एचडी देवगौड़ा व 1998 में पीएम अटल बिहारी बाजपेयी के समय भी उक्त बिल को रोकने का कार्य किया था। सपा, आरजेडी व अन्य इंडी एलायंस ने लगातार नारी शक्ति का अपमान किया है।

## कांग्रेस ने जनता से किया विश्वासघात : परमार

**अनंत ज्ञान, डरोह।** वरिष्ठ भाजपा नेता एवं विधायक विपिन सिंह परमार ने प्रदेश की कांग्रेस सरकार खुद को सभी वर्गों की हितैषी बताती है, लेकिन हकीकत में इस सरकार ने जनता के साथ खुला विश्वासघात किया है। उन्होंने कहा कि बड़े-बड़े मंचों से समान सम्मान और सामाजिक न्याय की बातें करने वाली कांग्रेस आज अपने ही वादों से मुकर चुकी है। प्रदेश की जनता आज खुद को ठगा हुआ महसूस कर रही है। चुनावों से पहले किए गए वादे केवल कागजों तक सीमित रह गए हैं। परमार ने कहा कि कांग्रेस नेताओं के भाषणों में आदर्शवाद झलकता है, लेकिन जमीनी हकीकत पूरी तरह विपरीत है। विधायक ने कहा कि कांग्रेस सरकार की नीतियों के कारण प्रदेश में निवेश का माहौल खराब हुआ है और युवाओं के रोजगार के अवसर कम होते जा रहे हैं। परमार ने कहा कि प्रदेश की जनता अब कांग्रेस की कथनी और करनी के अंतर को समझ चुकी है और आने वाले समय में इसका जवाब दिया जाएगा।

## केंद्र सरकार की कथनी और करनी में बड़ा अंतर : जग्गी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** पूर्व मेयर देवेंद्र जग्गी ने केंद्र सरकार की नीतियों और हालिया विशेष संसदीय सत्र पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि महिला सशक्तिकरण के नाम पर देश की जनता को गुमराह करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि देश में महिलाओं को राजनीतिक अधिकार दिलाने की दिशा में ऐतिहासिक पहल हमेशा कांग्रेस पार्टी ने की है। उन्होंने कहा कि पंचायतीराज संस्थाओं में महिलाओं को आरक्षण दिलाने का कार्य पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने शुरू किया था, जिसे बाद में पीवी नरसिम्हा राव के नेतृत्व में लागू किया गया। इसी दूरदर्शी निर्णय का परिणाम है कि आज देशभर में लगभग 15 लाख से अधिक महिला जनप्रतिनिधि लोकतंत्र को मजबूत कर रही हैं।

जग्गी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने संसद और विधानसभाओं में महिलाओं को एक-तिहाई आरक्षण देने का विधेयक भी प्रस्तुत किया था, लेकिन उस समय भाजपा ने इसका विरोध किया था। उन्होंने आरोप लगाया कि आज वही भाजपा महिला आरक्षण के नाम पर केवल राजनीतिक लाभ लेने की कोशिश कर रही है। उन्होंने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि यदि सरकार वास्तव में महिला आरक्षण लागू करना चाहती, तो उसे सर्वदलीय बैठक बुलाकर सभी पक्षों से व्यापक चर्चा करनी चाहिए थी। इसके विपरीत, सरकार ने अचानक संसद का विशेष सत्र बुलाकर केवल दिखावा किया। जग्गी ने कहा, सच यह है कि केंद्र सरकार की कथनी और करनी में बड़ा अंतर है। महिला आरक्षण को लेकर जो कदम उठाए गए हैं, वे पारदर्शिता और लोकतांत्रिक प्रक्रिया के विपरीत हैं।

# गोमा ने किया सामुदायिक भवन का लोकार्पण



जयसिंहपुर पंचायत के वार्ड -1 में 3.50 लाख रुपए से निर्मित हुआ भवन। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**नरेंद्र डोगरा, जयसिंहपुर।** आयुष, युवा सेवाएं एवं खेल मंत्री यादविंद्र गोमा ने सोमवार को जयसिंहपुर विधानसभा क्षेत्र की जयसिंहपुर पंचायत के वार्ड नंबर 1 में नवनिर्मित सामुदायिक भवन का लोकार्पण किया।

3.50 लाख रुपए की लागत से निर्मित इस भवन को विभाग की ओर से एक साल के भीतर तैयार किया गया है। इस अवसर पर आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री गोमा ने कहा कि प्रदेश सरकार ग्रामीण बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

सामुदायिक भवन के बनने से स्थानीय लोगों को सामाजिक और धार्मिक आयोजनों के लिए एक बेहतर स्थान उपलब्ध होगा। हमारा लक्ष्य जयसिंहपुर के हर गांव तक आधुनिक सुविधाएं पहुंचाना है और यह भवन उसी कड़ी का एक हिस्सा है। मंत्री ने भवन के समयबद्ध निर्माण के लिए संबंधित विभाग और पंचायत प्रतिनिधियों की सराहना की। कार्यक्रम के दौरान बीसीसी अध्यक्ष जसवंत डढवाल, स्थानीय पंचायत प्रधान कृष्णकांत धीमान, काली माता मंदिर कमेटी के प्रधान जसवंत सिंह और उप-प्रधान सुभाष चंद तथा अन्य पदाधिकारी विशेष रूप से उपस्थित रहे। इससे पहले स्थानीय निवासियों ने मंत्री का गर्मजोशी से स्वागत किया और क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यों के लिए आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के दौरान मंदिर कमेटी और पंचायत प्रतिनिधियों की ओर से मुख्य अतिथि को सम्मानित भी किया गया।

## कामगार कल्याण बोर्ड अपना कल्याण करने में व्यस्त, श्रमिकों की नहीं ले रहा सुध : रविंद्र

**अनंत ज्ञान, राकेश डोगरा, डरोह।** हिमाचल प्रदेश ट्रेड यूनियन को-ऑर्डिनेशन सेंटर के राज्य महासचिव रविंदर सिंह रवि ने प्रेस बयान में हिमाचल प्रदेश निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि बोर्ड केवल अपने कल्याण में व्यस्त है और श्रमिकों की समस्याओं की कोई सुनवाई नहीं हो रही। उन्होंने आरोप लगाया कि हजारों क्लेमों पर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। रवि ने उदाहरण देते हुए बताया कि एक श्रमिक गुंजन वाला, जो मनरेगा में पिछले 5 साल से कार्यरत थी, की दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी। उसके पति ने पत्नी की मृत्यु सहायता के लिए आवेदन किया, लेकिन कामगार कल्याण बोर्ड ने यह कहते हुए आवेदन रद्द कर दिया कि जिस दिन उसकी मृत्यु हुई, उस दिन उसका अंशदान जमा नहीं था। यूनियन ने इस निर्णय को बोर्ड में चुनौती दी, लेकिन अधिकारियों ने मृतक श्रमिक के परिवार को मुआवजा देने से इंकार कर दिया। रवि ने कहा कि इस तरह के हजारों मामले यूनियन के ध्यान में आए हैं, और अब यूनियन ने आंदोलन की तैयारी शुरू कर दी है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई, तो यह मामला उच्च न्यायालय में जाएगा। यूनियन ने हिमाचल सरकार से श्रमिकों के अधिकारों का सम्मान करने की अपील की है।

◆ बोले- जल्द कार्रवाई नहीं की तो जाएंगे हाईकोर्ट

# तृप्ता स्कूल चलवाड़ा का छात्र पार्थ गुलेरिया इसरो के युविका कार्यक्रम के लिए चयनित

अनंत ज्ञान

**जवाली।** तृप्ता पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल चलवाड़ा के छात्र पार्थ गुलेरिया को भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) की ओर से युविका कार्यक्रम के लिय चयनित किया गया है। पूरे देशभर से कुल 456 छात्रों का चयन किया गया है। हिमाचल प्रदेश से इस प्रतिष्ठित युवा वैज्ञानिक कार्यक्रम के लिए केवल 14 छात्रों को चुना गया है। यह उपलब्धि हासिल करके पार्थ गुलेरिया ने अपने माता-पिता और विद्यालय और पूरे ज्वाली क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इस उपलक्ष्य पर विद्यालय चेयरमैन वरिंद्र नरियाल और विद्यालय प्रधानाचार्य राकेश राणा ने पार्थ गुलेरिया को उसकी इस उपलब्धि के लिय उसके माता-पिता को बधाई शुभकामनाएं दी है। उन्होंने अपने संदेश में कहा है कि पार्थ गुलेरिया बहुत ही होनहार और मेहनती छात्र है जिसने अपने कठिन परिश्रम लगन और मेहनत से यह मुकाम हासिल किया है।



प्रधानाचार्य राकेश राणा ने पार्थ को दी बधाई। अनंत ज्ञान

## दयाल नैहरनपुखर में हुआ अन्नप्राशन संस्कार समारोह आयोजित

**अनंत ज्ञान, गरली।** बाल विकास परियोजना अधिकारी परागपुर के सौजन्य से सोमवर को दयाल नैहरनपुखर स्थित बार्ड नंबर 5 में शालनी शर्मा के घर अन्नप्राशन संस्कार का आयोजन किया गया। आंगनबाड़ी सहायक अंजू शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुए इस कार्यक्रम में नन्ही राधिका को विधि-विधान से प्रथम अन्न ग्रहण करवाया गया। कार्यक्रम में परिवारजनों, रिश्तेदारों और स्थानीय लोगों ने राधिका के उज्ज्वल भविष्य और अच्छे स्वास्थ्य की कामना की। राधिका के दादा शशिपाल शर्मा और दादी ऊषा शर्मा ने सभी मेहमानों का स्वागत करते हुए स्वादिष्ट भोजन की व्यवस्था की। इस पारंपरिक रस्म में गांव की महिलाओं और रिश्तेदारों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, जिससे वातावरण खुशी और उल्लास से भर गया। यह आयोजन भारतीय संस्कृति और सामाजिक सौहार्द की एक सुंदर मिसाल बना।

# नूरपुर पुलिस की अवैध खनन के खिलाफ कार्रवाई, पोकलेन सहित 8 वाहन जब्त

अनंत ज्ञान

**अशोक ठाकुर, इंदौरा।** पुलिस जिला नूरपुर द्वारा अवैध खनन के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पिछले 24 घंटों में विभिन्न क्षेत्रों में बड़ी कार्रवाई की गई है। पुलिस टीमों ने इंदौरा, रे और नूरपुर की खड्डों व मुख्य मार्गों पर अवैध खनन को अंजाम दे रहे मशीनरी और वाहनों के चालान कर उन्हें जब्त किया गया है। कुल 8 चालान किए गए और नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों को जब्त किया गया। इंदौरा खड्ड क्षेत्र में 3 ट्रैक्टरों के चालान किए गए।

तांडा मोड़ से एक टिप्पर और ब्यास खड्ड से एक पोकलेन मशीन को अवैध गतिविधियों में संलिप्त पाए जाने पर जब्त कर अदालत के सुपुर्द किया गया। वहीं, नूरपुर बाजार क्षेत्र में कार्रवाई के दौरान एक ट्रैक्टर का माइनिंग एक्ट के तहत चालान किया।

पुलिस चौकी रे मंड रैतपुर क्षेत्र में भी दबिश के दौरान भी ट्रैक्टर का माइनिंग एक्ट के तहत चालान काटा गया। उन ट्रैक्टरों के विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम के तहत चालान जारी किए गए, जो बिना नंबर प्लेट के सड़क पर चल रहे थे। एसपी नूरपुर कुलभूषण वर्मा ने बताया कि पुलिस जिला नूरपुर द्वारा अवैध खनन, ओवरलोडिंग और बिना अनुमति सामग्री के परिवहन को रोकने के लिए यह अभियान भविष्य में भी निरंतर जारी रहेगा।



# ट्रैक्टर संचालकों ने रैली से जताया सीएम का आभार

## चंबी मैदान में विशाल रैली का आयोजन, केवल पठानिया भी रहे उपस्थित

अनंत ज्ञान

**कोहली, शाहपुर।** शाहपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत रैत के चंबी मैदान में सोमवार को ट्रैक्टर संचालकों की ओर से मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का आभार व्यक्त करने के लिए विशाल रैली का आयोजन किया गया। इसमें शाहपुर के विधायक एवं उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। पठानिया ने कहा कि मुख्यमंत्री की ओर से ट्रैक्टर संचालकों को राहत प्रदान करना सराहनीय कदम है, जिसके लिए समस्त क्षेत्रवासी उनके आभारी हैं।

उन्होंने बताया कि प्रदेश के डीजीपी द्वारा भी निर्देश जारी किए गए हैं कि ट्रैक्टर संचालकों को बेवजह परेशान न किया जाए। इस मुद्दे को उन्होंने स्वयं विधानसभा में उठाया था, जिस पर मुख्यमंत्री ने सकारात्मक रुख अपनाते हुए ट्रैक्टर संचालकों को राहत देने का निर्णय लिया। साथ ही यह भी आश्वस्त किया गया है कि यदि आवश्यकता पड़ी तो खनन नीति में जनहित को ध्यान में रखते हुए संशोधन किया जाएगा, ताकि ट्रैक्टर संचालक अपने परिवार का भरण-पोषण सुचारू रूप से कर सकें।

पठानिया ने कहा कि एक ट्रैक्टर से चार से पांच परिवारों की आजीविका जुड़ी होती है। उन्होंने आगे बताया कि भविष्य में ट्रैक्टर संचालकों के लिए एकमुश्त टैक्स प्रणाली लागू करने पर भी विचार किया जाएगा, जिससे उन्हें बार-बार अनावश्यक रूप से परेशान न होना पड़े। ट्रैक्टर यूनियन के प्रधान सुदर्शन कटोच ने मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री एवं केवल सिंह पठानिया का आभार व्यक्त किया। इस दौरान ट्रैक्टर संचालकों ने रजोल से चंबी तक जोरदार नारों के साथ ट्रैक्टर रैली निकाली।



ट्रैक्टर संचालकों को राहत प्रदान करना सराहनीय कदम। अनंत ज्ञान

# केंद्र ने उपलब्ध करवाई 103 करोड़ के पुल के लिए सौ फीसदी राशि

## डॉ. भारद्वाज बोले– सीएम करने जा रहे शिलान्यास, सांसद को पता नहीं; यह कैसा प्रोटोकॉल, अधिकारियों को जारी किए सख्त निर्देश

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** कांगड़ा संसदीय क्षेत्र के सांसद डॉ. राजीव भारद्वाज ने कहा कि फतेहपुर विधानसभा में 103 करोड़ की लागत से बन रहे पुल के लिए सौ फीसदी राशि केंद्र ने उपलब्ध करवाई है। सांसद उस क्षेत्र में केंद्र का प्रतिनिधि है। ऐसे में ऐसी योजना का मुख्यमंत्री उद्घाटन या शिलान्यास करने आएं, तो उस क्षेत्र के सांसद को पता तक न हो, यह कैसा प्रोटोकॉल है। इस संबंध में सख्ती से अधिकारियों को निर्देश जारी किए गए हैं। डॉ. राजीव भारद्वाज सोमवार को दिशा की बैठक उपरांत पत्रकारों से बातचीत में बोल रहे थे।

उन्होंने कहा कि फतेहपुर में बन रहे पुल का प्रोजेक्ट बहुत बड़ा है, उसके लिए तो केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी को बुलाया जाना चाहिए था, सांसद को निमंत्रण देना चाहिए था। अधिकारियों को कहा कि केंद्र प्रायोजित जो योजना, जिस क्षेत्र के लिए हो, उस संसदीय क्षेत्र के सांसद को शिलान्यास व उद्घाटन की सूचना और निमंत्रण होना चाहिए। यदि मुख्यमंत्री केंद्रीय प्रोजेक्ट का उद्घाटन या शिलान्यास नहीं करते हैं, तो केंद्र का संबंधित विभाग का मंत्री या फिर संसदीय क्षेत्र का सांसद करेगा, किसी तीसरे को अनुमति नहीं होगी।




दिशा की बैठक के बाद पत्रकारों को संबोधित करते सांसद डॉ. राजीव भारद्वाज। अनंत ज्ञान

### विकास कार्यों में ढिलाई बर्दाश्त नहीं

**सांसद** ने कहा कि सांसद निधि और विधायक निधि के तहत स्वीकृत सभी विकास कार्यों को बिना किसी देरी के पूर्ण किया जाए। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में ढिलाई या लापरवाही किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सांसद ने विकास खंड अधिकारियों और स्थानीय निकायों के कार्यकारी अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी कार्य पूर्ण पारदर्शिता और जवाबदेही के साथ किए जाएं।

### कहा– पैचवर्क और मरम्मत कार्य शुरू करे एनएचएआई

**भारद्वाज** ने नेशनल हाईवे प्राधिकरण के अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से आवश्यक पैचवर्क एवं मरम्मत कार्य शुरू करने के निर्देश दिए, ताकि यातायात सुचारु रूप से चलता रहे। सांसद ने जौंटा और भाली क्षेत्रों में घरों को हुए नुकसान पर संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रभावित परिवारों को शीघ्र और उचित मुआवजा प्रदान किया जाए, ताकि उनकी समस्याओं का समयबद्ध समाधान हो सके। जनसुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए सांसद ने शाहपुर और रानीताल क्षेत्रों में बढ़ते यातायात को देखते हुए ओवरब्रिज या अंडरपास निर्माण की संभावनाओं का अध्ययन करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह कदम न केवल दुर्घटनाओं को कम करेगा, बल्कि स्थानीय लोगों की आवाजाही को भी सुरक्षित और सुगम बनाएगा।

### फोरलेन में गुणवत्ता हो सुनिश्चित

**सांसद** ने कहा कि फोरलेन निर्माण कार्यों में गुणवत्ता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि निर्माण कार्यों की नियमित और कड़ी निगरानी सुनिश्चित की जाए, ताकि भविष्य में किसी प्रकार की तकनीकी या संरचनात्मक समस्या उत्पन्न न हो। नेशनल हाईवे से संबंधित मुद्दों के समाधान के लिए अलग से बैठक आयोजित की जाएगी, ताकि सभी समस्याओं का समग्र समाधान सुनिश्चित किया जा सके। साथ ही उन्होंने बस स्टैंडों पर सोलर लाइट्स लगाने के निर्देश भी दिए।

### बरसात से पहले पूरा करें मरम्मत कार्य

**सांसद** भारद्वाज ने लोक निर्माण विभाग को निर्देश दिए कि मानसून से पहले सभी सड़कों की मरम्मत और रखरखाव का कार्य पूरा कर लिया जाए, ताकि बरसात के दौरान किसी भी प्रकार की परेशानी न हो। सांसद ने स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिए कि टीबी जैसे रोग के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए हाई-रिस्क गांवों में विशेष अभियान चलाए जाएं। इसमें जनप्रतिनिधियों की भागीदारी भी सुनिश्चित की जाए, ताकि अधिक प्रभावी परिणाम सामने आ सकें। बैठक में विधायक रणवीर निक्का, पवन काजल सहित अन्य गैर-सरकारी सदस्यों ने भी विकास कार्यों को लेकर अपने महत्वपूर्ण सुझाव प्रस्तुत किए।

### स्मार्ट मीटर के बारे में भ्रांतियों को करें दूर

**सांसद** ने विद्युत बोर्ड को निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि स्मार्ट मीटर को लेकर लोगों में फैली गलतफहमियों को दूर करने के लिए गांव-गांव में जागरूकता शिविर आयोजित किए जाएं। लोगों को इसके लाभों के बारे में सही जानकारी देना आवश्यक है।

### सांसद ने नेत्रदान की जताई इच्छा

**सांसद** डॉ. भारद्वाज ने नेत्रदान करने की अपनी इच्छा व्यक्त करते हुए समाज में जागरूकता का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि डॉ. राजेंद्र प्रसाद मेडिकल कॉलेज टांडा में स्वास्थ्य सुविधाओं को और सुदृढ़ बनाने के लिए केंद्र सरकार हरसंभव सहायता प्रदान कर रही है।

### सोलर लाइटस की हो गुणवत्ता सुनिश्चित

**सांसद** ने हिमऊर्जा के अधिकारियों को निर्देश दिए कि सोलर लाइट्स की गुणवत्ता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि यदि गुणवत्ता में कमी होगी तो इसका सीधा असर आम जनता पर पड़ेगा, इसलिए किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। खराब लाइट्स को भी समय पर मरम्मत किया जाए।

### हैप्पी बर्थडे



बढाल की मान्या ठाकुर को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।



बालकरूपी के विशाल राठौर को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

### सालगिरह मुबारक



नगरोटा बगवां की संजना और पूजन भंडारी को शादी की 30वीं सालगिरह पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

# मेले हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के प्रतीक : किशोरी

अनंत ज्ञान

**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ।** विधायक बैजनाथ किशोरी लाल ने सोमवार को संसाल पंचायत में आयोजित प्रसिद्ध मुकुट नाथ मेले के समापन अवसर पर बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। उन्होंने मेले में उपस्थित स्थानीय लोगों, युवाओं एवं आयोजकों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार पारंपरिक मेलों एवं सांस्कृतिक आयोजनों को संरक्षण देने के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

◆ विधायक ने मुकुट नाथ मेले के समापन पर की शिरकत

उन्होंने कहा कि ऐसे मेले हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के प्रतीक हैं और समाज को एकजुट करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। प्रदेश सरकार द्वारा इन आयोजनों को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही हैं ताकि आने वाली पीढ़ियां अपनी संस्कृति से जुड़ी रहें। विधायक ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में आयोजित होने वाले मेले न केवल मनोरंजन का माध्यम हैं बल्कि स्थानीय प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने का भी कार्य करते हैं। उन्होंने आश्वासन दिया कि भविष्य में भी इस प्रकार के आयोजनों के लिए हर संभव सहयोग प्रदान किया जाएगा। मेले के दौरान कुश्ती सहित विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र के युवाओं ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

### विशाल ने रविंदर को हराकर जीती बड़ी माली

**छोटी** कुश्ती का मुकाबला सचिन एवं अमन के मध्य हुआ, जिसमें अमन विजयी रहे। बड़ी माली का मुकाबला विशाल तथा रविंदर के बीच आयोजित हुआ, जिसमें विशाल ने जीत हासिल की। बड़ी माली के विजेता विशाल को 11 हजार रुपए की नकद राशि प्रदान कर सम्मानित किया गया, जबकि उपविजेता रहे रविंदर को 9,100 रुपए की राशि देकर मुख्यातिथि द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्यातिथि ने विजेताओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर वीरेंद्र जम्वाल, युवा कांग्रेस अध्यक्ष अतुल चौधरी, सोनू, बाबू राम, लभु, यशपाल, सह मीडिया प्रभारी अजय गौड़ सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## जंगल में फंदे से लटक कर युवक ने की आत्महत्या

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** पुलिस जिला नूरपुर के तहत एक व्यक्ति के आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार रविवार को चकवारी निवासी महिला ने अपने पति के लापता होने को लेकर पुलिस थाना रैहन में शिकायत दर्ज करवाई। इसके बाद पुलिस ने लापता व्यक्ति की तलाश शुरू की तो उसकी मोटरसाइकिल एक जगह खड़ी मिली। उस जगह के आसपास ही तलाश करने पर लापता व्यक्ति का कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद देर रात गांव चकवारी से करीब 2 किलोमीटर जंगल में पेड़ के साथ रस्सी से फांसी लगाकर आत्महत्या को लेकर सूचना पुलिस को मिली। मौके पर पहुंची पुलिस ने 33 वर्षीय हेमराज के शव को पेड़ से उतार कर कब्जे में ले लिया। मृतक के परिजनों ने बताया कि मृतक कुछ दिनों से मानसिक रूप से परेशान चल रहा था। अपनी परेशानी को लेकर उसने अपनी पत्नी को भी कुछ नहीं बताया था। परिजनों ने मौत को लेकर किसी प्रकार का संदेह नहीं जताया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर सोमवार को नूरपुर अस्पताल में मृतक का पोस्टमार्टम करवाने के बाद परिजनों के हवाले कर दिया। एसपी नूरपुर कुलभूषण वर्मा ने मामले की पुष्टि की है। पुलिस थाना रैहन में मामला दर्ज किया गया है।

# स्कूलों में अब छात्रों का 360 डिग्री मूल्यांकन

## हिमाचल में एचपीसी पायलट प्रोजेक्ट का आगाज

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप प्रदेश की शिक्षा प्रणाली में एक क्रांतिकारी बदलाव की नींव रखी है। विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को मापने के लिए अब केवल अंकों पर निर्भर रहने के बजाय उनके कौशल, व्यवहार और मानसिक विकास का आकलन होलिस्टिक प्रोग्रेस कार्ड (एचपीसी) के जरिए किया जाएगा। सोमवार से प्रदेश के दो प्रमुख जिलों शिमला और कांगड़ा में इसका पायलट प्रोजेक्ट विधिवत रूप से आरंभ कर दिया गया है।

◆ 9वीं से 12वीं कक्षा तक के विद्यार्थियों के लिए डिजिटल होलिस्टिक प्रोग्रेस कार्ड शुरू

### एचपीसी से बदलेगी पढ़ाई की तस्वीर?

**पारंपरिक** रिपोर्ट कार्ड में जहां केवल विषयों के अंक दर्ज होते थे, वहीं एचपीसी विद्यार्थियों के समग्र व्यक्तित्व का दर्पण होगा।

### परख व एनसीईआरटी के सहयोग से डिजिटल ढांचा तैयार

**स्कूल** शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि यह प्रगति पत्रक केंद्र सरकार की संस्था परख व एनसीईआरटी, नई दिल्ली के विशेष सहयोग से तैयार किया गया है। वर्तमान में इसे सेकेंडरी स्टेज यानी कक्षा नौवीं से बारहवीं तक के छात्रों के लिए विकसित किया गया है। यह कार्ड पूरी तरह से डिजिटल प्रारूप में होगा, जिससे न केवल डेटा प्रबंधन आसान होगा, बल्कि यह अधिक पारदर्शी और विद्यार्थी-केंद्रित भी बनेगा।

"इस परियोजना के माध्यम से हमारा उद्देश्य हिमाचल की शिक्षा प्रणाली को आधुनिक और अधिक प्रभावी बनाना है। पायलट प्रोजेक्ट की सफलता के बाद इसे चरणबद्ध तरीके से पूरे प्रदेश के सभी स्कूलों में लागू करने की योजना है।

**डॉ. राजेश शर्मा, अध्यक्ष, स्कूल शिक्षा बोर्ड**

### पहले चरण में शिमला और कांगड़ा जिले के 10 स्कूल चयनित

**पायलट** प्रोजेक्ट के तहत बोर्ड ने रणनीतिक रूप से शिमला और कांगड़ा जिलों का चयन किया है। इन जिलों के कुल 10 विद्यालयों में इसे लागू किया गया है, जिनमें निम्नलिखित का समावेश है, राजकीय एवं निजी विद्यालयः सरकारी और प्राइवेट दोनों क्षेत्रों में इसकी उपयोगिता जांची जाएगी। ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रः भौगोलिक परिस्थितियों के आधार पर फीडबैक लिया जाएगा।

### धर्मशाला कॉलेज में 'ब्रेनोवा 26' का आयोजन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** राजकीय महाविद्यालय धर्मशाला के कंप्यूटर विज्ञान एवं अभियांत्रिकी विभाग ने ब्रेनोवा 26 नामक तकनीकी महोत्सव का आयोजन किया। इसमें 23 छात्र टीमों ने अपनी प्रोग्रामिंग क्षमताओं और तार्किक समस्या समाधान कौशल का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में टीम बाइट क्लब, टीम टी और टीम टेक ब्रोज ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किए। निर्णायक मंडल में विशेषज्ञों ने निष्पक्षता से प्रतिभागियों का मूल्यांकन किया। मुख्य अतिथि कॉलेज प्रिंसिपल प्रोफेसर राकेश पठानिया ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए आधुनिक तकनीकों को अपनाने और शोध एवं नवाचार की दिशा में निरंतर प्रयास करने का आह्वान किया।

## न्यूज ब्रीफ

### दौलतपुर स्कूल की मैगजीन का अनावरण

**अनंत ज्ञान, गगल।** राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला दौलतपुर में प्रधानाचार्य मनोज धीमान ने स्कूल मैगजीन का अनावरण किया। इस कार्यक्रम में उपप्रधानाचार्य नीलम चौधरी और पत्रिका के मुख्य संपादक सचिन ठाकुर ने भी भाग लिया। प्रधानाचार्य ने छात्रों और शिक्षकों को पत्रिका के सफल प्रकाशन के लिए बधाई दी और इसे छात्रों की रचनात्मकता को प्रोत्साहित करने का एक महत्वपूर्ण माध्यम बताया। उन्होंने विद्यालय के आगामी वार्षिक कार्यक्रमों और नए छात्रों का स्वागत भी किया। इस अवसर पर वार्षिक परीक्षाओं में टॉप करने वाले छात्रों को किताबें वितरित की गईं।

### ज्वालामुखी पहुंचने पर मुख्यमंत्री का स्वागत

**अनंत ज्ञान, ज्वालामुखी।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के सोमवार सायं कांगड़ा जिले के दो दिवसीय प्रवास पर ज्वालामुखी पहुंचे। सपड़ी हेलिपैड पर स्थानीय लोगों ने मुख्यमंत्री से उनका स्वागत किया। इस अवसर पर विधायक संजय रत्न, चेयरमैन कृषि बैंक राम चंद पठानिया, वूल फेडरेशन के अध्यक्ष मनोज ठाकुर, कांग्रेस नेता सुरेन्द्र मनकोटिया, अतिरिक्त उपायुक्त विनय कुमार, पुलिस अधीक्षक मयंक चौधरी, एसडीएम संजीव कुमार सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने गर्मजोशी से मुख्यमंत्री का स्वागत किया। इसके उपरांत मुख्यमंत्री ने ज्वालामुखी विश्राम गृह में लोगों की समस्याएं भी सुनीं।

### क्रिश्चियन समुदाय के हित में सराहनीय प्रयास



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश क्रिश्चियन कम्युनिटी के अध्यक्ष और प्रधानमंत्री 15 सूत्री कमेटी के सदस्य रेव. मेहर सैमुअल भारद्वाज ने पंजाब सरकार के अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष जितेंद्र मसीह गौरव से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने पंजाब सरकार द्वारा अल्पसंख्यक समुदाय के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की और हिमाचल प्रदेश के क्रिश्चियन समुदाय के हितों पर चर्चा की। उन्होंने पादरी और उनके परिवारों को राजस्व विभाग में दर्ज करने की मांग की ताकि अल्पसंख्यक समुदाय को उनके अधिकार मिल सकें। इस बैठक में नकोदर से पास्टर राज कुमार और आशीष अवस्थी भी मौजूद रहे।

### परशुराम जयंती पर हवन यज्ञ का आयोजन

**अनंत ज्ञान, कपिल वासुदेवा, नगरोटा बगवां।** श्री परशुराम जनकल्याण सभा (पंजी.) ने हर वर्ष की तरह इस बार भी गुरु दत्तात्रेय मंदिर वार्ड नंबर तीन में भगवान श्री परशुराम जी का प्रकटोत्सव धूमधाम से मनाया। इस शुभ अवसर पर समाज और विश्व शांति के लिए हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। इसके बाद सभा की बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई। दोपहर 12 बजे से भजन कीर्तन और भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें सभा के अध्यक्ष कुलदीप शर्मा, महासचिव पवन शर्मा सहित कई सदस्य उपस्थित थे। इस आयोजन का उद्देश्य समाज में सद्भाव और धर्म का प्रचार-प्रसार है, जो सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत है।

### गढ़ जमूला स्कूल में विद्यार्थियों का स्वागत




**अनंत ज्ञान, ड्रोह।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गढ़ जमूला की प्रधानाचार्य मीनू सूद तथा स्टाफ नए शैक्षिक सत्र में नए विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए।

# 40 फीसदी राशि नौ प्रतिशत ब्याज सहित 60 दिन में देने के निर्देश

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** जिला उपभोक्ता आयोग कांगड़ा ने एक फैसले में बैंक और बीमा कंपनी को कथित भ्रामक कार्यप्रणाली को अनुचित व्यापार व्यवहार मानते हुए रिटायर्ड कर्मचारी के पक्ष में निर्णय सुनाया है। आयोग ने बीमा कंपनी को शिकायतकर्ता की ओर से जमा की गई पूरी प्रीमियम राशि चार लाख के बचे हुए 40 फीसदी नौ प्रतिशत ब्याज सहित 60 दिनों के भीतर वापस करने के निर्देश दिए हैं।

◆ जिला उपभोक्ता आयोग कांगड़ा ने सुनाया फैसला

उपभोक्ता को न्यायालय शुल्क के रूप में 10 हजार हर्जाना भी ठोंका है। उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष हेमांशु मिश्रा, सदस्य आरती सूद व नारायण ठाकुर की बैंच ने उक्त फैसला सुनाया है। जानकारी के अनुसार कांगड़ा जिले के नगरोटा बगवां निवासी जो रक्षा मंत्रालय से सेवानिवृत्त कर्मचारी हैं, ने उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 के तहत शिकायत दर्ज की थी। उन्होंने आरोप लगाया कि अगस्त 2023 में बैंक बीमा कंपनी में अपनी रिटायरमेंट राशि जमा कराने के दौरान बैंक कर्मचारियों ने उन्हें पांच वर्ष की म्यूचुअल फंड जैसी योजना बताकर निवेश के लिए प्रेरित किया। शिकायतकर्ता ने बताया कि उन्होंने इस योजना में चार लाख की पहली किस्त जमा की और उन्हें विश्वास दिलाया गया कि पांच वर्ष बाद पूरी राशि ब्याज सहित निकाल सकेंगे। बाद में उन्हें जानकारी दी गई कि परिपक्वता राशि का केवल 60 प्रतिशत ही निकाला जा सकेगा, जबकि शेष 40 प्रतिशत को पेंशन (एन्युटी) में बदल दिया जाएगा, जो 71 वर्ष की आयु तक मिलेगा। उन्होंने आरोप लगाया कि उन्हें योजना की वास्तविक शर्तों की सही जानकारी नहीं दी गई और यह एक पेंशन योजना थी, जिसकी उन्हें आवश्यकता नहीं थी क्योंकि वह पहले से सरकारी पेंशन प्राप्त कर रहे हैं। बीमा कंपनी ने अपने जवाब में कहा कि पॉलिसी की शर्तें स्पष्ट थीं और शिकायतकर्ता ने स्वयं सहमति दी थी। बैंक ने अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ते हुए कहा कि उन्होंने केवल ग्राहक को बीमा कंपनी के पास रेफर किया था। आयोग ने सभी पक्षों की दलीलें सुनने और साक्ष्यों का अवलोकन करने के बाद पाया कि शिकायतकर्ता को योजना के महत्वपूर्ण पहलुओं की स्पष्ट जानकारी नहीं दी गई। साथ ही, बीमा दस्तावेज स्थानीय भाषा में समझाकर नहीं दिए गए और पॉलिसी की डिलीवरी का भी कोई ठोस प्रमाण प्रस्तुत नहीं किया गया।

# विधायक आशीष बुटेल ने किया उचित मूल्य की दुकान का लोकार्पण



विधायक आशीष बुटेल ने जनसमस्याएं भी सुनी। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**अजय पाल, पालमपुर।** विधायक पालमपुर आशीष बुटेल ने आज वार्ड नंबर 5, नछीर बंदला में उचित मूल्य की दुकान का विधिवत लोकार्पण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि उचित मूल्य की दुकानों का मुख्य उद्देश्य आम जनता को आवश्यक खाद्य वस्तुएं जैसे राशन, चीनी, दालें आदि रियायती दरों पर उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि इससे आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को विशेष राहत मिलती है तथा पारदर्शी वितरण प्रणाली के माध्यम से लोगों को उनका अधिकार सुनिश्चित होता है। कार्यक्रम के दौरान विधायक ने क्षेत्र की जनसमस्याएं भी सुनीं और संबंधित अधिकारियों को उनके त्वरित समाधान के निर्देश दिए। विधायक ने बताया कि क्षेत्र में लगभग 10 लाख रुपए की लागत से एक आधुनिक लाइब्रेरी का निर्माण प्रस्तावित है, जिससे विद्यार्थियों और युवाओं को अध्ययन हेतु बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष त्रिलोक चंद, कुलदीप चंद, मनसा राम, राम सिंह, सौरव खत्री सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।

## नगरोटा में 201 ग्राम चरस व 1.18 लाख की नकदी बरामद, आरोपी गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** जिला कांगड़ा पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ जारी विशेष अभियान के तहत बड़ी सफलता प्राप्त हुई है। पुलिस की विशेष टीम द्वारा गश्त के दौरान गुप्त सूचना के आधार पर उत्तरप्रदेश के एक युवक से 201 ग्राम चरस और 1.18 लाख की नकदी बरामद की है। आरोपी ने चरस और नकदी अपने किराए के कमरे में छुपा रखी थी। आरोपी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। आरोपी की पहचान विनोद कुमार शुक्ला पुत्र बच्चा राज, निवासी फरेन्दा, डाकघर व तहसील मल्लापुर, जिला गोंडा, उत्तर प्रदेश उम्र 21 साल के रूप में हुई है। उसके कब्जे से 201 ग्राम चरस व 1,18,920 रुपए नकदी बरामद करने में सफलता प्राप्त की है। एसपी कांगड़ा अशोक रत्न ने बताया कि आरोपी के विरुद्ध आवश्यक कानूनी कार्यवाही नियमानुसार प्रगति पर है। इस मामले में भी पुलिस की विशेष टीम गश्त पर थी तो गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि उपरोक्त आरोपी नगरोटा बगवां में सब्जी मंडी के पास अपने किराए के कमरे में चरस रखता है, जिस पर आरोपी के किराये के कमरे में दबिश दी तथा उपरोक्त आरोपी को चरस व नकदी सहित काबू किया।

# परागपुर में टीसीपी एक्ट के नाम पर अपनों को रेवड़ियां और जनता को दुश्वारियां

अनंत ज्ञान

**प्रवेश शर्मा, परागपुर।** हाथी के दांत खाने के और दिखाने के और वाली कहावत टाउन एंड कंट्री प्लानिंग विभाग पर बिल्कुल सटीक बैठती है, जहां कानून का डर केवल आम आदमी को तंग करने के लिए दिखाया जाता है, जबकि चहेतों को नियमों के विरुद्ध जाकर रेवड़ियां बांटी जा रही हैं।

सूचना के अधिकार के तहत जो दस्तावेज सामने आए हैं उन्होंने विभाग के दोहरे मापदंडों की धज्जियां उड़ाते हुए यह साबित कर दिया है कि नियम केवल कागजों तक सीमित हैं। स्पेशल एरिया डेवलपमेंट अथॉरिटी (साडा) कार्यालय की संवेदनहीनता का आलम यह है कि जरूरी एनओसी की अधिसूचना मांगने पर विभाग ने लिखित में यह कहकर मजाक बनाया कि जानकारी ए4 साइज के कागज पर है, जो सूचना छिपाने की मंशा को साफ उजागर करता है। आरटीआई से हुए खुलासे ने विभाग के उस चेहरे को भी बेनकाब कर दिया है, जिसमें पिछले दस वर्षों का महत्वपूर्ण सरकारी रिकॉर्ड ही गायब है। हैरानी की बात यह है कि माननीय हाईकोर्ट के आदेशों के पालन को लेकर भी विभाग के पास कोई ठोस दस्तावेजी प्रमाण नहीं है, जिससे स्पष्ट है कि यहां नियमों के बजाए रसूखदारों के हिसाब से मनमर्जी का खेल चल रहा है। सरकारी रिकॉर्ड खुद गवाही दे रहे हैं कि विभाग ने आबादी देह क्षेत्र में बिना मालिकाना हक की जांच किए केवल कब्जा के आधार पर निर्माण की अनुमतियां बांटी हैं, जो भविष्य में बड़े कानूनी विवादों को जन्म देंगी।

◆ आरटीआई से खुलासा पिछले दस वर्षों का रिकॉर्ड ही गायब

अपनों को फायदा पहुंचाने के लिए नियमों को ताक पर रखकर दी गई इन अनुमतियों ने विभाग की पूरी कार्यशैली को कटघरे में खड़ा कर दिया है। सबसे बड़ी प्रशासनिक विफलता यह है कि 23 साल का लंबा समय बीत जाने के बावजूद विभाग परागपुर क्षेत्र के लिए एक विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तक तैयार नहीं कर पाया है। बिजली और पानी के कनेक्शन के रिकॉर्ड में बरती गई भारी अनियमितताएं यह बताती हैं कि धरातल पर सिस्टम केवल उन्हें ही कानून का पाठ पढ़ाता है, जिन्हें विभाग ने तंग करना हो।

आरटीआई से सार्वजनिक हुए इन तथ्यों ने विभाग की साख को धूल में मिला दिया है और अब आवेदक इस पूरे मामले की उच्च स्तरीय निष्पक्ष जांच की मांग कर रहा है ताकि जवाबदेही तय की जा सके।

"यदि आवेदक दी गई सूचना से संतुष्ट नहीं तो सक्षम अधिकारी के पास अपील कर सकता है। विभाग की ओर से उपलब्ध रिकॉर्ड के आधार पर नियमानुसार सूचना प्रदान कर दी गई है। यदि इस पर कोई आपत्ति है तो अपील का विकल्प खुला है।

**-मनदीप सिंह, सदस्य सचिव, विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण, गरली-परागपुर।**

## प्रदेश में एक भी महिला ब्लॉक अध्यक्ष नहीं: कोहली

**अनंत ज्ञान, गगल।** भारतीय जनता पार्टी जिला कांगड़ा ने कांग्रेस की महिला विरोधी मानसिकता पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस सरकार के राज्य में महिला सशक्तिकरण केवल भाषणों तक सीमित है। यह बात भाजपा कांगड़ा के महामंत्री देवेंद्र कोहली ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कही। उन्होंने कहा कि प्रदेश कांग्रेस संगठन में एक भी महिला को ब्लॉक अध्यक्ष नहीं बनाया गया यह कांग्रेस की दोहरी विचारधारा और महिला विरोधी सोच को दर्शाता है। उन्होंने कहा है जो कांग्रेस नारी न्याय की बात करती है उसी के संगठन ने जमीन स्तर पर महिलाओं को नेतृत्व से दूर रखा है। केंद्र की मोदी सरकार द्वारा लगाए गए नारी शक्ति वंदन अधिनियम का विरोध करने वाली कांग्रेस अपनी ही प्रदेश में महिलाओं को भागीदारी नहीं दे रही है। पीएम मोदी जहां महिलाओं को लोकसभा विधानसभा में 33 प्रतिशत आरक्षण देकर विकसित भारत की नींव रख रहे हैं तो वहीं दूसरी तरफ कांग्रेस महिलाओं को ब्लॉक स्तर का दायित्व तक देने को तैयार नहीं।

# राज्यपाल गुलाब ने दिए पंजाब को ड्रग्स-फ्री बनाने के सुझाव




श्री साई कॉलेज में राज्यपाल को सम्मानित किया। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**अशोक ठाकुर, इंदौरा।** पंजाब के गवर्नर गुलाब चंद कटारिया ने श्री साई कॉलेज, बधानी पठानकोट में मीटिंग के दौरान पंजाब को ड्रग्स-फ्री बनाने के लिए महत्वपूर्ण सुझाव दिए। उन्होंने स्कूलों के प्रिंसिपलों को निर्देश दिया कि वे बच्चों को ड्रग्स के दुष्प्रभावों से जागरूक करें और सभी शिक्षा संस्थानों को नशा मुक्त बनाएं।

इस मौके पर राज्यपाल ने युवाओं को नशे से बचाने के लिए जरूरी कदम उठाने की बात की और कहा कि पंजाब को नशा मुक्त बनाने के लिए यह समय की मांग है। मीटिंग में पंजाब सरकार के मेंटल हेल्थ एंड डी. एडिक्शन के स्टेट प्रोग्राम ऑफिसर, डॉ. एस भोला ने ड्रग्स के आंकड़े पेश किए और इससे बचाव के उपायों पर चर्चा की।

इसके साथ ही, एनसीसी छात्रों ने राज्यपाल को गार्ड ऑफ ऑनर भी दिया। इस अवसर पर विभिन्न स्कूलों के प्रिंसिपलों ने पंजाब को ड्रग्स-फ्री बनाने के लिए अपने सुझाव दिए। अंत में, राज्यपाल का श्री साई कॉलेज की ओर से सम्मानित किया गया।

## न्यूज ब्रीफ

### हमीरपुर में पशु मित्र भर्ती का ग्राउंड टेस्ट 27 को

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** उपमंडल हमीरपुर के विभिन्न पशु चिकित्सा संस्थानों में भरे जाने वाले पशु मित्र के पदों के आवेदकों का ग्राउंड टेस्ट 27 अप्रैल को सुबह साढे आठ बजे अणु के सिंथेटिक ट्रैक ग्राउंड में होगा। एसडीएम हमीरपुर संजीत सिंह ने बताया कि पशु मित्र भर्ती की प्रक्रिया को पूर्ण करवाने के लिए तीन सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया है। एसडीएम हमीरपुर की अध्यक्षता में गठित इस कमेटी में हमीरपुर के वरिष्ठ पशुपालन अधिकारी और टौणी देवी के पशुपालन अधिकारी को सदस्य के रूप में शामिल किया गया है।

### जलाड़ी में 70 लोगों ने करवाई स्वास्थ्य जांच

**अनंत ज्ञान, नादौन।** जलाडी गांव में सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा के माध्यम से स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया, जिसमें 70 लोगों ने स्वास्थ्य की जांच करवाई। को-ऑर्डिनेटर मुकेश जरियाल ने बताया कि शिविर में लोगों ने स्वास्थ्य की जांच की गई और बीमारी के मुताबिक फ्री में दवाइयां बांटी गईं। इस मौके पर डॉक्टर सृजन शर्मा, फार्मासिस्ट पूजा, लैब टेक्नीशियन मोहिंद्र, पायलट दीपक, संयोजक मुकेश जरियाल, कैंप सहायक विजय अन्य स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

### सीनियर सिटिजन काउंसिल के चुनाव कल

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** सीनियर सिटिजन काउंसिल हमीरपुर के कार्यकारिणी के चुनाव 22 अप्रैल को नगर निगम स्थित टाउन हॉल में सुबह 11 बजे आयोजित किए जाएंगे। संस्था के पूर्व अध्यक्ष विजय कुमार पुरी ने बताया कि चुनावों के संबंध में सभी सदस्यों को पत्र के जानकारी भेजी गई है। यदि किसी जानकारी नहीं मिली है तो वह 22 अप्रैल को आधार कार्ड, पैन कार्ड, संस्था का पहचान पत्र या किसी अन्य पहचान पत्र के साथ चुनाव में भाग ले सकते हैं। उन्होंने बताया कि हॉल में प्रवेश सुबह 9 से 11 बजे तक होगा। इसके बाद किसी को भी हाल प्रवेश नहीं मिलेगा।

### केशव जसवाल ने किया जिले का नाम रोशन



**अनंत ज्ञान, भोटा।** लोहडर पंचायत के अम्बोहा गांव से संबंध रखने वाले केशव जसवाल पुत्र जोगिंदर सिंह ने आईआईएम सिरमौर से एमबीए फाइनांस में डिग्री हासिल की और कॉलेज में ऑलओवर गोल्ड मेडल हासिल किया। आज तक इस कॉलेज से निकले नौ बैच में भारत से संबंध रखने वाले अन्य राज्यों के बच्चों ने ही गोल्ड मेडल लिए थे, लेकिन 10वें बैच में केशव ने यह कीर्तिमान हासिल कर प्रदेश व क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

### 9 मई को लगेगी राष्ट्रीय लोक अदालत

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** 9 मई को जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर हमीरपुर और उपमंडल न्यायिक परिसरों नादौन व बड़सर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के सचिव कुलदीप शर्मा ने बताया कि लोक अदालत में आपराधिक, धन वसूली, भूमि विवाद, सड़क दुर्घटना क्लेम, श्रम विवाद, वैवाहिक विवाद, बिजली-पानी बिल, मोटर व्हीकल अधिनियम, और सेवानिवृत्ति संबंधित मामलों का निपटारा किया जाएगा। इच्छुक लोग सादे कागज पर आवेदन कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए 01972-224399 पर संपर्क किया जा सकता है।

### राज्यपाल व सीएम से उच्च स्तरीय जांच करवाने की मांग

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** जिला शिमला पुलिस अधीक्षक कार्यालय में डीएसपी विजय कुमार रघुवंशी के साथ 10 मार्च को हुई घटना को लेकर डीजीपी अशोक तिवारी और डीआईजी संजीव गांधी के बीच विवाद छिड़ गया है। इस विवाद में विजय रघुवंशी की सरकारी गाड़ी को बीच सड़क पर रोकने का आरोप है, जिसे डीजीपी के आदेश पर पीएसओ तक वापस ले लिया गया। सामाजिक कार्यकर्ता कर्म चंद भाटिया ने राज्यपाल और मुख्यमंत्री से मामले की उच्च स्तरीय जांच की मांग की है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह कार्रवाई जातीय भेदभाव और मानसिकता के आधार पर की गई, जिससे प्रदेश में पुलिस प्रशासन की छवि धूमिल हो रही है।

# लंबलू में स्मार्ट मीटर लगाने के विरोध में सड़कों पर उतरी महिलाएं

## प्रदेश सरकार गैर कानूनी तरीके से स्मार्ट मीटर जनता पर थोप रही : खरवाड़ा

अनंत ज्ञान

**अनिल कुमार, हमीरपुर।** स्मार्ट मीटर लगाने के विरोध में लंबलू बाजार में सोमवार को फिर से स्थानीय लोगों ने विरोध-प्रदर्शन किया और बिजली बोर्ड के एसडीओ के माध्यम से मुख्यमंत्री को विरोध स्वरूप ज्ञापन भेजा।

इससे पहले 13 अप्रैल को भी स्थानीय लोगों ने स्मार्ट मीटर लगाने का विरोध किया था और स्मार्ट नहीं लगाने दिए। गौर रहे कि कंपनी द्वारा ठेकेदारों के माध्यम से स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं, जिनका लोगों द्वारा विरोध किया जा रहा है। जिस कंपनी को स्मार्ट मीटर लगाने का काम आवंटित किया गया है, वह लोगों को भ्रमित कर व डरा-धमका कर जबरदस्ती ही स्मार्ट मीटर लगाने पर आमादा है। 13 अप्रैल को भी पहले




स्मार्ट मीटर के विरोध में रैली निकाली महिलाएं। अनंत ज्ञान

जब लंबलू बाजार में स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे थे तो अधिवक्ता सुरेश कुमार राठौर के हस्तक्षेप और कुछ स्थानीय दुकानदारों के विरोध के कारण पूरे बाजार में मीटर नहीं लगने दिए और दुकानदारों ने एसडीओ बिजली विभाग से दोबारा पुराने मीटर लगाने की मांग की। इस पर एसडीओ ने असमर्थता जाहिर की और कहा कि स्मार्ट मीटर ऐक्टिव होने के बाद इसका डाटा कंपनी के डाटा सेंटर में ट्रांसफर हो जाता है फिर इस पर बिजली विभाग के अधिकार क्षेत्र में नहीं रहता है। उन्होंने कहा कि स्मार्ट मीटर अब गांवों में लगाने का काम शुरू किया गया है। वहीं, लोगों का कहना है कि स्मार्ट मीटर उनके हित में नहीं है, इसलिए प्रदेश सरकार स्मार्ट मीटर योजना को बंद करे। अधिवक्ता सुरेश कुमार राठौर ने लोगों के प्रतिरोध को प्रदर्शन में बदलने का आह्वान किया था। इसी आह्वान पर सोमवार को क्षेत्र के सैकड़ों लोग स्मार्ट मीटर के विरोध में सड़कों पर उतरे। प्रदर्शन में बिजली बोर्ड कर्मचारी एसोसिएशन के पूर्व राज्य अध्यक्ष कुलदीप खरवाड़ा का समर्थन मिला और उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार गैर कानूनी तरीके से स्मार्ट मीटर जनता पर थोप रही है जबकि इसका फायदा सिर्फ निजी कंपनियों को ही मिलेगा और वर्तमान सरकार कंपनी के एजेंट की तरह जबरन इन स्मार्ट मीटर को लगाने पर आमादा है। इस प्रदर्शन में सुशील, जितेंद्र धीमान, शिवानी, सत्या देवी, गायत्री देवी, कांता, गुंजन, सपना, चंपा, अर्चना, परवीना, अनीता, मीना, वीना, नीलम, प्रोमिला, रीता सहित सैकड़ों लोगों ने भाग लिया।

# उत्कृष्ट कार्य के लिए भलेठ स्कूल को किया सम्मानित



पर्यावरण संरक्षण में उत्कृष्ट योगदान के लिए नवाजा। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भलेठ को पर्यावरण संरक्षण में उत्कृष्ट योगदान के लिए इको विज्ञान फाउंडेशन द्वारा सम्मानित किया गया। यह सम्मान शूलीनी यूनिवर्सिटी सोलन में आयोजित कार्यक्रम के दौरान दिया गया, जो कि इको विज्ञान के विप्रो आर्थियन कार्यक्रम का हिस्सा था।

प्रधानाचार्य मंजरी वी महाजन के नेतृत्व में विद्यार्थियों ने वेस्ट और सस्टेनेबिलिटी से जुड़ी समस्याओं को गहराई से समझा और उनके व्यावहारिक समाधान खोजने के प्रयास किए। विद्यार्थियों ने कचरे के विभिन्न प्रकारों की पहचान की और उनके प्रभावी प्रबंधन, पुनः उपयोग, और पुनर्चक्रण के तरीकों पर कार्य किया। इसके अलावा, विद्यार्थियों ने सामुदायिक भागीदारी को बढ़ावा दिया, जिससे स्थानीय लोगों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता भी बढ़ी। इस उत्कृष्ट प्रयास के चलते, देश भर से लगभग 2000 रिपोर्ट्स में से भलेठ स्कूल की रिपोर्ट को पहले 30 स्कूलों में स्थान मिला। प्रधानाचार्य ने इस सफलता का श्रेय अध्यापकों, सीएमसी और पंचायत सदस्यों को देते हुए कहा कि उनके सहयोग से यह संभव हो पाया। साथ ही जिला साइंस पर्यवेक्षक राजेश गौतम के सहयोग का भी उन्होंने आभार व्यक्त किया।

## महिला विरोधी कांग्रेस और उसके सहयोगियों को झेलना पड़ेगा जनता का आक्रोश : राकेश

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** भारतीय जनता पार्टी जिला हमीरपुर के अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों पर तीखा हमला करते हुए कहा कि इन दलों की महिला विरोधी मानसिकता अब पूरी तरह से उजागर हो चुकी है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस और उसके सहयोगियों को अब भाजपा के प्रखर आक्रोश का सामना करना पड़ेगा। राकेश ठाकुर ने बताया कि भाजपा जिला स्तर पर जन आक्रोश महिला पद यात्राओं का आयोजन करेगी, जिसके माध्यम से विपक्षी दलों के महिला विरोधी चरित्र को जनता के सामने लाया जाएगा। उन्होंने कहा कि मंडल अध्यक्ष अपने-अपने क्षेत्रों में जाकर इस जनजागरण अभियान को तेज करेंगे और कांग्रेस की दोहरी नीतियों को बेनकाब करेंगे। राकेश ठाकुर ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने देशहित में किए गए हर महत्वपूर्ण निर्णय का विरोध किया है, चाहे वह जीएसटी, राम मंदिर निर्माण या धारा 370 और 35ए जैसे प्रावधानों की समाप्ति का मुद्दा हो। उन्होंने कहा कि भाजपा महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और कांग्रेस की महिला विरोधी नीतियों के खिलाफ यह अभियान तेज किया जाएगा।

## त्रिशा एजुकेशन कॉलेज में साइबर क्राइम व नशे के खिलाफ युवाओं को किया जागरूक




त्रिशा एजुकेशन कॉलेज में साइबर क्राइम जागरुकता शिविर आयोजित। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** त्रिशा एजुकेशन कॉलेज, जोल सप्पड़ में इनर व्हील क्लब की ओर से एक प्रभावशाली साइबर क्राइम जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें युवाओं को डिजिटल सुरक्षा के साथ-साथ नशे के बढ़ते खतरे के प्रति भी सचेत किया गया।

इस अवसर पर हमीरपुर के पुलिस अधीक्षक बलवीर सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि आज के डिजिटल युग में साइबर अपराध तेजी से बढ़ रहे हैं और युवा वर्ग सबसे अधिक प्रभावित हो रहा है। उन्होंने ऑनलाइन फ्रॉड, फेक कॉल, सोशल मीडिया हैकिंग जैसे अपराधों से बचने के लिए सावधानी बरतने और सतर्क रहने का आह्वान किया। उन्होंने युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करते हुए कहा कि नशा न केवल स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि भविष्य को भी अंधकारमय बना देता है। उन्होंने विद्यार्थियों से नशे से दूर रहने और समाज में इसके खिलाफ जागरुकता फैलाने की अपील की। शिविर के दौरान प्रशिक्षणार्थी विद्यार्थियों को साइबर सुरक्षा के महत्वपूर्ण टिप्स दिए गए और उन्हें किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तुरंत पुलिस को सूचना देने के लिए प्रेरित किया गया। इनर व्हील क्लब की अध्यक्षा ईना चौहान ने बताया कि ऐसे जागरूकता कार्यक्रम युवाओं को सही दिशा देने में अहम भूमिका निभाते हैं। और समय समय पर ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन होना आवश्यक है । कार्यक्रम में त्रिशा कालेज के अध्यक्ष एनके शर्मा, इनर व्हील क्लब सदस्य और कॉलेज स्टाफ और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## संचार एवं तकनीकी सेवा निदेशालय ने हमीरपुर में नए परिसर में शुरू किया कार्य

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की ओर से बजट में की गई घोषणा को पूरा करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, हिमाचल प्रदेश पुलिस के संचार एवं तकनीकी सेवा निदेशालय (सी एंड टीएस) को शिमला से हमीरपुर में सफलतापूर्वक स्थानांतरित कर दिया गया है। डायरेक्टोरेट ने अब हमीरपुर स्थित अपने नए परिसर से कार्य शुरू कर दिया है, जिसमें डीसी हमीरपुर ने सहयोग किया है। यह दूरदर्शी पहल प्रशासनिक विकेंद्रीकरण, संतुलित क्षेत्रीय विकास और शिमला में भीड़भाड़ कम करने के प्रति राज्य सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। महत्वपूर्ण तकनीकी और संचार अवसंरचना को फील्ड इकाइयों के करीब लाकर, इस कदम से जिलों में परिचालन तत्परता, दक्षता और समन्वय में उल्लेखनीय वृद्धि होने की उम्मीद है। यह स्थानांतरण त्वरित निर्णय लेने, बेहतर तकनीकी सहायता प्रदान करने और फील्ड इकाइयों को अधिक प्रभावी सेवा वितरण में सक्षम बनाएगा, जिससे राज्य में समग्र पुलिस व्यवस्था मजबूत होगी।हिमाचल प्रदेश पुलिस सार्वजनिक सेवा और तकनीकी उत्कृष्टता के प्रति अपनी अटूट प्रतिबद्धता की पुष्टि करती है।

## तकनीकी विवि में प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन तिथि 22 तक बढ़ाई

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर ने अपनी प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन करने की तिथि 22 अप्रैल तक बढ़ा दी है। पात्र अभ्यर्थी बी फार्मेसी, बीटेक, एमबीए, एमसीए सहित अन्य विषयों के लिए उपरोक्त तिथि तक आवेदन कर सकते हैं। अब तक 8700 से अधिक अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है, जिसमें बीटेक के लिए लगभग 5000 और बी फार्मेसी के लिए 2800 आवेदन शामिल हैं। प्रवेश परीक्षा 9 और 10 मई को आयोजित की जाएगी। 9 मई को बीएससी एचएम एंड सीटी/बीएचएमसीटी और एमएससी पर्यावरण विज्ञान की परीक्षा होगी, जबकि 10 मई को बीटेक, बी फार्मेसी, एमसीए, एमबीए और एमबीए पर्यटन की परीक्षा आयोजित की जाएगी। पात्रता और आवेदन विवरण विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं।

# नक्शे रेगुलराइज करवाने के लिए दें आखिरी मौका

## बैठक में डीसी गंधर्वा ने जिले में टीसीपी एक्ट की अक्षरश: अनुपालना के दिए निर्देश

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** जिले में अवैध निर्माण कार्यों को नियंत्रित करने के लिए गठित जिलास्तरीय समिति की बैठक सोमवार को उपायुक्त गंधर्वा राठौड़ की अध्यक्षता आयोजित की गई। जिले की विभिन्न शहरी निकायों और विशेष योजना क्षेत्रों में अवैध निर्माण कार्यों पर कार्रवाई के संबंध में चर्चा की गई। डीसी ने प्रशासनिक और विभागीय अधिकारियों को जिले में नगर एवं ग्राम नियोजन अधिनियम के सभी प्रावधानों की अक्षरश: अनुपालना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।



डीसी की अध्यक्षता में हुई जिलास्तरीय समिति की बैठक। अनंत ज्ञान

उन्होंने कहा कि नए भवनों को बिजली-पानी के कनेक्शन और अन्य सुविधाएं नगर एवं ग्राम नियोजन (टीसीपी) विभाग या शहरी निकायों की एनओसी के बाद ही जारी होने चाहिए। नगर एवं ग्राम नियोजन अधिनियम के तहत अधिसूचित योजना क्षेत्रों और विशेष क्षेत्रों में किसी भी निर्माण कार्य के लिए टीसीपी विभाग की पूर्व अनुमति अनिवार्य होती है। अब इन क्षेत्रों से बाहर ग्रामीण क्षेत्रों में 1000 वर्ग मीटर से अधिक के एरिया वाले प्लॉट पर निर्माण के लिए भी टीसीपी विभाग की पूर्व अनुमति अनिवार्य कर दी गई है। इन क्षेत्रों में 1000 वर्ग मीटर से अधिक जमीन की रजिस्ट्री के लिए भी एनओसी अनिवार्य है। उपायुक्त ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के लिए इस संशोधित नियम की जानकारी हर पंचायत तक पहुंचाने के लिए टीसीपी विभाग के अधिकारी सभी बीडीओ से समन्वय स्थापित करें। उन्होंने कहा कि शहरी और विशेष योजना क्षेत्रों में अनुमति के बगैर निर्माण कार्य कर चुके लोगों को अपने भवनों के नक्शे रेगुलराइज करवाने के लिए एक आखिरी मौका दें और इसके बाद भी कोई भवन मालिक नक्शे को रेगुलराइज नहीं करवाता है तो उसके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई करें। बैठक में टीसीपी विभाग के योजनाकार हरजिंद्र सिंह और सहायक योजनाकार मनीषा रांगड़ा ने जिला के विशेष क्षेत्रों और अधिसूचित योजना क्षेत्रों के बारे में विस्तृत ब्यौरा प्रस्तुत किया तथा टीसीपी एक्ट के विभिन्न प्रावधानों की जानकारी दी।

इस अवसर पर एएसपी राजेश कुमार, नगर निगम के आयुक्त राकेश शर्मा, एसडीएम हमीरपुर संजीत सिंह, एसडीएम बड़सर स्वाति डोगरा और विभिन्न विभागों के अधिकारी भी उपस्थित थे।

## सिरहाली खड्ड में मिले शव की शिनाख्त, मुकेरियां का रहने वाला था मृतक व्यक्ति

**अनंत ज्ञान, एसके ठाकुर, बड़सर।** बड़सर उपमंडल के सिरहाली खड्ड में मिले शव की शिनाख्त पुलिस ने कर ली है। मृतक की पहचान 45 वर्षीय अर्जुन सिंह पुत्र ओम प्रकाश शाह तलाई के रूप में हुई, जो एक निजी लंगर में काम करता था। अर्जुन सिंह 6 अप्रैल को शाहतलाई से मुकेरियां के लिए निकला था, लेकिन वह घर नहीं पहुंच पाया।

इसके बाद 9 अप्रैल को परिजनों ने उसकी मिसिंग कंप्लेंट शाह तलाई पुलिस थाने में दर्ज करवाई। मृतक का शव गली सड़ी अवस्था में पाया गया था और उसकी पहचान परिजनों ने हाथ में पहने कड़े से की। इस मामले में बड़ा सवाल यह उठता है कि मृतक खड्ड में क्या करने गया था और उसके साथ कौन था। यह सभी पहलू जांच के दायरे में हैं। शव की सूचना एक गडरिया ने दी, जिसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कॉलेज हमीरपुर भेज दिया। एएसपी बड़सर ने मामले की पुष्टि की है और पुलिस कार्रवाई जारी है।

# विधायक रणजीत ने बमसन में 20 महिला मंडलों को किया सम्मानित

अनंत ज्ञान

**सुजानपुर।** बमसन में आयोजित भव्य कार्यक्रम में विधायक कैप्टन रणजीत सिंह ने 20 महिला मंडलों को सम्मानित किया। इससे पहले कार्यक्रम स्थल पर विधायक के पहुंचते ही ढोल-नगाड़ों और फूल मालाओं के साथ उनका जोरदार स्वागत किया गया। विधायक ने विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित 7 वृद्ध महिलाओं के चरण स्पर्श कर उनका आशीर्वाद ग्रहण किया। इस भावपूर्ण पहल ने सभी उपस्थित लोगों का दिल जीत लिया और भारतीय संस्कारों की झलक प्रस्तुत की। रणजीत ने कहा कि महिला सम्मान हमारी संस्कृति और सोच का अभिन्न हिस्सा है। उन्होंने कहा कि हम महिलाओं का आदर करते हैं और जब कोई अन्य भी ऐसा करता है तो उसका भी स्वागत करते हैं। साथ ही उन्होंने पूर्व विधायक पर निशाना साधते हुए कहा कि उनकी 'इम्पोर्टेड टीम' केवल नुक्ताचीनी में लगी रहती है, परन्तु अच्छे कार्यों की प्रशंसा करने के लिए मुंह में दही जम जाता है।



लोगों ने विधायक का फूल मालाओं के साथ किया स्वागत। अनंत ज्ञान

## विधायक रणजीत ने किया पार्किंग स्थल का उद्घाटन

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** विधायक कैप्टन रणजीत सिंह ने सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र में लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह परिसर में नवनिर्मित पार्किंग स्थल का उद्घाटन किया। इस अवसर पर स्थानीय जनता, विभागीय अधिकारी और क्षेत्र के गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत विधिवत पूजा-अर्चना से हुई, जिसके बाद विधायक ने पार्किंग स्थल का लोकार्पण किया और उपस्थित जनसमूह को इस सुविधा के लिए बधाई दी। विधायक कैप्टन रणजीत ने कहा कि विश्राम गृह में पार्किंग की लंबे समय से आवश्यकता महसूस की जा रही थी, जिससे आगंतुकों और अधिकारियों को असुविधा होती थी। नए पार्किंग स्थल के निर्माण से अब यातायात व्यवस्था सुचारू होगी और लोगों को बेहतर सुविधा मिलेगी।

**मुलाकात** डीसी ने की प्रगतिशील किसानों के साथ प्राकृतिक खेती पर चर्चा, कहा–

# फसलों और घराट के आटे की मार्केटिंग में करेंगे मदद

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** हमीरपुर जिले में कम वर्षा और पथरीली जमीन वाले क्षेत्रों में भी गन्ने की खेती की जा सकती है। आम तौर पर यह अविश्वसनीय प्रतीत हो सकता है, लेकिन विकास खंड बमसन के गांव हरनेड़ के प्रगतिशील किसान ललित कालिया ने इसे संभव करके दिखाया है। पूरी तरह प्राकृतिक खेती करने वाले ललित ने मात्र 18 मरले जमीन पर गन्ना लगाकर पहले ही सीजन में लगभग 70 किलोग्राम शक्कर तैयार की है।

ललित कालिया, चमनेड गांव के किसान पवन कुमार तथा आत्मा परियोजना के अधिकारियों ने डीसी गंधर्वा राठौड़ से भेंट करके उन्हें प्राकृतिक खेती के उत्साहजनक परिणामों से अवगत करवाया। उपायुक्त ने कहा कि प्रदेश सरकार प्राकृतिक खेती को बड़े पैमाने पर बढ़ावा दे रही है। उन्होंने कहा कि



डीसी गंधर्वा राठौड से मिलते प्रगतिशील किसान। अनंत ज्ञान

प्राकृतिक खेती से तैयार खाद्यान्नों और घराट के आटे की बेहतर मार्केटिंग के लिए जिला प्रशासन की ओर से हरसंभव कदम उठाए जाएंगे। ललित ने बताया कि उन्होंने कुछ वर्ष पूर्व प्राकृतिक खेती आरंभ की थी। आत्मा परियोजना के अधिकारियों की प्रेरणा और प्रदेश सरकार के निरंतर प्रोत्साहन से अब हरनेड़ गांव के लगभग 52 परिवार पूरी तरह से प्राकृतिक खेती से जुड़ चुके हैं। ये किसान परिवार गेहूं और मक्की के अलावा पारंपरिक मोटे अनाज, पारंपरिक दलहनी फसलें तथा अन्य फसलें प्राकृतिक विधि से ही उगा रहे हैं। वहीं, उपायुक्त से मिलने पहुंचे गांव चमनेड के पवन कुमार ने बताया कि वह प्राकृतिक खेती के साथ-साथ अपना पुश्तैनी घराट भी चला रहे हैं। इस घराट में वह रोजाना लगभग एक क्विंटल आटा पीसते हैं। घराट का पीसा हुआ आटा काफी गुणकारी होता है और बाजार में इसकी काफी डिमांड रहती है। इस अवसर पर आत्मा परियोजना के परियोजना निदेशक राकेश धीमान और अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।

### ललित को गन्ने की खेती में मिली सफलता

**ललित** कालिया ने बताया कि उनके दादा-परदादा गन्ना उगाते थे और उसकी शक्कर का उपयोग करते थे, लेकिन वर्तमान में यहां गन्ने की खेती की कल्पना भी मुश्किल थी। फिर भी, पिछले सीजन में उन्होंने अपने 18 मरले खेत में प्राकृतिक खेती से गन्ना उगाने का निर्णय लिया, जिसे पहले सभी लोग असंभव मानते थे। लेकिन गन्ने की फसल तैयार होने लगी और कटाई के बाद उन्होंने लगभग 70 किलोग्राम शक्कर निकाली। ललित कालिया ने बताया कि उन्होंने गन्ने के खेत में एक बार भी सिंचाई नहीं की और जंगली सूअरों ने आधी फसल नष्ट कर दी थी। इसके बावजूद, उन्हें अच्छी पैदावार मिली। अगले सीजन में उन्हें दोबारा बिजाई की जरूरत नहीं पड़ेगी, क्योंकि गन्ने का बीज 5-7 साल तक खेत में रह सकता है। वह भारत के पारंपरिक बीजों के संरक्षण के लिए प्रयासरत हैं, क्योंकि ये बीज मौसम की विपरीत परिस्थितियों को सहन कर सकते हैं।

# गणित ओलंपियाड में हिम अकादमी पब्लिक स्कूल के होनहार स्टूडेंट्स का उत्कृष्ट प्रदर्शन

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** हिम अकादमी पब्लिक स्कूल, विकास नगर के विद्यार्थियों ने एसओएफ इंटरनेशनल गणित ओलंपियाड (सत्र 2025-26) में अभूतपूर्व सफलता प्राप्त की है। विद्यार्थियों ने गोल्ड मेडल ऑफ एक्सीलेंस और गोल्ड मेडल ऑफ डिस्टिंक्शन प्राप्त कर विद्यालय का नाम गर्व से रोशन किया है।

मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित करने के उद्देश्य स्कूल में प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। कक्षा तीसरी से लेकर बारहवीं तक के विद्यार्थियों ने इस ओलंपियाड में अपनी शानदार उपलब्धि दर्ज की। कक्षा तीसरी से मनित चौधरी, अरविंन सिंह, तनिष्क; कक्षा चौथी से निवृत्ति मन्नत कौशल वेदार्थ डाबरा, आरव भारद्वाज, सरस भारद्वाज और माही हीर, कक्षा पांचवीं से भार्गवी, दिव्यम शर्मा, नव्या और अर्षित मेहरा, छठी कक्षा से साव्या ठाकुर, आरुष गर्ग, अक्षज शर्मा और अगस्त्य शर्मा,



विजेता विद्यार्थियों को पदक प्रदान कर सम्मानित किया। अनंत ज्ञान

सातवीं कक्षा से अभिजय डोगरा, अथर्व सौंखले, क्षितिज ठाकुर, कक्षा आठवीं से अवनी शर्मा, यश राणा, श्रेया शर्मा और शगुन शर्मा, नौवीं कक्षा से अद्वैत राणा, रिजुल वर्मा और सात्विक शर्मा, दसवीं कक्षा से अभिजय शर्मा, अथर्व चौहान, रित्विक वर्धन और अर्जुन आर्य व ग्यारहवीं कक्षा से विलक्षिता शर्मा तथा बारहवीं कक्षा से चौहान चौहान, निशांत और अतुल्य श्री गुप्ता ने गोल्ड मेडल ऑफ एक्सीलेंस प्राप्त किया है। इसके अलावा तीसरी कक्षा की नक्षिता ठाकुर, चौथी कक्षा के वेदांर्थ डाबरा, अस्मी डोगरा एवं दसवीं कक्षा के मयंक शर्मा ने गोल्ड मेडल ऑफ डिस्टिंक्शन प्राप्त कर विशेष उपलब्धि हासिल की। विद्यालय की उपाध्यक्ष चंद्रप्रभा लखनपाल ने सभी विजेता विद्यार्थियों को पदक प्रदान कर सम्मानित किया। प्रधानाचार्या डॉ. हिमांशु शर्मा ने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

## कांग्रेस हर बूथ पर नियुक्त करेगी बूथ प्रधान

**अनंत ज्ञान, बड़सर।** कांग्रेस पार्टी अब बूथ स्तर पर संगठन को और मजबूत बनाने के लिए एक ऐतिहासिक पहल करने जा रही है। अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के तहत, प्रत्येक बूथ पर प्रधान नियुक्त किए जाएंगे।

एससी सेल बड़सर के अध्यक्ष हरीश कुमार ने प्रेस विज्ञप्ति में जानकारी दी कि 111 बूथों पर 1110 समर्पित कार्यकर्ताओं की टीम बनाई जाएगी, जिनके नेतृत्व में संगठन को नई दिशा मिलेगी। प्रत्येक बूथ पर 10 कार्यकर्ताओं को सक्रिय किया जाएगा और सभी प्रधानों को आधिकारिक पहचान पत्र प्रदान किए जाएंगे। यह कदम कार्यकर्ताओं को सम्मान और पहचान देने की दिशा में महत्वपूर्ण साबित होगा। कांग्रेस पार्टी में कार्यकर्ताओं की अनदेखी की जो शिकायतें थी, उन्हें अब इस पहल से दूर किया जाएगा। हाल ही में आयोजित आंबेडकर जयंती कार्यक्रम ने अनुसूचित जाति समाज में कांग्रेस के प्रति विश्वास को मजबूत किया है।

# चंबा के जर्जर शीतला पुल का होगा पुनर्निर्माण, करोड़ों की राशि स्वीकृत



अनंत ज्ञान

**चंबा।** लंबे समय से खतरे की घंटी बन चुके चंबा के पुराने शीतला पुल को लेकर आखिरकार बड़ी कार्रवाई शुरू हो गई है। सदर विधायक नीरज नैय्यर की पहल पर पुल के जीर्णोद्धार के लिए करोड़ों रुपए की राशि स्वीकृत हो गई है।

प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार, एक-दो दिन के भीतर ही युद्धस्तर पर पुनर्निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा। जानकारी के मुताबिक, निर्माण कार्य की शुरुआत रावी नदी के तल से होगी, जहां पोकलेन मशीनों के जरिए जलधारा का रुख बदला जाएगा। इसके बाद पुल को मजबूत बनाने के लिए आधुनिक तकनीक से रिइनफोर्समेंट कार्य किया जाएगा, ताकि भविष्य में किसी भी तरह का जोखिम न रहे। यह पुल माई का बाग, कसाकड़ा व नए बस अड्डा की ओर जाने वाले हजारों लोगों के लिए अहम संपर्क मार्ग है और यह पुल चंबा की लाइफलाइन भी माना जात है । इसकी जर्जर हालत लंबे समय से स्थानीय लोगों के लिए चिंता का विषय बनी हुई थी। कई बार हादसों का खतरा भी मंडराता रहा, लेकिन अब इस दिशा में ठोस कदम उठने से लोगों ने राहत की सांस ली है। इस परियोजना को मंजूरी मिलने पर मुख्यमंत्री सुक्खू व विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया की भूमिका भी अहम बताई जा रही है। राष्ट्रीय बचत सलाहकार बोर्ड के गैर सरकारी सदस्य करतार सिंह ठाकुर ने इसे जनहित में बड़ा फैसला बताते हुए कहा कि पुल का पुनर्निर्माण न केवल सुरक्षा सुनिश्चित करेगा, बल्कि शहर के आवागमन को भी सुगम बनाएगा।

# गो सेवा के दावे खोखले: रावी किनारे कचरा खाने को मजबूर आवारा मवेशी, प्रशासन मौन

अनंत ज्ञान

**चंबा।** चंबा मुख्यालय से सटे 5 से 6 किलोमीटर की दूरी पर स्थित करियां-भड़ियां मार्ग पर रावी नदी के किनारे फैली गंदगी अब सिर्फ पर्यावरण ही नहीं, बल्कि पशुओं के जीवन पर भी सीधा खतरा बन चुकी है। हालात इतने चिंताजनक हैं कि आवारा मवेशी भी भूख से मजबूर होकर इसी कचरे के ढेर में मुंह मारती नजर आ रही हैं। प्लास्टिक, सड़े-गले खाद्य पदार्थ व निर्माण मलबे के बीच भोजन तलाशती ये मवेशी एक गंभीर मानवीय और सामाजिक विफलता की तस्वीर पेश कर रही हैं, एक ओर जहां गो सेवा के बड़े-बड़े दावे किए जाते हैं, वहीं दूसरी ओर जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है।

क्षेत्र में सक्रिय कई गो-सेवा संस्थाएं होने के बावजूद इन बेसहारा गायों की सुध लेने वाला कोई नजर नहीं आ रहा। कचरे में भोजन तलाशती गाएं न केवल बीमारियों का शिकार हो रही हैं, बल्कि यह दृश्य समाज की संवेदनहीनता पर भी सवाल खड़े करता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह समस्या वर्षों पुरानी है। लोग बिना किसी डर के घरों का कचरा व निर्माण का मलबा सीधे नदी किनारे फेंक रहे हैं। कई बार प्रशासन को शिकायतें दी गईं, लेकिन हर बार सिर्फ आश्वासन ही मिला, अब गर्मियों के मौसम में गंदगी के कारण मच्छरों व मक्खियों का प्रकोप बढ़ने से बीमारियों का खतरा भी तेजी से बढ़ रहा है।



आवारा पशु कचरे को खाते हुए।

## कड़ी कार्रवाई की उठी मांग

**ग्रामीणों** ने प्रशासन से मांग की है कि कचरा फेंकने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, नदी किनारे नियमित सफाई अभियान चलाया जाए व आवारा पशुओं के संरक्षण के लिए ठोस कदम उठाए जाएं। साथ ही गौ-सेवा संस्थाओं की जिम्मेदारी भी तय करने की जरूरत पर जोर दिया गया है, ताकि इस तरह की लापरवाही पर अंकुश लगाया जा सके।

## ग्रामीणों का फूटा गुस्सा

**स्थानीय** निवासियों ने रोष जताते हुए कहा कि 'यहां कई सालों से यही हाल है। गाएं कचरा खाने को मजबूर हैं, लेकिन न प्रशासन जाग रहा है व न ही गो सेवा के नाम पर काम करने वाली संस्थाएं। अगर समय रहते सख्त कदम नहीं उठाए गए तो हालात और भी भयावह हो सकते हैं।'

# मुनीश भारद्वाज ने लौटाया शगुन का लिफाफा

**अनंत ज्ञान, डलहौजी।** डलहौजी पटरोटू पंचायत प्रधान पद के उम्मीदवार मुनीश भारद्वाज ने ईमानदारी की मिसाल पेश करते हुए ठंडी सड़क पर मिला शगुन का लिफाफा उसके असली मालिक को वापस कर दिया। जानकारी के अनुसार, मुनीश भारद्वाज को बीते दिन दोपहर के समय डलहौजी की ठंडी सड़क पर एक शगुन का लिफाफा मिला, जब उन्होंने लिफाफा खोलकर देखा, तो उसमें नकद राशि मौजूद थी। इसके बाद उन्होंने बिना देर किए सोशल मीडिया के माध्यम से इसकी जानकारी साझा की व लिफाफा मालिक को पहचान बताकर पैसे लेने की अपील की। कुछ ही समय बाद सदर बाजार डलहौजी निवासी अश्वनी ने संपर्क किया और बताया कि यह लिफाफा उनका है, जो बाइक पर जाते समय रास्ते में गिर गया था। पुष्टि के बाद मुनीश ने ईमानदारी दिखाते हुए पूरा लिफाफा उन्हें सौंप दिया। अपने पैसे वापस मिलने पर अश्वनी ने मुनीश भारद्वाज का धन्यवाद करते हुए उनकी सराहना की और स्थानीय लोगों ने भी इस कार्य की प्रशंसा करते हुए इसे समाज के लिए एक प्रेरणादायक उदाहरण बताया है।

# पेंशनर्स का बढ़ता आक्रोश: 'हक नहीं मिला तो होगा आंदोलन', आत्मा राम बने अध्यक्ष

अनंत ज्ञान



**चंबा।** खज्जियार में आयोजित भारतीय राज्य पेंशनर महासंघ, जिला चंबा की मासिक बैठक में पेंशनर्स का गुस्सा खुलकर सामने आया। गौतम रेस्टोरेंट में हुई इस अहम बैठक में 36 सदस्यों की मौजूदगी के बीच न केवल खज्जियार मंडल इकाई का गठन किया गया, बल्कि वर्षों से लंबित मांगों को लेकर सरकार के खिलाफ कड़ा रुख भी अपनाया गया।

बैठक की अध्यक्षता बजीर सिंह यादव ने की, जबकि वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ. डीके सोनी की विशेष उपस्थिति रही। इस दौरान जनवरी 2016 से जनवरी 2022 तक की लंबित वित्तीय देनदारियों, 147 माह के महंगाई भत्ते का बकाया, कॉरपोरेट सेक्टर के पेंशनर्स की पेंशन बहाली व एचआरटीसी कर्मचारियों व पेंशनरों को वेतन-पेंशन समय पर न मिलने जैसे मुद्दों पर तीखी चर्चा हुई। खज्जियार मंडल इकाई का गठन वेद व्यास ठाकुर की अध्यक्षता में सर्वसम्मति से किया गया। इसमें आत्मा राम शर्मा को अध्यक्ष, जर्म सिंह को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, प्रकाश चंद ठाकुर को महामंत्री, पृथ्वी राज ठाकुर को संयुक्त सचिव और चमन लाल शर्मा को कोषाध्यक्ष चुना गया। इसके अलावा धर्म पाल, मान सिंह ठाकुर और गुलाब चंद को सदस्य मनोनीत किया गया। नए सदस्यों के शामिल होने पर बैठक में स्वागत और उत्साह का माहौल रहा। बैठक में डॉ. डीके सोनी ने प्रदेश सरकार पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि बजट में पेंशनर्स के लिए किसी भी प्रकार की राहत का प्रावधान न होना बेहद निराशाजनक है। उन्होंने आरोप लगाया कि 30 मार्च 2026 को मुख्यमंत्री सुक्खू द्वारा पेंशनरों से वार्ता का दिया गया आश्वासन अब तक पूरा नहीं हुआ, जिससे पेंशनरों में भारी रोष है। पेंशनरों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों को जल्द पूरा नहीं किया गया, तो आने वाले समय में बड़ा आंदोलन छेड़ा जाएगा। बैठक के अंत में नवगठित कार्यकारिणी को बधाई देते हुए सभी सदस्यों ने एकजुट होकर अपने हक की लड़ाई लड़ने का संकल्प लिया।

# चंबा स्कूल में एनसीसी निरीक्षण, 25 कैडेट चयनित

अनंत ज्ञान



**चंबा।** पीएम श्री राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, चंबा में सोमवार को राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) से संबंधित एक महत्वपूर्ण निरीक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस अवसर पर भारतीय सेना के अधिकारी कर्नल बीएससंधू (9 एचपी एनसीसी बटालियन, डलहौजी) अपने दल के साथ विद्यालय पहुंचे और एनसीसी गतिविधियों का विस्तृत निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एनसीसी कार्यालय, अभिलेखों और प्रशिक्षण व्यवस्था की गहन जांच की गई। साथ ही कक्षा नौवीं के विद्यार्थियों के लिए नए कैडेट्स का चयन शारीरिक परीक्षण और साक्षात्कार के आधार पर किया गया, जिसमें कुल 25 विद्यार्थियों को चुना गया। विशेष बात यह रही कि विद्यालय के सह-शिक्षा बनने के बाद पहली बार 9 छात्राओं का भी चयन हुआ, जिसे एक सकारात्मक और ऐतिहासिक पहल माना जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान 'जेंडर सेंसिटिविटी व चाइल्ड प्रोटेक्शन' विषय पर जागरूकता व्याख्यान भी आयोजित किया गया, जिसमें विद्यार्थियों को संवेदनशीलता और सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। वहीं द्वितीय वर्ष के एनसीसी कैडेट्स ने पूर्ण वर्दी में अनुशासन और उत्साह का प्रभावशाली प्रदर्शन कर सभी का ध्यान आकर्षित किया। इस अवसर पर कर्नल बीएस संधू ने कैडेट्स को संबोधित करते हुए बताया कि एनसीसी का 'ए प्रमाणपत्र' सरकारी नौकरियों और उच्च शिक्षण संस्थानों में प्रवेश के दौरान विशेष लाभ प्रदान करता है। उन्होंने जानकारी दी कि द्वितीय वर्ष के कैडेट्स के लिए शीघ्र ही दस दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए जाएंगे। कर्नल संधू ने विद्यालय की फायरिंग रेंज की सराहना करते हुए इसे विश्वस्तरीय बताया और कैडेट्स को निरंतर अभ्यास के माध्यम से अपने लक्ष्य हासिल करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें अनुशासन और समर्पण के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया। विद्यालय की प्रधानाचार्य रचना ठाकुर ने सेना के अधिकारियों का आभार व्यक्त किया और कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम के अंत में सभी विद्यार्थियों को एनसीसी से जुड़ने के लिए प्रेरित किया गया और आयोजन को सफल बनाने में सहयोग देने वाले स्टाफ की सराहना की गई।

# 4 वर्षीय सेमेस्टर सिस्टम व मल्टीपल एंट्री-एग्जिट पर छात्रों की उलझन, एनएसयूआई ने संभाली कमान

**चंबा।** कॉलेजों में नई शिक्षा नीति के तहत लागू किए गए 4 वर्षीय सेमेस्टर सिस्टम और मल्टीपल एंट्री-एग्जिट व्यवस्था को लेकर छात्रों के बीच असमंजस और जिज्ञासाओं का माहौल बना हुआ है। बदलते शैक्षणिक ढांचे को समझने में विद्यार्थियों को आ रही दिक्कतों को देखते हुए राष्ट्रीय छात्र संघ भारत चंबा के अध्यक्ष आर्यन भारद्वाज ने पहल करते हुए छात्रों को जागरूक करने का बीड़ा उठाया है।

आर्यन भारद्वाज ने कहा कि नई 4 वर्षीय सेमेस्टर प्रणाली छात्रों के लिए पहले से अधिक लचीली और भविष्य के अनुरूप शिक्षा व्यवस्था प्रदान करती है। इस प्रणाली के तहत विद्यार्थियों को अपनी क्षमता और परिस्थितियों के अनुसार विभिन्न चरणों पर पढ़ाई को आगे बढ़ाने या रोकने की सुविधा मिलेगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि मल्टीपल एंट्री-एग्जिट व्यवस्था के तहत एक वर्ष पूरा करने पर सर्टिफिकेट, दो वर्ष पर डिप्लोमा, तीन वर्ष पर स्नातक डिग्री और चार वर्ष पूरा करने पर रिसर्च सहित स्नातक डिग्री प्रदान की जाएगी। उनका कहना है कि यह व्यवस्था उन छात्रों के लिए राहत भरी है, जो किसी कारणवश पढ़ाई बीच में छोड़ने को मजबूर हो जाते हैं। हालांकि, उन्होंने यह भी माना कि नई प्रणाली के सफल क्रियान्वयन के लिए जरूरी है कि छात्रों को विषय चयन, परीक्षा प्रणाली और क्रेडिट ढांचे की पूरी और स्पष्ट जानकारी समय पर मिले।

उन्होंने आश्वासन दिया कि यदि किसी छात्र को इस नई व्यवस्था को लेकर कोई भी समस्या या भ्रम होता है, तो उसकी आवाज़ को प्रशासन के समक्ष मजबूती से उठाया जाएगा। अंत में आर्यन भारद्वाज ने छात्रों से अपील की कि वे नई शिक्षा नीति को समझें, जागरूक बनें और किसी भी समस्या के समाधान के लिए आगे आएं, ताकि छात्र हितों की रक्षा सुनिश्चित की जा सके।

# जर्जर सड़क ने बढ़ाई परेशानी, वाहन मालिक को लाखों का नुकसान

अनंत ज्ञान



**भरमौर।** पठानकोट-भरमौर राष्ट्रीय राजमार्ग की बदहाल हालत अब सीधे तौर पर आम लोगों की जेब पर भारी पड़ने लगी है। ताजा मामला मैहला क्षेत्र के निवासी सुधीर कुमार का है, जिनकी गाड़ी खराब सड़क की वजह से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। जानकारी के अनुसार, सुधीर कुमार की गाड़ी लूना पुल के पास सड़क की जर्जर स्थिति के कारण दुर्घटनाग्रस्त हो गई।

सड़क पर गड्ढों व उखड़े हिस्सों के चलते गाड़ी का संतुलन बिगड़ गया, जिससे इंजन सहित कई अहम पार्ट पूरी तरह डैमेज हो गए। इस हादसे में वाहन मालिक को करीब 2 से 2.5 लाख रुपए का नुकसान हुआ है। इतना ही नहीं, क्षतिग्रस्त गाड़ी को पठानकोट तक ले जाने के लिए सुधीर कुमार को अतिरिक्त 20 से 25 हजार रुपए तक का खर्च भी उठाना पड़ा। उन्होंने इस मामले में पुलिस में शिकायत दर्ज करवा दी है और अब राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग से मुआवजे की मांग कर रहे हैं।

**◆पठानकोट-भरमौर राष्ट्रीय राजमार्ग की बदहाल हालत पर उठे सवाल**

विशेषज्ञों के अनुसार, यदि किसी राष्ट्रीय राजमार्ग की खराब स्थिति के कारण वाहन को नुकसान होता है, तो संबंधित विभाग की जिम्मेदारी बनती है कि वह सड़क की उचित देखरेख करे। नागरिक का अधिकार है कि वह संबंधित विभाग के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज करे। नुकसान का मुआवजा मांगने के लिए सबूत (फोटो, वीडियो, बिल, पुलिस शिकायत) अहम भूमिका निभाते हैं। गंभीर लापरवाही साबित होने पर उपभोक्ता फोरम या न्यायालय का दरवाजा भी खटखटाया जा सकता है।

## लगातार बढ़ रहे मामले

**पठानकोट**-भरमौर नेशनल हाईवे की हालत लंबे समय से खराब बनी हुई है। आए दिन इस सड़क पर गाड़ियां हादसों का शिकार हो रही हैं, जिससे लोगों में भारी रोष है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस मार्ग पर सफर करना अब जोखिम भरा हो गया है व प्रशासन को जल्द सड़क की मरम्मत करवानी चाहिए। यह मामला केवल एक व्यक्ति के नुकसान तक सीमित नहीं है, बल्कि यह प्रशासनिक लापरवाही व नागरिकों के अधिकारों से जुड़ा बड़ा सवाल बनता जा रहा है। यदि समय रहते सड़क की स्थिति नहीं सुधारी गई, तो ऐसे हादसे व आर्थिक नुकसान लगातार बढ़ते रहेंगे।

# तथ्यों से परे बयान, देश गंभीरता से नहीं लेता: सुरजीत भरमौरी

अनंत ज्ञान

**◆महिला मुद्दों पर कंगना के बयानों को बताया भ्रामक**

**◆कांग्रेस ने उठाए दोहरे मापदंड और संवेदनशीलता पर सवाल**

**चंबा।** मंडी लोकसभा क्षेत्र की सांसद कंगना रनौत को लेकर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुरजीत भरमौरी ने तीखा हमला बोला है, जिससे प्रदेश की सियासत में नई बहस छिड़ गई है।

भरमौरी ने कंगना के हालिया बयानों को 'तथ्यहीन व भ्रामक' करार देते हुए कहा कि इस तरह की बयानबाजी से न केवल मुद्दों की गंभीरता कम होती है, बल्कि जनता के बीच गलत संदेश भी जाता है। मीडिया से बातचीत में भरमौरी ने कहा कि कंगना रनौत लगातार महिलाओं के सम्मान और अधिकारों की बात करती हैं, लेकिन उन्हें पहले अपनी ही पार्टी के नेताओं और विधायकों के आचरण पर भी नजर डालनी चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि कई संवेदनशील मामलों में सत्ता पक्ष की चुप्पी रही, जबकि अब उन्हीं मुद्दों पर राजनीतिक बयान दिए जा रहे हैं, जो दोहरे मापदंड को दर्शाता है। उन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर सामने आए महिला उत्पीड़न के मामलों का जिक्र करते हुए कहा कि हाथरस, उन्नाव, मणिपुर व महिलाओं के विरोध जैसे मुद्दों पर पहले अपेक्षित संवेदनशीलता व ठोस कार्रवाई नहीं दिखाई गई। इस संदर्भ में प्रियंका गांधी के बयान का हवाला देते हुए भरमौरी ने कहा कि 'जो लोग उस समय खामोश थे, वे आज अचानक मुखर हो रहे हैं', महिला आरक्षण बिल पर जो राजनीति की बदलती प्राथमिकताओं को उजागर करता है।



भरमौरी ने कंगना के उस बयान पर भी सवाल उठाया, जिसमें उन्होंने महिला आरक्षण विधेयक को लेकर महिलाओं के हतोत्साहित होने की बात कही थी। उन्होंने कहा कि इस तरह के व्यापक व गंभीर विषयों पर तथ्यों और संवेदनशीलता के साथ बात होनी चाहिए, न कि भावनात्मक और एकतरफा दृष्टिकोण से। अंत में उन्होंने दो टूक कहा कि कंगना रनौत के बयानों को देश गंभीरता से नहीं लेता, क्योंकि उनमें ठोस तथ्यों की कमी नजर आती है। उन्होंने यह भी जोड़ा कि महिलाओं के मुद्दों को राजनीतिक बयानबाजी का माध्यम बनाने के बजाय जमीनी स्तर पर काम और जिम्मेदारी दिखाना ज्यादा जरूरी है।

# 58 प्रतिभागियों ने किया शारीरिक परीक्षण सफलतापूर्वक पास

**अनंत ज्ञान, भरमौर।** भरमौर उपमंडल के अंतर्गत पशु मित्र भर्ती के लिए शारीरिक परीक्षण का आयोजन सोमवार को भरमौर हेलिपैड में किया गया। इस प्रक्रिया का संचालन वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. अंशुल सूद की देखरेख में हुआ।

डॉ. सूद ने जानकारी दी कि कुल 6 पदों के लिए 82 आवेदकों में से 58 प्रतिभागियों ने शारीरिक परीक्षण में भाग लिया और सभी ने इसे सफलतापूर्वक पास कर लिया। उन्होंने बताया कि अब चयन प्रक्रिया के अगले चरण में इन सभी उत्तीर्ण अभ्यर्थियों के प्रमाण पत्रों का सत्यापन किया जाएगा। इसके बाद अंतिम चयन किया जाएगा, जिसमें पशु औषधालय सियूर, औरा, न्याग्रा, बजोल, सांह और होली के लिए 6 पशु मित्रों की नियुक्ति होगी। अधिकारियों के अनुसार यह प्रक्रिया पारदर्शिता के साथ पूरी की जा रही है ताकि योग्य उम्मीदवारों का चयन सुनिश्चित किया जा सके।

# वन कर्मियों का फूटा गुस्सा: 'पहले खाली पद भरो, नई भर्ती वापस लो'

अनंत ज्ञान



**चंबा।** चंबा वन मंडल में सहायक वन रक्षक भर्ती के फैसले ने बड़ा विवाद खड़ा कर दिया है।

वन अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ, चंबा ने सरकार के इस निर्णय के खिलाफ कड़ा रुख अपनाते हुए इसे तुरंत वापस लेने की मांग की है। महासंघ ने साफ चेतावनी दी है कि यदि निर्णय नहीं बदला गया, तो कर्मचारी सड़कों पर उतरकर उग्र आंदोलन छेड़ने को मजबूर होंगे। महासंघ का आरोप है कि वन विभाग में पहले से ही सैकड़ों वन रक्षक के पद वर्षों से खाली पड़े हैं, लेकिन सरकार उन्हें भरने के बजाय नए पद सृजित कर रही है। कर्मचारियों ने इसे नीतिगत विफलता व जमीनी हकीकत से आंख मूंदने जैसा कदम बताया है। उनका कहना है कि इससे विभाग की कार्यप्रणाली कमजोर होगी और फील्ड स्तर पर काम पूरी तरह प्रभावित होगा। महासंघ के पदाधिकारियों में प्रधान विशाल कुमार, महासचिव सुरेश कुमार व अन्य सदस्यों ने दो टूक कहा कि पहले सभी रिक्त पदों को नियमित भर्ती प्रक्रिया के तहत भरा जाए। सहायक वन रक्षक भर्ती का निर्णय तुरंत प्रभाव से रद्द किया जाए, अन्यथा प्रदेशभर में व्यापक विरोध शुरू किया जाएगा। कर्मचारियों ने चेताया है कि अगर उनकी मांगों को अनदेखा किया गया, तो यह आंदोलन चंबा तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि पूरे हिमाचल में फैल सकता है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा 'अब और सहन नहीं होगा, कर्मचारी एकजुट हैं और अपने अधिकार लेकर रहेंगे।' इस मुद्दे पर सदर विधायक नीरज नैय्यर से भी हस्तक्षेप की मांग की गई है, ताकि हालात बिगड़ने से पहले समाधान निकाला जा सके।

# स्टेट बार काउंसिल चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न

**अनंत ज्ञान, तीसा।** चंबा जिले के तीसा में बार एसोसिएशन के बैनर तले स्टेट बार काउंसिल के चुनाव शांतिपूर्ण व उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुए। चुनाव को लेकर अधिवक्ताओं में जबरदस्त जोश देखने को मिला, जहां सुबह से ही मतदान प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी दर्ज की गई।

इस महत्वपूर्ण चुनाव में क्षेत्र के अधिवक्ताओं ने अपने प्रतिनिधियों का चयन किया, जो आगे चलकर हिमाचल प्रदेश स्टेट बार काउंसिल में उनकी आवाज बनेंगे व उनके अधिकारों की पैरवी करेंगे। चुनाव प्रक्रिया को निष्पक्ष व पारदर्शी बनाए रखने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई थीं। पूरे आयोजन के दौरान अनुशासन व सौहार्द का वातावरण बना रहा, जिससे यह लोकतांत्रिक प्रक्रिया सफलतापूर्वक पूरी हो सकी। स्थानीय अधिवक्ताओं का कहना है कि यह चुनाव केवल प्रतिनिधियों के चयन तक सीमित नहीं है, बल्कि यह संगठन की मजबूती व अधिवक्ताओं की समस्याओं के समाधान की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उनका मानना है कि चुने गए प्रतिनिधि भविष्य में उनकी आवाज को मजबूती से उठाएंगे व न्यायिक व्यवस्था में उनकी भागीदारी को और सशक्त करेंगे।

# भंजराड़ू बनेगा आस्था का केंद्र 25 को धर्म रक्षा निधि अर्पण कार्यक्रम

अनंत ज्ञान



**भंजराड़ू।** चंबा जिले के भंजराड़ू क्षेत्र में 25 अप्रैल को प्रस्तावित धर्म रक्षा निधि अर्पण कार्यक्रम को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। धार्मिक व सामाजिक महत्व के इस आयोजन को लेकर क्षेत्र में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है, वहीं बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के जुटने की संभावना जताई जा रही है।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में लेखराज राणा शिरकत करेंगे, जबकि विशेष वक्ता के तौर पर डॉ. केशव वर्मा भी उपस्थित रहेंगे। दोनों वक्ता धर्म, संस्कृति और सामाजिक एकजुटता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर अपने विचार साझा करेंगे। यह आयोजन विश्व हिंदू परिषद के तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है। आयोजन के दौरान धार्मिक अनुष्ठान, भजन-कीर्तन व प्रवचनों का आयोजन किया जाएगा, जिससे पूरा क्षेत्र भक्तिमय माहौल में डूबा रहेगा। आयोजन समिति ने आमजन से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है। इस संबंध में जिला महामंत्री देश राज ने कहा कि यह कार्यक्रम समाज में धार्मिक चेतना व एकता को सशक्त करेगा। वहीं, जिला सह मंत्री त्रिलोक सिंह ने भी श्रद्धालुओं से कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया है।

अनंत Classifieds

## सूचना

**मैं सुलोचना देवी** (78 साल) पत्नी श्री हरबंस सिंह निवासी गांव अम्बाडी डाकघर रजोल तह. शाहपुर जिला कांगड़ा, हि.प्र.। घोषणा करती हूं कि सन 2020 से लेकर सन 2023 तक मैं असवस्थ थी तथा मेरी मानसिक स्थिति ठीक न थी इस दौरान मेरे द्वारा किसी भी प्रकार का दस्तावेज कहीं भी तैयार करवाया गया हो या मेरी ओर से तैयार किया गया हो उसे खारिज माना जाये। सभी संबंधित नोट करें।

# कुलदीप सिंह पठानिया ने डलहौजी में अल्ट्रासाउंड सुविधा का किया शुभारंभ

अनंत ज्ञान

**चंबा।** विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने नागरिक चिकित्सालय डलहौजी में अल्ट्रासाउंड सुविधा का शुभारंभ किया।

विधानसभा अध्यक्ष ने इस दौरान मीडिया प्रतिनिधियों की सुविधा के दृष्टिगत प्रेस क्लब डलहौजी के तहत एसडीएम कार्यालय के समीप प्रेस कक्ष का भी उद्घाटन किया। कुलदीप सिंह पठानिया ने बचत भवन में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि हिमाचल प्रदेश में गत तीन वर्षों के दौरान स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने के लिए राज्य सरकार द्वारा ठोस कदम उठाए गए हैं। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का विशेष आभार व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश में स्वास्थ्य क्षेत्र में ढांचा गत सुविधाओं के विस्तार के साथ- साथ आधुनिक प्रौद्योगिकी आधारित आवश्यक मशीनरी व उपकरणों की व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। इसके चलते स्वास्थ्य क्षेत्र में विकास और तकनीकी नवाचार को बढ़ावा मिल रहा है, जिससे लोगों को बेहतर, त्वरित एवं सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं प्राप्त हो रही हैं। कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा कि गत तीन वर्षों के दौरान स्वास्थ्य, शिक्षा, पेयजल, बिजली व सड़क नेटवर्क जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में निरंतर विकास कार्य किए जा रहे हैं, क्योंकि चंबा जिला भौगोलिक दृष्टि से काफी विस्तृत व बिखरा है, ऐसे में विभिन्न सुविधाओं की उपलब्धता एक चुनौती रही है। राज्य सरकार ने प्राथमिकता के आधार पर दूरस्थ व दुर्गम क्षेत्रों तक सुविधाएं सुनिश्चित करने के लिए ठोस कदम उठाए हैं, जिनके सकारात्मक परिणाम अब धरातल पर परिलक्षित हो रहे हैं। विधानसभा अध्यक्ष ने लोगों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नागरिक चिकित्सालय डलहौजी में अल्ट्रासाउंड की सुविधा उपलब्ध होने से स्थानीय लोगों के साथ-साथ यहां आने वाले पर्यटकों को भी लाभ मिलेगा।



उन्होंने जिले के विकास को लेकर राज्य सरकार की प्राथमिकताओं का उल्लेख भी अपने संबोधन में किया। उन्होंने भटियात विधानसभा क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में पेयजल की सुचारू व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए 190 करोड़ रुपए की विभिन्न परियोजनाओं का अधिकांश निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है तथा जल्द ही इन योजनाओं का लोकार्पण किया जाएगा। स्थानीय मीडिया कर्मियों को प्रेस कक्ष की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि लोकतंत्र में मीडिया का महत्वपूर्ण योगदान होता है। उन्होंने कहा कि मीडिया समाज व सरकार के बीच सेतु का कार्य करते हुए जनहित के मुद्दों को प्रभावी ढंग से सामने लाता है तथा लोकतांत्रिक मूल्यों को सुदृढ़ बनाने में अहम भूमिका निभाता है।

विधानसभा अध्यक्ष का इससे पहले मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. जेएस भारद्वाज ने स्वागत करते हुए उन्हें सम्मानित किया। उन्होंने इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां भी प्रदान की। विधायक डीएस ठाकुर, अध्यक्ष प्रदेश हज समिति दिलदार अली वट्ट, अध्यक्ष भलेई माता प्रबंधन समिति कमल ठाकुर, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष मनोज चड्डा, पूर्व जिला महासचिव कांग्रेस कमेटी राजीव कौशल, उपायुक्त मुकेश रेपसवाल, पुलिस अधीक्षक विजय सकलानी, एसडीएम अनिल भारद्वाज, अधीक्षण अभियंता जीत सिंह ठाकुर, राजेश मोंगरा, राजीव ठाकुर, वन मंडल अधिकारी रजनीश महाजन सहित क्षेत्र के गणमान्य लोग इस अवसर पर उपस्थित रहे।

**व अदालत दीपक शर्मा, सहायक समाहर्ता प्रथम श्रेणी एवं तहसीलदार फतेहपुर जिला कांगड़ा (हि.प्र.)**

**विषयः- इन्तकाल न0 2295 महाल हाडा पटवार वृत फतेहपुर तस्दीक करने वारे।**

प्रतिवादीगणः- 1. उदय पुत्र गुरवचन 2. कुमारी पलक पुत्री गुरवचन 3. श्रीमति वीना देवी पत्नी गुरवचन समस्त निवासी गांव महाल हाडा मौजा फतेहपुर जिला कांगड़ा (हि.प्र.) मुताविक वसीयत श्री रणिया राम के वारसान 1. श्री तरसेम कुमार पुत्र रणिया राम 2. जीवन कुमार पुत्र रणिया राम 3. अरुण पुत्र व श्रीमति एकता कतनौरिया पुत्री महाशू राम है। अतः उदय पुत्र गुरवचन कुमारी पलक पुत्री गुरवचन व श्रीमति वीना देवी पत्नी गुरवचन जो कि हिन्दू उतराधिकारी अधिनियम 1956 के तहत वारिस वने है। जिन्हें इतलाह साधारण तरीके से नहीं हो पा रही है। अतः उपरोक्त वारसान को इस इश्तेहार प्रकाशन करवा कर सूचित किया जाता है कि आप उपरोक्त इन्तकाल वारे दिनांक 30.04.2026 को असालतन व वकालतन तहसील कार्यालय फतेहपुर जिला कांगड़ा हि.प्र. हाजिर होकर अपना पक्ष रखें। अन्यथा एक तरफा कारवाई अमल में लाई जाएगी।

**(दीपक शर्मा)**
**सहायक समाहर्ता प्रथम श्रेणी**
**तहसील फतेहपुर जिला कांगड़ा (हि.प्र.)**

**व अदालत तहसीलदार प्रथम श्रेणी एंव कार्यकारी दण्डाधिकारी नगरोटा बगवां जिला कांगड़ा।**

मिसल न0 /2026(RMS)
ता0 दा0 02-04-2026
ता0 पेशी 18.05.2026

**अनुमान मुकदमा-** प्रार्थी श्री संजीव कुमार पुत्र प्रेम चन्द निवासी गांव अमतराड डाकघर लिली तहसील नगरोटा बगवां जिला कांगड़ा, हि.प्र.।
*...प्रार्थी पक्ष*

**वनाम आम जनता**
*...प्रत्याक्षी पक्ष*

**विषयः- प्रार्थना पत्र जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण अधिनियम 1969 की जेर धारा 13(3) अन्तर्गत स्व. श्री मति ईश्री देवी की मृत्यु तिथि तिथि 15-12-2022 को ग्राम पंचायत अमतराड के रिकार्ड में दर्ज करने वारे।**

**अखवारी ईस्तहार-** प्रार्थी श्री संजीव कुमार पुत्र प्रेम चन्द निवासी गांव अमतराड डाकघर लिली तहसील नगरोटा बगवां मृत्यु तिथि पंजीकरण वारे न्यायालय में उपस्थित होकर प्रार्थना पत्र पेश किया है कि मेरी माता की मृत्यु दिनांक 15-12-2022 को ग्राम पंचायत अमतराड में हुई थी परंतु किसी कारणवस संबंधित ग्राम पंचायत के रिकार्ड में दर्ज करवा न सके। दर्ज करने का आग्रह किया है। अतः इस अदालती नोटिस अखवारी ईस्तहार द्वारा आम जनता व सगे संबंधियों को एतद द्वारा सूचित किया जाता हैं कि यदि किसी को भी इस मृत्यु तिथि पंजीकरण करने बारे कोई एतराज हो तो वह स्वयं बजरिया कौंसल एतराज दिनांक 18.05.2026 अदालत में पेश कर सकते हैं। हाजिर ना आने की सूरत में एक तरफा कार्यवाही अम्ल में लाई जाएगी। और नियमानुसार जन्म तिथि पंजीकरण के आदेश पारित कर दिए जाएगें। आज दिनांक 18.04.2026 को मेरे हस्ताक्षर मोहर सहित जारी

**कार्यकारी दण्डाधिकारी तहसील**
**नगरोटा बगवां जिला कांगड़ा (हि.प्र.)**

## Interim Order

प्रार्थी श्री सुरजीत कुमार आयु 51 साल पुत्र स्वर्गीय श्री पंजू राम निवासी महाल रजपालवाँ व तहसील रे जिला कांगड़ा हिमाचल प्रदेश ने निवेदन किया है कि राजस्व रिकार्ड रजपालवाँ में मेरा नाम सुरजीत सिंह दर्ज है जो कि गलत दर्ज है। जबकि मेरे आधार कार्ड व अन्य रिकार्ड में मेरा नाम सुरजीत कुमार दर्ज है। प्रार्थी अपने आधार कार्ड व अन्य दस्तावेजों अनुसार राजस्व अभिलेख में नाम दरुस्त करवाना चाहता है। अतः सर्वसाधारण को इस इश्तेहार द्वारा सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यकित को प्रार्थी उक्त के नाम दरुस्ती करने बारे कोई उजर/एतराज हो तो वह दिनांक 07/05/2026 को प्रातः 10 बजे या उससे पूर्व असालतान या वकालतन हाजिर होकर अपना उजर व एतराज प्रस्तुत कर सकता है। न आने की सूरत में प्रार्थी के नाम दरुस्ती बारे आदेश पारित कर दिए जाएंगे उसके बाद कोई भी उजर व एतराज कावले समायतन होगा।

**सहायक समाहर्ता द्वितीय श्रेणी रे**
**जिला कांगड़ा (हि.प्र.)**

> **ईमानदार** के लिए किसी छद्म वेश-भूषा या साज-श्रृंगार की आवश्यकता नहीं होती। इसके लिए सादगी ही प्रर्याप्त है।
>
> -औटवे

## संपादकीय

# संस्कृति, अभिव्यक्ति और मर्यादा

देवभूमि हिमाचल प्रदेश अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और परंपराओं के लिए जाना जाता है। यहां की संस्कृति केवल वेशभूषा, लोकनृत्य या पर्वों तक सीमित नहीं, बल्कि यह जीवन जीने की एक मर्यादित और संतुलित शैली का प्रतीक है। ऐसे में हाल ही में कुल्लू में आयोजित एक तथाकथित 'वैली फंक्शन' से जुड़े वीडियो ने व्यापक चर्चा और चिंता को जन्म दिया है।

विवाद का केंद्र वह दृश्य है, जिसमें कुछ युवक-युवतियां सार्वजनिक कार्यक्रम में अशोभनीय ढंग से नृत्य करते दिखाई दिए। इस घटना ने समाज के एक बड़े वर्ग को आहत किया है, जो इसे स्थानीय संस्कृति के विपरीत मानता है। सवाल केवल एक कार्यक्रम का नहीं, बल्कि उस व्यापक प्रवृत्ति का है, जहां आधुनिकता के नाम पर मर्यादाओं की अनदेखी होती दिखती है। हिमाचल की सांस्कृतिक पहचान सादगी, सम्मान और संतुलन पर आधारित रही है। यहां मेहमाननवाजी भी गरिमा के साथ की जाती है और उत्सव भी सामाजिक मूल्यों के अनुरूप मनाए जाते हैं। ऐसे में यदि किसी सार्वजनिक मंच पर ऐसी गतिविधियां होती हैं, जो समाज के बड़े हिस्से को असहज करती हैं, तो स्वाभाविक है कि प्रतिक्रिया भी तीव्र होगी। यह प्रतिक्रिया केवल विरोध नहीं, बल्कि अपनी पहचान और परंपराओं को बचाने की चिंता का संकेत है।

हालांकि, इस पूरे मुद्दे को समझते समय एक और महत्वपूर्ण पहलू को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता-वह है व्यक्तिगत अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता। युवा पीढ़ी वैश्विक प्रभावों से जुड़ी है, सोशल मीडिया और डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से उनकी सोच और व्यवहार में परिवर्तन स्वाभाविक है, लेकिन यह भी उतना ही जरूरी है कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और सामाजिक जिम्मेदारी के बीच संतुलन बना रहे। किसी भी समाज में स्वतंत्रता का अर्थ यह नहीं होता कि वह दूसरों की भावनाओं या सांस्कृतिक संवेदनाओं की अनदेखी करे। इस घटना का एक चिंताजनक पक्ष यह भी है कि कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे, लेकिन किसी ने भी तत्काल विरोध नहीं किया। इसके बजाय कई लोग वीडियो बनाने में व्यस्त रहे। यह प्रवृत्ति आज के समाज का आईना भी है, जहां प्रत्यक्ष हस्तक्षेप की बजाय दर्शक बने रहना अधिक आसान समझा जाता है। यदि समाज को अपनी सांस्कृतिक सीमाओं की रक्षा करनी है, तो केवल बाद में विरोध करने से अधिक प्रभावी है कि उसी समय सजगता दिखाई जाए।

यह भी ध्यान देने योग्य है कि किसी एक घटना के आधार पर पूरी पीढ़ी या पूरे समाज को दोषी ठहराना उचित नहीं होगा। आवश्यकता इस बात की है कि ऐसे मामलों में संतुलित दृष्टिकोण अपनाया जाए, जहां न तो अंधानुकरण हो और न ही अति-प्रतिक्रिया। शिक्षा, संवाद और जागरूकता के माध्यम से ही दीर्घकालिक समाधान संभव है। सरकार और संबंधित संस्थाओं की भूमिका भी यहां महत्वपूर्ण हो जाती है। यदि कोई कार्यक्रम सार्वजनिक मर्यादाओं का उल्लंघन करता है, तो उसके लिए स्पष्ट दिशा-निर्देश और आवश्यक कार्रवाई होनी चाहिए, लेकिन यह कार्रवाई केवल दंडात्मक न होकर सुधारात्मक भी होनी चाहिए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

अक्सर यह तर्क दिया जाता है कि पश्चिमी संस्कृति के प्रभाव के कारण ऐसी घटनाएं बढ़ रही हैं, लेकिन यह समझना जरूरी है कि हर संस्कृति में अच्छे और चुनौतीपूर्ण दोनों पहलू होते हैं। समस्या किसी बाहरी प्रभाव में नहीं, बल्कि उसे अपनाने के तरीके में होती है। यदि हम अपने मूल्यों को समझते हुए विवेकपूर्ण ढंग से आधुनिकता को अपनाएं, तो संतुलन संभव है।

भारत का इतिहास यह दर्शाता है कि यहां की संस्कृति ने अनेक आक्रमणों और परिवर्तनों के बावजूद अपनी मूल पहचान बनाए रखी है। इसका कारण यही रहा है कि समाज ने समय-समय पर आत्ममंथन किया और आवश्यक सुधार भी किए। आज भी वही आवश्यकता है न तो अतीत से पूरी तरह चिपके रहना और न ही बिना सोचे-समझे बदलाव को स्वीकार करना। यदि हम चाहते हैं कि हिमाचल प्रदेश की सांस्कृतिक पहचान बनी रहे, तो हमें सामूहिक रूप से जिम्मेदारी निभानी होगी। ■

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

## आज की प्रमुख हस्ती

# 'विक्टोरिया क्रॉस' प्राप्त भारतीय सैनिक



गबर सिंह नेगी
जन्म : 21 अप्रैल, 1895
मृत्यु : 10 मार्च, 1915

**गबर सिंह नेगी** भारत के उन वीर सपूतों में से एक थे, जिन्होंने अदम्य साहस और बलिदान की मिसाल पेश की। उनका जन्म 21 अप्रैल 1895 को उत्तराखंड के टिहरी जिले के चंबा के निकट मज्यूड़ गांव में एक साधारण परिवार में हुआ था। बचपन से ही उनके भीतर देशसेवा की प्रबल भावना थी, जिसने उन्हें अक्तूबर 1913 में गढ़वाल राइफल्स में भर्ती होने के लिए प्रेरित किया।

प्रथम विश्व युद्ध के दौरान उन्हें फ्रांस भेजा गया, जहां वे 39वीं गढ़वाल राइफल्स की दूसरी बटालियन में राइफलमैन के रूप में तैनात थे। 10 मार्च 1915 को Battle of Neuve Chapelle में जर्मन सेना के खिलाफ लड़ते हुए उन्होंने अद्वितीय वीरता और साहस का प्रदर्शन किया। कठिन परिस्थितियों के बावजूद उन्होंने अपने कर्तव्य से पीछे हटने के बजाय अंतिम क्षण तक युद्ध किया और मात्र 20 वर्ष की आयु में वीरगति को प्राप्त हुए।

उनकी असाधारण बहादुरी के लिए उन्हें मरणोपरांत ब्रिटिश सरकार द्वारा सर्वोच्च सैन्य सम्मान 'विकटोरिया क्रॉस' से सम्मानित किया गया। यह सम्मान पाने वाले वे सबसे कम उम्र के भारतीय सैनिकों में गिने जाते हैं। भारत सरकार के 20 अप्रैल 1915 के गजट में भी उनके इस अद्वितीय पराक्रम का उल्लेख मिलता है। आज भी गबर सिंह नेगी का नाम गर्व और सम्मान के साथ लिया जाता है। उनके जन्मदिवस 21 अप्रैल को हर वर्ष चंबा में स्थित उनके स्मारक पर गढ़वाल राइफल्स द्वारा श्रद्धांजलि दी जाती है। इसके साथ ही 'गबर सिंह नेगी मेला' आयोजित कर उनके बलिदान को याद किया जाता है। ■



कविता

## तुम हो

डॉ. अंकिता चौधरी, सह प्राध्यापक
अभिलाषी यूनिवर्सिटी

**तुम** हो...फिर दिखाई क्यूं नहीं देते
लगता तो है ...कि तुम हो,फिर दिखाई क्यूं नहीं देते ।
लगता तो है...कि तुम जरुरी हो, नहीं तो ...कैसे ये विराट होगा?
कैसे ये सांझ होगी? कैसे ये चांद तारे होंगे?
कैसे ये भोर होगी? कैसे ये सूरज अपनी लालिमा बिखेर ढल जाएगा?
लगता तो है ...कि तुम हो, फिर दिखाई क्यूं नहीं देते।
लगता तो है...कि तुम जरूरी हो, नहीं तो...
कैसे ये नन्हा बीज विशाल वृक्ष बन जाता है?
कैसे वृक्षों में बौर आ जाता है? कैसे ये फूल खिलते हैं?
कैसे ये पक्षी गीत गाते हैं? कौन इनके भोजन का इंतजाम करता है?
लगता तो है ...कि तुम हो,फिर दिखाई क्यूं नहीं देते ।
लगता तो है...कि तुम जरूर हो, छिपे अवगुंठन में,
किसी आवरण में, हम तुम्हारा घूंघट उठाएंगे,
तुम्हें तलाशेंगे, कितनी भी हो कठिन यात्रा,
कितने भी हो दुर्गम रास्ते, हम तुम्हारा घूँघट उठाएंगे।
क्यूं ... ? क्यूंकि तुम्हे न जाना, तो कुछ भी न जाना।
अपने मालिक को न जाना, तो कुछ भी न जाना।
जिससे आए उसे न जाना, तो कुछ भी न जाना।
स्रोत को न जाना तो, कुछ भी न जाना।
इसलिए ...तुमसे पहचान तो करनी होगी।
तुम जो अदृश्य हो, तुम्हें दृश्य बनाना ही होगा ।
तुम जो दूर हो स्पर्श के पार, तुम्हारा आलिंगन करना ही होगा।
क्यूंकि ...तुम हो ...

# रचनात्मक सोच से नवाचार तक: विकसित भारत की राह



शिवालिक अवस्थी
गांव शीला चौक, सिद्धपुर, त. धर्मशाला, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

आविष्कार यूं ही नहीं घटित होते। इसके पीछे किसी न किसी का गूढ़ दिमाग लगा होता है। हम सबके लिए वह मात्र एक घटना होती है जिसके पीछे किसी की बेहतरीन सोच छिपी होती है। यह अद्वितीय सोच ही है जो नए आविष्कारों को जन्म देती है। किसी भी कठिन कार्य को सरल बनाने हेतु बेहतर रचनात्मकता का होना अति आवश्यक है। और बेहतर रचनात्मकता का सृजन हमारी सोच पर निर्भर करता है।

यही रचनात्मकता आगे चलकर नवाचार की नींव स्थापित करती है। बात चाहे समाज उत्थान की हो या देश को विकसित करने की, हर जगह नई और बेहतरीन सोच की जरूरत होती है। कुछ अलग और बेहतर सोचेंगे तभी दूसरों से अलग दिखकर अपनी पहचान बनाने में कामयाब हो सकेंगे। कहते भी हैं कि कुछ अलग करने के लिए अलग सोच अपनानी पड़ती है। यहां पर हम उदाहरण के तौर पर विज्ञान को ही लें तो विज्ञान में विभिन्न तरह के आविष्कारों को सफल बनाने हेतु उच्च स्तरीय एवं अद्वितीय सोच रखनी पड़ती है। तरह-तरह के प्रयोग करने उपरांत ही सफलता प्राप्त होती है। और तरह-तरह के प्रयोग वही कर सकता है जो हर कदम पर एक अलग सोच रखने की कुशलता रखता हो। खैर, आज क्यों हम सोच, रचनात्मकता और नवाचार के विषय पर बात कर रहे हैं आइए इस पर प्रकाश डालने का प्रयास करते हैं। दरअसल, हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी विश्व रचनात्मकता और नवाचार दिवस यानी डब्ल्यू.सी.आई.डी 21 अप्रैल को समूचे विश्व में मनाया जा रहा है। इस दिवस को मनाने के पीछे के कारण बेहद अहम माने गए हैं। यह दिवस नई सोच को अपनाने के लिए प्रेरित करता है जिससे ऐसे नए समाधान उजागर हो सकें जो देश हित हेतु अमल में लाए जा सकें।

इस दिवस को मनाने के पीछे एक अन्य मुख्य कारण युवाओं और बच्चों में रचनात्मक सोच को विकसित करना भी है। समाज में और देश में नवाचार के नए आयाम स्थापित किए जा सकें, इसके लिए इस दिवस की भूमिका महत्वपूर्ण मानी गई है। विशेषत: सतत विकास लक्ष्यों की पूर्ति हेतु इस दिवस को विशेष माना गया है। जैसा कि आप सभी को विदित है कि सतत विकास एक ऐसा विकास जो भावी पीढ़ियों की जरूरतों से समझौता किए बिना वर्तमान की जरूरतों को पूरा करता हो सतत विकास कहलाता है। दरअसल, वर्ष 2015 में संयुक्त राष्ट्र द्वारा 17 ऐसे लक्ष्य समूह निर्धारित किए गए थे जिन लक्ष्यों को वर्ष 2030 तक सभी देशों को हासिल करना है। इन्हीं लक्ष्य समूहों के अंतर्गत विभिन्न लक्ष्यों की प्राप्ति को मुख्य रूप से रेखांकित किया गया है। इन्हीं लक्ष्यों के अंतर्गत नौवें स्थान पर उद्योग, नवाचार और बुनियादी ढांचे को शामिल किया गया है। विश्व रचनात्मकता और नवाचार दिवस मनाने के पीछे संयुक्त राष्ट्र द्वारा निर्धारित किए गए 9वें लक्ष्य की प्राप्ति हेतु बल दिया गया है। अब बात यहां भारत देश की करें तो वर्ष 2025 में जारी किया गया वैश्विक नवाचार सूचकांक में भारत को 38वां रैंक प्राप्त हुआ है। एक ओर जहां 2020 में भारत का रैंक 48वां था, वहीं दूसरी ओर गत 5 वर्षों में भारत की रैंकिंग में 10 पायदान का भारी उछाल देखा गया है। इतना तो तय है कि नवाचार के क्षेत्र में भारत निरंतर आगे बढ़ता दिखाई दे रहा है।




इस रिपोर्ट से किसी देश की निर्भरता का आकलन किया जा सकता है जिसमें भारत देश तो बेहतर स्थिति में जाता हुआ दिखाई दे रहा है। हाल ही में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा भी देश को आत्मनिर्भर बनाने का आह्वान किया गया। जो इसी दिशा की ओर इशारा करता है। नवाचार को बढ़ावा देना, विकसित भारत की राह को सरल बनाने जैसा है और आत्मनिर्भरता में मूलत: नए प्रयोगों के सफल समावेश से ही स्थिरता लाई जा सकती है इसमें संदेह नहीं है।

बहरहाल, रचनात्मकता और नवाचार का समावेश देश की प्रगति के लिए बेहद अहम माना गया है यह तो हमने यहां जान लिया। किंतु ऐसे कौन से पहलू हैं जहां हमें और बेहतर करने की आवश्यकता है आइए इस पर भी एक नजर डालते हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार आज भी चिंता का विषय बना हुआ है। हालांकि देश-प्रदेश की सरकारें इस पर निरंतर कार्य करती नजर आ रही हैं, किंतु बढ़ती जनसंख्या और सीमित संसाधनों के चलते कहीं न कहीं चूक होना स्वाभाविक है। शिक्षा का स्तर राज्य दर राज्य अलग हो सकता है, किंतु बेहतरीन स्वास्थ्य सुविधाओं का आज भी कई जगहों पर अभाव देखा जा सकता है। और बढ़ती बेरोजगारी तो पिछले लंबे समय से एक ज्वलंत मुद्दा बना हुआ है। खैर, यह चर्चा के विषय यथावत बने हुए हैं। और यहां पर आवश्यकता पड़ती है एक ऐसी बेहतरीन सोच यानी रचनात्मकता की जहां से नए समाधान अथवा नवाचार निकलकर सामने आएं जिनके परिणामस्वरूप देश के विकास को नई गति प्राप्त हो सके।

अब समय आ गया है कि नई सोच को अपनाते हुए नए समाधान खोजें। नवाचार के जरिए रोजगार को बढ़ावा दिया जाए, बेहतरीन स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार किया जाए, नए उद्योग स्थापित किए जाएं। उद्यमिता के क्षेत्र को गति प्रदान करना, आधुनिक निर्माण में एक बेहतर विकल्प के रूप में देखा जा सकता है। न केवल व्यावसायिक अपितु सामाजिक उद्यमिता का बढ़ता दायरा, विकास को बढ़ावा देने में कार्य कर सकता है।

यह बेहद जरूरी है कि युवाओं और बच्चों को विशेष रूप से रचनात्मकता और नवाचार के प्रति जागरूक बनाया जाए। विकास दर तभी आगे बढ़ पाएगी, यदि विकास में नई योजनाओं की संलिप्तता बढ़ाई जाएगी। नई योजनाएं एवं नए विचारों के समावेश से विकास गति में तेजी लाई जा सकती है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक पुनर्जागरण के सूत्रधार आदि गुरु शंकराचार्य



आचार्य दीप चंद भारद्वाज
(आध्यात्मिक चिंतक)

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

जब आध्यात्मिक अंधकार मानवता को घेर लेता है और धर्म के शाश्वत सिद्धांत विलुप्त होने के कगार पर होते हैं तब परम चेतना ब्रह्मांडीय व्यवस्था को पुनर्स्थापित करने के लिए मानव रूप धारण करती है ऐसी दिव्य विभूतियां अपने विशिष्ट उद्देश्यों के साथ प्रकट होती हैं जो अपने समय के आध्यात्मिक संकटों को दूर करने के लिए उपयुक्त होती हैं। वैदिक धर्म एवं विघटन को प्राप्त हुई सनातन संस्कृति के संवर्धन हेतु दक्षिण भारत के केरल प्रांत के एक गांव कालड़ी में 507 ईस्वी पूर्व वैशाख शुक्ल पंचमी तिथि को महान दार्शनिक, तार्किक मेधा से परिपूर्ण शंकराचार्य जी का जन्म हुआ। अद्वैत वेदांत के सूत्रधार शंकराचार्य का समस्त चिंतन इसी अद्वैत वेदांत पर आधारित है, जिसका सार ' ब्रह्म सत्यं जगत मिथ्या।' जीवो ब्रह्मैव नापर: अर्थात केवल ब्रह्म परम चेतना ही एकमात्र सत्य है यह जगत माया मिथ्या है। आत्मा ब्रह्म से अलग नहीं, उसी का ही अंश है। अद्वैत दर्शन में आत्मा और ब्रह्म को एकाकार माना गया है जिसे अज्ञान के कारण जीव अलग समझता है। बाल्यकाल से ही उत्कृष्ट मेधा के धनी शंकराचार्य ने आठ वर्ष की आयु में ही चारों वेदों को कंठाग्र कर लिया था। संसार के क्षणिक प्रलोभनों के स्वर्णिम पाश को तोड़ ये वीतराग संन्यास के दिव्य मार्ग की ओर अग्रसर हुए। इन्होंने वेदांत के गहन ज्ञान को पुनर्जीवित करके भारत के आध्यात्मिक परिदृश्य को रूपांतरित किया। जब सनातन धर्म का पवित्र ज्ञान अभूतपूर्व संकट में था जब मुक्ति का वैदिक मार्ग विभाजनकारी संप्रदायवाद तथा भौतिकवादी दर्शनों के साये में छिपा हुआ था। ऐसे समय में शंकराचार्य मानवता के आध्यात्मिक संकट के दिव्य समाधान के रूप में प्रकट हुए। उनके समय हिंदू समाज अनगिनत प्रतिस्पर्धी संप्रदायों में बंट गया था जिनमें से प्रत्येक विरोधाभासी व्याख्याएं प्रस्तुत कर रहा था और अंतहीन विवादों में उलझा हुआ था जिससे संस्कृति की समस्त आध्यात्मिक विरासत की नींव कमजोर हो रही थी। शंकराचार्य ने अपनी वाकपटुता और गहन अंतर्दृष्टि से उन समस्त शाश्वत आदर्शों को पुनर्जीवित किया जो गलत व्याख्या तथा उपेक्षा के कारण धुंधले पड़े हुए थे। हिंदुओं में निराशा के दो मूल कारण थे विभिन्न संप्रदायों के ईश्वर और मोक्ष के विषय में भ्रमित तथा जटिल परिभाषाएं। विकृत तांत्रिक और कर्मकांड की साधनाओं ने जनमानस को भयभीत कर दिया था उन्होंने शास्त्रार्थ परंपरा को जीवित किया तथा वैदिक धर्म को पुन: स्थापित किया। आधुनिक संचार तकनीक और परिवहन प्रणालियों के अभाव में उनकी उपलब्धि और भी उल्लेखनीय हो जाती है, क्योंकि उन्होंने पैदल चलकर पूरे भारत की यात्रा की ओर एक आध्यात्मिक पुनर्जागरण को प्रज्वलित किया। उन्होंने भारतीय संस्कृति को एक सूत्र में पिरोने के लिए भारत की चारों दिशाओं में चार मठों को स्थापित किया। दक्षिण में श्रृंगेरी, पश्चिम में द्वारका पूर्व में पुरी, और उत्तर में बद्रीकाश्रम। इन मठों पर आसीन वीतराग संन्यासी शंकराचार्य कहे जाने लगे। इनके अद्वैत वेदांत दर्शन और वैदिक धर्म की शिक्षाओं के प्रचार प्रसार के ये चारों मठ मेरुदंड बने। शंकराचार्य ने 32 वर्ष की अल्पायु में अनेक महत्वपूर्ण ग्रंथों की रचना की। ब्रह्म सूत्र भाष्य, गीताभाष्य, उपनिषदभाष्य लिखकर इन्होंने अपनी सरल व्याख्याओं के माध्यम से शुद्ध अध्यात्म को प्रसारित किया। विवेक चूड़ामणि तथा भज गोविंदम पुस्तकों में इन्होंने अत्यंत सरल शब्दावली में प्रत्येक व्यक्ति के लिए कल्याणकारी वैदिक सिद्धांतों का प्रतिपादन किया।



उनके अनुसार आत्मा नित्य, शाश्वत और शरीर से परे है तथा सभी प्राणियों में एक ही आत्मा का वास होता है। उन्होंने बताया कि मनुष्य जीवन का परम उद्देश्य ज्ञान के माध्यम से मोक्ष प्राप्त करना है। अज्ञान ही मनुष्य के दुखों का मुख्य कारण है, जिससे मुक्त होकर परम सत्य को प्राप्त किया जा सकता है। शंकराचार्य ने ज्ञान और मार्गों का समन्वय करते हुए समाज को एकता का संदेश दिया। उनका दर्शन केवल आध्यात्मिक नहीं बल्कि व्यावहारिक जीवन के लिए भी मार्गदर्शक है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# महिला सशक्तिकरण और राजनीतिक सोच का बदलता परिदृश्य



श्रेय अवस्थी
प्रदेश सह-संयोजक, सोशल मीडिया विभाग, भाजपा, हिमाचल प्रदेश


अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

देश की आधी आबादी-हमारी माताएं, बहनें और बेटियां-आज अपने अधिकारों के प्रति जागरूक हो चुकी हैं और ऐसे समय में महिला आरक्षण जैसे ऐतिहासिक कदम का विरोध करना कांग्रेस की उस पुरानी और संकीर्ण मानसिकता को उजागर करता है, जिसने दशकों तक महिलाओं को केवल वोट बैंक समझा, न कि राष्ट्र निर्माण की बराबर भागीदार।

यह वही कांग्रेस है जिसने वर्षों तक महिला सशक्तिकरण के नाम पर बड़े-बड़े वादे किए, लेकिन जब संसद और विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने का अवसर आया, तो उसकी नीयत और नीति दोनों पर सवाल खड़े हो गए। यह विरोध केवल एक बिल का विरोध नहीं है, बल्कि यह उस सोच का विरोध है जो महिलाओं को सशक्त और निर्णायक भूमिका में देखने से डरती है। कांग्रेस की राजनीति हमेशा से वादों और भ्रम की राजनीति रही है, जहां घोषणाएं ज्यादा और जमीनी काम कम दिखाई देता है। महिलाओं के मुद्दों पर भी यही रवैया देखने को मिला है-सालों तक सत्ता में रहने के बावजूद महिलाओं को राजनीतिक रूप से सशक्त करने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया।

इसके विपरीत, भारतीय जनता पार्टी ने नारी शक्ति को केवल नारा नहीं बल्कि एक राष्ट्रीय संकल्प के रूप में अपनाया है और इसे धरातल पर उतारने के लिए कई ऐतिहासिक योजनाएं लागू की हैं, जिन्होंने महिलाओं के जीवन में वास्तविक बदलाव लाया है।

भाजपा सरकार द्वारा शुरू की गई बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना ने समाज में बेटियों के प्रति दृष्टिकोण बदलने का काम किया और शिक्षा के क्षेत्र में लड़कियों की भागीदारी को बढ़ाया। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत करोड़ों महिलाओं को गैस कनेक्शन देकर उन्हें धुएं और बीमारियों से मुक्ति दिलाई गई, जिससे उनका स्वास्थ्य और जीवन स्तर बेहतर हुआ। प्रधानमंत्री आवास योजना में महिलाओं को घर का मालिकाना हक देकर उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाया गया, जो नारी सम्मान की दिशा में एक बड़ा कदम है। इसके अलावा स्वच्छ भारत मिशन के तहत घर-घर शौचालय बनाकर महिलाओं की गरिमा और सुरक्षा को सुनिश्चित किया गया, जो पहले एक बड़ी समस्या थी। इतना ही नहीं, जन धन योजना के माध्यम से करोड़ों महिलाओं को बैंकिंग प्रणाली से जोड़कर उन्हें आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाया गया, वहीं मुद्रा योजना के जरिए महिलाओं को स्वरोजगार के लिए बिना गारंटी के ऋण उपलब्ध कराए गए, जिससे लाखों महिलाएं आज छोटे-छोटे व्यवसाय खड़े कर आत्मनिर्भर बन चुकी हैं।




यह स्पष्ट दर्शाता है कि भाजपा ने महिलाओं के सशक्तिकरण को केवल भाषणों तक सीमित नहीं रखा, बल्कि उसे नीति और नियत दोनों के स्तर पर प्राथमिकता दी है। इसके उलट, कांग्रेस का महिला आरक्षण के प्रति रवैया उसकी राजनीतिक मजबूरी और दोहरे चरित्र को उजागर करता है। जब भी महिलाओं को वास्तविक राजनीतिक शक्ति देने की बात आती है, कांग्रेस पर अक्सर यह आरोप लगता है कि वह स्पष्ट और निर्णायक रुख नहीं ले पाती।

आलोचकों के अनुसार, यह झिझक उसके पारंपरिक वोट बैंक और परिवारवादी राजनीति से जुड़ी चिंताओं को दर्शाती है। वहीं भाजपा खुद को महिला सशक्तिकरण के समर्थक के रूप में प्रस्तुत करती है और इसे अपनी नीतियों में प्राथमिकता देने का दावा करती है। आज की भारतीय महिला पहले से अधिक शिक्षित, जागरूक और आत्मनिर्भर है।

वह केवल वादों से संतुष्ट नहीं होती, बल्कि ठोस कार्य और परिणाम देखती है। महिला आरक्षण का मुद्दा अब अधिकार, सम्मान और समान भागीदारी का प्रतीक बन चुका है। नए भारत में नारी शक्ति एक निर्णायक भूमिका निभा रही है। कोई भी राजनीतिक दल अब महिलाओं की आकांक्षाओं को नजरअंदाज नहीं कर सकता। महिला सशक्तिकरण ही राष्ट्र की प्रगति की आधारशिला है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# शोहरत का आकर्षण, जिम्मेदारी का बोझ और सादगी का अनमोल सत्य



डॉ. दमन आहूजा
लेखक सोहमइंडिया डॉट ओआरजी के फाउंडर के साथ माइंडफुलनेस के प्रैक्टिशनर हैं

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

सड़क पर चलते हुए, बस पकड़ते हुए, रेलवे स्टेशन या हवाई अड्डे अथवा अपने गांव की गलियों में कभी आपने सोचा कि यहां आपको कोई जानता है? यदि नहीं तो निश्चित ही आप सुकून से चल सकेंगे, गोलगप्पे खा सकेंगे अथवा सब्जी खरीदते हुए थोड़ा मोल भाव करने में बिना संकोच के बात कर सकेंगे।

अब सोचिए कि यदि आप की अखबार में फोटो छपती हो, टीवी पर न्यूज में आप दिखाई देते हों या सोशल मीडिया पे आपके चर्चे हों तब भी आप उतनी तसल्ली से सार्वजनिक माहौल में सब दैनिक जीवन के काम कर सकेंगे? मशहूर होना किसे अच्छा नहीं लगता, लेकिन मशहूर होने की एक कीमत होती है। जो काम हम सामान्य व्यक्ति हो कर सकते हैं वही काम मशहूर होने पर हमें दस आयामों पर किए हुए काम का क्या असर होगा, सोचकर करने पड़ते हैं। ये जो इतने आयामों पर सोचने की प्रक्रिया है, ये ही प्रसिद्धि का बोझ है। भारत के नंग धड़ंग फकीर ऋषि दादमी सिकंदर की पूरी सेना की ताकत से विचलित नहीं हुए थे, चूंकि उनके पास खोने को कुछ नहीं था, इसी तरह चंद्रगुप्त के गुरु आचार्य चाणक्य धन, सुरा और स्त्री यानी वे सब जिसका लालच दिखाकर व्यक्ति को बांधा जा सकता है पर विजय प्राप्त कर चुके थे। प्रसिद्धि अपने साथ साथ ताकत तो लाती है लेकिन जिम्मेदारी भी लाती है।

हम सब स्वयं भी और अपने बच्चों की भी समाज में अपनी पहचान बनाने के लिए बहुत जोर देते हैं, निश्चित ही अच्छी वजहों से, न की नकारात्मक कारणों से, लेकिन बहुत बार हम पहचान बनाने के चक्कर में सस्ती लोकप्रियता के वो इंजेक्शन लगा देते हैं जो उन्हें उन रास्तों पर ले जाते हैं जहां से वापस आने की राह अवसाद, मानसिक अस्वस्थता से होकर गुजरती है। छोटे छोटे बच्चों के साथ रील्स बना कर सोशल मीडिया पर पैसे कमाना बहुतेरे मां-बाप का व्यसन बन गया है। इन रील्स बनाने के चक्कर में हजारों बच्चे अपनी जान गंवा चुके हैं। हालत ये हैं कि जब आप सामान्य से विशिष्ट व्यक्तियों की सूची में शामिल हो जाते हैं तो आप की छोटी सी छोटी बात में भी समाज रुचि लेने लगता है, और आजकल तो दो मिनट में आप के बारे में गूगल सर्च भी शुरू हो जाती है, दस सही बातों और पांच गलत बातों को कृत्रिम बुद्धि बड़ा चढ़ा कर पेश कर देती है।

समाज आप को रोल मॉडल के रूप में भी देखने लगता है, लेकिन दुनिया का कोई आदमी ऐसा नहीं है कि जिसमें सिर्फ खूबियां ही खूबियां हों और कोई भी कमी न हो। खूबियों के बारे में तालियां और कमियों की वजह से गालियां मिलना स्वाभाविक ही हैं । आपकी निजता पर प्रहार होना भी लाजिमी है चूंकि अब आप आम से विशिष्ट स्थिति में आ गए हैं। एपस्टीन फाइल्स में बहुतेरे नामचीन धरे गए हैं और धरे जा रहे हैं चूंकि उनके मशहूर होने के बावजूद उनका आचरण जिम्मेदारी से भरा हुआ नहीं था।




इसके विपरीत यदि आप भारत में तिरुवन्नामलाई के महर्षि रमण का उदाहरण लें तो समझ आएगा कि पश्चिमी देशों से पॉल ब्रंटन और ऑर्थर ऑस्बॉर्न जैसे लोग उन्हें ढूंढते हुए आए थे और सदा के लिए नतमस्तक हो गए। रमण बिना किसी प्रचार के न सिर्फ देश बल्कि पूरे पश्चिमी देशों के भी आदरणीय प्रेरणा रहे हैं। कमाल तो ये था कि उनके सानिध्य में बिना कुछ बोले ही लोग शांत हो जाते थे एवं भीतर का अमृत चख लेते थे। उन तक केवल जिज्ञासु ही पहुंच पाते थे, जब की सस्ती लोकप्रियता हेतु हमारे बहुत से समकालीन बाबा हर दिन कोई न कोई विवादित बयान बाजी करते रहते हैं। निष्कर्ष ये हुआ कि सादगी का कोई पर्याय नहीं होता, और न ही उसका कोई बोझ होता है। आप किस तरह की शोहरत चाहते हैं?

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**

प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# मंडी सदर में कांग्रेस के स्वागत समारोह से बदले सियासी समीकरणों के संकेत

अनंत ज्ञान

◆ दीपक शर्मा के कार्यक्रम में उमड़ी भीड़ और संदेशों ने बदली झलक

**मंडी।** सदर विधानसभा क्षेत्र में हाल ही में आयोजित कांग्रेस नेता दीपक शर्मा के स्वागत एवं अभिनंदन समारोह ने मंडी जिला की राजनीति में नए संकेत उभारे हैं। लंबे समय से सुस्त पड़ी संगठनात्मक गतिविधियों के बीच यह आयोजन कांग्रेस के लिए संभावित पुनर्सक्रियता का आधार बनता दिखा, जहां बड़ी संख्या में उमड़ी भीड़ ने जमीनी स्तर पर हलचल को स्पष्ट किया।

बीते विधानसभा चुनावों में जिला की 10 सीटों में से केवल एक पर जीत मिलने के बाद कार्यकर्ताओं में जो निष्क्रियता और निराशा देखी जा रही थी, वह इस कार्यक्रम के बाद कुछ हद तक कम होती नजर आई। विशेष रूप से युवाओं और महिलाओं की भागीदारी को राजनीतिक दृष्टि से अहम माना जा रहा है, क्योंकि यही वर्ग लंबे समय से पार्टी से दूरी बनाता दिख रहा था। राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार यह आयोजन केवल औपचारिक स्वागत तक सीमित नहीं रहा, बल्कि यह शक्ति प्रदर्शन के साथ संगठनात्मक पुनर्गठन का संकेत भी देता है। महासचिव बनने के बाद दीपक शर्मा के नेतृत्व में दिखाई दिया यह जनसमर्थन उन्हें क्षेत्र में एक प्रभावशाली और सक्रिय चेहरे के रूप में स्थापित करता है। कार्यक्रम के दौरान गूंजे नारों और कार्यकर्ताओं के उत्साह ने यह संकेत दिया कि पार्टी अब केवल चुनावी गणित तक सीमित रहने के बजाय जमीनी पकड़ मजबूत करने की दिशा में आगे बढ़ रही है।

मौजूदा परिदृश्य में यदि यह ऊर्जा, भागीदारी और संगठनात्मक समन्वय इसी तरह बना रहता है, तो आने वाले समय में मंडी जिला की राजनीति में कांग्रेस के लिए नई संभावनाएं उभर सकती हैं। साथ ही, क्षेत्रीय नेतृत्व के रूप में दीपक शर्मा की भूमिका भी अधिक प्रभावी और निर्णायक होती नजर आ सकती है, जो आगामी चुनावी समीकरणों को प्रभावित करने की क्षमता रखती है।

# रिवालसर में 36 साल पुरानी सड़क निर्माण गलती लोगों पर पड़ रही भारी

## रिवालसर-सरकाघाट मार्ग पर लोक निर्माण विभाग की लापरवाही से ग्रामीणों में रोष

अनंत ज्ञान



मलकियत भूमि पर बनी सड़क। अनंत ज्ञान

◆ सड़क दूसरी जमीन पर बनी, असली अधिग्रहित भूमि रह गई खाली

**रिवालसर।** रिवालसर-सरकाघाट वाया दुर्गापुर सड़क संपर्क मार्ग निर्माण कार्य में लोक निर्माण विभाग द्वारा वर्षों पूर्व बरती गई एक बड़ी लापरवाही सामने आई है। जिसका खामियाजा अब नगर पंचायत रिवालसर वार्ड-2 और 3 के बाशिंदों को भुगतना पड़ रहा है।

जानकारी के अनुसार करीब 36 वर्ष पूर्व देहरी गलु से विकास नगर-डोह के बीच करीब आधा किलोमीटर सड़क निर्माण कार्य को लेकर लोक निर्माण विभाग ने लोगों की मलकियत भूमि के जिन खसरा नंबरों का अधिग्रहण किया था उन पर तो सड़क बनाई नहीं। निर्माण कार्य में लगे तत्कालीन अधिकारियों ने आनन-फानन में अपनी मर्जी से लोगों के नाम मलकीयत भूमि से सड़क निकाल दी। उस समय लोगों ने इस खामी की तरफ ध्यान ही नहीं दिया और सड़क बन कर तैयार भी हो गई। जिसके बाद कुछ लोगों ने विभाग के नाम खाली पड़ी भूमि को अपना समझकर उस पर कई प्रकार के निर्माण कार्य कर दिए न तो विभाग को अपनी गलती का एहसास हुआ और न ही लोगों को, लेकिन बीच में जब कुछ लोगों ने भूमि का क्रय विक्रय व अन्य कारणों से जमीन की निशानदेही करवाई तो उन्हें इस बात की जानकारी मिली कि जिस भूमि का चयन सड़क निर्माण के लिए हुआ था उस पर तो सड़क बनी ही नहीं है उल्टे विभाग ने लोगों की मलकियत भूमि पर कब्जा कर सड़क का निर्माण कर दिया।

इस संबंध में भूमि मलिकों धनी देवी, सुनील कुमार, मनोज कुमार, हरीश कुमार, गीतानंद, सुरदर्शन, चमन, छेरिंग डोलमा, उत्तम राणा व मनोरमा आदि का कहना है कि लोक निर्माण विभाग अपनी भूमि से सड़क निकाले व उनकी करोड़ों रुपए की भूमि खाली करे या जिस मलकियत जमीन पर लोक निर्माण विभाग ने सड़क निकाली है उसे वैसे ही रहने दे तथा लोक निर्माण विभाग द्वारा अधिग्रहण की गई भूमि को लोगों के नाम पर तबादला कर दें।

सहायक अभियंता लोक निर्माण विभाग उपमंडल रिवालसर नवल किशोर ने बताया कि मामला उनके ध्यान में नहीं है न ही किसी व्यक्ति ने इस सबंध में उन्हें कोई शिकायत सौंपी है।

# गैस एजेंसी को जाने वाले मार्ग में गड्ढों व कीचड़ से जूझते ग्रामीण



गैस एजेंसी को जाने वाले मार्ग की खस्ताहालत। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**भीम बसेड़ू राजपूत, महादेव।** नाचन विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत महादेव के अंतर्गत शहीद जगदीश कुमार के नाम से जाने जाने वाली इंडेन गैस एजेंसी को जाने वाला सड़क मार्ग बदहाली का शिकार बना हुआ है। यह मार्ग लोक निर्माण विभाग के अधीन आता है, लेकिन लंबे समय से इसकी मरम्मत नहीं होने के कारण जगह-जगह गहरे गड्ढे बन गए हैं। हालात ऐसे हैं कि बरसात के दिनों में यह सड़क दलदल में बदल जाती है और पानी भरने से छोटे-छोटे जोहड़ बन जाते हैं, जिससे लोगों का आना-जाना मुश्किल हो जाता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस सड़क के सुधार के लिए कई बार मांग उठाई गई, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। घनी आबादी वाले इस क्षेत्र के लोग रोजाना इस समस्या से जूझ रहे हैं।

लोगों ने संबंधित विभाग और सरकार के प्रति रोष बढ़ता जा रहा है, क्योंकि यह मामला एक शहीद के सम्मान से भी जुड़ा है। ग्रामीणों ने उपायुक्त मंडी से मांग की है कि इस मार्ग की स्थिति को जल्द सुधारा जाए और लोगों को राहत दी जाए।

# न्यूज ब्रीफ

## शिक्षा के साथ अच्छा इंसान बनना भी जरूरी

**अनंत ज्ञान, बग्गी।** स्वांजी स्कूल में नए शैक्षणिक सत्र के शुभारंभ पर नवप्रवेशी विद्यार्थियों के स्वागत के लिए एक प्रेरणादायक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रधानाचार्य अक्षय शर्मा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल किताबों तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि एक अच्छा और जिम्मेदार इंसान बनना भी जरूरी है। कार्यक्रम में परिचय सत्र आयोजित किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने आत्मविश्वास के साथ अपना परिचय दिया और अपने लक्ष्य साझा किए। प्रभावशाली प्रस्तुति देने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य ने विद्यालय को शिक्षा का मंदिर बताते हुए अनुशासन और संस्कारों पर जोर दिया। कक्षा सातवीं के हार्दिक, दसवीं के दिव्यांश तथा ग्यारहवीं के लक्षिता और ऋषभ को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में स्टाफ व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## नाचन के राहुल व भारती ने पास की टीजीटी परीक्षा

**अनंत ज्ञान, सुनील शर्मा, गोहर।** नाचन क्षेत्र की रैफल पंचायत के कुटाहची गांव के राहुल ठाकुर व गोहर के पंचायत नेहरा (गणई) गांव बाग की होनहार बेटी भारती पुत्री बालकृष्ण (बबलू) एवं माता मीना कुमारी ने टीजीटी नॉन मेडिकल में कमीशन निकालकर अपने माता-पिता व पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। राहुल और भारती की इस उपलब्धि से परिवार में खुशी का माहौल है। घर पर रिश्तेदारों, मित्रों और क्षेत्र के लोगों की ओर से बधाइयों का तांता लगना शुरू हो गया है। लोगों ने राहुल और भारती की मेहनत और लगन की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।



## शिव मंदिर महादेव में लगाया खीर का भंडारा

**अनंत ज्ञान, भीम बसेड़ू राजपूत, महादेव।** नाचन विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ऐतिहासिक धार्मिक स्थल महादेव स्थित प्राचीन शिव मंदिर प्रांगण में सोमवार को खीर का विशाल भंडारा आयोजित किया गया। यह भंडारा निकटवर्ती स्यांह क्षेत्र के श्रद्धालु नारायण दास की अगुवाई में लगाया गया। हर सोमवार को आयोजित होने वाले इस भंडारे में दूर-दूर से श्रद्धालु पहुंचकर प्रसाद ग्रहण करते हैं और पुण्य कमाते हैं। पांडवकालीन बताए जाने वाले इस प्राचीन मंदिर में राहगीरों सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु माथा टेकने पहुंचे। सभी ने श्रद्धा भाव से खीर का प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन के दौरान भक्ति का माहौल बना रहा।

## आईटीआई सुंदरनगर में कैंपस प्लेसमेंट कल

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सुंदरनगर में 22 अप्रैल 2026 को सुबह 10 बजे कैंपस प्लेसमेंट का आयोजन किया जाएगा। प्रधानाचार्य विजय कुमार चौधरी ने बताया कि गार्डेक्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, करतारपुर (जालंधर) इस भर्ती प्रक्रिया में भाग लेगी। इसमें टर्नर, डीजल मैकेनिक, ट्रैक्टर मैकेनिक, मशीनिस्ट, सीएनसी ऑपरेटर, फिटर, वुड वर्क टेक्निशियन, फॉर्जिंग, एमएमवी, इलेक्ट्रॉनिक्स मैकेनिक और इलेक्ट्रिशियन ट्रेड के पासआउट अभ्यर्थी हिस्सा ले सकते हैं। चयनित उम्मीदवारों को आकर्षक वेतन के साथ पीएफ, ईएसआईसी, बोनस, मुफ्त आवास और भोजन जैसी सुविधाएं मिलेंगी। अभ्यर्थियों को अपने सभी शैक्षणिक प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, फोटो और बॉल पेन लाना अनिवार्य होगा।

## सेहली में मां बगलामुखी प्रकटोत्सव 23-24 को

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** तुंगल क्षेत्र के शक्तिपीठ मां बगलामुखी मंदिर, सेहली में 23 और 24 अप्रैल को प्रकटोत्सव श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर प्रसिद्ध गायक जसबीर जस्सी और जयपाल सहोता मां का गुणगान करेंगे। हुक्कम चंद ठाकुर भजन मंडली साईंगलू सहित स्थानीय भजन मंडलियां भी प्रस्तुति देंगी। 23 अप्रैल को शाम 7 बजे से रात्रि भोज और रात 8 बजे से भजन-कीर्तन शुरू होकर पूरी रात चलेगा। मध्यरात्रि 12 बजे विशेष पूजा-अर्चना और जागरण आयोजित होगा। 24 अप्रैल को सुबह हवन-पाठ और दोपहर 1 बजे विशाल भंडारा रखा जाएगा। मंदिर प्रशासन ने श्रद्धालुओं से कार्यक्रम के दौरान देव खेल की फोटो और वीडियो न बनाने की अपील की है।

# सिया हत्याकांड: आरोपी को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में मंडी जेल भेजा

अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान फॉलोअप

**रितेश चौहान, सरकाघाट।** उपमंडल सरकाघाट के गांव नैण की कॉलेज छात्रा सिया गुलेरिया हत्याकांड मामले के आरोपी को सोमवार को सरकाघाट अदालत में पेश किया, जहां से उसे 14 दिन की न्यायिक हिरासत में मंडी जेल भेज दिया गया।

जानकारी के अनुसार पुलिस द्वारा प्रारंभिक जांच पूरी कर लेने के बाद आरोपी को ज्यूडिशियल कस्टडी में भेजा गया है। 13 अप्रैल को सिया रोज की तरह कॉलेज के लिए घर से निकली थी। रास्ते में वह अपनी सहेली से फोन पर बात कर रही थी, तभी आरोपी ने उस पर तेजधार हथियार (दराट) से हमला कर दिया। हमले में सिया की मौके पर ही मौत हो गई थी घटना के बाद स्थानीय लोगों द्वारा आसपास के गांवों में सूचना देने के पश्चात् ग्रामीणों ने डोल रोपा के पास आरोपी विकास को दबोच कर पुलिस के हवाले कर दिया था।

पुलिस की पूछताछ में पता चला है कि आरोपी नशे का आदी था और घटना से पहले भी वह घर से पैसे मांगकर निकला था। पैसे न मिलने से गुस्से में था आरोपी ने अचानक गुस्से में आकर वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने इस मामले में दो महिलाओं को गवाह बनाया है और भी कई लोगों से पूछताछ की जा रही है। फॉरेंसिक रिपोर्ट आने के बाद और भी खुलासे होने की संभावना है हालांकि पुलिस इसे नशेड़ी द्वारा की गई वारदात ही मान रही है। पुलिस के हवाले से मिली खबर में कहा जा रहा है कि दोषियों को किसी भी सूरत में नहीं बख्शा जाएगा। ऐसे में सवाल लाजमी है कि जब पुलिस ने प्रारंभिक जांच पूरी कर ली और माननीय न्यायालय ने आरोपी को ज्यूडिशियल कस्टडी में भेज दिया तो फिर किसी अन्य को भी जांच के लिए बुलाया जाएगा हालांकि संभावना शून्य है। दूसरी तरफ घटना को लेकर क्षेत्र में लोगों में भारी आक्रोश है और जगह-जगह प्रदर्शन हो रहे हैं। लोग प्रशासन से कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। जबकि इस मामले में राजनीतिक बयानबाजी भी तेज हो गई है। जिससे लग रहा है कि लोग पुलिस जांच से नाखुश हैं।

# 1.44 ग्राम चिट्टे के साथ युवक गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, धर्मपुर।** धर्मपुर पुलिस ने नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एक महत्वपूर्ण सफलता हासिल की पुलिस थाना धर्मपुर के अंतर्गत मादक पदार्थों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक युवक को चिट्टे (हेरोइन) के साथ गिरफ्तार किया गया है।

जानकारी के अनुसार धारा 21ए 29 एनडीपीएस एक्ट के तहत दर्ज किया गया। पुलिस के अनुसार एएसआई प्रदीप कुमार द्वारा दिए गए हस्तलिखित बयान के आधार पर कार्रवाई अमल में लाई गई। आरोपी की पहचान अंकुश पुत्र संतोष, निवासी रखेड़ा (सपड़ी), डाकघर बरोटी, तहसील धर्मपुर, जिला मंडी हिमाचल प्रदेश के कब्जे से 1.44 ग्राम चिट्टा बरामद किया गया। आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है।

पुलिस ने बताया कि नशे की तस्करी के खिलाफ यह अभियान लगातार चलाया जाएगा ताकि नशे के इस घातक खतरे से लोगों को बचाया जा सके। मामले की पुष्टि करते हुए एएसपी अभिमन्यु वर्मा ने बताया कि नशा तस्करों को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि नशा कारोबारियों के खिलाफ पुलिस का अभियान लगातार जारी रहेगा।

# सरकाघाट में आपदा प्रबंधन पर तीन दिवसीय कार्यशाला शुरू

# 4 पंचायतों के युवा स्वयंसेवकों को दिया जा रहा आपदा से निपटने का प्रशिक्षण

अनंत ज्ञान



**सरकाघाट।** जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, मंडी के सौजन्य से उपमंडल सरकाघाट में आपदा की तैयारी एवं प्रभावी प्रतिक्रिया सुनिश्चित करने के उद्देश्य से युवा स्वयंसेवकों की टास्क फोर्स तैयार करने हेतु अगले चरण का चार पंचायतों के युवा स्वयंसेवकों के लिए तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन एसडीएम सरकाघाट राजेंद्र कुमार गौतम की अध्यक्षता में एसडीएम कार्यालय के सभागार में किया जा रहा है।

यह कार्यशाला 20 से 22 अप्रैल तक आयोजित की जा रही है। इसमें उपमंडल सरकाघाट की चार पंचायतों— जमणी, बाग, नारोला और हरिवहना से आए युवा स्वयंसेवकों को आपदा से पूर्व की तैयारी तथा आपदा के दौरान त्वरित एवं सुरक्षित बचाव कार्यों के लिए व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। तीन दिवसीय प्रशिक्षण के प्रथम दिन प्रतिभागियों को आपदा प्रबंधन से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में प्राथमिक उपचार, सीपीआर का व्यावहारिक अभ्यास, सर्च एंड रेस्क्यू तकनीक तथा आपातकालीन परिस्थितियों में प्रभावी नियंत्रण एवं समन्वय के उपायों पर विशेष जोर दिया गया। जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण से जिला समन्वयक अमरजीत सिंह ने युवा स्वयंसेवकों को आपदा के समय आपसी समन्वय स्थापित करने, त्वरित सूचना साझा करने तथा संभावित नुकसान को कम करने के प्रभावी उपायों के बारे में विस्तार से अवगत कराया। प्रशिक्षण के अंतर्गत युवा स्वयंसेवकों के बीच बेहतर संवाद एवं त्वरित सूचना आदान-प्रदान सुनिश्चित करने के लिए एक व्हाट्सएप समूह भी बनाया गया। कार्यक्रम में चारों पंचायतों के युवा स्वयंसेवकों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। इस अवसर पर एसडीएम कार्यालय सरकाघाट से कार्यालय कानूनगो राजेंद्र पुरी एवं उनका स्टाफ, साथ ही चारों पंचायतों के युवा स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

# टिहरा वार्ड से वंदना ने भाजपा टिकट के लिए पेश की दावेदारी


वंदना गुलेरिया भाजपा टिकट के लिए दावेदारी पेश करती हुईं। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**सरकाघाट।** भाजपा की वरिष्ठ नेत्री एवं प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य वंदना गुलेरिया ने जिला परिषद टिहरा वार्ड से आगामी चुनाव के लिए अपनी दावेदारी पेश की है। मंडल टिहरा में आयोजित कार्यक्रम के दौरान उन्होंने मंडल अध्यक्ष को आवेदन पत्र सौंपा वंदना गुलेरिया वर्ष 2003 से भाजपा संगठन में सक्रिय कार्यकर्ता के रूप में जुड़ी हुई हैं।

इस दौरान उन्होंने संगठन में विभिन्न जिम्मेदारियां निभाई हैं और पार्टी की नीतियों को ग्रामीण स्तर तक पहुंचाने में भूमिका निभाई है। वह दो बार जिला परिषद सदस्य (2010–2015 और 2020–2025) रह चुकी हैं। अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने ग्रामीण सड़कों के निर्माण, बुनियादी ढांचे के सुदृढ़ीकरण, जल संरक्षण, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार से जुड़े कार्यों को आगे बढ़ाया। साथ ही क्षेत्र की जनसमस्याओं के समाधान के लिए कार्य किया। आदर्शिनी वेलफेयर सोसाइटी के माध्यम से उन्होंने महिला सशक्तिकरण और स्वास्थ्य जागरूकता से जुड़े कार्यक्रम संचालित किए हैं। वंदना गुलेरिया ने कहा कि अवसर मिलने पर टिहरा वार्ड के समग्र विकास, महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और सरकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने पर ध्यान दिया जाएगा। इस दौरान मंडल के पदाधिकारी, स्थानीय कार्यकर्ता और समर्थक मौजूद रहे।

# महिला आरक्षण पर कांग्रेस का दोहरा चरित्र उजागर: प्रियंता शर्मा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** भाजपा की प्रदेश सचिव प्रियंता शर्मा ने महिला आरक्षण विधेयक को लेकर कांग्रेस के रुख पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि एक बार फिर कांग्रेस का महिला विरोधी चेहरा देश की जनता के सामने आ गया है। उन्होंने कहा कि वर्षों से कांग्रेस ने महिलाओं को बराबरी का अधिकार देने की बात तो की, लेकिन जब उसे लागू करने का अवसर आया, तब उसका वास्तविक चरित्र उजागर हो गया। प्रियंता ने कहा कि केंद्र की सरकार देश की राजनीति में महिलाओं की 33 प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है और इसी उद्देश्य से महिला आरक्षण विधेयक लाया गया। लेकिन कांग्रेस ने इस ऐतिहासिक कदम का विरोध कर यह साबित कर दिया कि उसकी सोच आज भी सीमित और स्वार्थपूर्ण है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस की राजनीति हमेशा परिवारवाद तक सीमित रही है, जहां केवल कुछ चुनिंदा परिवारों की महिलाओं को ही आगे बढ़ने की मानसिकता रही है। आम महिलाओं को नेतृत्व में स्थान देने के प्रति कांग्रेस कभी गंभीर नहीं रही। प्रियंता ने प्रदेश के मुख्यमंत्री सुक्खू के उस बयान की भी निंदा की, जिसमें उन्होंने इस विधेयक के पारित न होने पर प्रसन्नता व्यक्त की थी। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के बयान यह स्पष्ट करते हैं कि कांग्रेस नेतृत्व महिलाओं के सशक्तिकरण को लेकर कितना संवेदनहीन है। उन्होंने कहा कि भाजपा हमेशा महिलाओं के अधिकारों और सम्मान के लिए प्रतिबद्ध रही है।



# रसोई गैस की अनियमित सप्लाई के विरोध में एसडीएम कार्यालय के बाहर किया प्रदर्शन

अनंत ज्ञान



◆ तीन महीने से कई गांवों में नहीं पहुंची गैस

**सरकाघाट।** सरकाघाट में हिमाचल किसान सभा के बैनर तले रसोई गैस की अनियमित सप्लाई के विरोध में एसडीएम कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन का नेतृत्व भूपेंद्र सिंह, दिनेश काकू, अनिल कुमार, मॉन सिंह, ओमप्रकाश, अशोक पराशर, यशवंत सिंह, सागर चंद, सुरेश शर्मा और ऋत्विक कुमार ने किया, जिसमें दर्जनों लोग शामिल रहे। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि जमसाई स्थित गैस एजेंसी, जो नागरिक आपूर्ति विभाग के अधीन संचालित है, में लंबे समय से वितरण में गड़बड़ियां बनी हुई हैं। सप्लाई ठेकेदार के माध्यम से होने के कारण मनमाने ढंग से गैस वितरित की जा रही है। विभागीय कर्मचारियों की मिलीभगत से घरेलू सिलेंडरों को कमर्शियल में बदलकर बेचे जाने के आरोप भी लगाए गए, जिससे क्षेत्र में गैस की कमी बनी हुई है। भूपेंद्र सिंह ने बताया कि डरवाड़, छत्रैणा, घरवासड़ा, गरली, अंसवाई, भड्डू और चस्वाल सहित कई गांवों में पिछले तीन महीने से गैस सप्लाई नहीं पहुंची है। प्रशासन को बार-बार अवगत कराने के बावजूद स्थिति में सुधार नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि अधिकारियों की लापरवाही के चलते लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है प्रदर्शनकारियों ने मांग की कि तय रूट और समयसारिणी के अनुसार नियमित सप्लाई सुनिश्चित की जाए तथा वितरण के दौरान निगरानी बढ़ाई जाए। इस संबंध में प्रशासन स्तर पर बैठक प्रस्तावित की गई है।

# पांगणा के पहाड़ों में कचनार की बहार सुंदरता के साथ सेहत का भी खजाना

अनंत ज्ञान

**करसोग।** भारत भूमि ज्ञान, संस्कृति और प्राकृतिक औषधियों का अनुपम भंडार है। यह भी सत्य है कि हमारी भारत भूमि साहित्य, गणित, दर्शन, ज्योतिष और व्याकरण जैसे विविध विषयों में समृद्ध होने के कारण विश्व में शिरोमणि मानी जाती है। यहां की परंपराएं और ज्ञान-विज्ञान न केवल मानव जीवन को दिशा देते हैं, बल्कि प्रकृति के साथ संतुलित जीवन जीने की प्रेरणा भी प्रदान करते हैं। इसी पावन भूमि की एक विशेषता यह भी है कि यहां विभिन्न प्रकार की दिव्य औषधीय प्राकृतिक रूप से उत्पन्न होती हैं, जिन्हें ऋतु और आवश्यकता के अनुसार उपयोग में लाया जाता है। वर्तमान समय में प्रकृति में कचनार की बहार देखने को मिल रही है, जो विशेष रूप से पहाड़ी क्षेत्रों में लगभग 4000 फीट की ऊंचाई तक पाया जाता है। कचनार के फूल सफेद, बैंगनी और गुलाबी रंगों में खिलते हैं, जो न केवल देखने में आकर्षक होते हैं बल्कि औषधीय गुणों से भी भरपूर होते हैं। आयुर्वेद चिकित्सक डॉक्टर जगदीश शर्मा का कहना है कि इसकी



छाल (त्वचा) और पुष्प विशेष रूप से उपयोग में लाए जाते हैं। इसके फूलों से तैयार किया गया गुलकंद, सब्जी/व्यंजन कब्ज जैसी समस्या में लाभकारी माना जाता है।

इसके पुष्पों के रस (स्वरस) की मात्रा सामान्यतः 10 से 20 मिली तक उपयोग की जाती है। पहाड़ी क्षेत्रों में कचनार के फूलों के 'बड़े-भल्ले' तथा इसकी कलियों का रायता बड़े चाव से खाया जाता है, जो स्वाद और स्वास्थ्य दोनों के लिए लाभकारी होता है। आयुर्वेदिक दृष्टि से कचनार के प्रयोग से चर्म रोग, कृमि, रक्त संबंधी विकार, रक्तस्राव तथा खांसी जैसी समस्याओं में भी लाभ मिलता है। यह शोथहर है। गंडमाला में इसकी छाल का लेप करते हैं।

स्वागत

# रसोई गैस आपूर्ति पर प्रशासन सतर्क, उपभोक्ताओं से धैर्य की अपील

# 24 एजेंसियों से हो रही गैस आपूर्ति: एडीसी

अनंत ज्ञान


अतिरिक्त उपायुक्त मंडी गुरसिमर सिंह की अध्यक्षता में बैठक आयोजित। अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** अतिरिक्त उपायुक्त मंडी गुरसिमर सिंह की अध्यक्षता में रसोई गैस आपूर्ति व्यवस्था को लेकर बैठक आयोजित की गई। अतिरिक्त उपायुक्त ने बताया कि जिले में घरेलू रसोई गैस सिलेंडरों की आपूर्ति की नियमित निगरानी की जा रही है तथा प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध निपटारा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जिले में कार्यरत 24 गैस एजेंसियों के माध्यम से उपभोक्ताओं को उनकी बुकिंग के अनुसार गैस सिलेंडर उपलब्ध करवाए जा रहे हैं।

अतिरिक्त उपायुक्त ने उपभोक्ताओं से अपील की कि वे निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुसार ही गैस सिलेंडर की बुकिंग करवाएं। उन्होंने बताया कि शहरी क्षेत्रों में 25 दिन तथा ग्रामीण क्षेत्रों में 45 दिन के अंतराल के बाद ही अगली बुकिंग की जा सकती है। अतिरिक्त उपायुक्त ने बताया कि धर्मपुर, सरकाघाट और जोगिंदरनगर क्षेत्रों से गैस सिलेंडर उपलब्ध न होने संबंधी शिकायतें प्राप्त हुई हैं। इस पर संबंधित तेल विपणन कंपनियों को निर्देश दिए गए हैं कि इन क्षेत्रों की गैस एजेंसियों को अतिरिक्त गैस सिलेंडर उपलब्ध करवाए जाएं, ताकि उपभोक्ताओं को असुविधा न हो। उन्होंने कहा कि घरेलू गैस सिलेंडरों का वितरण निर्धारित मार्ग योजना के अनुसार ही सुनिश्चित किया जाए तथा जिन क्षेत्रों में कुछ समय से आपूर्ति नहीं पहुंची है, वहां प्राथमिकता के आधार पर गैस उपलब्ध करवाई जाए।

उन्होंने कहा कि जिन उपभोक्ताओं ने अभी तक अपनी पहचान सत्यापन प्रक्रिया पूर्ण नहीं की है, वे इसे शीघ्र पूरा करें, ताकि गैस आपूर्ति में किसी प्रकार की बाधा न आए। अतिरिक्त उपायुक्त ने बताया कि वर्तमान में जिले को गैस एजेंसियों में 14.2 किलोग्राम के 3814 घरेलू, 19 किलोग्राम व्यावसायिक के 165, 5 किलोग्राम घरेलू के 112 तथा 5 किलोग्राम व्यावसायिक के 570 गैस सिलेंडर उपलब्ध हैं। उन्होंने आमजन से अपील की कि वे घबराएं नहीं और प्रशासन का सहयोग करें। बैठक में जिला नियंत्रक, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले, क्षेत्रीय प्रबंधक हिमाचल प्रदेश राज्य नागरिक आपूर्ति निगम तथा क्षेत्रीय बिक्री अधिकारी इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड उपस्थित रहे।

# मनरेगा मजदूरों की परेशानी पर किसान सभा सख्त, व्यवस्था पर उठाए सवाल

अनंत ज्ञान

◆ ऑनलाइन हाजिरी न लगने पर मजदूरों को काम से लौटाने का आरोप

◆ मस्टोल व बेरोजगारी भत्ते को लेकर उठे गंभीर सवाल आंदोलन की चेतावनी

**नूतन ठाकुर, बालीचौकी।** हिमाचल किसान सभा लोकल कमेटी ने खंड विकास कार्यालय बालीचौकी की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाते हुए मनरेगा व श्रम कानूनों की कथित अवहेलना पर कड़ी आपत्ति जताई है। किसान सभा राज्य कमेटी सदस्य महेंद्र सिंह राणा ने कहा कि क्षेत्र की कई पंचायतों में चल रहे मनरेगा कार्यों के दौरान तकनीकी कारणों से ऑनलाइन हाजिरी दर्ज न हो पाने पर मजदूरों को काम से वापस भेजा जा रहा है, जबकि नियमों के तहत ऐसी स्थिति में ऑफलाइन हाजिरी की व्यवस्था संभव है।

उन्होंने आरोप लगाया कि मस्टोल जारी होने के बावजूद मजदूरों को इसकी जानकारी नहीं दी जा रही, जबकि नियमों के अनुसार मस्टोल कार्यस्थल पर उपलब्ध होना चाहिए ताकि श्रमिक इसकी जांच कर सकें। इसके अलावा, उन्होंने कहा कई आवेदकों को निर्धारित समय के भीतर काम उपलब्ध नहीं कराया गया और न ही बेरोजगारी भत्ता दिया गया। आरोप है कि सीमित लोगों को ही काम दिया जा रहा है और उन्हें भी कार्यस्थल पर दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

महेंद्र सिंह राणा ने मांग की है कि जिन श्रमिकों की ऑनलाइन हाजिरी तकनीकी कारणों से दर्ज नहीं हो पाई, उनकी उपस्थिति सुनिश्चित कर भुगतान किया जाए तथा पात्र लोगों को तुरंत बेरोजगारी भत्ता दिया जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि कार्यप्रणाली में सुधार नहीं हुआ तो उग्र आंदोलन व अनिश्चितकालीन हड़ताल की जाएगी।

## न्यूज ब्रीफ

### मां और बच्चे के समग्र विकास पर जोर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** बाल विकास परियोजना सदर, बिलासपुर के सौजन्य से वृत्त सदर 1 के गांव सुगल में पोषण पखवाड़ा के अंतर्गत वृत्त स्तरीय जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की अध्यक्षता वृत्त प्रवेक्षिका हेमलता शर्मा ने की। पोषण पखवाड़ा के तहत इस शिविर में रीता देवी (पत्नी विपिन) की गोद भराई तथा सिद्धार्थ (पुत्र अरुण) का अन्नप्राशन संस्कार भी विधिवत करवाया गया। उपस्थित सभी लोगों को पोषण पखवाड़े के दौरान प्रतिदिन की जाने वाली गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी गई। शिविर में विशेष रूप से मां व बच्चे की देखभाल के बारे में चर्चा की गई। जानकारी देते हुए बताया गया कि बच्चे के दिमाग का 85 प्रतिशत विकास 6 वर्ष की आयु तक ही हो जाता है, अतः प्रारंभिक वर्षों में पोषण का विशेष ध्यान रखना अति आवश्यक है। इस अवसर पर गांव की महिलाएं, किशोरियां, वृत्त की सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता तथा आशा कार्यकर्ता ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया।

### अग्निशमन यंत्रों को चलाने का व्यावहारिक प्रदर्शन किया

**अनंत ज्ञान, हरोली।** फायर वीक के उपलक्ष्य पर खंड विकास अधिकारी हरोली तथा हरोली कॉलेज में आग से बचाव को लेकर एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान उपस्थित लोगों एवं विद्यार्थियों को आग लगने की स्थिति में अपनाए जाने वाले सुरक्षा उपायों की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान अग्निशमन विभाग की टीम ने अग्निशमन यंत्रों को चलाने का व्यावहारिक प्रदर्शन भी किया, जिससे लोगों को आपात स्थिति में तुरंत प्रतिक्रिया देने के बारे में समझाया गया। इसके साथ ही जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से पंपलेट भी वितरित किए गए। इस अभियान में टीम के सदस्य सुनील दत्त, रविंद्र, हरमेश, कमल तथा चालक मनीष शामिल रहे। इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम लोगों को आग जैसी आपात परिस्थितियों से निपटने के लिए तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

### सेवानिवृत्त ऑडिटरों के लिए विशेष प्रशिक्षण 22 को

**अनंत ज्ञान, ऊना।** सहकारी संस्थाओं में पारदर्शिता व तकनीकी दक्षता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ऊना जिला सहकारी विकास संघ (ऊनकोफैड) एक महत्वपूर्ण पहल करने जा रहा है। इसके तहत 22 अप्रैल को दोपहर 2 बजे सहकारी भवन, ऊना-नंगल रोड में सेवानिवृत्त सहकारिता विभाग के ऑडिटरों के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की जाएगी। कार्यशाला में अंकित बाली ने बताया कि भारत सरकार का सहकारिता मंत्रालय द्वारा लागू ऑनलाइन ऑडिट प्रणाली पर विस्तृत प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसका उद्देश्य सहकारी संस्थाओं के ऑडिट को डिजिटल बनाकर पारदर्शिता, गति व सटीकता सुनिश्चित करना है। इस कार्यक्रम में सहकारिता विभाग व कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक के अनुभवी अधिकारी तकनीकी व व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान करेंगे। यह पहल सहकारी संस्थाओं को डिजिटल रूप से सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

### 22 को बरठीं विश्राम गृह में होगा स्वागत समारोह

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** विजय कौशल को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी झंडूत्ता का प्रधान बनने पर 22 अप्रैल को विश्राम गृह बरठी में भव्य स्वागत समारोह आयोजित किया जाएगा। जानकारी देते हुए पार्टी पदाधिकारी राज कुमार कौशल ने बताया कि बुधवार 11 बजे बरठीं बाजार से विश्राम गृह तक सम्मान रैली निकाली जाएगी। इसके उपरांत विश्राम गृह में एक सादे समारोह का आयोजन होगा। विजय कौशल ने अपनी ताजपोशी के लिए पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के साथ-साथ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव विवेक कुमार के प्रयासों को सराहनीय करार दिया है।

### महिलाओं को किचन गार्डनिंग भी करनी चाहिए

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** बरमाणा में कृषि संबंधी जानकारी देने के लिए एक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें कृषि विभाग से सेवानिवृत्त उपनिदेशक डॉ. प्रकाशचंद ठाकुर ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इस दौरान उन्होंने स्वयं सहायता समूहों के प्रधान व सचिवों को तकनीकी जानकारी दी। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि कामधेनू संस्था की तर्ज पर ग्रामीण स्तर पर महिलाओं को संगठित होकर पशु पालन, रेश्म कीट पालकर अपनी आय के स्त्रोत तैयार करने चाहिए, जिससे उनकी आर्थिकी और सुदृढ़ हो। उन्होंने कृषि संबंधी जानकारी देते हुए कहा कि महिलाओं को किचन गार्डनिंग तथा प्राकृतिक खेती भी करनी चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने कम से कम कीटनाशक दवाईयां प्रयोग करने की सलाह भी दी। इस गोष्ठी में श्रीमति इंद्रा देवी, मंगला देवी, माया देवी, रीता देवी, रीना देवी, गुड्डी आदि महिलाओं ने भाग लिया।

### नलवाड़ी मेले की तैयारियां पूरी, 23 से होगा शुरू

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** झंडूता उपमंडल मुख्यालय में नलवाड़ी मेले की तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। यह तीन दिवसीय सांस्कृतिक महोत्सव 23 से 25 अप्रैल तक बैहरन ग्राउंड में आयोजित किया जाएगा। प्रशासन ने मेले को यादगार व सुव्यवस्थित बनाने के लिए सभी जरूरी इंतजाम मुकम्मल कर लिए हैं। उपमंडलीय अधिकारी अर्शिया शर्मा ने बताया कि मेले के पहले दिन 23 अप्रैल को आकर्षक मिस्टर एंड मिसिज झंडूता प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा, जिसमें स्थानीय युवा-युवतियां अपनी प्रतिभा दिखाएंगे और विजेताओं को आकर्षक पुरस्कार दिए जाएंगे। तीन दिनों तक चलने वाले इस मेले में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम, लोक नृत्य, लोक गीत, पारंपरिक खेलकूद गतिविधियां व विविध प्रकार के स्टॉल लगाए जाएंगे। हिमाचली व्यंजनों के स्टॉल, हस्तशिल्प उत्पादों की प्रदर्शनी व बच्चों के लिए मनोरंजक गतिविधियां भी इस मेले की प्रमुख आकर्षण होंगी। प्रशासन का प्रयास है कि यह मेला न सिर्फ सांस्कृतिक रूप से समृद्ध हो, बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी बढ़ावा दे। अर्शिया शर्मा ने सभी संबंधित विभागों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, स्वच्छता व चिकित्सा सुविधाओं को लेकर कोई कमी न रहे। पुलिस, स्वास्थ्य, बिजली और जल विभाग को अलर्ट मोड पर रखा गया है। स्थानीय लोगों से मेले में बड़ी संख्या में पहुंचने और इसे सफल बनाने की अपील की गई है।

### युवाओं के भविष्य को लेकर सदैव प्रयासरत रहते हैं राजेश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** आगामी पंचायतीराज चुनावों से पहले संभावित उम्मीदवारों ने मैदान में सक्रियता बढ़ा दी है। वार्ड नंबर-10 बरमाणा से युवा समाजसेवी राजेश कुमार ने द्रोबड़ पंचायत का दौरा कर जनसंपर्क अभियान शुरू किया, जहां ग्रामीणों ने उनका स्वागत किया। द्रोबड़ चौक पर आयोजित कार्यक्रम में राजेश कुमार ने विकास को अपनी प्राथमिकता बताते हुए क्षेत्र की तस्वीर बदलने का भरोसा दिलाया। लंबे समय से सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय रहे राजेश कुमार ने युवाओं को खेलों से जोड़ने और विभिन्न पंचायतों में खेल प्रतियोगिताओं को सहयोग देने में अहम भूमिका निभाई है। उन्होंने नशे से प्रभावित परिवारों की सहायता व जरूरतमंदों की मदद को भी अपनी प्रतिबद्धता बताया। स्थानीय लोगों ने उनके प्रयासों पर विश्वास जताया और समर्थन का संकेत दिया।

### कांग्रेस सरकार हर मोर्चे पर फेल: रणधीर शर्मा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** भाजपा प्रदेश प्रवक्ता व श्री नयना देवी जी से विधायक रणधीर शर्मा ने कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि जनता अपने आप को ठगा हुआ महसूस कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव से पहले दी गई गारंटियां अब तक पूरी नहीं हुई हैं। रणधीर शर्मा ने कहा कि सरकार की आर्थिक नीतियों के कारण प्रदेश पर कर्ज बढ़ता जा रहा है, जबकि विकास कार्य ठप पड़े हैं। लोक निर्माण विभाग सहित कई विभागों में ठेकेदारों को समय पर भुगतान नहीं हो रहा, जिससे रोजगार पर असर पड़ा है। उन्होंने बेरोजगारी, महंगाई, बिजली-पानी की बढ़ती दरों और कानून-व्यवस्था के मुद्दों पर भी सरकार को घेरा। उनका कहना है कि सरकार हर मोर्चे पर विफल रही है और आने वाले समय में जनता इसका जवाब देगी।

### महिला आरक्षण विधेयक पर विपक्षी रवैये को बताया दुर्भाग्यपूर्ण

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** जिला युवा मोर्चा ऊना के सोशल मीडिया संयोजक राहुल शर्मा ने लोकसभा में महिला आरक्षण विधेयक के मुद्दे पर विपक्षी दलों के रवैये की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि इस ऐतिहासिक विधेयक का विरोध कर विपक्ष ने अपना असली चेहरा देश के सामने उजागर कर दिया है। राहुल शर्मा ने कहा कि महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने का निर्णय केंद्र सरकार द्वारा लिया गया एक साहसिक और ऐतिहासिक कदम है, जो देश की आधी आबादी को राजनीतिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा, लेकिन दुर्भाग्यपूर्ण है कि विपक्षी दलों ने इस महत्वपूर्ण मुद्दे पर सकारात्मक सहयोग देने के बजाय संसद में व्यवधान और राजनीति करने का रास्ता चुना।

### घुमारवीं में संगठनों ने राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल व संवेदना संस्था घुमारवीं के कार्यकर्ताओं ने उपमंडलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा। ज्ञापन में विभिन्न सामाजिक मुद्दों और हाल की कथित घटनाओं को लेकर चिंता जताई गई। कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि समाज में कुछ गतिविधियों और घटनाओं से असंतोष का माहौल बन रहा है तथा उन्होंने संबंधित मामलों पर सख्त कार्रवाई की मांग की। उन्होंने कहा कि सामाजिक सौहार्द और सुरक्षा को लेकर ठोस कदम उठाए जाने चाहिए। इस मौके पर विभाग मंत्री कैप्टन विजयपाल, जिला सह मंत्री विशाल नड्डा, प्रखंड अध्यक्ष लक्की शर्मा, मंत्री प्रवीण धीमान, बजरंग दल जिला संयोजक सूर्य चंदेल सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### उपमुख्यमंत्री ने श्री चिंतपूर्णी में 12 करोड़ की दो उठाऊ पेयजल परियोजनाओं का किया लोकार्पण

# 5000 लोगों को मिलेगी बेहतर पेयजल सुविधा

अनंत ज्ञान

**ऊना।** उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने सोमवार को श्री चिंतपूर्णी विधानसभा क्षेत्र में एशियाई विकास बैंक (एडीबी) के अंतर्गत जल शक्ति विभाग द्वारा निर्मित लगभग 12 करोड़ रुपए की लागत की दो महत्वपूर्ण उठाऊ पेयजल योजनाओं का विधिवत लोकार्पण किया।

इनमें उठाऊ पेयजल योजना कोहाड़छन्न तथा उठाऊ पेयजल योजना अरनवाल गुरेट शामिल हैं। इन योजनाओं से चौआर, भगड़ाह, लोहारा अप्पर, अंब टीला तथा चौआर पंचायतों की करीब 5000 आबादी को स्वच्छ एवं नियमित पेयजल सुविधा उपलब्ध होगी। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। इसी दिशा में जल शक्ति विभाग के माध्यम से हर घर जल योजना को सशक्त किया जा रहा है तथा किसानों को पर्याप्त सिंचाई सुविधा उपलब्ध करवाने के प्रयास तेज किए गए हैं। उन्होंने बताया कि श्री चिंतपूर्णी विधानसभा क्षेत्र में वर्तमान में लगभग 120 करोड़ रुपए की पेयजल व सिंचाई योजनाओं पर कार्य प्रगति पर है, जिनमें से करीब 70 करोड़ रुपए व्यय किए जा चुके हैं। शेष कार्यों को भी प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूरा किया जाएगा। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि हाल ही में बेहड़ जस्वां में 4.15 करोड़ रुपए की उठाऊ पेयजल योजना तैयार कर जनता को समर्पित की गई है, जिससे बेहड़ जस्वां और त्याई पंचायतों के सात गांवों को लाभ मिला है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में ऊना जिला में लगभग 1000 करोड़ रुपए की पेयजल एवं सिंचाई परियोजनाएं प्रगति पर हैं। इनमें करीब 550 करोड़ रुपए पेयजल योजनाओं तथा 350 करोड़ रुपए सिंचाई कार्यों पर खर्च किए जा रहे हैं।उन्होंने कहा कि माता श्री चिंतपूर्णी मंदिर परिसर के विस्तार एवं सौंदर्यीकरण पर पहले चरण में 225 करोड़ रुपए व्यय किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त माता का बाग पर 4 करोड़, मिनी सचिवालय अंब पर 5 करोड़ तथा सिविल अस्पताल अंब में नए ओपीडी ब्लॉक पर 5 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे।

अग्निहोत्री ने कहा कि अंब क्षेत्रवासियों को बेहतर यातायात सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए अंब में अत्याधुनिक बस अड्डे का निर्माण किया जाएगा। साथ ही जल शक्ति विभाग का विश्राम गृह भी बनाया जाएगा। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार चिट्टे और अन्य नशे के कारोबार में संलिप्त लोगों के खिलाफ पूरी सख्ती और दृढ़ता के साथ कार्रवाई कर रही है। उन्होंने कहा कि समाज को नशामुक्त बनाने के लिए सरकार ने निर्णायक कदम उठाए हैं और दोषियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रदेश में चिट्टे के कारोबार में शामिल लोगों की अब तक करीब 50 करोड़ रुपए मूल्य की संपत्तियां जब्त की जा चुकी हैं। यह कार्रवाई सरकार की नशे के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति का स्पष्ट प्रमाण है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि नशे के मामलों में संलिप्त पाए गए 50 अधिकारियों और कर्मचारियों के विरुद्ध भी कड़ी कार्रवाई करते हुए उन्हें नौकरी से निलंबित किया गया है। सरकार का स्पष्ट संदेश है कि कानून से ऊपर कोई नहीं है। उन्होंने कहा कि भविष्य में नशे और चिट्टे के मामलों में शामिल पाए जाने वाले लोग पंचायत चुनाव भी नहीं लड़ सकेंगे। इसके लिए आवश्यक कानूनी प्रावधानों और सख्त नीतियों पर कार्य किया जा रहा है, ताकि स्वच्छ और जिम्मेदार नेतृत्व को बढ़ावा मिल सके।



उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री विभिन्न योजनाओं का लोकार्पण करने के बाद स्थानीय नेताओं के साथ। अनंत ज्ञान

## बिलासपुर में दूध के न्यूनतम समर्थन मूल्य से मजबूत हो रही ग्रामीण अर्थव्यवस्था

अनंत ज्ञान

**अरुण डोगरा रीतू, बिलासपुर।** प्रदेश सरकार द्वारा दूध का न्यूनतम समर्थन मूल्य तय किए जाने का सकारात्मक प्रभाव जिला बिलासपुर में स्पष्ट रूप से देखने को मिल रहा है।



वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए गाय के दूध का एमएसपी 61 रुपए प्रति लीटर व भैंस के दूध का 71 रुपए प्रति लीटर निर्धारित होने से जिले के पशुपालकों को उनकी मेहनत का उचित और सुनिश्चित मूल्य मिल रहा है। जिला बिलासपुर में पशुपालन ग्रामीण आजीविका का एक महत्वपूर्ण आधार है। यहां 7490 किसानों के माध्यम से प्रतिदिन 30,446 लीटर दूध का उत्पादन हो रहा है, जिससे हजारों परिवारों की आय जुड़ी हुई है। एमएसपी लागू होने से अब पशुपालकों को बाजार की अनिश्चितता से राहत मिली है और उन्हें घर पर ही दूध के बेहतर दाम मिल रहे हैं। स्थानीय पशुपालकों चंगर निवासी किशन लाल, लखनपुर निवासी पानो देवी व जुखाला क्षेत्र के धमथल गांव की रीना देवी का कहना है कि इस निर्णय से उनकी आय में बढ़ोतरी हुई है व पशुपालन के प्रति उनका रुझान भी बढ़ा है, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिल रही है।

> **उपनिदेशक** पशु स्वास्थ्य व प्रजनन डॉ. किशोरी लाल शर्मा ने बताया कि जिले में दूध उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए फ्रेट सब्सिडी योजना के तहत 3 रुपए प्रति लीटर सब्सिडी व 3 रुपए प्रति लीटर इंसेंटिव दिया जा रहा है।
>
> **डीसी** राहुल कुमार के अनुसार, जिला प्रशासन द्वारा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू किया जा रहा है, ताकि अधिक से अधिक पात्र लाभार्थियों को समय पर लाभ मिल सके।

## बेटियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए एचपीवी टीकाकरण अनिवार्य : राजेश धर्माणी

अनंत ज्ञान

◆ **स्कूलों से भी सहयोग की अपील की**

**ब्यूरो, बिलासपुर।** नगर व ग्राम नियोजन मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा कि 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की किशोरियों को एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) टीकाकरण के माध्यम से सर्वाइकल कैंसर से बचाव सुनिश्चित करना सरकार की महत्वपूर्ण पहल है।



उन्होंने अभिभावकों से आह्वान किया कि वे अपनी बेटियों को समय पर टीका अवश्य लगवाएं, क्योंकि स्वास्थ्य विभाग के अनुसार जिले में विशेषकर घुमारवीं क्षेत्र में सर्वाइकल कैंसर के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। उन्होंने बताया कि विशेषज्ञों के अनुसार कम आयु में एचपीवी टीकाकरण संक्रमण से सुरक्षा प्रदान कर भविष्य में कैंसर के खतरे को काफी हद तक कम करता है। जिला बिलासपुर में 2735 किशोरियों के लक्ष्य के मुकाबले अब तक 788 का टीकाकरण किया जा चुका है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. शशि दत्त शर्मा ने बताया कि 20 अप्रैल से एम्स बिलासपुर सहित 31 स्वास्थ्य केंद्रों पर प्रतिदिन सुबह 10 से दोपहर 3 बजे तक टीकाकरण सत्र आयोजित किए जाएंगे तथा आवश्यकता अनुसार रविवार को विशेष सत्र भी लगाए जाएंगे। उन्होंने स्कूलों से भी सहयोग की अपील की है। जिले में विभिन्न चिकित्सा खंडों में कोल्ड चेन प्वाइंट स्थापित किए गए हैं, ताकि टीकाकरण अभियान सुचारू रूप से संचालित हो सके। उन्होंने बताया कि भारत में लगभग 83 प्रतिशत सर्वाइकल कैंसर मामलों के लिए एचपीवी संक्रमण जिम्मेदार है, विशेषकर एचपीवी-16 व 18 प्रकार सबसे अधिक खतरनाक हैं। समय पर टीकाकरण व नियमित जांच से इस गंभीर बीमारी के जोखिम को काफी हद तक कम किया जा सकता है।


## महिला आरक्षण व परिसीमन के मुद्दे पर भाजपा-पीएम ट्रोल : संदीप सांख्यान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** कांग्रेस के पूर्व मीडिया को-ऑर्डिनेटर संदीप सांख्यान ने कहा कि सोशल मीडिया पर प्रधानमंत्री के बयानों को जिस तरह ट्रोल किया जा रहा है, वह दर्शाता है कि जनता लंबे समय तक भ्रमित नहीं रह सकती। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा परिसीमन की आड़ में न सिर्फ अपनी सीटें बढ़ाना चाहती है, बल्कि अपनी जीत का मार्जिन भी बनाए रखना चाहती है। सांख्यान ने कहा कि 2023 में सभी दलों ने महिला आरक्षण बिल का समर्थन किया व वह पास हुआ, लेकिन आज तक लोकसभा में महिलाओं की भागीदारी 33% क्यों नहीं हुई? यदि प्रधानमंत्री इसका जवाब दे देते, तो ट्रोल होने की नौबत नहीं आती। उन्होंने कहा कि भाजपा को डर है कि यदि आरक्षण लागू हुआ, तो उसके आधे से अधिक दावेदार चुनाव हार जाएंगे, इसलिए महिला आरक्षण की आड़ में परिसीमन का नया ढोंग रचा गया।

## ऊना में स्वास्थ्य सेवाओं को नई ऊंचाई : देवभूमि अद्वैता ने सशक्त की कार्डियक व क्रिटिकल केयर टीम

अनंत ज्ञान

**ऊना।** क्षेत्र में बेहतर व आधुनिक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में एक अहम पहल करते हुए देवभूमि अद्वैता हार्ट इंस्टीट्यूट एंड मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल ने अपनी कार्डियक व क्रिटिकल केयर सेवाओं को और मजबूत बना लिया है। अस्पताल प्रबंधन द्वारा विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम का विस्तार करते हुए मरीजों को उच्च स्तरीय उपचार सुविधा देने की दिशा में यह बड़ा कदम माना जा रहा है।





अस्पताल की कार्डियोलॉजी टीम, जिसका नेतृत्व सीनियर कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. ताहिर सलीम भट कर रहे हैं, अब और सुदृढ़ हो गई है। टीम में दो नए अनुभवी डॉक्टरों को शामिल किया गया है। इनमें डॉ. आदिल रफीक (डीएम कार्डियोलॉजी) तथा डॉ. वीएस प्रवीन कुमार (एमडी मेडिसिन, पीजीआई चंडीगढ़) शामिल हैं। डॉ. प्रवीन कुमार क्रिटिकल केयर विशेषज्ञ हैं और इससे पहले मणिपाल, बेंगलुरु जैसे प्रतिष्ठित संस्थान में अपनी सेवाएं दे चुके हैं। अस्पताल के संस्थापक व निदेशक डॉ. हरजिंदर सिंह ने बताया कि पिछले दो वर्षों में अस्पताल ने निरंतर उत्कृष्ट चिकित्सा सेवाएं प्रदान करते हुए क्षेत्र के लोगों का विश्वास अर्जित किया है।

उन्होंने कहा कि अब अस्पताल का लक्ष्य इन सेवाओं को और अधिक उन्नत स्तर तक पहुंचाना है, जिसके लिए विशेषज्ञ टीम का विस्तार किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि भविष्य में भी अस्पताल प्रबंधन टीम को और मजबूत करने के लिए प्रयासरत रहेगा व जल्द ही अन्य विशेषज्ञ चिकित्सकों को भी जोड़ा जाएगा, ताकि मरीजों को हर प्रकार की आधुनिक चिकित्सा सुविधा एक ही स्थान पर उपलब्ध हो सके। देवभूमि अद्वैता हार्ट इंस्टीट्यूट एंड मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल पिछले दो वर्षों से ऊना में कार्डियोलॉजी, गैस्ट्रोएंट्रोलॉजी, क्रिटिकल केयर, नेफ्रोलॉजी व फिजियोथेरेपी जैसी सेवाओं में बेहतर चिकित्सा सुविधाएं प्रदान कर रहा है। इसके अलावा मैक्स अस्पताल के साथ टाई-अप के माध्यम से न्यूरोलॉजी, नेफ्रोलॉजी व मेडिकल ऑन्कोलॉजी के विशेषज्ञ भी समय-समय पर विजिटिंग सेवाएं दे रहे हैं, जिससे स्थानीय मरीजों को बड़े शहरों में जाने की आवश्यकता कम हो रही है।

## पंजगाई में स्मार्ट मीटर के खिलाफ फूटा गुस्सा

### युवा नेता रोहित ने दी जिला मुख्यालय में आंदोलन की चेतावनी

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, बिलासपुर।** जिला बिलासपुर के पंजगाई क्षेत्र में बिजली बोर्ड द्वारा स्मार्ट मीटर लगाए जाने के मामले ने तूल पकड़ लिया है।

स्थानीय लोगों, दुकानदारों व युवा नेता रोहित ठाकुर के नेतृत्व में सोमवार को पंजगाई बाजार के मुख्य चौक पर जोरदार प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि बिजली बोर्ड के कर्मचारी बिना किसी पूर्व सूचना या सहमति के दुकानों में जबरन स्मार्ट मीटर स्थापित कर रहे हैं। एक दुकानदार ने जब इसका विरोध किया, तो उसके खिलाफ बरमाना थाना में शिकायत दर्ज कराई गई, जिससे व्यापारियों में रोष व्याप्त है। युवा नेता रोहित ने इसे लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन बताते हुए कहा कि बिना सहमति के कोई भी योजना थोपना गलत है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि बिजली बोर्ड ने अपनी कार्यप्रणाली नहीं बदली, तो जिला मुख्यालय में बड़े स्तर पर धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। स्थानीय लोगों ने स्मार्ट मीटर को लेकर बिजली बिल बढ़ने व तकनीकी खामियों की आशंका जताई है। उनका कहना है कि बिना जागरूकता व सहमति के इसे लागू करना उचित नहीं है।

प्रदर्शन में पंजगाई, धौनकोठी, रोपा व आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। इनमें छोटा राम ठाकुर, रविंदर कुमार (पूर्व प्रधान), दौलत राम ठाकुर, अमरनाथ ठाकुर, बंगालु राम, कमल वर्मा, नरेंद्र गौतम, योगेश कुमार, सुनील गौतम, राजीव भारद्वाज और ज्ञान चंद प्रमुख रहे। प्रदर्शनकारियों ने प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है व स्पष्ट किया है कि यदि मांगों को नजरअंदाज किया गया, तो आंदोलन तेज किया जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन और बिजली बोर्ड की होगी।



रोहित ठाकुर के नेतृत्व में प्रदर्शन करते ग्रामीण। अनंत ज्ञान

## एडीबी टीम ने डुमखर और बल्ह क्लस्टरों का किया दौरा

अनंत ज्ञान

**ऊना।** किसानों की आय बढ़ाने और बागवानी क्षेत्र में हो रहे सकारात्मक बदलावों का आकलन करने के लिए एशियन डेवलपमेंट बैंक (एडीबी) की चार सदस्यीय उच्च स्तरीय टीम ने बंगाणा ब्लॉक का दौरा किया। टीम का नेतृत्व डेनिस लोपेज ने किया।



टीम ने एचपी शिवा परियोजना के तहत विकसित डुमखर व बल्ह क्लस्टर के बगीचों का निरीक्षण किया और पौधों की वृद्धि, सिंचाई व्यवस्था तथा आधारभूत सुविधाओं का विस्तृत मूल्यांकन किया। निरीक्षण के दौरान टीम ने बागवानों से सीधे संवाद कर परियोजना से मिले लाभ, चुनौतियों और अनुभवों की जानकारी ली। किसानों ने बताया कि आधुनिक बागवानी तकनीक, ड्रिप सिंचाई व्यवस्था और बेहतर सुविधाओं के चलते उनकी उत्पादन क्षमता और आय में सुधार हुआ है। उन्होंने परियोजना को ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए उपयोगी बताया। एडीबी टीम ने ड्रिप इरिगेशन कार्यों की समीक्षा करते हुए संबंधित ठेकेदारों को निर्माण कार्यों में तेजी लाने और गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। टीम ने स्पष्ट किया कि सभी कार्य निर्धारित मानकों और समयसीमा के भीतर पूरे किए जाएं, ताकि किसानों को अधिकतम लाभ मिल सके। एडीबी प्रवक्ता ने कहा कि बैंक द्वारा उपलब्ध कराई गई फंडिंग का प्रभाव जमीन पर स्पष्ट दिखाई दे रहा है व यह परियोजना किसानों की आय बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। उपनिदेशक बागवानी विभाग डॉ. कमलेश भारद्वाज ने बताया कि टीम ने कार्यों की प्रगति पर संतोष व्यक्त किया।

## 70 लाख से बरमाना के मोक्ष धाम का होगा पुनर्निर्माण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** पिछले करीब पांच वर्षों से भारी बारिश व भूस्खलन के कारण क्षतिग्रस्त हुए बरमाना क्षेत्र के मोक्ष धाम के पुनर्निर्माण का मार्ग अब प्रशस्त हो गया है। इस मोक्ष धाम के ध्वस्त होने से आसपास की बैरी बरमाना, धोन कोठी, पंजगाई सहित मंडी क्षेत्र डेहर की पंचायत के लोगों को अंतिम संस्कार के लिए भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। हिमुडा निदेशक मंडल सदस्य जितेंद्र चंदेल ने इस गंभीर समस्या का संज्ञान लेते हुए इसे प्रदेश के मुख्यमंत्री सुक्खू तथा कैबिनेट मंत्री राजेश धर्माणी के समक्ष उठाया। सरकार ने इस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए 77 लाख रुपए की लागत से मोक्ष धाम के पुनर्निर्माण के आदेश जारी किए हैं। इस संबंध में पंजगाई में आयोजित एक प्रेस वार्ता में जितेंद्र चंदेल ने बताया कि नए सिरे से आधुनिक सुविधाओं के साथ मोक्ष धाम का निर्माण किया जाएगा, जिसमें वाहनों के लिए पार्किंग की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाएगी। प्रेस वार्ता में पूर्व प्रधान पुष्पा शर्मा पंजगाई, पूर्व प्रधान धोनकोठी सुरेंद्र शर्मा, पूर्व प्रधान सुशील, पूर्व प्रधान बरमाना रमेश संध्यार, वरिष्ठ कांग्रेस नेता प्रवीण, ओंकार चंदेल, बीडीटीएस सदस्य डॉ. कुलदीप, बेली राम शर्मा, श्याम सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। सभी ने इस पहल के लिए मुख्यमंत्री व कैबिनेट मंत्री व जितेंद्र चंदेल का आभार व्यक्त किया।

## अग्निशमन सेवा सप्ताह में आमजन किए जागरूक

**अनंत ज्ञान, ऊना।** ऊना में राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा सप्ताह के तहत ऊना अग्निशमन केंद्र की ओर से आग को लेकर जन जागरूकता अभियान सप्ताह भर चलाया गया। इसी अभियान के तहत स्कूलों व अस्पतालों में आग बुझाने को लेकर आमजन को जागरूक किया गया व प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। अभियान के दौरान राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल ईसपुर व बड़ेहर, कांगड़, जवाहर नवोदय विद्यालय पेखुबेला, माउंट कारमेल स्कूल रक्कड़ कालोनी, टैगोर विद्यालय कांगड़, हिमकेप्स लॉ कॉलेज बढ़ेड़ा, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय देहला, क्षेत्रीय अस्पताल ऊना, शुभम आर्थो अस्पताल, चाइल्ड अस्पताल, शल्य अस्पताल, मुकेश अस्पताल व आंगरा अस्पताल ऊना, ईसीएचएस अस्पताल रामपुर व बस अड्डा ऊना आदि स्थानों में आग से बचाव को लेकर जागरूक किया गया। फायर एनओसी के बिना कोई भी उद्योग, संस्थान, होटल आदि न चलाएं। आग बुझाने के लिए अग्निशमन यंत्रों को स्थापित करें। पानी टैंक की उचित व्यवस्था करे।

**सुविधा** 'दि कोस्मो हिल रिजॉर्ट' में आधुनिक सुविधाएं व स्विमिंग पूल आकर्षण का केंद्र

## बंदला में नए रिजॉर्ट से पर्यटन को मिला बढ़ावा

अनंत ज्ञान

**अरुण डोगरा रीतू, बिलासपुर।** जिला बिलासपुर के बंदला क्षेत्र में हाइड्रो इंजीनियरिंग कॉलेज के समीप 'दि कोस्मो हिल रिजॉर्ट' के शुरू होने से क्षेत्र में पर्यटन को नया आयाम मिल रहा है। प्राकृतिक सुंदरता के बीच विकसित इस रिजॉर्ट में आधुनिक सुविधाओं के साथ तैयार किया गया स्विमिंग पूल पर्यटकों के लिए खास आकर्षण बन गया है।

यहां आने वाले पर्यटक जहां एक ओर शांत व मनमोहक वातावरण का आनंद ले सकेंगे, वहीं दूसरी ओर स्विमिंग पूल के माध्यम से आराम व मनोरंजन का अनुभव भी कर पाएंगे। खासकर गर्मियों के मौसम में यह स्थान सैलानियों के लिए प्रमुख आकर्षण बनने की उम्मीद है। रिजॉर्ट का स्थान हाइड्रो इंजीनियरिंग कॉलेज के नजदीक होने के कारण और भी महत्वपूर्ण हो गया है, जिससे यहां आने वाले छात्रों व अभिभावकों को ठहरने की बेहतर सुविधा मिलेगी। रिजॉर्ट की संचालक डॉ. निशा कुमारी के अनुसार, 'कॉस्मो होम्स' के तहत विकसित इस रिजॉर्ट में 4-स्टार स्तर की सुविधाएं उपलब्ध करवाई गई हैं। यह बिलासपुर जिले का पहला ऐसा होटल है, जहां स्विमिंग पूल की सुविधा दी गई है। इसके अलावा पर्यटकों के आराम को ध्यान में रखते हुए यहां का फर्नीचर और हाउसकीपिंग से जुड़ा अधिकांश सामान विदेश से मंगवाया गया है। रिजॉर्ट में अत्याधुनिक कॉन्फ्रेंस हॉल, बेहतर सुविधाओं वाला रेस्टोरेंट और सभी आधुनिक सुविधाओं से युक्त कमरे उपलब्ध हैं। साथ ही यहां आने वाले पर्यटक कॉन्टिनेंटल डिश का भी लुत्फ उठा सकते हैं, जो इस रिजॉर्ट की एक खास पहचान बन रहा है। विशेष बात यह है कि पैराग्लाइडिंग के लिए विश्व विख्यात बंदला धार में इस रिजॉर्ट के रूप में एक नया आकर्षण जुड़ गया है, जिससे पर्यटकों का रुझान और बढ़ने की उम्मीद है। ऑनलाइन बुकिंग की सुविधा भी शुरू कर दी गई है, जिससे पर्यटक पहले से ही अपने ठहरने की व्यवस्था सुनिश्चित कर सकते हैं। स्थानीय लोगों का मानना है कि इस तरह के पर्यटन स्थलों के विकसित होने से बंदला क्षेत्र की पहचान तेजी से बढ़ेगी और रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे।



रिजॉर्ट का बाहरी दृश्य। अनंत ज्ञान

### कुलबीर कौर ने मातृ व शिशु पोषण पर दिया जोर

**अनंत ज्ञान, ऊना।** समेकित बाल विकास परियोजना के तहत वृत झलेड़ा की ग्राम पंचायत कुठार खुर्द में पोषण परखवाड़े के अंतर्गत जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। शिविर की अध्यक्षता पर्यवेक्षक कुलबीर कौर ने की। कार्यक्रम में गर्भवती व धात्री महिलाओं तथा बच्चों के पोषण, टीकाकरण और स्वास्थ्य जांच पर विशेष जागरूकता दी गई। विशेषज्ञों ने संतुलित आहार, स्तनपान और प्रारंभिक बाल्यावस्था के महत्व पर जोर दिया। अधिकारियों ने बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए खेल आधारित शिक्षा और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की अपील की।

### भूकंप व आगजनी से निपटने का दिया प्रशिक्षण

**अनंत ज्ञान, गगरेट।** राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला घनारी में आपदा प्रबंधन मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों को भूकंप और आगजनी जैसी आपात स्थितियों से निपटने का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। प्रधानाचार्य ललित मोहन ने छात्रों को संयम और सूझबूझ के साथ संकट से निपटने की सीख दी। डीपीई संजीव कुमार ने आपदा के विभिन्न स्वरूपों और बचाव उपायों की जानकारी दी। अभ्यास के दौरान विद्यार्थियों को प्राथमिक उपचार, सुरक्षित निकासी और अग्निशमन यंत्रों के उपयोग का प्रशिक्षण दिया गया, जिससे उनकी जागरूकता और आत्मविश्वास में वृद्धि हुई।

### 330 विद्यार्थियों को ग्रीष्मकालीन वर्दियां वितरित

**अनंत ज्ञान, टाहलीवाल।** पूबोवाल स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में सोमवार को 330 विद्यार्थियों को निशुल्क ग्रीष्मकालीन वर्दियां वितरित की गईं। यह सामाजिक पहल धन-धन बाबा श्री चंद महाराज जी के डेरा मुखी संतोष दास द्वारा अपनी निजी आय से की गई। इस अवसर पर बाबा परमिंदर सिंह व नवकरण सिंह भी उपस्थित रहे। वर्दियां जीएसएसएस पूबोवाल के साथ-साथ जीएमएस जननी व जीपीएस पूबोवाल-2 के विद्यार्थियों को भी प्रदान की गईं। संतोष दास ने विद्यार्थियों को शिक्षा, अनुशासन व उच्च नैतिक मूल्यों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही सफलता व सम्मान का मार्ग है। प्रधानाचार्य बलबीर सिंह ने इस योगदान के लिए आभार जताया और इसे प्रेरणादायक बताया। कार्यक्रम में विद्यालय स्टाफ सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# महिला आरक्षित बलागाड़ वार्ड में कांग्रेस का बड़ा दांव, भावना पर जताया भरोसा

## एपीएमसी कुल्लू व लाहौल-स्पीति के चेयरमैन राम सिंह मियां ने कांग्रेस जनसभा में की घोषणा

अनंत ज्ञान

**कमलेश वर्मा, कुल्लू।** जिला कुल्लू के बंजार उपमंडल के जिला परिषद वार्ड बलागाड़ से आगामी चुनावों के लिए कांग्रेस ने अपनी बिसात बिछा दी है।

एपीएमसी कुल्लू एवं लाहौल–स्पीति के चेयरमैन मियां राम सिंह ने सोमवार को लारजी में आयोजित एक कार्यक्रम में औपचारिक रूप से समाजसेवी भावना चौहान के नाम पर मुहर लगाते हुए उन्हें कांग्रेस समर्थित उम्मीदवार घोषित कर दिया है। इस घोषणा के साथ ही क्षेत्र में चुनावी सरगर्मी तेज हो गई है। महिला आरक्षित इस वार्ड से जहां कांग्रेस ने एक युवा व सेवाभावी चेहरे को उतारकर विकास और महिला सशक्तिकरण के एजेंडे को धार देने की कोशिश की है। प्रत्याशी के नाम का ऐलान करते हुए राम सिंह मियां ने कहा कि भावना चौहान की सामाजिक सक्रियता और क्षेत्र के प्रति उनकी संवेदनशीलता को देखते हुए उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। उन्होंने विश्वास जताया कि बलागाड़ की जनता कांग्रेस की विकासोन्मुख नीतियों और मुख्यमंत्री सुक्खू के 'व्यवस्था परिवर्तन' के नारे पर मुहर लगाएगी। लिहाजा, अब देखना यह होगा कि भाजपा इसके जवाब में किसे मैदान में उतारती है और बलागाड़ की जनता विकास के इन दावों पर कितनी खरी उतरती है। टिकट की घोषणा के बाद अपनी प्राथमिकताएं गिनाते हुए भावना चौहान ने स्पष्ट किया कि उनका मुख्य फोकस महिला सशक्तिकरण पर रहेगा। उन्होंने कहा मेरा लक्ष्य ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को न केवल जागरूक करना है, बल्कि उन्हें सरकारी योजनाओं के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाना है। उन्होंने कहा कि जब एक महिला सशक्त होती है, तो पूरा परिवार व समाज प्रगति करता है। इसके अलावा वार्ड के दूरदराज क्षेत्रों की सड़कों की जर्जर हालत को सुधारना व नए संपर्क मार्गों का निर्माण। पेयजल और बिजली जैसी मूलभूत समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान। स्वयं सहायता समूहों को मजबूती प्रदान करना और महिलाओं के लिए कौशल विकास केंद्रों की स्थापना करवाना उनका मुख्य उद्देश्य और प्राथमिकताएं रहेंगी।

### राजनीतिक समीकरण, क्यों खास है यह मुकाबला



**बलागाड़** वार्ड में भावना चौहान के नाम की घोषणा को कांग्रेस की एक सोची-समझी रणनीति के तौर पर देखा जा रहा है। समाजसेवी के रूप में उनकी पहले से बनी पहचान का लाभ पार्टी को मिल सकता है। इस बार यह वार्ड महिला आरक्षित होने के चलते सीधे तौर पर महिला मतदाताओं को साधते हुए कांग्रेस ने भावना ठाकुर पर दांव खेलने का निर्णय लिया है।

## पोल्यूशन कंट्रोल बोर्ड विश्व पृथ्वी दिवस पर चलाएगा स्वच्छता अभियान

**अनंत ज्ञान, मनाली।** एचपी स्टेट पोल्यूशन कंट्रोल बोर्ड विश्व पृथ्वी दिवस पर पर्यटन नगरी मनाली में स्वच्छता अभियान चलाएगा। इस अभियान में मनाली होटलियर सहित समस्त व्यावसायिक संगठन भाग लेंगे। एसडीएम मनाली गुंजित सिंह चिमा कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत करेंगे। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए क्षेत्रीय अधिकारी एचपी स्टेट पोल्यूशन कंट्रोल बोर्ड कुल्लू व लाहौल–स्पीति सुनील शर्मा ने बताया कि 22 अप्रैल को सभी व्यवसायिक संगठनों के साथ मिलकर विश्व पृथ्वी दिवस मनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस वर्ष की थीम 'हमारी शक्ति, हमारा ग्रह है, जो नवीकरणीय ऊर्जा और पर्यावरण संरक्षण के लिए सामूहिक कार्रवाई पर केंद्रित है। उन्होंने बताया कि सफाई अभियान चलाकर घाटी वासियों को पर्यावरण संरक्षण और जलवायु परिवर्तन के खिलाफ जागरूक किया जाएगा। शर्मा ने कहा कि यह दिन हमें याद दिलाता है कि बढ़ती आबादी, प्रदूषण और वनों की कटाई से धरती को कितना खतरा है।

# शिक्षा में संसाधनों के सुदृढ़ीकरण पर जोर: राकेश

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, कुल्लू।** सचिव, शिक्षा, एमपीपी एवं पावर तथा सूचना एवं जनसंपर्क राकेश कंवर ने कुल्लू दौरे के दौरान बहुउद्देशीय भवन में शिक्षा विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की।

बैठक में उपनिदेशक शिक्षा देश राज और सुनील दत्त ठाकुर सहित जिले के विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्य उपस्थित रहे। बैठक के दौरान सचिव ने जिले में संचालित विभिन्न शैक्षणिक योजनाओं और विशेष रूप से सीबीएसई पैटर्न में परिवर्तित किए गए विद्यालयों की प्रगति की गहन समीक्षा की। उन्होंने बताया कि कुल्लू जिले में पीएमश्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कुल्लू, भुंतर, मनाली, आनी और बंजार के साथ–साथ राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बागा सराहन को सीबीएसई स्कूल के रूप में विकसित किया गया है। इन विद्यालयों में परिवर्तन के बाद छात्र नामांकन (एनरॉलमेंट) में हुई वृद्धि पर उन्होंने संतोष व्यक्त किया और इसे गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की दिशा में सकारात्मक संकेत बताया। सचिव ने स्पष्ट किया कि प्रदेश सरकार का उद्देश्य केवल सीबीएसई स्कूलों का विस्तार करना ही नहीं, बल्कि हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के अंतर्गत आने वाले विद्यालयों को भी समान रूप से सुदृढ़ बनाना है, ताकि प्रत्येक छात्र को बेहतर और प्रतिस्पर्धात्मक शिक्षा का अवसर मिल सके। बैठक में उपस्थित प्रधानाचार्यों से संवाद करते हुए राकेश ने उनके सुझाव भी आमंत्रित किए व आश्वस्त किया कि विद्यार्थियों को उत्कृष्ट शिक्षा, आधुनिक सुविधाएं तथा सकारात्मक शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध करवाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि शिक्षकों के हितों का भी पूरा ध्यान रखा जा रहा है, जिससे शिक्षा व्यवस्था में स्थिरता और विश्वास बना रहे। इससे अभिभावकों और शिक्षकों दोनों के बीच भरोसा बढ़ा है। उन्होंने आश्वस्त किया कि विद्यालयों में शिक्षकों के रिक्त पदों को प्राथमिकता के आधार पर भरा जा रहा है , ताकि पढ़ाई में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि जिन विद्यालयों या विद्यार्थियों ने किसी भी क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है, उन्हें व्यापक रूप से प्रचारित किया जाए, जिससे अन्य विद्यार्थियों को प्रेरणा मिले और अभिभावकों का विश्वास भी सरकारी संस्थानों के प्रति अधिक सुदृढ़ हो। दौरे के दौरान राकेश कंवर ने पीएमश्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भुंतर और बजौरा का निरीक्षण भी किया तथा वहां की व्यवस्थाओं, शैक्षणिक गतिविधियों और बुनियादी सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने विद्यालय प्रबंधन को आवश्यक दिशा–निर्देश देते हुए छात्रों के सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान देने को कहा।



बैठक के दौरान सचिव, शिक्षा, एमपीपी एवं पावर तथा सूचना व जनसंपर्क राकेश कंवर व शिक्षा विभाग के अधिकारी। अनंत ज्ञान

## न्यूज ब्रीफ

### 21 वर्षों बाद शृंगा ऋषि के आगमन ने बढ़ाया उत्साह

**अनंत ज्ञान, बंजार।** जिला कुल्लू के उपमंडल बंजार की जिभी घाटी में आयोजित पारंपरिक 'साते जाच' पर्व इस वर्ष अत्यंत श्रद्धा व उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर हजारों श्रद्धालु एकत्रित हुए व देवताओं के दिव्य मिलन के अलौकिक दृश्य का साक्षात्कार किया। पूरा क्षेत्र भक्ति व आस्था के माहौल से सराबोर नजर आया। इस पवित्र आयोजन में विशेष आकर्षण रहा कि शृंगा ऋषि जी महाराज 21 वर्षों बाद साते जाच में पधारे, जिसे लोगों ने अत्यंत शुभ व ऐतिहासिक क्षण माना। इसके साथ ही माता बूढ़ी नागिन, महाकाल पझारी जी महाराज और शेष नाग जी महाराज की पावन उपस्थिति ने इस देव मिलन को और भी दिव्य बना दिया। मेले के दौरान पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ पूजा-अर्चना की गई व देवताओं के मिलन की रस्में निभाई गईं। श्रद्धालुओं ने पूरे श्रद्धा भाव से देवताओं के दर्शन किए व आशीर्वाद प्राप्त किया। साते जाच में महाकाल पझारी महाराज की विशेष भूमिका मानी जाती है। उनके नाम पर आयोजित होने वाला पवित्र 'लाउल (झिरू)' इस पर्व का मुख्य आकर्षण होता है। इस दौरान सात फेरे लेकर पूरे क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति व सुरक्षा की कामना की जाती है। यह पर्व केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि स्थानीय संस्कृति, परंपरा व आस्था का जीवंत उदाहरण है। साते जाच हर वर्ष लोगों को अपनी जड़ों और देव संस्कृति से जोड़ने का कार्य करता है।

### चार स्कूलों में स्थापित किए वॉश इन स्कूल्स स्टेशन

**अनंत ज्ञान, मनाली।** रोटरी क्लब मनाली ने मनाली क्षेत्र के चार स्कूलों में वॉश इन स्कूल्स स्टेशन स्थापित किए हैं। इन स्टेशनों का उद्देश्य बच्चों को स्वच्छता, स्वच्छ पेयजल व हाथ धोने की सुविधा प्रदान करना है, जिससे स्कूलों में स्वास्थ्य व स्वच्छता के स्तर में सुधार हो सके। क्लब अध्यक्ष अमिता शमशेर सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन में इस पहल का नेतृत्व रोटेरियन उपकार सेठी ने किया, जिसमें रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3070 और अंतरराष्ट्रीय सहयोगियों का सहयोग रहा। रोटरी क्लब मनाली की अध्यक्ष अमिता शमशेर सिंह ठाकुर ने बताया कि रोटरी क्लब मनाली ने स्थानीय स्कूलों में स्वच्छता की आवश्यकता के विस्तृत सर्वे के बाद डे स्टार स्कूल मनाली, इंडो स्विस स्कूल कलाथ, सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल सरसेई व गवर्नमेंट हाई स्कूल रुमसू में वाश इन स्कूल्स स्टेशन स्थापित किए हैं। उन्होंने बताया कि रोटरी फाउंडेशन के प्रोजेक्ट के अंतर्गत लगाए गए ये मल्टी-टैप स्टेनलेस स्टील स्टेशन सैकड़ों बच्चों को रोजाना हाथ धोने की सुविधा देंगे और उनके स्वास्थ्य में सुधार लाएंगे।

### माता परमेश्वरी की पूजा के साथ शुरू हुआ उत्सव

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल।** कुल्लू जनपद की उझी घाटी के शिम गांव में अपनी प्राचीन परंपराओं को समेटे हुए दो दिवसीय 'खनाणी मेला' सोमवार से हर्षोल्लास के साथ शुरू हो गया है। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी यह मेला सात प्रविष्टे वैशाख को पारंपरिक विधि-विधान के साथ आयोजित किया जा रहा है। मेले के पहले दिन का मुख्य आकर्षण माता परमेश्वरी देवी की विशेष पूजा-अर्चना रही, जिसमें स्थानीय देवता 'थान' का रथ विशेष रूप से विराजमान रहा। इस अवसर पर माता के कारकूनों, प्रताप ठाकुर व नारायण ने बताया कि इस पावन दिन पर देवियों को चावल व गुड़ के लड्डुओं का भोग अर्पित किया जाता है। उन्होंने एक रोचक तथ्य यह भी साझा किया कि पूर्व में यहां देवी मां को 'लुगड़ी' (चावल से निर्मित पारंपरिक पेय) चढ़ाने की भी प्राचीन परंपरा रही है। यह मेला दशकों से शिम गांव के समीप घने देवदार के जंगलों के बीच स्थित 'खनाणी सोह' मैदान में अपनी सांस्कृतिक छटा बिखेर रहा है। ग्रामीण बुजुर्गों के अनुसार, प्राचीन समय में यह मेला केवल एक दिन का होता था, लेकिन समय के साथ इसके स्वरूप में विस्तार हुआ और अब दूसरे दिन शिम गांव में इसे 'बड़ी खनाणी' के रूप में मनाया जाता है। मंगलवार को होने वाले इस समापन समारोह में क्षेत्र के साथ-साथ बाहरी स्थानों से भी बड़ी संख्या में लोग शिरकत करेंगे। मेले के दूसरे दिन स्थानीय मैदान में कई प्रकार की खेलकूद प्रतियोगिताओं और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है, जिसके लिए स्थानीय दुकानदारों ने अपनी दुकानें सजा दी हैं। मेला कमेटी के सदस्यों विनोद, बंटी, अरुण व दीवान ने जानकारी दी कि मंगलवार के मुख्य समारोह में तारा चंद कौशिक मुख्यातिथि के रूप में शिरकत करेंगे। मेले की अंतिम शाम को और अधिक यादगार बनाने के लिए प्रसिद्ध कलाकार डावे राम कुल्लवी द्वारा 'स्टार नाइट' सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया जाएगा, जिसमें कुल्लवी लोक संस्कृति की झलक देखने को मिलेगी।

# बंजार में बूथ स्तर पर मजबूत होगी कांग्रेस: मोहर सिंह

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, कुल्लू।** बंजार कांग्रेस के नव नियुक्त अध्यक्ष मोहर सिंह का सोमवार को लारजी में कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया।

इस मौके पर एपीएमसी कुल्लू एवं लाहौल–स्पीति के चेयरमैन राम सिंह मियां विशेष रूप से मौजूद रहे। इस दौरान एक विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए नव नियुक्त अध्यक्ष मोहर सिंह ने पार्टी को जमीनी स्तर पर मजबूत करने का संकल्प दोहराया। उन्होंने कहा कि बंजार क्षेत्र में कांग्रेस संगठन को बूथ स्तर तक सशक्त किया जाएगा और लंबे समय से निष्क्रिय पड़े कार्यकर्ताओं को फिर से सक्रिय किया जाएगा। मोहर सिंह ने कहा कि उन्हें लंबे समय के बाद संगठन की जिम्मेदारी सौंपी गई है, ऐसे में उनकी जिम्मेदारियां और भी बढ़ गई हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान करते हुए कहा कि पार्टी की मजबूती के लिए हर कार्यकर्ता को एकजुट होकर काम करना होगा।



उन्होंने आगे कहा कि बंजार में कांग्रेस पहले से मजबूत है, लेकिन जरूरत है संगठन में नई ऊर्जा और उत्साह भरने की, जिसे वह और उनकी टीम मिलकर पूरा करेंगे। आगामी पंचायत चुनावों को लेकर उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस वार्ड पंच से लेकर जिला परिषद के तीनों वार्डों में जीत दर्ज करेगी।

मोहर सिंह ने कहा कि पंचायत चुनाव पार्टी के लिए महत्वपूर्ण हैं और इसके लिए अभी से रणनीति तैयार की जा रही है। उन्होंने भरोसा जताया कि कार्यकर्ताओं के सहयोग और जनता के समर्थन से कांग्रेस आने वाले विधानसभा चुनाव में भी जीत हासिल करेगी। इस दौरान उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि अब जनता को भाजपा की असलियत का पता चल चुका है। उन्होंने आरोप लगाया कि आरडीजी हिमाचल को केंद्र सरकार द्वारा बंद किया गया, लेकिन भाजपा के स्थानीय नेताओं ने इस मुद्दे पर कोई ठोस पहल नहीं की। इससे साफ जाहिर होता है कि भाजपा जनता के हितों की अनदेखी कर रही है। जनसभा में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता और स्थानीय लोग मौजूद रहे, जिन्होंने पार्टी नेतृत्व के प्रति अपना समर्थन जताया। इससे पहले यहां कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने लारजी पहुंचने पर उनका ढोल नगाड़ों के साथ भव्य स्वागत किया। उनके साथ इस दौरान एपीएमसी के अध्यक्ष राम सिंह मियां मौजूद रहे।

# हत्या के मामले में दो दोषियों को आजीवन कारावास की सजा

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, कुल्लू।** जिला व सत्र न्यायालय कुल्लू न्यायाधीश, प्रकाश चंद राणा की अदालत ने हत्या के एक मामले में दो आरोपियों को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है।

दोषियों में प्रियंका (पत्नी स्व. सुरेंद्र टिग्गा), निवासी सन्ना, तहसील बागीचा, जिला जशपुर (छत्तीसगढ़) तथा किशोर टप्पा (पुत्र स्व. जितेन), निवासी खोली बारी, तहसील दार्जिलिंग, जिला दार्जिलिंग (पश्चिम बंगाल) शामिल हैं। अदालत ने दोनों दोषियों पर 10–10 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। जुर्माना अदा न करने की स्थिति में प्रत्येक दोषी को एक वर्ष का अतिरिक्त साधारण कारावास भुगतना होगा। जिला न्यायवादी कुल्लू, कुलभूषण गौतम ने बताया कि 1 अप्रैल 2018 को गांव जिया में एक अज्ञात शव कुएं से बरामद किया गया था। पोस्टमार्टम के बाद शव को क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू के शवगृह में रखा गया, जहां 4 अप्रैल, 2018 को मृतक की पहचान सुरेंद्र टिग्गा के रूप में हुई। मृतक की पहचान उसकी बहन प्रमिला द्वारा की गई थी। जांच के दौरान सामने आया कि मृतक सुरेंद्र, जो मूल रूप से छत्तीसगढ़ का निवासी था व जिया में डीकेएस कंपनी में मजदूरी करता था, उसकी हत्या उसकी पत्नी प्रियंका व सह–आरोपी किशोर टप्पा ने मिलकर की थी। आरोपियों ने 24 जनवरी 2018 की रात उसे कुएं में फेंककर हत्या को अंजाम दिया। इस संबंध में थाना सदर कुल्लू में भारतीय दंड संहिता की धारा 302 के तहत मामला दर्ज किया गया था। मामले की जांच तत्कालीन थाना प्रभारी इंस्पेक्टर अशोक कुमार द्वारा की गई और जांच पूरी होने के बाद आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। अभियोजन पक्ष ने मामले को सिद्ध करने के लिए न्यायालय के समक्ष 18 गवाह पेश किए, जिनके आधार पर अदालत ने दोनों आरोपियों को दोषी ठहराया।

## किराये के कमरे से 3.110 ग्राम चिट्टा बरामद, युवक काबू

**अनंत ज्ञान, मनाली।** मनाली क्षेत्र में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत मनाली पुलिस को एक और अहम सफलता हाथ लगी है। पुलिस थाना मनाली की टीम ने गश्त के दौरान गांव चचोगा में कार्रवाई करते हुए एक युवक के कब्जे से चिट्टा बरामद किया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार गश्त के दौरान संदिग्ध गतिविधियों के आधार पर एक किराये के कमरे की तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान पंकज कुमार पुत्र जगरनाथ निवासी गांव कंदार, डाकघर खुराहल, तहसील सुंदरनगर, जिला मंडी हिमाचल प्रदेश के कमरे से 3.110 ग्राम चिट्टा बरामद हुआ। बरामदगी के बाद पुलिस ने आरोपी को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया। इस संबंध में पुलिस थाना मनाली में मादक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस अब मामले की गहन जांच में जुट गई है। पुलिस अधीक्षक कुल्लू मदन लाल कौशल ने कहा कि क्षेत्र में नशा तस्करी के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा।

# मेले हमारी संस्कृति और पहचान के प्रतीक: अनिल

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, कुल्लू।** जिला कुल्लू का पारंपरिक सेऊगी मेला इस वर्ष भी पूरे उत्साह और धूमधाम के साथ मनाया गया। मेले में स्थानीय लोगों के साथ–साथ आसपास के क्षेत्रों से आए लोगों ने बढ़–चढ़कर भाग लिया और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का आनंद लिया। इस अवसर पर युवा समाजसेवी अनिल राणा मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे। मुख्यातिथि ने कहा कि मेले हमारी समृद्ध संस्कृति और परंपराओं के जीवंत प्रतीक हैं।

उन्होंने कहा, 'मेलों में ही हमारी संस्कृति जीवित है, मेले सिर्फ मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि हमारी पहचान हैं।' उन्होंने बताया कि मेलों के माध्यम से हमारी सभ्यता, रहन–सहन, पारंपरिक पहनावा व आपसी मेलजोल की झलक देखने को मिलती है, जो हमारी विरासत को जीवित रखने में अहम भूमिका निभाती है। मेले केवल आनंद का माध्यम नहीं, बल्कि समाज को जोड़ने का सशक्त मंच भी हैं। 'यहां लोग आपसी भेदभाव भुलाकर एक साथ आते हैं, जिससे सामाजिक एकता व भाईचारा मजबूत होता है। अनिल



राणा ने मेले की गरिमा बनाए रखने पर भी जोर देते हुए कहा कि सभी को मिलकर इस परंपरा को सहेजना चाहिए। देव संस्कृति का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि कुल्लू के मेले देव परंपराओं से गहराई से जुड़े हैं और यह हमारी आस्था का भी प्रतीक हैं। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि वे इन परंपराओं का सम्मान करें और आने वाली पीढ़ियों तक इसे सुरक्षित पहुंचाएं। मेले के दौरान स्थानीय कलाकारों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिनमें पारंपरिक नृत्य व लोकगीतों ने दर्शकों का मन मोह लिया। पूरे आयोजन में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला और लोगों ने मेले का भरपूर आनंद उठाया।

## तांदी में पर्यटन विकास पर मंथन, 21 को होगी बैठक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग।** जनजातीय क्षेत्र तांदी में पर्यटन के सतत विकास व उससे जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विचार–विमर्श के लिए 21 अप्रैल को एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन होने जा रहा है। यह बैठक तांदी पंचायत भवन में सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक आयोजित होगी, जिसमें क्षेत्र के लगभग 35 गणमान्य लोग व जागरूक नागरिक भाग लेंगे। बैठक का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा देने के साथ–साथ इसके सामाजिक, सांस्कृतिक व पर्यावरणीय प्रभावों पर गंभीर चर्चा करना है। आयोजकों का मानना है कि तांदी व आसपास के क्षेत्रों में पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं, जिन्हें योजनाबद्ध व जिम्मेदारी के साथ विकसित करने की आवश्यकता है। स्वतंत्र सतत विकास समर्थक राजेश चंद ने अनुसार समुदाय के वरिष्ठ व अनुभवी लोगों को विशेष रूप से आमंत्रित किया है, ताकि उनके मार्गदर्शन से पर्यटन को स्थानीय जरूरतों व परंपराओं के अनुरूप आगे बढ़ाया जा सके। आयोजकों ने स्पष्ट किया है कि यह बैठक पूरी तरह शांतिपूर्ण व व्यवस्थित तरीके से संपन्न होगी।

# सीएम सुक्खू दिल खोलकर दे रहे धन: मियां

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, कुल्लू।** बंजार विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों को नई गति मिली है व करोड़ों रुपए की लागत से विभिन्न योजनाएं धरातल पर उतर रही हैं। यह बात एपीएमसी अध्यक्ष राम सिंह मियां ने लारजी में आयोजित कांग्रेस की एक जनसभा को संबोधित करते हुए कही।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू बंजार क्षेत्र के विकास के लिए खुलकर धन उपलब्ध करवा रहे हैं। वर्ष 2023 में आई आपदा के दौरान ही सरकार ने बंजार क्षेत्र को करीब 29 करोड़ रुपए की राहत राशि प्रदान की, जिससे प्रभावित क्षेत्रों में राहत व पुनर्वास कार्यों को तेजी मिली। राम सिंह मियां ने बताया कि वर्तमान में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत लगभग 142 करोड़ रुपए की लागत से 20 सड़कों का निर्माण कार्य जारी है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि गर्मी के मौसम से पहले इन सभी सड़कों की मेटलिंग का कार्य पूरा कर लिया जाएगा, जिससे लोगों को बेहतर यातायात सुविधाएं मिलेंगी। महिलाओं के सशक्तिकरण पर बात करते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा दूध के दाम बढ़ाए जाने से ग्रामीण महिलाओं को घर बैठे रोजगार का अवसर मिला है व उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार हो रहा है। इसके अलावा बंजार क्षेत्र में एक चिलिंग प्लांट स्थापित किया जा रहा है, जिससे दुग्ध उत्पादकों को सीधा लाभ मिलेगा। शिक्षा क्षेत्र में हो रहे विकास का जिक्र करते हुए उन्होंने बताया कि बंजार में एक डे–बोर्डिंग स्कूल खोला जा रहा है, जिसमें करोड़ों रुपए का निवेश होगा। साथ ही सीबीएसई स्कूल भी शुरू हो चुका है व भविष्य में अन्य शिक्षण संस्थान खोलने की योजना है। अपने संबोधन के अंत में राम सिंह मियां ने आगामी पंचायत चुनावों को लेकर कार्यकर्ताओं से एकजुट रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि हर वार्ड व पंचायत में कांग्रेस का एक ही उम्मीदवार होना चाहिए, ताकि पार्टी की विचारधारा को मजबूत किया जा सके और अधिक से अधिक प्रतिनिधि चुनकर आएं।








## आयोजन: भुट्टिको के सभागार में काव्य संध्या की रही धूम

# हास्य व्यंग्य व कविताओं से लोटपोट हुए दर्शक

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, कुल्लू।** कुल्लू सहकारिता के युग पुरुष ठाकुर वेदराम की जयंती का भव्य शुभारंभ सोमवार को भुट्टिको के सभागार में आयोजित एक शानदार काव्य संध्या के साथ हुआ।

सुप्रसिद्ध कवि स्वर्गीय पुरोहित चंद्रशेखर 'बेबस' की स्मृति में आयोजित इस कवि सम्मेलन में प्रदेश के नामी रचनाकारों ने अपनी लेखनी से समां बांध दिया। कार्यक्रम में राजकीय महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य व प्रख्यात शिक्षाविद डॉ. रोशन लाल मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सहकारिता जगत के शिरोमणि, पूर्व मंत्री एवं भुट्टिको के चेयरमैन सत्य प्रकाश ठाकुर ने की। कार्यक्रम का आगाज दर्शिल ठाकुर की कविता 'कर्मयोगी ठाकुर वेदराम' से हुआ। इसके बाद सांस्कृतिक प्रस्तुतियों व कविताओं का सिलसिला देर शाम तक चलता रहा। स्वर कोकिला सरला चंबियाल ने 'भुट्टि वीवरा वै ऐजा' व 'औखे चोखी कमाई' गीतों के माध्यम से पारदर्शी आर्थिक विकास का संदेश दिया। धनेश गौतम ने सराजी तड़के के साथ हास्य व्यंग्य प्रस्तुत कर दर्शकों को लोटपोट कर दिया। पुरोहित चंद्रशेखर 'बेबस' के पौत्र सिद्धार्थ शर्मा ने अपने दादाजी के संस्मरण साझा किए, जिससे पूरा सभागार भावुक हो उठा। फिरासत खां ने उर्दू, देवेंद्र गौड़ ने पंजाबी और पीसी बौद्ध ने अंग्रेजी शैली की कविताओं से भाषाई विविधता की छटा बिखेरी। रमेश ने ठेठ कुल्लवी में और विवेक शर्मा ने 'करघे में गूंजता भैंऊरू' कविता से स्थानीय संस्कृति को उकेरा। इसके अलावा रेखा शाही, प्रोफेसर सतीश कौड़ा, लगन ठाकुर, इशिता राजन, गणेश गन्नी, कुमुद शर्मा, भूपेंद्र, प्रोमिला ठाकुर, जय प्रकाश शर्मा, यतिन पंडित, बुद्धि सिंह प्रभाकर व शकुंतला देवी ने भी अपनी कविताओं से गहरी छाप छोड़ी। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. सूरत ठाकुर ने किया। चेयरमैन सत्य प्रकाश ठाकुर ने बताया कि ठाकुर वेदराम जयंती का शुभारंभ हमेशा 'बेबस' जी की स्मृति में काव्य संध्या से होता है।



काव्य संध्या समारोह के दौरान गणमान्य लोग। अनंत ज्ञान

# भुट्टिको में आज अंतरराष्ट्रीय–राष्ट्रीय पुरस्कार समारोह, कई प्रतिभाओं को किया जाएगा सम्मानित

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, कुल्लू।** जिला मुख्यालय कुल्लू की भुट्टी कॉलोनी स्थित भुट्टिको सभागार में मंगलवार को स्वर्गीय ठाकुर वेदराम के जन्मदिवस के अवसर पर अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय पुरस्कार समारोह आयोजित किया जाएगा।

पूर्व मंत्री एवं भुट्टिको के चेयरमैन सत्य प्रकाश ठाकुर ने कहा कि इस समारोह में अंतरराष्ट्रीय व राष्ट्रीय स्तर की विभूतियों को प्रतिष्ठित पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि सहकारिता व हथकरघा क्षेत्र की मशाल को वैश्विक स्तर पर प्रज्वलित करने वाले स्व. ठाकुर वेदराम की स्मृति में यह आयोजन हर वर्ष विशेष रूप से किया जाता है। उन्होंने बताया कि सहकारिता क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर योगदान के लिए डब्ल्यू.यू. हॅराथ (श्रीलंका) को अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। वहीं, राष्ट्रीय स्तर पर सहकारिता क्षेत्र के लिए सुभाष चंद आर्य (नागौर, राजस्थान) व करनैल राणा (पूर्व अध्यक्ष हिमकोफैड, नूरपुर कांगड़ा) को सम्मानित किया जाएगा। बुनकर क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए कुल्लू के विश्वनाथ सुम्मा, जुगत राम व राजू (पुत्र चोहू भुलंग) को सम्मान मिलेगा। साहित्य क्षेत्र में गणेश गनी भारद्वाज (कुल्लू) को सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावा पुरोहित चंद्र शेखर बेबस लोक साहित्य राष्ट्रीय पुरस्कार डॉ. हेमेंद्र वाली (कुमारसैन, शिमला) को, चांद कुल्लवी लाल चंद प्रार्थी पहाड़ी कला–संस्कृति राष्ट्रीय पुरस्कार सविता सहगल (सिरमौर) को तथा ठाकुर मौलू राम पहाड़ी भाषा साहित्य राष्ट्रीय पुरस्कार यतिन पंडित (कुल्लू) को प्रदान किया जाएगा। लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड के तहत राजेंद्र राजन (हमीरपुर) और डॉ. कमला सैनी रत्तू (जालंधर) को उनकी उल्लेखनीय उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया जाएगा। सत्य प्रकाश ठाकुर ने बताया कि मंगलवार को दिन को जहां पुरस्कार समारोह, जबकि शासम को शेर–ए–कुल्लवी लाल चंद प्रार्थी की स्मृति में सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित होंगे।

### जीनियस ग्लोबल स्कूल में नई स्टूडेंट कैबिनेट गठित

# हिमांश ठाकुर व सिरत गुप्ता बने हाउस कैप्टन, संभाली जिम्मेदारियां



स्कूल कैबिनेट एमडी और शिक्षकों के साथ। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**सोलन।** सोलन स्थित जीनियस ग्लोबल स्कूल में स्कूल कैबिनेट चुनाव-2026 के परिणाम घोषित होने के साथ नई छात्र नेतृत्व टीम का गठन किया गया। इन्वेस्टिचर समारोह के दौरान नव-निर्वाचित पदाधिकारियों ने औपचारिक रूप से अपनी जिम्मेदारियां संभालीं। मौर्य हाउस से हिमांश ठाकुर को कैप्टन चुना गया, जबकि आरव ठाकुर और किवा भापटू वाइस कैप्टन बने। अशोक हाउस की कमान सिरत गुप्ता को सौंपी गई, वहीं श्रेष्ठ परिहार और मोक्ष शर्मा वाइस कैप्टन चुने गए। टैगोर हाउस से सनाह वर्मा कैप्टन बनीं, जबकि त्रिशा कश्यप और आरल को वाइस कैप्टन की जिम्मेदारी मिली।

इसके अलावा मानसी को स्कूल प्रीफेक्ट और सेजल को असिस्टेंट प्रीफेक्ट बनाया गया। वेदिका शर्मा डिसिप्लिन कैप्टन चुनी गईं, जबकि आव्या ठाकुर और आन्या असिस्टेंट डिसिप्लिन कैप्टन बनीं। एक्टिविटी कैप्टन के रूप में प्रणित और स्पोर्ट्स कैप्टन के रूप में सावनी वर्मा का चयन हुआ।

# एनजीटी नियमों की अनदेखी : नगर परिषद के कर्मचारी ही पार्कों में जला रहे कचरा

## सवाल : जब कर्मी ही ऐसा करेंगे, तो आम नागरिक को कौन राकेगा?

अनंत ज्ञान

**एसपी जैरथ, नाहन।** शहर के पार्कों में नगर परिषद के ही सफाई कर्मचारी खुले में कचरा जला रहे हैं, जो राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) के सख्त आदेशों का उल्लंघन है। स्थानीय निवासियों ने आरोप लगाया कि पार्कों की रोजाना सफाई तो नहीं होती, लेकिन जब होती है, तो कचरा इकट्ठा कर मौके पर ही आग लगा दी जाती है।

सवाल उठ रहा है कि अगर सफाई कर्मी ही कचरा जलाते हैं, तो आम नागरिकों को कौन रोकेगा। नाहन के प्रमुख पार्कों जैसे रिवरसाइड पार्क, ग्रीन पार्क और अन्य में सुबह-शाम कचरे के ढेर आम हैं। नगर परिषद के कर्मचारी रात के अंधेरे में या कम भीड़ वाले समय कचरा इकट्ठा कर जला देते हैं। इससे धुआं और बदबू फैलती है, जो बच्चों, बुजुर्गों और अस्थमा रोगियों के लिए खतरा बन रही है।



पार्क में जलाया जा रहा कूड़ा। अनंत ज्ञान

### एनजीटी का खुले में कचरा जलाने पर पूर्ण प्रतिबंध

**स्थानीय** निवासी ने बताया कि पार्क में खेलने आने वाले बच्चे कचरे के ढेरों के बीच खेलते हैं। सफाई के नाम पर सिर्फ आग लगाई जाती है। एनजीटी ने 2018 से खुले में कचरा जलाने पर पूर्ण प्रतिबंध लगा रखा है। हिमाचल हाईकोर्ट ने भी नगर निकायों को वैज्ञानिक कचरा प्रबंधन के निर्देश दिए हैं। फिर भी नाहन नप पर लापरवाही के आरोप लग रहे हैं।

### मामले में क्या कहते हैं डॉ. राकेश शर्मा

**पर्यावरणविद्** डॉ. राकेश शर्मा कहते हैं कि कचरा जलाने से डाइऑक्सिन जैसे जहरीले गैस निकलते हैं, जो कैंसर और श्वास रोगों का कारण बनते हैं। नगर परिषद को सेग्रीगेशन, कंपोस्टिंग और वेस्ट टू एनर्जी प्लांट लगाने चाहिए।

### कई बार की शिकायत

**वार्ड** पार्षदों से कई बार शिकायत की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं। एक पार्षद बोले कि कचरा उठाने को ट्रक नहीं, कर्मचारी अपर्याप्त। जलाना आसान रास्ता है। ऐसे में नाहन को स्वच्छ शहर बनाने का दावा करने वाली नप को जिम्मेदारी नहीं बचना चाहिए।

# डॉ. नीना को पीएचडी सुपरवाइजर की मान्यता, क्षेत्र में खुशी की लहर

अनंत ज्ञान

**सराहां।** उपमंडल पछाद के मुख्यालय सराहां की निवासी एवं रसायन विज्ञान विभाग की सहायक प्रोफेसर डॉ. नीना को हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय द्वारा पीएचडी सुपरवाइजर के रूप में मान्यता प्रदान की गई है। इस उपलब्धि के साथ अब वह शोधार्थियों का मार्गदर्शन करने के लिए अधिकृत हो गई हैं। उनकी इस सफलता से क्षेत्र में गर्व और खुशी का माहौल है तथा शिक्षा जगत में भी इसे एक बड़ी उपलब्धि के रूप में देखा जा रहा है।

डॉ. नीना ने अपनी सफलता का श्रेय अपने पति अरुण कुमार गौतम, परिवारजनों, मित्रों और शुभचिंतकों के सहयोग को दिया। उन्होंने कहा कि सभी के समर्थन और विश्वास ने उन्हें इस मुकाम तक पहुंचने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनका शैक्षणिक सफर बेहद प्रेरणादायक रहा है। अब तक उनके 10 शोध पत्र अंतरराष्ट्रीय जर्नल में प्रकाशित हो चुके हैं और उन्होंने पांच पुस्तकों में भी योगदान दिया है। साथ ही 30 से अधिक राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों में अपने शोध प्रस्तुत किए हैं। उन्होंने एससीईआरटी सोलन में भी दो बार सेवाएं दी हैं। युवाओं को प्रेरित करते हुए उन्होंने कहा कि निरंतर मेहनत और दृढ़ संकल्प से ही सफलता हासिल की जा सकती है।



◆ शोधार्थियों का मार्गदर्शन करेंगी सराहां की रसायन विज्ञान विभाग की सहायक प्रोफेसर डॉ. नीना

## न्यूज ब्रीफ

### डॉ. शांडिल आज सोलन प्रवास पर

**अनंत ज्ञान, सोलन।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल आज सोलन विधानसभा क्षेत्र के प्रवास पर आ रहे हैं। डॉ. शांडिल आज प्रातः 11.30 बजे ममलीग में जन समस्याएं सुनेंगे।

### आईआईएम सिरमौर का 10वां दीक्षांत समारोह संपन्न

**अनंत ज्ञान, नाहन।** भारतीय प्रबंध संस्थान सिरमौर का 10वां दीक्षांत समारोह धौला कुआं स्थित परिसर में गरिमापूर्ण ढंग से आयोजित हुआ, जिसमें शैक्षणिक उत्कृष्टता और अनुशासन का प्रभावशाली प्रदर्शन देखने को मिला। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सिद्धार्थ शर्मा रहे, जबकि अध्यक्षता अजय एस श्रीराम ने की। संस्थान के निदेशक डॉ. प्रफुल्ल वाई. अग्निहोत्री ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए उपलब्धियों को रेखांकित किया। समारोह में 340 से अधिक विद्यार्थियों को डिग्रियां प्रदान की गईं। एमबीए में केशव जसवाल को चेयरमैन गोल्ड मेडल और यश मुनोट को द्वितीय स्थान के लिए सम्मानित किया गया। प्लेसमेंट के क्षेत्र में भी संस्थान ने मजबूत प्रदर्शन किया, जहां 400 से अधिक कंपनियों ने भाग लिया और औसत पैकेज 15.9 लाख रुपए वार्षिक रहा।

### दुकान से 696 बैन कैप्सूल व 40 हजार बरामद

**अनंत ज्ञान, नाहन।** सिरमौर जिले के माजरा क्षेत्र में पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर एक परचून की दुकान पर छापेमारी कर बड़ी मात्रा में प्रतिबंधित नशीले कैप्सूल और नकदी बरामद की है। पुलिस ने इस मामले में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। छापेमारी के दौरान पुलिस ने दुकान के अंदर रखे एक गत्ते के डिब्बे की तलाशी ली, जिसमें प्रोक्सिमल-स्पास ब्रांड के 29 स्ट्रिप्स में कुल 696 प्रतिबंधित नशीले कैप्सूल पाए गए। इसके अलावा मौके से 40 हजार रुपए नकद भी बरामद किए गए। जब पुलिस ने दुकानदार से इन दवाइयों से संबंधित लाइसेंस या परमिट मांगा, तो वह कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। इसके बाद पुलिस ने बरामद सामग्री को जब्त कर लिया। आरोपी की पहचान तपेंद्र सिंह (52), निवासी गांव कोलर, तहसील पांवटा साहिब के रूप में हुई है।

### सड़क की टारिंग न होना, जनता के साथ छलावा

**अनंत ज्ञान, सोलन।** सोलन-सुबाथु मार्ग की खराब स्थिति को लेकर सोलन शहरी मंडल भाजपा अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता ने सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि यह महत्वपूर्ण सड़क पिछले लगभग एक वर्ष से जर्जर हालत में है, लेकिन इसके स्थायी सुधार के लिए कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। उन्होंने बताया कि 23 फरवरी, 2026 को इस मुद्दे पर धरना-प्रदर्शन भी किया गया था, जिसमें स्थानीय मंत्री ने शीघ्र कार्य शुरू करने का आश्वासन दिया था, लेकिन तीन महीने से अधिक समय बीत जाने के बाद भी कार्य में कोई विशेष प्रगति नहीं हुई है। भाजपा ने मांग की है कि सड़क निर्माण कार्य से संबंधित टेंडर, बजट, कार्य सीमा और समय-सीमा की पूरी जानकारी सार्वजनिक की जाए तथा कार्य को गुणवत्ता के साथ शीघ्र पूरा किया जाए।

### स्कूलों में बच्चों के आधार कार्ड होंगे अपडेट

**अनंत ज्ञान, सराहां।** प्रदेश के विद्यालयों में बच्चों के आधार कार्ड के अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट, ई-केवाईसी एवं विशेष शिविर आयोजित किए जाएंगे। यह शिविर डिजिटल टेक्नोलॉजीज एंड गवर्नेंस विभाग, स्कूल शिक्षा विभाग, समग्र शिक्षा विभाग और सीएससी ई गवर्नेंस सर्विसेज इंडिया लिमिटेड के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित होंगे। जानकारी देते हुए सीएससी ई गवर्नेंस के जिला सिरमौर के जिला कोऑर्डिनेटर संजय चौहान ने बताया कि इन शिविरों का मुख्य उद्देश्य उन बच्चों के आधार कार्ड अपडेट करवाना है, जिन्होंने 5 तथा 15 वर्ष की आयु पूर्ण कर ली है। यूआईडीएआई के दिशा-निर्देशों के अनुसार इन आयु वर्ग के बच्चों के लिए बायोमेट्रिक विवरण, फिंगरप्रिंट, नेत्र स्कैन (आईरिस) तथा फोटोग्राफ अपडेट करवाना आवश्यक है, ताकि आधार कार्ड की वैधता बनी रहे। इन शिविरों के माध्यम से विद्यालयों में ही बच्चों को यह सुविधा उपलब्ध करवाई जाएगी। विभाग ने अभिभावकों से आग्रह किया है कि वे इस सुविधा का लाभ उठाएं तथा निर्धारित समय अवधि के भीतर पात्र बच्चों का आधार कार्ड बायोमेट्रिक अपडेट अवश्य करवाएं।

# लोकसभा में विपक्ष के नारी शक्ति वंदन विधेयक का विरोध निंदनीय

### सियासत तेज, देश की आधी आबादी के साथ अन्याय : नेगी

अनंत ज्ञान

**सोलन।** प्रदेश भाजपा एसटी मोर्चा की प्रवक्ता सोनम नमज्ञल नेगी ने लोकसभा में नारी शक्ति वंदन अधिनियम को प्रभावी बनाने वाले 131वें संविधान संशोधन विधेयक पर विपक्ष के रुख की कड़ी निंदा की है। उन्होंने आरोप लगाया कि राहुल गांधी के नेतृत्व वाले विपक्षी दलों, कांग्रेस, डीएमके, टीएमसी और समाजवादी पार्टी ने इस विधेयक को पारित न होने देकर देश की आधी आबादी के साथ अन्याय किया है। नेगी ने कहा कि यह केवल एक विधेयक का विरोध नहीं, बल्कि करोड़ों महिलाओं के राजनीतिक सशक्तिकरण, भागीदारी और आत्मसम्मान पर सीधा प्रहार है। उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि वर्षों तक महिलाओं के नाम पर राजनीति करने वाली पार्टी आज एक ऐतिहासिक अवसर से पीछे हट गई है, जो उसकी कथित महिला-विरोधी मानसिकता को दर्शाता है।



उन्होंने नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार की सराहना करते हुए कहा कि सरकार ने 'नारी शक्ति' को राष्ट्र की शक्ति मानते हुए महिलाओं को राजनीतिक प्रतिनिधित्व, आर्थिक सशक्तिकरण और सामाजिक सम्मान दिलाने के लिए कई ऐतिहासिक कदम उठाए हैं।

नेगी ने विपक्ष पर संकीर्ण राजनीतिक स्वार्थ के चलते महिलाओं के सशक्तिकरण में बाधा डालने का आरोप लगाया और कहा कि देश की महिलाएं जागरूक हैं तथा लोकतांत्रिक माध्यमों से इसका जवाब देंगी।

### पांच वर्ष से चली आ रही लोगों की मांग पूरी, बुजुर्गों और बच्चों की राह हुई सुगम

# सोलन के सपरून में आखिर बन ही गया फुटपाथ, जल्द होगा लोकार्पण

अनंत ज्ञान

**आर मोहन चौहान, सोलन।** शहर के सपरून में फोरलेन निर्माण के चलते तोड़े गए फुटपाथ का आखिरकार पांच साल के इंतजार के बाद निर्माण हो ही गया। फिनिशिंग वर्क पूरा होते ही नगर निगम की तरफ से इसका लोकार्पण किया जाएगा। ठेकेदार और निगम में विवाद के चलते यह कार्य 6 माह से बंद पड़ा रहा, जिसका स्थानीय लोगों ने कड़ा ऐतराज जताया। हालांकि विवाद सुलझते ही कार्य में तेजी आई। अब चुनाव नजदीक आते ही इसका कार्य लगभग पूरा हो गया। शहर को चार वार्ड क्षेत्रों को जोड़ने वाले इस फुटपाथ के मामले को पूर्व डिप्टी मेयर व वार्ड-14 के पार्षद राजीव कौड़ा ने सरकार और विभाग के समक्ष प्रमुखता से उठाया। इस पहल के चलते विवाद को सुलझाया गया। इसके बाद ठेकेदार ने फुटपाथ का निर्माण शुरू कर दिया। यहां करीब पांच वर्ष से फुटपाथ की मांग की जा रही है। फुटपाथ बनने से बुजुर्गों और बच्चों की राह सुगम और सुरक्षित होगी।



### डेविएशन के चलते बढ़ी थी निर्माण लागत

**फुटपाथ** निर्माण में डेवियशन के चलते इसकी लागत बढ़ गई है, जिस कारणठेकेदार ने काम रोककर निगम से बढ़ी हुई लागत का भुगतान करने की मांग की। शुरू में फुटपाथ निर्माण को 18 लाख के टेंडर हुए थे। डेवियशन बढ़ने से इनती राशि में काम पूरा नहीं होगा। इस मामले को सुलझाने में पार्षद ने गंभीरता दिखाई।

### यात्रियों की आवाजाही होगी सुगम

**सपरून** में फुटपाथ से शहर के चार वार्डों के लोगों को सुविधा मिलेगी। वार्ड-14 की हाउसिंग कॉलोनी, कमल ऑर्चर्ड सोसायटी, वार्ड-13 का क्लीन, सपरून पंचायत, वार्ड -16 का रबोन, आंजी व वार्ड-1 का देउंघाट सहित बाहर से आने वाले यात्रियों की आवाजाही सुगम होगी।

> **सपरून** में फुटपाथ का निर्माण लगभग पूरा हो गया है। इसका फिनिशिंग वर्क पूरा होते ही लोकार्पण किया जाएगा। फुटपाथ बनने से सपरून सहित कलीन, हाउसिंग कॉलोनी और रबोन क्षेत्र के लोगों को सुविधा होगी।
> **एकता कापटा, आयुक्त नगर निगम सोलन**

# बज चुकी सुक्खू सरकार की विदाई की शहनाई : जयराम ठाकुर

### जनविरोधी नीतियों से जनता त्रस्त, आगामी चुनाव में सिखाएगी सबक

अनंत ज्ञान

**एसपी जैरथ, नाहन।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने अपने सिरमौर प्रवास के दौरान प्रदेश की कांग्रेस सरकार और मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू पर तीखे प्रहार करते हुए राज्य की वर्तमान राजनीतिक और आर्थिक स्थिति को अत्यंत चिंताजनक बताया है। सराहां और पांवटा साहिब में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों के दौरान कार्यकर्ताओं और जनता को संबोधित करते हुए जयराम ठाकुर ने कहा कि प्रदेश में सुक्खू सरकार की विदाई की शहनाई बज चुकी है, क्योंकि यह पहली ऐसी सरकार है जो जनहित के काम करने के बजाय पूर्ववर्ती सरकार द्वारा जनहित में खोले गए संस्थानों पर ताले लगाने का काम कर रही है। उन्होंने मुख्यमंत्री पर झूठ की राजनीति करने का आरोप लगाते हुए कहा कि सुक्खू विधानसभा के भीतर और बाहर तो झूठ बोलते ही थे, लेकिन अब उन्होंने प्रदेश की सीमाओं को लांघकर पूरे देश के सामने असत्य परोसना शुरू कर दिया है। पश्चिम बंगाल के अपने दौरे पर मुख्यमंत्री द्वारा दी गई सभी दस गारंटियों को पूरा करने के दावे पर पलटवार करते हुए ठाकुर ने कहा कि जमीनी हकीकत इसके बिलकुल उलट है और अभी तक एक भी गारंटी पूरी नहीं हुई है। कांग्रेस केवल चुनाव जीतने के लिए झूठ का सहारा लेती है।



सिरमौर प्रवास के दौरान जयराम ठाकुर व अन्य। अनंत ज्ञान

जयराम ठाकुर ने प्रदेश की बदहाल आर्थिक स्थिति के लिए मुख्यमंत्री के वित्तीय कुप्रबंधन को सीधे तौर पर जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि सरकार अपनी विफलताओं को छिपाने के लिए या तो उन्हें कोसती है या प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर दोषारोपण करती है।

# हिमाचल कांग्रेस की 71 ब्लॉक अध्यक्षों की सूची में एक भी महिला नहीं : अभिषेक

अनंत ज्ञान

**सोलन।** भारतीय जनता पार्टी के सोलन जिला प्रवक्ता अभिषेक ठाकुर ने कहा कि हिमाचल प्रदेश कांग्रेस ने हाल ही में अध्यक्षों की नियुक्तियां कीं, लेकिन इस सूची में एक भी महिला को जगह न मिलना महिलाओं के प्रति उपेक्षा का स्पष्ट उदाहरण है। उन्होंने कहा कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा जारी अधिसूचना में 72 में से 71 ब्लॉकों के अध्यक्ष पुरुष ही बनाए गए। ठाकुर ने कहा कि महिलाओं के सशक्तिकरण की बात करने वाली पार्टी का व्यवहार उसके दावों से मेल नहीं खाता। अनुसूचित जाति (17) और जनजाति (8) को प्रतिनिधित्व मिला, लेकिन आधी आबादी को शून्य। यह निर्णय पार्टी की मानसिकता को उजागर करता है।

पंचायत चुनावों से पहले यह विवाद कांग्रेस के लिए मुश्किल खड़ा कर सकता है। विप्लव ठाकुर जैसी कांग्रेस नेत्री ने भी आंतरिक असंतोष जताया। प्रदेशाध्यक्ष विनय कुमार की चुप्पी ने आग में घी डाल दिया। कांग्रेस को स्पष्ट करना चाहिए कि महिलाओं को किन कारणों से नजरअंदाज किया।

# अनुसुइया पराशर ने सीसीबीएसई की परीक्षा में प्राप्त किए 99.04 फीसदी अंक

**अनंत ज्ञान, नाहन।** सिरमौर जिला के गिरिपार क्षेत्र की होनहार बेटी अनुसुइया पराशर ने अपनी मेहनत और लगन से बड़ी उपलब्धि हासिल की है। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (CBSE) की वार्षिक परीक्षा में अनुसुइया ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 99.04 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं, जिससे पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है। अनुसुइया की इस उपलब्धि से न केवल उनके परिवार, बल्कि पूरे गिरिपार क्षेत्र का नाम रोशन हुआ है। उनकी सफलता पर गांव में बधाइयों का तांता लगा हुआ है।

# देवामानल स्कूल में 51 बच्चों के लिए एक भी नियमित शिक्षक नहीं

**अनंत ज्ञान, नाहन।** नागरिक उपमंडल संगड़ाह अथवा शिक्षा खंड नौहराधार के अंतर्गत आने वाले राजकीय प्राथमिक विद्यालय देवामानल में इन दिनों 51 बच्चों के लिए एक भी नियमित शिक्षक न होने पर अभिभावकों ने विभाग व सरकार के प्रति नाराजगी जताई। ग्रामीणों ने अभिभावक शिक्षक संघ की बैठक में सोमवार को शिक्षा विभाग, प्रदेश सरकार व स्थानीय विधायक एवं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष विनय कुमार से जल्द यहां दो शिक्षकों की नियुक्ति की मांग की। उन्होंने कहा कि प्रतिनियुक्ति पर भेजे जा रहे अध्यापक को इस केंद्र स्कूल में डाक बनाने, मिड-डे मील व विभिन्न सरकारी परियोजनाओं का काम भी देखना पड़ रहा है। खंड शिक्षा अधिकारी नौहराधार सरोज बाला व शिक्षा उपनिदेशक प्रारंभिक सिरमौर राजीव ठाकुर ने कहा कि फिलहाल यहां एक शिक्षक की प्रतिनियुक्ति की गई है और जल्द एक नियमित अध्यापक की नियुक्ति अथवा ज्वाइंनिंग होनी है।

### नौणी विवि में कृषि इंक्यूबेशन सेंटर का उद्घाटन

# पहल : स्कूली छात्रों को मिलेगा व्यावसायिक प्रशिक्षण का मंच

अनंत ज्ञान

**सोलन।** हिमाचल प्रदेश के नौणी स्थित डॉ. यशवंत सिंह परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय में 1.7 करोड़ की लागत से स्थापित आधुनिक कृषि इंक्यूबेशन सेंटर का उद्घाटन किया गया। यह पहल स्कूली विद्यार्थियों के लिए कृषि व्यावसायिक शिक्षा को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। विश्वविद्यालय और समग्र शिक्षा हिमाचल प्रदेश के सहयोग से विकसित यह केंद्र शिक्षा मंत्रालय के अंतर्गत विश्व बैंक पोषित स्टार्स प्रोजेक्ट का हिस्सा है।

कुलपति प्रो. राजेश्वर सिंह चंदेल ने इस सुविधा का उद्घाटन करते हुए कहा कि यह केंद्र विद्यार्थियों को कृषि क्षेत्र में नवीनतम तकनीकी ज्ञान और व्यावहारिक कौशल प्रदान करेगा। सेंटर में आईओटी लैब, कंप्यूटर लैब, ग्रीनहाउस, एसटीएल लैब, आधुनिक कक्षा सहित ड्रोन, मेटा क्वेस्ट उपकरण, हाइड्रोपोनिक सिस्टम और मृदा परीक्षण किट जैसी उन्नत सुविधाएं उपलब्ध हैं।

### 227 स्कूलों के 5000 विद्यार्थी होंगे लाभान्वित

**परियोजना** से राज्य के 227 विद्यालयों के 5,000 से अधिक विद्यार्थियों को लाभ मिलने की संभावना है। इसका उद्देश्य छात्रों में उद्यमशीलता, तकनीकी दक्षता और व्यावहारिक समझ विकसित करना है, ताकि वे कृषि व उससे जुड़े क्षेत्रों में बेहतर अवसर हासिल कर सकें। यह पहल राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप है, जो शिक्षा को कौशल व रोजगार से जोड़ने पर बल देती है। यह केंद्र न केवल नवाचार और अनुभवात्मक अधिगम को बढ़ावा देगा, बल्कि युवाओं को भविष्य की चुनौतियों के लिए भी तैयार करेगा।

### उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने जोंगपुल-सुनोउ बास संपर्क मार्ग का किया उद्घाटन

# विकास कार्यों, खेलों को बताया ग्रामीण प्रगति का आधार

अनंत ज्ञान

**नाहन।** उद्योग, संसदीय मामले एवं श्रम रोजगार मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने शिलाई विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत माशू में लगभग 15 लाख रुपए की लागत से निर्मित जोंगपुल-सुनोउ बास संपर्क मार्ग का विधिवत उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने अधिकारियों के साथ मार्ग का निरीक्षण भी किया और इसे क्षेत्र के विकास के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया।

मंत्री ने कहा कि यह संपर्क मार्ग क्षेत्रवासियों की लंबे समय से चली आ रही मांग थी, जिसे वन विभाग की मंजूरी के बाद पूरा किया गया है। उन्होंने बताया कि इस मार्ग से लगभग 500 से अधिक लोगों को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा। उन्होंने यह भी कहा कि शिलाई क्षेत्र के हर हिस्से में समग्र विकास उनकी प्राथमिकता है और सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य तथा पेयजल जैसी बुनियादी सुविधाओं के विस्तार के लिए लगातार योजनाएं लागू की जा रही हैं। उन्होंने जानकारी दी कि क्षेत्र में विकास कार्यों के लिए 300 करोड़ रुपए से अधिक का बजट स्वीकृत किया गया है, जिसके तहत कई परियोजनाएं प्रगति पर हैं। उन्होंने केंद्र सरकार पर प्रदेश के विकास में बाधा डालने का आरोप भी लगाया और कहा कि वित्तीय चुनौतियों के बावजूद राज्य सरकार मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ रही है।



पुल के उद्घाटन के दौरान उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान। अनंत ज्ञान

कार्यक्रम के बाद मंत्री ने कांडो चियोग पंचायत के थाना में आयोजित 'खुशी मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट-2026' के समापन समारोह में भी शिरकत की। उन्होंने कहा कि खेल युवाओं के सर्वांगीण विकास में अहम भूमिका निभाते हैं और इससे अनुशासन, नेतृत्व क्षमता तथा टीम भावना का विकास होता है।

फाइनल मुकाबले में चुडेश्वर वॉरियर्स नगेता ने सीएसके चडेऊ को हराकर खिताब जीता। मंत्री ने विजेता टीम को 1,11,000 रुपए और ट्रॉफी तथा उपविजेता टीम को 55,555 रुपए और ट्रॉफी प्रदान की।

# सेब के सतत् संरक्षण पर शूलिनी विवि की वैज्ञानिक को मिला 17.35 लाख का अनुदान

अनंत ज्ञान

**सोलन।** शूलिनी विश्वविद्यालय के विज्ञान संकाय के जैविक और पर्यावरण विज्ञान विभाग की सहायक प्रोफेसर डॉ. नीतिका किमटा को अनुसंधान राष्ट्रीय अनुसंधान फाउंडेशन की प्रधानमंत्री प्रारंभिक कैरियर अनुसंधान अनुदान योजना के तहत 17.35 लाख रुपए का शोध अनुदान प्राप्त हुआ है। इस परियोजना को 36 महीने की अवधि के लिए स्वीकृत किया गया है। 'फाइलेन्थस एम्ब्लिका एल फल के छिलके का उपयोग पेक्टिन-व्युत्पन्न खाद्य कोटिंग संश्लेषण के लिए और मालुस डोमेस्टिका बोरख. किस्मों के शेल्फ लाइफ और कटाई के बाद संरक्षण को बढ़ाने में इसकी कार्यात्मक प्रभावकारिता' शीर्षक वाले इस अध्ययन का उद्देश्य खाद्य संरक्षण में सतत् समाधान विकसित करना है।

यह शोध पेक्टिन निकालने और जैव-अपघटनीय खाद्य कोटिंग बनाने के लिए आंवला (भारतीय आंवला) फल के छिलके के उपयोग का पता लगाएगा। इन कोटिंग्स का उद्देश्य सेब की किस्मों के शेल्फ जीवन को बढ़ाना और कटाई के बाद उनकी गुणवत्ता बनाए रखना है। यह परियोजना अपशिष्ट पदार्थों के सदुपयोग के माध्यम से फसल कटाई के बाद होने वाले नुकसान को कम करने और वैश्विक स्थिरता प्राथमिकताओं के अनुरूप पर्यावरण के अनुकूल संरक्षण विधियों को बढ़ावा देने का भी प्रयास करती है।



डॉ. नीतिका किमटा

डॉ. नीतिका किमटा शिमला जिले की रोहड़ू तहसील के थाना (टिक्कर) गांव की निवासी हैं और यह परियोजना फल फसलों में फसल कटाई के बाद की चुनौतियों का समाधान करके इस क्षेत्र से उनके गहरे जुड़ाव को दर्शाती है।

# होर्मुज के फिर बंद होने से कच्चे तेल की कीमतों में उछाल

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**कच्चे** तेल की कीमतों में सोमवार को बड़ी तेजी देखी जा रही है, क्योंकि ईरान ने एक बार फिर होर्मुज से अधिकांश जहाजों के गुजरने पर रोक लगा दी है। होर्मुज स्ट्रेट से दुनिया का करीब 20 फीसदी तेल और एक तिहाई गैस गुजरती है। सोमवार सुबह क्रूड ऑयल डब्ल्यूटीआई 6.18 फीसदी या 5.18 डॉलर की बढ़त के साथ 89.03 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। वहीं, ब्रेंट क्रूड 5.50 फीसदी या 4.97 डॉलर की बढ़त के साथ 95.35 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। इससे पहले शुक्रवार को क्रूड ऑयल 10 मार्च के बाद के सबसे निचले स्तर पर बंद हुआ था, क्योंकि उस समय खबर आई थी कि ईरान होर्मुज स्ट्रेट को फिर खोल सकता है। इसके बाद शनिवार को ईरान ने अमेरिका पर 'भरोसे के उल्लंघन' का आरोप लगाते हुए फिर से होर्मुज को बंद करने की घोषणा

◆ **ब्रेंट क्रूड 95.35 डॉलर प्रति बैरल पार**

कर दी। शनिवार को बंदी की घोषणा के बाद ईरानी गनबोट्स ने वहां से गुजरने की कोशिश कर रहे टैंकरों पर गोलीबारी की। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इसे युद्धविराम का उल्लंघन बताया और कहा कि 'हमारी नाकाबंदी ने पहले ही इस मार्ग को बंद कर दिया है।' रविवार को अमेरिकी सेना ने अमेरिकी नौसैनिक नाकाबंदी का उल्लंघन करने की कोशिश कर रहे एक ईरानी झंडे वाले जहाज पर कई राउंड फायर किए।

इसके बाद 'टूस्का' नामक जहाज को कब्जे में ले गया। ईरान की सेना ने चेतावनी दी है कि वह जल्द ही जवाबी कार्रवाई करेगी और इसे 'अमेरिकी सशस्त्र डकैती' बताया। ट्रैकिंग डेटा के अनुसार, रविवार को कोई भी तेल टैंकर इस मार्ग से नहीं गुजरा। (अनंत ज्ञान)

# भारत-कोरिया का 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार 50 बिलियन डॉलर तक पहुंचाने का लक्ष्य : मोदी

## हैदराबाद हाउस में दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति ली जे म्युंग के साथ बैठक, एमओयू साइन

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**भारत** के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को नई दिल्ली के हैदराबाद हाउस में दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति ली जे म्युंग के साथ द्विपक्षीय बैठक की। बैठक के बाद दोनों देशों के नेताओं ने अपना संबोधन दिया। दोनों देशों के बीच एमओयू एक्सचेंज हुए।

इसके साथ ही दोनों देशों ने व्यापार, संस्कृति और तकनीक के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने पर जोर दिया। पीएम मोदी ने कहा कि भारत और कोरिया का द्विपक्षीय व्यापार आज 27 बिलियन डॉलर तक पहुंच चुका है। 2030 तक इसे 50 बिलियन डॉलर तक पहुंचाने के लिए हमने आज कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं। पीएम मोदी ने कहा



कि पहली भारत यात्रा पर प्रेसिडेंट ली का स्वागत करते हुए मुझे बहुत खुशी हो रही है। राष्ट्रपति ली का जीवन संघर्ष, सेवा और समर्पण का प्रेरणादायक उदाहरण है। मोदी ने कहा कि भारत और कोरिया का द्विपक्षीय व्यापार आज 27 बिलियन डॉलर तक पहुंच चुका है। 2030 तक इसे 50 बिलियन डॉलर तक

पहुंचाने के लिए हमने आज कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं। दोनों देशों के बीच फाइनेंशियल फ्लो को सुगम बनाने के लिए, हमने भारत-कोरिया फाइनेंशियल फोरम की शुरुआत की है। क्रिटिकल टेक्नोलॉजी और सप्लाई चेन में सहयोग बढ़ाने के लिए इकोनॉमिक सिक्योरिटी डायलॉग शुरू कर रहे

हैं। हम कोरिया की कंपनी खासकर एसएमई की भारत में एंट्री सहज करने के लिए कोरियन इंडस्ट्रियल टाउनशिप भी स्थापित करेंगे। उन्होंने कहा, अगले एक वर्ष के अंदर हम भारत-कोरिया ट्रेड समझौते को अपग्रेड भी करेंगे। एआई, सेमिकंडक्टर और आईटी में साझेदारी और गहरा करने के लिए हम इंडिया-कोरिया डिजिटल ब्रिज लॉन्च कर रहे हैं। शिप बिल्डिंग, सस्टेनिबिलिटी, स्टील जैसे क्षेत्रों में एमओयू कर रहे हैं। कल्चर और क्रिएटिविटी के क्षेत्र में आपसी सहयोग से फिल्म, एनीमेशन और गेमिंग में भी नए आयाम स्थापित करेंगे। आज का बिजनेस फोरम इन अवसरों को ठोस परिणामों में बदलने का मंच बनेगा। (अनंत ज्ञान)

# एआईएडीएमके ने भ्रष्टाचार के कारण भाजपा के सामने किया समर्पण : राहुल

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**राहुल** गांधी ने कन्याकुमारी में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान भारतीय जनता पार्टी और अन्नाद्रमुक (एआईएडीएमके) पर तीखा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि अन्नाद्रमुक का नेतृत्व भ्रष्टाचार के कारण बीजेपी के सामने 'समर्पण' कर चुका है, और यह तमिलनाडु की राजनीति के लिए गंभीर चिंता का विषय है।

अपने संबोधन में राहुल गांधी ने कहा कि बीजेपी राज्य की क्षेत्रीय राजनीति को कमजोर करने की एक सुनियोजित रणनीति अपना रही है। उनका कहना था कि बीजेपी अन्नाद्रमुक के माध्यम से तमिलनाडु में अपनी पकड़ मजबूत करने की कोशिश कर रही है, जो सिर्फ एक राजनीतिक

गठजोड़ नहीं, बल्कि विचारधारात्मक हस्तक्षेप का प्रयास है। राहुल गांधी ने राष्ट्रीय



स्वयंसेवक संघ पर भी निशाना साधते हुए कहा कि आरएसएस द्रविड़ विचारधारा से नफरत करता है और इसकी विचारधारा तमिलनाडु की सांस्कृतिक पहचान के खिलाफ है। उन्होंने यह भी कहा कि द्रविड़ आंदोलन सामाजिक न्याय और समानता का प्रतीक रहा है, और तमिलनाडु के लोग किसी भी बाहरी दबाव को स्वीकार नहीं करेंगे।

राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि राहुल गांधी का यह बयान आगामी चुनावी रणनीति का हिस्सा हो सकता है, खासकर कांग्रेस दक्षिण भारत में अपनी स्थिति को मजबूत करने की कोशिश कर रही है। (अनंत ज्ञान)

# कनाडा के पीएम बोले अमेरिका से करीबी रिश्ते अब कमजोरी बने

**अनंत ज्ञान, ओटावा।** कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने कहा कि अमेरिका के साथ करीबी रिश्ते अब उनके देश के लिए कमजोरी बन रहे हैं। उन्होंने रविवार को सोशल मीडिया पर 10 मिनट का एक वीडियो जारी किया। इसमें कार्नी ने कहा कि अमेरिका ने व्यापार नीति में बड़ा




बदलाव किया है और टैरिफ को ग्रेट डिप्रेशन जैसे स्तर तक बढ़ाया है। उन्होंने चेतावनी दी कि दुनिया पहले से ज्यादा खतरनाक और बंट गई है इसलिए कनाडा को अपनी नीतियां बदलनी होंगी। उन्होंने कहा कि अमेरिका के साथ रिश्ते अब पहले जैसे नहीं रहेंगे इसलिए, इस भ्रम से बाहर निकलना जरूरी है। कनाडा को नए देशों के साथ व्यापार बढ़ाना होगा। इसी दिशा में भारत के साथ सीईपीए ट्रेड समझौते पर बातचीत आगे बढ़ रही है। मार्च में उन्होंने पीएम मोदी से मुलाकात की थी और इस साल के अंत तक डील पूरी होने की उम्मीद है। (अनंत ज्ञान)

# सेंसेक्स 27 अंक चढ़कर 78,520 पर बंद, निफ्टी में भी मामूली बढ़त रही

**एजेंसी, मुंबई**

**शेयर** बाजार में सोमवार को मामूली बढ़त रही। सेंसेक्स 27 अंक की तेजी के साथ 78,520 पर बंद हुआ। निफ्टी में 11 अंक की बढ़त रही, ये 24,365 के स्तर पर बंद हुआ। आज बैंकिंग, मीडिया और ऑटो शेयर्स में खरीदारी रही। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 18 में गिरावट और 12 में बढ़त रही।



आज के कारोबार की शुरुआत तेजी के साथ हुई थी। बाजार खुलने के बाद खरीदारी के सपोर्ट से सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों की मजबूती और बढ़ गई। हालांकि पहले 10 मिनट के कारोबार के बाद ही बिकवाली का दबाव बन गया, जिसकी वजह से इन दोनों सूचकांकों की चाल में गिरावट आ गई। बीएसई का सेंसेक्स 139.36 अंक की मजबूती के साथ 78,632.90 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरुआत होते ही खरीदारी शुरू हो जाने के कारण यह सूचकांक

उछल कर 78,733.25 अंक के स्तर तक आ गया। इसके बाद बाजार में बिकवाली शुरू हो गई, जिसके कारण सेंसेक्स की चाल में गिरावट आने लगी। लगातार हो रही बिकवाली के कारण इस सूचकांक ने थोड़ी देर में ही अपनी बढ़त गंवा दी। इससे पहले शुक्रवार को सेंसेक्स 505 अंक की तेजी के साथ 78,494 पर बंद हुआ था। निफ्टी में भी 157 अंकों की तेजी रही थी, ये 24,354 पर बंद हुआ था। (अनंत ज्ञान)

# चांदी 1,214 रुपए बढ़कर 2.51 लाख पर पहुंची

**एजेंसी, नई दिल्ली।** सोने-चांदी की कीमतों में आज यानी 20 अप्रैल को बढ़त है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के मुताबिक, 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 347 रुपए बढ़कर 1.52 लाख रुपए पहुंच गया है। वहीं, एक किलो चांदी 1,214 रुपए बढ़कर 2.51 लाख रुपए पर पहुंच गई है। इस साल सोने-चांदी की कीमत में लगातार उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। सोना 2026 में अब तक 19 हजार रुपए और चांदी 21 हजार रुपए महंगी हुई है। 31 दिसंबर 2025 को 10ग्राम सोना 1.33 लाख रुपए पर था, जो अब 1.52 लाख रुपए पर पहुंच गया है। वहीं, चांदी 2.30 लाख रुपए किलो थी, जो अब 2.51 लाख रुपए पर पहुंच गई है। इस दौरान 29 जनवरी को सोने ने 1.76 लाख रुपए और चांदी ने 3.86 लाख रुपए का ऑलटाइम हाई भी बनाया था। (अनंत ज्ञान)

◆ **सोना भी 347 बढ़कर 1.52 लाख का 10 ग्राम हुआ**

# सुप्रीम कोर्ट ने देश में हो रहे डिजिटल अरेस्ट के मामलों पर चिंता जताई

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**उच्चतम** न्यायालय ने आज सुनवाई के दौरान डिजिटल अरेस्ट के मामलों पर चिंता जताई है। चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि यह चौंकाने वाली बात है कि सबसे अधिक शिक्षित लोग भी इस तरह के डिजिटल फ्रॉड का शिकार हो रहे हैं।

याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि समस्या से निपटने के लिए इंटरमीडियरी प्लेटफॉर्म्स पर एक 'किल स्विच' होना चाहिए, क्योंकि कई बार पीड़ित 'डिजिटल अरेस्ट' के बारे में जानते हुए भी घबरा जाते हैं और प्रतिक्रिया नहीं दे पाते हैं। अटार्नी जनरल आर वेंकटरमनी ने बताया कि इस मुद्दे पर विभागों के बीच आंतरिक बैठक हो चुकी है और अंतिम बैठक भी जल्द होगी। उन्होंने सुझाव दिया कि अगली सुनवाई 12 मई को रखी जा सकती है। इससे पहले 1 दिसंबर 2025 को उच्चतम न्यायालय ने कहा था कि

डिजिटल अरेस्ट फर्जीवाड़े पर तत्काल ध्यान देने की जरूरत है। कोर्ट ने इस फर्जीवाड़े से संबंधित दर्ज मामलों की सीबीआई जांच का आदेश दिया था। कोर्ट ने कहा था कि जहां भी साइबर क्राइम में उपयोग किए गए बैंक खातों का पता चलेगा, वहां संबंधित बैंकरों की जांच करने के लिए सीबीआई पूर्ण स्वतंत्र होगी।

उच्चतम न्यायालय ने रिजर्व बैंक को निर्देश दिया था कि वो कोर्ट को इस निष्कर्ष पर पहुंचने में सहयोग करे कि संदेहास्पद खातों की पहचान कर उन्हें फ्रीज करने के लिए एआई या मशीन लर्निंग का इस्तेमाल किया जा सकता है। जिन राज्यों ने सीबीआई जांच की अपने राज्यों में अनुमति नहीं दी है उन राज्यों को निर्देश दिया गया था कि डिजिटल अरेस्ट के मामलों में वे जांच की अनुमति दें। एमिकस क्यूरी ने कहा था कि तीन तरह के साइबर क्राइम हैं। (अनंत ज्ञान)

# फ्रांस ने इलॉन मस्क को पूछताछ के लिए बुलाया, एक्स पर डीपफेक कंटेंट फैलाने का आरोप

**एजेंसी, वाशिंगटन।** फ्रांस की जांच एजेंसियों ने इलॉन मस्क को पेरिस में पूछताछ के लिए बुलाया है। यह मामला उनकी कंपनी एक्स (पहले ट्विटर) पर चाइल्ड एब्यूज और डीपफेक कंटेंट फैलने के आरोपों से जुड़ा है। यह जांच जनवरी 2025 में शुरू हुई थी। शुरुआत में आरोप था कि एक्स का एल्गोरिदम



फ्रांस की राजनीति को प्रभावित करने के लिए इस्तेमाल हो सकता है। बाद में जांच का दायरा बढ़ाकर एक्स के एआई चैटबॉट 'ग्रोक' को भी शामिल किया गया। एक्स के एआई चैटबॉट पर महिलाओं और बच्चों की आपत्तिजनक तस्वीरें बनाने का आरोप है। इसी केस में पूर्व सीईओ लिंडा याकारिनो और कुछ कर्मचारियों से भी पूछताछ की जा रही है। साथ ही ब्रिटेन और ईयू में भी जांच शुरू हो गई है। फ्रांस ने पहले भी मस्क को इसी मामले में बुलाया था। उस समय एक्स के दफ्तरों की तलाशी भी ली गई थी। हालांकि कंपनी ने सभी आरोपों को खारिज किया है। (अनंत ज्ञान)

# नाबालिग युवती से छेड़छाड़ का आरोपी टीजीटी अध्यापक गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान**

**चंडीगढ़।** पुलिस ने नाबालिग युवती से छेड़छाड़ के मामले में एक टीजीटी अध्यापक को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी अध्यापक के खिलाफ मामला दर्ज किया था। सिविल लाइन थाना प्रभारी ने सोमवार को बताया कि पीड़िता ने शिकायत में बताया कि आरोपी अध्यापक उसके घर पर आना-जाना था। बीते दिनों दोपहर के समय आरोपी उसके घर पहुंचा, उस समय घर पर कोई अन्य सदस्य मौजूद नहीं था। आरोप है कि इसी दौरान आरोपी की नीयत खराब हो गई व उसने पीड़िता का हाथ पकड़कर उसे जबरदस्ती कमरे में खींच लिया व उसके साथ छेड़छाड़ करने लगा। पीड़िता द्वारा शोर मचाने पर आरोपी मौके से फरार हो गया। शिकायत मिलते ही सिविल लाइन थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। पुलिस ने विभिन्न पहलुओं पर जांच करते हुए व गुप्त सूचना के आधार पर आरोपी अध्यापक विजेंद्र सिंह को गिरफ्तार

# चेक बाउंस मामलों में नौ वांछित भगोड़े गिरफ्तार

**पुलिस** ने चेक बाउंस मामलों में शामिल नौ वांछित भगोड़ों को अलग-अलग स्थानों से गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में बलविंदर कौर, तरीपत खन्ना, सन्नी कुमार, रणधीर सिंह, राकेश कुमार, जगमाल सिंह, करण सिंह, कुलदीप कुमार, मोहित कुमार शामिल हैं। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ थाना सिविल लाइन सिरसा में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। गिरफ्तार किए गए आरोपियों को अदालत में पेश किया गया, जहां उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

कर लिया। आरोपी के खिलाफ छेड़छाड़ सहित अन्य संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। आरोपी को अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

# कैसी भी हो परिस्थिति, एक सी हो मनोस्थिति : जोगिंद्र

**अनंत ज्ञान**

**चंडीगढ़।** सतगुरु माता जी के पावन आशीर्वाद से सेक्टर 30 स्थित संत निरंकारी सत्संग भवन में महिला समागम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर केंद्रीय योजना एवं सलाहकार बोर्ड के सदस्य जोगिंद्र कौर ने विशेष तौर पर पहुंचकर सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज का संदेश दिया।

महिला समागम में विभिन्न आयु वर्ग की महिलाओं, बच्चियों, युवतियों व बुजुर्ग महिलाओं ने अनेक भाषाओं का सहारा लेते हुए गीत, कविताएं, भाषण और लघु नाटिकाओं के माध्यम से सत्संग, सेवा और सिमरन से प्राप्त अपने अनुभवों को भावपूर्ण ढंग से प्रस्तुत किया, जिससे वातावरण भक्ति और आनंद से परिपूर्ण हो गया। केंद्रीय योजना एवं सलाहकार बोर्ड के सदस्य जोगिंद्र कौर ने कहा कि सतगुरु का सदैव यही संदेश रहा कि 'कैसी भी हो परिस्थिति एक सी हो मनोस्थिति'। इसलिए जीवन में आने वाली बाधाओं व अड़चनों से घबराना नहीं चाहिए बल्कि सेवा, सिमरन व सत्संग करते रहने से यह बाधाएं नहीं रहती, बल्कि जीवन का हिस्सा बनकर साथ साथ चलती हैं




जैसे समुद्र में नाव। सतगुरु से ब्रह्मज्ञान मिलने के बाद ही हम अपने विश्वास में संवृद्धि करते हैं, बल्कि यह जीवन सहज रूप से चल सकता है।। जो-जो भी सज्जन सतगुरु के आदेशों का पालन करते हुए सेवा, सिमरन और सत्संग पर दृढ़ता से चलता है। वही वास्तव में परमात्मा को अपने भीतर अनुभव कर पाता है और ब्रह्मज्ञान को अपने जीवन का अंग बना लेता है। इस अवसर पर जोगिंदर कौर ने युवाओं की भूमिका को विशेष महत्व देते हुए कहा कि सतगुरु माता सुदीक्षा द्वारा विभिन्न स्थानों पर आयोजित कार्यक्रमों के माध्यम से युवा वर्ग को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के अवसर प्रदान किए जा रहे हैं। यह मंच न केवल उनकी क्षमताओं को निखारता है, बल्कि उन्हें सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ने की

प्रेरणा भी देता है। उन्होंने बताया कि जिस प्रकार माता-पिता अपने बच्चों को शिक्षा, संस्कार व अनुशासन देकर उन्हें सफल बनाना चाहते हैं, उसी प्रकार सतगुरु भी चाहते हैं कि युवा वर्ग आध्यात्मिकता से जुड़कर अपने जीवन को उच्च आदर्शों की ओर अग्रसर करें। उन्होंने कहा कि आज के समय में यह अत्यंत आवश्यक है कि युवा अपने समय का सदुपयोग करें व उसे सेवा, सिमरन एवं सत्संग में लगाएं। इससे वे न केवल बुरी आदतों और भटकाव से दूर रहेंगे, बल्कि भविष्य में मानवता की सेवा करते हुए समाज में प्रेम, शांति और सद्भावना का संदेश भी प्रसारित करेंगे। कार्यक्रम के अंत में संयोजक नवनीत पाठक व जोनल इंचार्ज ओपी निरंकारी ने सभी श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया।

# भाजपा सरकार ने प्रदेश से क्षेत्रवाद की राजनीति खत्म की : देवेंद्र अत्री

**अनंत ज्ञान**

**चंडीगढ़।** भाजपा विधायक देवेंद्र चतुर्भुज अत्री ने कहा कि विकसित उचाना का जो सपना है, उसे पूरा करने का काम लगातार कर रहे हैं। पहले की सरकारों में सबको पता है क्या होता था। एक जिले में विकास होता था, एक जिले के युवाओं को रोजगार मिलता था।

2014 में भाजपा सरकार बनने के बाद प्रदेश के पूर्व सीएम मनोहर लाल ने क्षेत्रवाद की राजनीति को खत्म करते हुए पूरे प्रदेश में समान विकास कार्य करवाए। भाजपा विधायक देवेंद्र चतुर्भुज अत्री सोमवार को उचाना हलके के नगूरां, अलेवा, खांडा गांव में विभिन्न विकास कार्यों के उद्घाटन करने के बाद आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। विधायक ने लगभग एक करोड़ की लागत से हुए गली, शैड, चौपालों में निर्माण, गंदे पानी की निकासी के लिए नालों के निर्माण सहित विभिन्न कार्यों के उद्घाटन किए। विधायक ने कहा कि योग्यता के आधार पर युवाओं को नौकरी देकर बिना पर्ची बिना खर्ची युवाओं को नौकरी दी।

▶ **भाजपा सरकार हर वर्ग के लिए काम कर रही**

आज उसी को आगे बढ़ाने का काम सीएम नायब सिंह सैनी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार हर वर्ग के लिए काम कर रही है। पूरा हलका उनका परिवार है। कोई भी किसी समय उनसे आ कर मिल सकता है। विधानसभा में निरंतर जो हलके के मुद्दे होते हैं, उनको उठाने का काम करते हैं।

उन्होंने कहा कि कोशिश रहती है कि सप्ताह में पांच दिन लोगों के बीच रहूं। जो विश्वास उचाना के लोगों ने विधानसभा भेज कर जताया है उस विश्वास पर वो खरा उतरने का काम करेंगे। इस मौके पर अलेवा बीडीपीओ जयपाल सिंह, पंचायती राज एसडीओ राजेंद्र कुमार, जेई रजत, नगूरां सरपंच प्रतिनिधि कुलदीप, धर्मबीर डाहौला, मार्केट कमेटी उप चेयरमैन शमशेर सैनी, सतपाल पेगां, सुरेंद्र खरकभूरा, रामपाल चेयरमैन, जितेंद्र, होशियार सिंह, नरेश शास्त्री, राजा सैनी, दिलबाग पेगां मौजूद रहे।

# किसानों ने सिरसा की मार्केट कमेटियों का किया घेराव

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** संयुक्त किसान मोर्चा हरियाणा के आह्वान पर सोमवार को किसानों ने सिरसा जिले की मार्केट कमेटियों का घेराव किया। धरना प्रदर्शन में किसान-मजदूर संगठनों व व्यापार मंडल के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। किसान नेताओं ने कहा कि सरकार अपनी मनमानी नीतियों से किसान व मजदूरों के साथ-साथ व्यापारियों को भी प्रताड़ित कर रही है, जिसे किसी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सिरसा के अलावा डबवाली, ऐलनाबाद, कालांवाली, चोपटा व डिंग मंडी में भी किसानों ने मार्केट कमेटी कार्यालय के बाहर तीन घंटे तक धरना दिया और सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शन के दौरान किसान नेता भरत झाझड़ा, ओम झुरिया, जगदीश बैनीवाल, महावीर पचार, दीवान सहारण, पप्पू झुरिया, बनवारी पचार फौजी और साहब राम चाडीवाल ने सरकार की नीतियों पर कड़ा विरोध जताया। उन्होंने कहा कि बायोमैट्रिक मशीन लागू होने से किसानों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। किसान पहले ही खेतों में मेहनत और मौसम की मार झेलता है, ऊपर से मंडी में घंटों तक धूप में खड़े रहना पड़ता है।

# गाड़ी की चपेट में आने से बच्ची की मौत

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** पानीपत स्थित एक कंपनी में सोमवार सुबह पिकअप ड्राइवर द्वारा लापरवाही से गाड़ी को बैक करते समय डेढ़ साल की मासूम बच्ची को कुचल दिया गया, जिससे बच्ची ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। पुलिस ने पिता की शिकायत पर आरोपी ड्राइवर के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस को दी शिकायत में गंगाराम कॉलोनी निवासी मोहम्मद उवैस ने बताया कि वह तीन बच्चों का पिता है। उसकी सबसे छोटी बेटी दुआ उम्र डेढ़ साल सोमवार को अपनी मां बुदीना परवीन के साथ कंपनी में गई थी। सुबह मां कंपनी के अंदर अपना काम कर रही थी व छोटी दुआ वहीं पास में खेल रही थी। इसी दौरान वहां मौजूद एक पिकअप ड्राइवर ने गाड़ी को बिना देखे, तेज रफ्तार में बैक करना शुरू कर दिया। मासूम दुआ गाड़ी की चपेट में आ गई। हादसे के बाद वहां कोहराम मच गया। आनन-फानन में बच्ची को संभाला गया, लेकिन तब तक बच्ची की जान जा चुकी थी।

# ट्राइडेंट ग्रुप ने 'मिशन डे 2026' मनाया

**अनंत ज्ञान**

**चंडीगढ़।** ट्राइडेंट ग्रुप ने अपने सभी प्रमुख स्थानों पर वार्षिक 'मिशन डे 2026' के उपलक्ष में विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया। इस दौरान सभी बिजनेस डिवीजन की टीमों ने एक मंच पर आकर प्रदर्शन, उद्देश्य व साझा लक्ष्यों का प्रभावशाली प्रदर्शन किया।

यह वार्षिक मंच कंपनी की रणनीतिक प्राथमिकताओं में तालमेल स्थापित करने के साथ प्रत्येक बिजनेस यूनिट को आने वाले वर्ष के लिए अपने लक्ष्य और कार्यान्वयन की रूपरेखा स्पष्ट करने का अवसर देता है, जिससे पारदर्शिता, जवाबदेही और सतत विकास को गति मिलती है। इस साझा दृष्टिकोण को आगे बढ़ाते हुए, समारोह में यार्न, टॉवल, शीटिंग, पेपर, केमिकल्स और एनर्जी जैसे विभिन्न बिजनेस सेक्टर्स में कुल 350 पुरस्कार प्रदान किए गए। इन पुरस्कारों के जरिए उत्कृष्ट प्रदर्शन, नवाचार व प्रतिबद्धता दिखाने वाले कर्मचारियों और टीमों को सम्मानित किया गया। चेयरमैन



एमेरिटस, ट्राइडेंट ग्रुप, राजिंदर गुप्ता ने इस अवसर पर एक विशेष रूप से रिकॉर्ड किए गए संदेश के माध्यम से कर्मचारियों को संबोधित किया, जिसमें उन्होंने कहा कि, 'मिशन डे हमारी दीर्घकालिक दिशा को दर्शाता है। हमारा लक्ष्य 33% कंपाउंड एनुअल ग्रोथ रेट (सीएजीआर) हासिल करना है, साथ ही फ्री कैश फ्लो को मजबूत करना और वैश्विक स्तर पर उत्कृष्टता स्थापित करना है। लागत अनुकूलन पर निरंतर ध्यान और स्थिरता, ऑटोमेशन तथा एआई-आधारित प्रौद्योगिकियों के

एकीकरण के साथ, हम एक अधिक दक्ष संगठन का निर्माण करें, जो दृष्टिकोण में लचीला, कार्यान्वयन में चुस्त और भविष्य के अवसरों के लिए पूरी तरह तैयार हो।' कार्यक्रम में कर्मचारियों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, संगीत व नृत्य ने माहौल को जीवंत बना दिया। इन रचनात्मक पलों ने टीमों के बीच जुड़ाव को मजबूत किया, उत्साह बढ़ाया और साझा गर्व की भावना को प्रबल किया, जो ट्राइडेंट की मजबूत 'पीपल-सेंट्रिक' संस्कृति और प्रदर्शन पर फोकस को दर्शाता है।

# सुरेश कुमार सिंह ने एसबीआई चंडीगढ़ जोनल हेड का पदभार संभाला

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, चंडीगढ़ जोन ने अपने नव नियुक्त जोनल हेड सुरेश कुमार सिंह, महाप्रबंधक का गर्मजोशी से स्वागत किया। इससे पूर्व वे रीजनल हेड, NMRO मुंबई के रूप में कार्यरत थे और बैंकिंग संचालन



एवं व्यावसायिक नेतृत्व का समृद्ध अनुभव रखते हैं। उनके आगमन पर स्टाफ में उत्साह का माहौल रहा और सभी ने उनका हार्दिक स्वागत किया। अपने संबोधन में सिंह ने बैंक के 8 करोड़ से अधिक ग्राहकों के लिए उत्कृष्ट सेवा के माध्यम से 'ग्राहक संतुष्टि' सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया। साथ ही उन्होंने सरकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के माध्यम से वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर भी जोर दिया। उनके नेतृत्व में जोन में उत्कृष्ट प्रदर्शन, ग्राहक-केंद्रित कार्यशैली एवं व्यवसायिक विकास को नई गति मिलने की अपेक्षा है।

# एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक ने कंपनी सेक्रेटरीज के लिए 'एयू रॉयल बैंकिंग प्रोग्राम' की शुरुआत की

**अनंत ज्ञान**

**चंडीगढ़।** अपने 31वें फाउंडेशन डे के अवसर पर, एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक (एयू एसएफबी) भारत का सबसे बड़ा स्मॉल फाइनेंस बैंक व एक दशक से अधिक समय में यूनिवर्सल बैंक में परिवर्तन के लिए इनप्रिंसिपल मंजूरी पाने वाले पहले बैंक ने कंपनी सेक्रेटरीज के लिए एयू रॉयल बैंकिंग प्रोग्राम के शुभारंभ की घोषणा की।

यह एक संरचित, सुरक्षित और प्रोफेशनसेंट्रिक प्रीमियम बैंकिंग इकोसिस्टम है, जिसे विशेष रूप से भारत में कॉरपोरेट गवर्नेंस और अनुपालन के संरक्षकों कंपनी सेक्रेटरीज के लिए डिजाइन किया गया है। लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए, उत्तम तिबरेवाल, डिप्टी सीईओ, एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक ने कहा, 'कंपनी सेक्रेटरीज कॉरपोरेट भारत में संस्थागत विश्वास, गवर्नेंस की शुचिता व नियामकीय अनुशासन को बनाए रखने में केंद्रीय भूमिका निभाते हैं। इंस्टिट्यूट के साथ हमारी विशेष




साझेदारी के बाद, एयू रॉयल बैंकिंग प्रोग्राम सीएस प्रोफेशनल्स को उनकी पेशेवर जिम्मेदारियों और विकसित होती आवश्यकताओं के अनुरूप एक सुरक्षित, पारदर्शी व रिलेशनशिपआधारित बैंकिंग इकोसिस्टम प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।' पवन जी चांडक, अध्यक्ष, इंस्टिट्यूट ने कहा, 'कंपनी सेक्रेटरीज भारत के कॉरपोरेट गवर्नेंस और अनुपालन ढांचे को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक के साथ यह सहयोग कंपनी सेक्रेटरीज को उनके महत्वपूर्ण पेशेवर योगदान और विकसित होती

आवश्यकताओं के समर्थन के लिए प्रोफेशनअलाइन बैंकिंग समाधानों से सशक्त बनाने की दिशा में एक अहम कदम है।' पूरा कंपनी सेक्रेटरीज की विशिष्ट पेशेवर जिम्मेदारियों, वित्तीय व्यवहार व गवर्नेंसप्रेरित सोच को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया एयू रॉयल प्रोग्राम, विशेष कार्ड व सेविंग्स अकाउंट, प्रोफेशनलिंक्ड प्रीमियम क्रेडिट कार्ड तथा पूरक क्रेडिट समाधानों को एक साथ लाता है, जिन्हें प्राथमिक सेवाओं और रिलेशनशिपआधारित बैंकिंग दृष्टिकोण का समर्थन प्राप्त है।

यह प्रोग्राम सीएस प्रोफेशनल्स को अपने पेशेवर और व्यक्तिगत दोनों वित्तीय आवश्यकताओं को अधिक विश्वास, पारदर्शिता और सुविधा के साथ प्रबंधित करने में सक्षम बनाता है।

## स्पोर्ट्स विंडो

### सूरज चंद ने एचसीएल स्क्वाश पीएसए चैलेंजर टूर पुरुष एकल खिताब जीता

**एजेंसी, चेन्नई।** भारत के सूरज कुमार चंद ने दक्षिण कोरिया के जियोंगमिन रियू को सीधे गेम में हराकर एचसीएल स्क्वाश पीएसए चैलेंजर टूर खिताब जीत लिया है। दूसरी वरीयता प्राप्त भारतीय खिलाड़ी ने आठवीं वरीयता प्राप्त प्रतिद्वंद्वी को 11-5, 11-9, 11-3 से हराया। मिस्र की सातवीं वरीयता प्राप्त रोकैया ओथमैन ने मलेशिया की दूसरी वरीयता प्राप्त हरलीन तान को 12-10, 11-7, 9-11, 11-7 से हराकर महिला खिताब जीता। (अनंत ज्ञान)

### लियोन ने पीएसजी को हराकर लेंस की खिताब की जगाई उम्मीद

**एजेंसी, पेरिस।** ब्राजील के फॉरवर्ड एंड्रिक ने एक गोल किया और एक गोल करने में मदद की, जिससे लियोन ने शीर्ष पर काबिज पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) को 2-1 से हराकर फ्रांसीसी फुटबॉल प्रतियोगिता लीग-1 में तीसरा स्थान हासिल करके चैंपियंस लीग के लिए क्वालीफाई करने की अपनी संभावनाओं को मजबूत किया। पीएसजी की इस सत्र में लीग में यह पांचवीं हार है, जिससे दूसरे स्थान पर काबिज लेंस की खिताब जीतने की उम्मीदें बढ़ गई हैं। पीएसजी अब लेंस से केवल एक अंक आगे है। पीएसजी ने हालांकि उससे एक मैच कम खेला है। पीएसजी के 28 मैच में 63 जबकि लेंस के 29 मैच में 62 अंक हैं। लियोन के 30 मैच में 54 अंक हैं। (अनंत ज्ञान)



### विश्व एथलेटिक्स ने भारत को डोपिंग में बेहद जोखिम वाली श्रेणी में रखा

**एजेंसी, मोनाको।** पिछले दो वर्षों से डोपिंग के मामले में शीर्ष पर रहने के बाद विश्व एथलेटिक्स ने सोमवार को भारत को डोपिंग के मामले में बेहद जोखिम वाला देश करार दिया जिससे एथलीटों पर अधिक सख्त डोपिंग रोधी नियम लागू होंगे। एथलेटिक्स इंटीग्रिटी यूनिट (एआईयू) बोर्ड ने हाल ही में लिए गए एक फैसले में भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) को विश्व एथलेटिक्स के डोपिंगरोधी नियमों के नियम 15 के तहत श्रेणी-बी से फिर से श्रेणी-ए में रख दिया है। एआईयू के अध्यक्ष डेविड हॉमन ने एक विज्ञप्ति में कहा, ''भारत में डोपिंग की स्थिति लंबे समय से बेहद जोखिम वाली रही है और दुर्भाग्य से घरेलू डोपिंग रोधी कार्यक्रम की गुणवत्ता डोपिंग के जोखिम के अनुपात में बिल्कुल भी नहीं है।'' उन्होंने कहा, ''एएफआई ने हालांकि भारत में डोपिंग में सुधारों की वकालत की है, लेकिन इसके बावजूद पर्याप्त बदलाव नहीं हुए हैं। एआईयू अब एएफआई के साथ मिलकर एथलेटिक्स खेल की अखंडता को बनाए रखने के लिए सुधार करने की दिशा में काम करेगा जैसा कि हमने श्रेणी ए में शामिल अन्य देशों के साथ किया है।'' भारत 2022 और 2025 के बीच एथलेटिक्स में डोपिंग रोधी नियमों के उल्लंघनों (एडीआरवी) के मामले में शीर्ष दो देशों में शामिल रहा है। एआईयू की हाल में जारी की गई सूची में डोपिंग में दोषी पाए गए व्यक्तियों की सूची में भारत ने कीनिया तो पीछे छोड़कर पहला स्थान हासिल कर लिया था। भारत के 148 एथलीट और सहयोगी स्टाफ के सदस्य इस कारण निलंबित किए गए हैं। (अनंत ज्ञान)

### एलिसा पैरी की दुनिया दीवानी

ऑस्ट्रेलिया की दिग्गज महिला क्रिकेटर एलिस पैरी खूबसूरती में किसी से कम नहीं हैं। पैरी के दुनिया में करोड़ों फैंस हैं, जो उनके खेल से ज्यादा उनकी खूबसूरती पर फिदा हैं। पैरी इंस्टाग्राम पर अपनी ग्लैमरस तस्वीरें शेयर करती रहती हैं।



**आईपीएल-2026** सनराइजर्स की बल्लेबाजी मजबूत, दिल्ली को निरंतरता की तलाश

# हैदराबाद-दिल्ली में आज कांटे की टक्कर

**एजेंसी, हैदराबाद**



पिछले दो मैच में शानदार प्रदर्शन करने वाली सनराइजर्स हैदराबाद की टीम मंगलवार को यहां दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैच में घरेलू परिस्थितियों का फायदा उठाने की कोशिश करेगी। दोनों टीम के अभी छह-छह अंक हैं, लेकिन सनराइजर्स का नेट रन रेट बेहतर है और इसलिए वह चौथे स्थान पर काबिज है।

कप्तान पैट कमिंस की अनुपस्थिति में सनराइजर्स की गेंदबाजी कमजोर नजर आ रही थी, लेकिन उसने धीरे-धीरे इसमें सुधार कर लिया है। कमिंस भी टीम से जुड़ गए हैं, लेकिन वह इस मैच में नहीं खेल पाएंगे। सनराइजर्स की तरफ से पिछले दो मैच में अपेक्षाकृत कम चर्चित खिलाड़ियों प्रफुल्ल हिंगे, साकिब हुसैन और शिवांग कुमार ने मौकों का पूरा फायदा उठाया है।

राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ हिंगे के शानदार प्रदर्शन के बाद चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के खिलाफ ईशान मलिंगा की अगुवाई में गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया, जिससे उसकी टीम जीत हासिल करने में सफल रही। बल्लेबाजी सनराइजर्स का मजबूत पक्ष रहा है, लेकिन पिछले कुछ मैच में उसके प्रमुख बल्लेबाज जैसे ट्रैविस हेड, अभिषेक शर्मा, कार्यवाहक कप्तान ईशान किशन अपने प्रदर्शन में निरंतरता नहीं बनाए रख पाए हैं। बल्लेबाजी में उसका दारोमदार शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों पर है, लेकिन इनके नहीं चल पाने पर उसके मध्यक्रम पर दबाव बढ़ जाता है। विशेषकर हेनरिक क्लासेन को सारी जिम्मेदारी निभानी पड़ती है। मध्यक्रम में उसके अन्य बल्लेबाज अभी तक अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं।

दिल्ली कैपिटल्स की टीम अपने प्रदर्शन में निरंतरता नहीं बना पाई है। केएल राहुल, पथुम निसांका और ट्रिस्टन स्टब्स जैसे बल्लेबाजों ने रन बनाए हैं, लेकिन टीम को उनसे और अधिक योगदान की जरूरत है। पहले दो मैच में शानदार प्रदर्शन करने वाले समीर रिजवी पिछले तीन मैच में दोहरे अंक तक भी नहीं पहुंच पाए जो दिल्ली कैपिटल्स के लिए चिंता का विषय है। दिल्ली की गेंदबाजी में हालांकि विविधता है और पिछले साल टीम की तरफ से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क की अनुपस्थिति के बावजूद उसके गेंदबाजों ने बेहतर प्रदर्शन किया है। दक्षिण अफ्रीकी तेज गेंदबाज लुंगी एनगिडी ने किफायती गेंदबाजी और विकेट लेने की क्षमता का बेहतरीन तालमेल बिठाते हुए गेंदबाजी आक्रमण का नेतृत्व किया है। उन्होंने अब तक पांच मैचों में सात विकेट लिए हैं। कप्तान अक्षर पटेल ने भी किफायती गेंदबाजी की है, लेकिन बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव अभी तक उम्मीदों पर खरे नहीं उतरे हैं, जबकि तेज गेंदबाज मुकेश कुमार और टी नटराजन ने टुकड़ों में अच्छा प्रदर्शन किया है। (अनंत ज्ञान)

**मैच : शाम 7:30 बजे से**


**संभावित टीमें**

**सनराइजर्स हैदराबाद:** ईशान किशन (कप्तान और विकेटकीपर), अभिषेक शर्मा, अमित कुमार, सलिल अरोड़ा, ब्रायडन कार्स, हर्ष दुबे, क्रेंस फुलेट्रा, ट्रैविस हेड, प्रफुल्ल हिंगे, हेनरिक क्लासेन, लियाम लिविंगस्टोन, ईशान मलिंगा, कामिंदु मेंडिस, नीतीश कुमार रेड्डी, हर्षल पटेल, डेविड पायने, साकिब हुसैन, शिवम मावी, शिवांग कुमार, रविचंद्रन स्मरण, ओंकार तरमाले, जयदेव उनादकट, अनिकेत वर्मा, जीशान अंसारी।

**दिल्ली कैपिटल्स:** अक्षर पटेल (कप्तान), केएल राहुल, करुण नायर, डेविड मिलर, पथुम निसांका, साहिल पारख, पृथ्वी साव, अभिषेक पोरेल, ट्रिस्टन स्टब्स, समीर रिजवी, आशुतोष शर्मा, विप्रज निगम, अजय मंडल, त्रिपुराना विजय, माधव तिवारी, औकिब डार, नीतीश राणा, मिचेल स्टार्क, टी नटराजन, मुकेश कुमार, दुष्मंथा चमीरा, लुंगी एनगिडी, काइल जैमीसन, कुलदीप यादव।

## सुजीत का आत्मविश्वास कायम पर चुनौती से इनकार नहीं

**एजेंसी, नई दिल्ली**



लगातार शानदार प्रदर्शन से 65 किग्रा वर्ग में मजबूत पकड़ बना चुके भारतीय पहलवान सुजीत कलकल ने कहा कि वह खुद को मजबूत दावेदार मानते हैं, लेकिन कुश्ती में किसी को भी हराया जा सकता है।

पिछले एक साल में लगभग अजेय रहे सुजीत ने जून 2025 में अंडर-23 एशियाई चैंपियनशिप के बाद सीनियर विश्व चैंपियनशिप को छोड़कर हर प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता है और हाल में एशियाई चैंपियनशिप में भी शीर्ष स्थान हासिल किया।

उन्होंने कहा कि वह किसी एक पहलवान को अपना आदर्श नहीं मानते, बल्कि अपने मुकाबलों का विश्लेषण करते हैं। हालांकि, योगश्वर दत्त, बजरंग पुनिनया और अमित धनखड़ जैसे दिग्गजों से उन्हें प्रेरणा मिलती है।

सुजीत ने माना कि 65 किग्रा वर्ग में प्रतिस्पर्धा कड़ी है और 'जिसका दिन बेहतर होता है, वही जीतता है।' 23 वर्षीय इस खिलाड़ी के अनुसार आगामी एशियन गेम्स और विश्व चैंपियनशिप उनके लिए असली परीक्षा होंगे, खासकर ईरान और जापान के पहलवानों के खिलाफ। अपनी मजबूत रक्षण क्षमता के लिए पहचाने जाने वाले सुजीत अब आक्रमण, ताकत और सहनशक्ति पर विशेष ध्यान दे रहे हैं। विनोद कुमार के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय शिविर में उनका अभ्यास जारी है। सुजीत का लक्ष्य बड़ी प्रतियोगिताओं में स्वर्ण पदक जीतकर देश को गौरवान्वित करना है। (अनंत ज्ञान)

**65 किग्रा में दबदबा, बड़ी प्रतियोगिताओं पर नजर**

## ईटीपीएल में ग्लास्गो टीम की घोषणा क्रिस गेल और मुगाफी ग्रुप होंगे मालिक

**एजेंसी, मुंबई**



पहली यूरोपीय टी20 प्रीमियर लीग (ईटीपीएल) ने सोमवार को स्कॉटलैंड की 'ग्लास्गो मुगाफियंस' फ्रेंचाइजी की घोषणा की, जिसमें वेस्टइंडीज के महान क्रिकेटर क्रिस गेल सह मालिक और वैश्विक ब्रांड दूत होंगे।

बॉलीवुड अभिनेता अभिषेक बच्चन के सह स्वामित्व वाली ईटीपीएल का पहला सत्र 26 अगस्त से 20 सितंबर के बीच खेला जाएगा, जिसमें छह फ्रेंचाइजी के बीच 33 मैच छह शहरों ग्लास्गो, एम्सटर्डम, एडिनबर्ग, डबलिन, बेलफास्ट और रोटरडम में खेले जाएंगे।

लीग द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार ग्लास्गो टीम का स्वामित्व तंशा बत्रा के पास होगा जबकि मुगाफी ग्रुप संस्थापक साझेदार रहेगा। गेल इसके सह मालिक और वैश्विक ब्रांड दूत होंगे। ग्लास्गो टीम के बारे में अभिषेक ने कहा, ''हम मुगाफी ग्रुप और क्रिस गेल का इस सफर में स्वागत करते हुए आनंदित हैं। यूरोप क्रिकेट के लिए सबसे रोमांचक नए क्षेत्रों में से एक है जहां खेल संस्कृति, विविधता और अपार संभावनायें हैं। हम इस लीग के माध्यम से नई प्रतिभाओं को मंच देंगे और यूरोप को विश्व क्रिकेट का केंद्र बनाएंगे।'' (अनंत ज्ञान)

## बंबई हाईकोर्ट का ओलंपियन जाधव को मरणोपरांत पद्म विभूषण देने पर 4 मई तक फैसला करने का निर्देश

**एजेंसी, मुंबई**



बंबई उच्च न्यायालय ने केंद्र सरकार को भारत के पहले व्यक्तिगत ओलंपिक पदक विजेता पहलवान खाशाबा दादासाहेब जाधव को मरणोपरांत पद्म विभूषण पुरस्कार प्रदान करने के संबंध में चार मई तक फैसला करने का निर्देश दिया है। उच्च न्यायालय की कोल्हापुर पीठ के न्यायाधीश माधव जामदार और प्रवीण पाटिल ने 15 अप्रैल को अपने आदेश में कहा कि इसको लेकर किसी तरह का विवाद नहीं है कि महाराष्ट्र के रहने वाले पहलवान जाधव भारत के पहले व्यक्तिगत ओलंपिक पदक विजेता थे।

अदालत ने 'कुश्तीवीर खाशाबा जाधव फाउंडेशन' द्वारा दायर की गई एक जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए यह निर्देश दिया। इस फाउंडेशन की स्थापना खाशाबा जाधव के बेटे रणजीत जाधव ने की थी। याचिका में गृह मंत्रालय (पद्म पुरस्कार प्रकोष्ठ) को यह निर्देश देने की मांग की गई थी कि वह खाशाबा दादासाहेब जाधव को भारत के दूसरे सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार पद्म विभूषण से मरणोपरांत सम्मानित करने के लिए पुनर्विचार करे और नए सिरे से फैसला करे।

उच्च न्यायालय ने कहा, ''भारत सरकार को चार मई या उससे पहले उचित फैसला करने का निर्देश दिया जाता है।'' अदालत ने इस मामले की अगली सुनवाई पांच मई को तय की। खशाबा जाधव ने 1952 में हेलसिंकी ओलंपिक खेलों में कांस्य पदक जीता था। उनका 1984 में निधन हो गया था। उन्हें 2001 में मरणोपरांत अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। याचिका में दावा किया गया कि दिवंगत पहलवान के परिवार ने उन्हें सम्मान दिलाने के लिए कई बार आवेदन दिए थे। इस पर कोई जवाब न मिलने पर फाउंडेशन ने अदालत का रुख किया। (अनंत ज्ञान)

## मैनचेस्टर सिटी ने आर्सेनल को हराकर प्रीमियर लीग की खिताबी दौड़ को बनाया रोमांचक

**एजेंसी, मैनचेस्टर**

स्टार स्ट्राइकर एर्लिंग हालैंड कि दूसरे हाफ में किए गए गोल की मदद से मैनचेस्टर सिटी ने आर्सेनल को 2-1 से हराकर प्रीमियर लीग (ईपीएल) फुटबॉल टूर्नामेंट में खिताब की दौड़ को रोमांचक बना दिया है।

इस जीत से इस सिटी के 32 मैच में 67 अंक हो गए हैं जबकि शीर्ष पर काबिज आर्सेनल के 33 मैच में 70 अंक हैं। तीसरे और चौथे नंबर पर काबिज मैनचेस्टर यूनाइटेड और एस्टन विला के समान 58 अंक हैं।

मैनचेस्टर सिटी को बुधवार को रेलीगेशन के खतरे से जूझ रही बर्नली के खिलाफ मैच खेलना है और संभावना है कि पेप गार्डियोला की टीम इस मैच में जीत हासिल करके आर्सेनल की बराबरी पर पहुंच जाएगी और पांच दौर के मैच शेष रहते हुए बढ़त हासिल कर लेगी।

हालैंड ने 65वें मिनट में गोल किया जो उनका लीग में 23वां गोल है और वह इस प्रतियोगिता के मौजूदा सत्र में सर्वाधिक गोल करने वाले खिलाड़ी हैं। रायन चेर्की ने 16वें मिनट में सिटी को बढ़त दिलाई, लेकिन आर्सेनल ने दो मिनट बाद ही काई हावर्ट्ज के गोल से बराबरी कर दी थी। इस बीच लिवरपूल और एस्टन विला ने स्टॉपेज टाइम में विजयी गोल दागने के बाद चैंपियंस लीग में जगह बनाने की तरफ कदम बढ़ाए।

वर्जिल वैन डाइक ने अतिरिक्त समय के 10वें मिनट में हेडर से गोल करके लिवरपूल को एवर्टन के खिलाफ 2-1 से जीत दिलाई। इस मैच में मोहम्मद सलाह ने रिकॉर्ड की बराबरी करने वाला गोल किया। उन्होंने लिवरपूल की तरफ से 1992 (प्रीमियर लीग युग) के बाद सर्वाधिक गोल करने के स्टीवन जेरार्ड के बराबरी की। सलाह इस सत्र के बाद लिवरपूल छोड़ देंगे। एस्टन विला ने स्टॉपेज टाइम के तीसरे मिनट में टैमी अब्राहम के गोल की बदौलत सदरलैंड को 4-3 से हराया। (अनंत ज्ञान)



## डब्ल्यूएसके की पहली रेस में अतिका मीर सेकंड

**एजेंसी, लोनाटो (इटली)।** भारतीय रेसिंग की नई सनसनी 11 वर्षीय अतिका मीर ने विश्व सीरीज कार्टिंग (डब्ल्यूएसके) की पहली रेस में दूसरा स्थान हासिल किया जो किसी भारतीय का इस श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। फॉर्मूला वन अकादमी से सहायता पाने पहली भारतीय और ओकेएनजे श्रेणी (12-14 वर्ष की आयु) में विश्व स्तर पर सर्वोच्च रैंकिंग वाली महिला रेसर अतिका ने यहां साउथ गार्डा कार्टिंग में डब्ल्यूएसके यूरो सीरीज राउंड दो की शुरुआती रेस में शानदार प्रदर्शन किया। यह दूसरा अवसर है जबकि डब्ल्यूएसके में ओकेएनजे श्रेणी की किसी रेस में किसी महिला खिलाड़ी ने दूसरा स्थान हासिल किया। अतिका ने यूरोपीय सर्किट पर अपने शानदार प्रदर्शन से सबका ध्यान अपनी तरफ खींचा है। उनकी इस रेस के दौरान दर्शकों में मर्सिडीज एफवन के बॉस टोटो वोल्फ और उनके स्टार ड्राइवर जॉर्ज रसेल भी मौजूद थे।

## 'डीपी वर्ल्ड प्लेयर्स चैंपियनशिप' का नूंह में आज होगा आगाज

**एजेंसी, नूंह।** वीर अहलावत, ओम प्रकाश चौहान और मनु गंडास जैसे शीर्ष घरेलू गोल्फरों सहित लगभग 130 पेशेवर खिलाड़ी 21 अप्रैल यानी सोमवार को यहां 'क्लासिक गोल्फ एंड कंट्री क्लब' में शुरू होने वाली एक करोड़ रुपए पुरस्कार राशि वाले 'डीपी वर्ल्ड प्लेयर्स चैंपियनशिप' में खिताब के लिए चुनौती पेश करेंगे।



मौजूदा सत्र (2026) में 'डीपी वर्ल्ड पीजीटीआई ऑर्डर ऑफ मेरिट' में शीर्ष पर चल रहे सप्तक तलवार, खालिन जोशी, हनी बैसोया और अंगद चीमा भी खिताब के दावेदारों में शामिल हैं। श्रीलंका के एन थंगाराजा टूर्नामेंट में भाग लेने वाले प्रमुख विदेशी खिलाड़ी होंगे। मेजबान क्षेत्र गुरुग्राम और नूंह का प्रतिनिधित्व ध्रुव श्योराण और तपेंद्र घई जैसे खिलाड़ी करेंगे। (अनंत ज्ञान)

## बायर्न म्यूनिख ने 14 साल में 13वीं बार बुंडेसलीगा खिताब जीता

**एजेंसी, म्यूनिख**



बायर्न म्यूनिख ने स्टटगार्ट पर 4-2 से आसान जीत हासिल करके पिछले 14 साल में 13वीं बार जर्मन फुटबॉल लीग बुंडेसलीगा का खिताब अपने नाम किया। बायर्न म्यूनिख की इस जीत के नायक भी हैरी केन रहे जिन्होंने दूसरे हाफ में स्थानापन्न खिलाड़ी के रूप में मैदान पर उतरने के बाद सत्र का अपना 32वां गोल किया।

इससे पहले राफेल गुएरेरो (31वें), निकोलस जैक्सन (33वें) और अलफांसो डेविस (37वें) ने सात मिनट के अंदर तीन गोल करके बायर्न म्यूनिख को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया था। स्टटगार्ट की तरफ से क्रिस फ्यूरिच (21वें) और चेमा आंद्रेस (88वें) ने गोल किए। इस जीत के साथ बायर्न म्यूनिख ने जर्मन लीग के चार राउंड शेष रहते हुए दूसरे स्थान पर मौजूद बोरुसिया डॉर्टमुंड पर 15 अंकों की अजेय बढ़त बना ली है। डॉर्टमुंड की एक दिन पहले हॉफेनहाइम से हार के बाद बायर्न को खिताब जीतने के लिए केवल एक अंक की जरूरत थी। बायर्न म्यूनिख के अब 30 मैच में 79 और डॉर्टमुंड के इतने ही मैच में 64 अंक हैं। बायर्न म्यूनिख ने रिकॉर्ड बनाते हुए 35वीं बार जर्मन चैंपियनशिप जीती है, जिसमें 1932 में जीता गया खिताब भी शामिल है। उसने बाकी सभी खिताब 1963 में बुंडेसलीगा के गठन के बाद जीते हैं। बायर्न म्यूनिख 2012-13 के बाद केवल एक बार 2023-24 में खिताब नहीं जीत पाया था। तब बायर्न लेवरकुसेन चैंपियन बना था तथा बायर्न म्यूनिख तीसरे स्थान पर रहा था। (अनंत ज्ञान)

**क्रिकेट** पंजाब किंग्स की जीत का राज: सकारात्मक माहौल और टीम भावना

# हम एक-दूसरे से छोटी-छोटी चीजें सीखते हैं: कोनोली

**एजेंसी, मुल्लांपुर**

पंजाब किंग्स के ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज कूपर कोनोली ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में अपनी टीम के अब तक के अजेय अभियान का श्रेय टीम के अंदर सकारात्मक माहौल और एक दूसरे से छोटी-छोटी चीज सीखने को दिया। कोनोली की 46 गेंद पर 87 रन की पारी और सलामी बल्लेबाज प्रियांश आर्य (37 गेंदों में 93 रन) के साथ दूसरे विकेट के लिए 182 रन की साझेदारी की मदद से पंजाब किंग्स ने रविवार को यहां सात विकेट पर 254 रन बनाए और लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के खिलाफ 54 रन की आसान जीत दर्ज की।

कोनोली ने मैच के बाद पत्रकारों से कहा, ''हम सभी इस बात पर चर्चा करते हैं कि एक-दूसरे के लिए क्या कारगर है। हम एक-दूसरे से छोटी-छोटी बातें सीखते हैं। हमें एक-दूसरे से छोटी-छोटी चीजें सीखने का आनंद ले रहे हैं।'' उन्होंने कहा, ''हम सभी बेहतर होने की कोशिश कर रहे हैं। खेल का यही उद्देश्य होता है। सर्वश्रेष्ठ टीम बनना। हम एक टीम के रूप में बेहतर होने के लिए एक-दूसरे से सीख लेते हैं।''

कोनोली ने कप्तान श्रेयस अय्यर की टीम का शानदार तरीके से नेतृत्व करने के लिए सराहना की। पंजाब ने अब तक पांच मैच जीते हैं जबकि उसका एक मैच बारिश के कारण रद्द कर दिया गया था। वह अभी छह मैचों में 11 अंकों के साथ आईपीएल तालिका में शीर्ष पर है।



कोनोली ले कहा, ''वह (श्रेयस) खुद एक उदाहरण पेश करके नेतृत्व करते हैं। वह हमेशा यह कोशिश करते हैं कि टीम के सभी खिलाड़ी सहज महसूस करें। वह खिलाड़ियों को हमेशा बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं और यह सुनिश्चित करते हैं कि सभी खिलाड़ी खुश होकर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करें।'' प्रियांश के साथ अपनी साझेदारी के बारे में कोनोली ने कहा, ''प्रियांश पिछले साल से ऐसा प्रदर्शन कर रहा है। मुझे उसे बल्लेबाजी करते देखना अच्छा लग रहा था। मुझे लगता है कि पहले बल्लेबाजी करने पर खेल में ज्यादा बदलाव नहीं आता। आप बस अच्छे क्रिकेट शॉट खेलने की कोशिश करते हैं, गेंदबाजी आक्रमण पर दबाव बनाते हैं और ढीली गेंदों का फायदा उठाते हैं। आज हमने यही किया।''

एलएसजी के तेज गेंदबाज प्रिंस यादव ने बड़े स्कोर वाले मैच में किफायती गेंदबाजी करके चार ओवर में केवल 25 रन देकर दो विकेट लिए। उन्होंने हालांकि, हार के लिए अपनी टीम के गेंदबाजों को दोषी ठहराने से इनकार कर दिया।

प्रिंस ने कहा, '''उन्होंने (पंजाब के बल्लेबाजों ने) कुछ अच्छे शॉट खेले, गेंदबाजों की कोई गलती नहीं है। अगर हम हारते हैं, तो हम एक टीम के रूप में हारेंगे। अगर हम जीतते हैं, तो भी हम एक टीम के रूप में जीतेंगे। अगर हमारा दिन खराब रहा तो ऐसी कोई बात नहीं है। हमें वापसी करने की पूरी उम्मीद है।'' अपनी गेंदबाजी के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, ''रणनीति बेहद सरल थी, जितनी हो सके उतनी डॉट बॉल फेंकना। मैं पिछले साल से ही इस पर काम कर रहा हूं। मैंने खुद पर भरोसा रखा है। मैं यॉर्कर गेंदों पर ज्यादा भरोसा करता हूं।'' (अनंत ज्ञान)